★ ऑपरेशन इराकी फ्रीडम को सैन्य और राजनीतिक धरातल पर असफल माना गया क्योंकि इसमें 3000 अमेरिकी सैनिक, बड़ी संख्या में इराकी सैनिक और लगभग 50000 निर्दोष नागरिक मारे गए।

★ अमेरिकी सैन्य खर्च व सैन्य प्रौद्योगिकी की गुणवत्ता इतनी अधिक है कि किसी देश के लिए इस मामले में उसकी बराबरी कर पाना फिलहाल संभव नहीं है।

★ अमेरिका की ढाँचागत ताकत जिसमें समुद्री व्यापार मार्ग (SLOC's) इंटरनेट आदि शामिल है इसके अलावा MBA की डिग्री और अमेरिकी मुद्रा डॉलर का प्रभाव इसके आर्थिक वर्चस्व को बढ़ा देते है।

★ ब्रेटनबुड प्रणाली की संस्थाएँ अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) और विश्व बैंक पर भी अमेरिका का वर्चस्व है।

★ नीली जींस, मैक्डोनाल्ड आदि अमेरिका के सांस्कृतिक वर्चस्व के उदाहरण है जिसमें विचारधारा, खानपान, रहन-सहन, रीतिरिवाज और भाषा के धरातल पर अमेरिका का वर्चस्व कायम हो रहा है। इसके अन्तर्गत जोर जबरदस्ती से नहीं बल्कि रजामंदी से बात मनवायी जाती है।

## अमरीकी शक्ति के रास्ते में तीन मुख्य अवरोध हैं

1) अमेरिका की संस्थागत बनावट, जिसमें सरकार के तीनों अंगों यथा व्यवस्थापिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका एक दूसरे के ऊपर नियंत्रण रखते हुए स्वतंत्रता पूर्वक कार्य करते है।

2) अमरीकी समाज की प्रकृति उन्मुक्त है। यह अमेरिका के विदेशी सैन्य अभियानों पर अंकुश रखने में बड़ी भूमिका निभाती है।

3) नाटो, इन देशों में बाजारमूलक अर्थव्यवस्था चलती है। नाटो में शामिल देश अमेरिका के वर्चस्व पर अंकुश लगा सकते है।

## वर्चस्व से बचने के उपाय

1) **बैंडवेगन नीति** - इसका अर्थ है वर्चस्वजनित अवसरों का लाभ उठाते हुए विकास करना।
2) अपने को छिपा लेने की नीति ताकि वर्चस्व वाले देशों की नजर न पड़े।
3) राज्येत्तर संस्थाएँ जैसे स्वयंसेवी संगठन, कलाकार और बुद्धिजीवी मिलकर अमेरिका वर्चस्व का प्रतिकार करें।

★ **भारत अमेरिकी संबंध** : शीतयुद्ध की समाप्ति के बाद भारत द्वारा उदारीकरण एवं वैश्वीकरण की नीति अपनाने के कारण महत्वपूर्ण हो गए है। भारत अब अमेरिका की विदेश नीति में महत्वपूर्ण स्थान रखता है इसके प्रमुख लक्षण परिलक्षित हो रहे है।

-- अमेरिका आज भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार।
-- अमेरिका के विभिन्न राष्ट्रध्यक्षों द्वारा का भारत से संबंध प्रगाढ़ करने हेतु भारत की यात्रा।
-- अमेरिका में बसे अनिवासी भारतीयों खासकर सिलिकॉन वैली में प्रभाव।
-- सामरिक महत्व के भारत अमेरिकी असैन्य परमाणु समझौते का सम्पन्न होना।
-- बराक ओबामा की 2015 की भारत यात्रा के दौरान रक्षा सौदों से संबंधित समझौतों का नवीनीकरण किया गया तथा कई क्षेत्रों में भारत को ऋृण प्रदान करने की घोषणा की गयी।
-- वर्तमान अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आउटसोंसिंग संबंधी नीति से भारत व्यापारिक हित प्रभावित होने की संभावना है।
-- वर्तमान में विभिन्न वैश्विक मंचों पर अमेरिका राष्ट्रपति तथा भारतीय प्रधानमंत्री के बीच हुई मुलाकातों तथा वार्ताओं को दोनों देशों के मध्य अर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक तथा सैन्य संबधों के सुदृढ़ीकरण की दिशा

में सकारात्मक संदर्भ के रूप मे देखा जा सकता है।

**एक अंकीय प्रश्न :-**

1. अमेरिकी वर्चस्व की शुरूआत कब हुई ?
2. पेंटागन क्या है ?
3. IMF का शब्द विस्तार लिखो।
4. अमेरिकी वर्चस्व से बचने का कोई एक तरीका बताइयें।
5. वाक्य सही करके लिखो - एम.बी.ए. की डिग्री अमेरिका के सैन्य वर्चस्व को दर्शाती है।
6. 9/11 की घटना के लिए किस आतंकवादी गुट को जिम्मेवार माना गया।
7. प्रथम खाड़ी युद्ध कब हुआ ?
8. ऑपरेशन ''डेजर्ट स्टार्म'' नामक सैन्य अभियान का नेतृत्व किसने किया ?
9. आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए विश्वव्यापी युद्ध को किस नाम से जाना गया।
10. अमेरिकी नेतृत्व में कोअलिशन ऑफ वीलिंग्स (आकांक्षियों का महाजोट) किस देश के विरूद्ध बना ?
11. कौन सा युद्ध वीडियो गेम वार के नाम से जाना गया ?
12. बैंड वैगन नीति क्या है ?
13. नई विश्व व्यवस्था क्या है ?
14. ऑपरेशन इनफाइनाइट रीच किसके विरूद्ध चलाया गया ?
15. 'स्मार्ट बम' से क्या अभिप्राय है ?
16. ब्रेटनवुड प्रणाली को संक्षेप में बतायें।
17. रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

    a) ....................देशों की मिली-जुली और..................... सैनिकों की भारी भरकम फौज ने इराक के विरूद्ध मोर्चा खोला।

    b) क्यूबा के निकट अमरीकी नौ सेना का एक ठिकाना.................... में है।
18. $SLOC_S$ का शब्द विस्तार लिखें।

19. वाक्य को सही कर पुनः लिखें।

a) खाड़ी युद्ध का ऑपरेशन एन्डयूरिंग फ्रीडम के नाम से जाता है।

b) विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 28 प्रतिशत है।

20. सही विकल्प का चयन कीजिए।

प्रथम खाड़ी युद्ध में इराक के लगभग इतने नागरिक मारे गये।

(1) 3000 (2) 5000 (3) 20000 (4) 50000

21. ऑपरेशन इराकी फ्रीडम में देश शामिल हुये।

(1) 35 से ज्यादा (2) 34 से ज्यादा (3) 50 से ज्यादा (4) 40 से ज्यादा

## दो अंकीय प्रश्न :-

1. पहला बिजनेस स्कूल कब व कहाँ खुला ?
2. वर्चस्व (हेगेमनी) से आप क्या समझते हो ?
3. राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने अपने कार्यकाल के दौरान किन मुद्‌दों पर अधिक जोर दिया ?
4. प्रथम खाड़ी युद्ध किन दो पक्षों के बीच लड़ा गया ?
5. 9/11 की घटना से आपके विचार में अमेरिकी सोच में क्या बदलाव आया ?
6. भारत और अमेरिका के बीच मित्रता दर्शाने वाले किन्ही दो तथ्यों को उजागर करो।
7. ऑपरेशन इराकी फ्रीडम के इराक पर किए गए हमले का वास्तविक मकसद क्या था ?
8. ऑपरेशन एन्डयूरिंग फ्रीडम के अन्तर्गत क्या-क्या कदम उठाए गए ?
9. मार्शल योजना क्या है ?
10. मिलान कीजिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | ऑपरेशन डेजर्ट स्टॉर्म | (क) | बिल क्लिंटन |
| 2. | ऑपरेशन इनफाइनाइट रीच | (ख) | 9/11 की घटना के बाद |
| 3. | ऑपरेशन एन्डयूरिंग फ्रीडम | (ग) | जॉर्ज बुश सीनियर |
| 4. | ऑपरेशन इराकी फ्रीडम | (घ) | जार्ज डब्ल्यू बुश जूनियर |

## चार अंकीय प्रश्न :-

1. अमेरिकी वर्चस्व का सैन्य तथा सांस्कृतिक संदर्भ में उल्लेख कीजिए।
2. 11 सितम्बर 2001 को संयुक्त राज्य अमेरिका पर आकंतवाद हमला क्यों हुआ? इस पर अमेरिका की प्रतिक्रिया क्या थी?
3. अमेरीका के वर्चस्व से निबटने के विभिन्न उपायों पर चर्चा कीजिए?(IMP)
4. विश्व की अर्थव्यवस्था में अमेरिका का क्या स्थान है? इसका उदाहरण सहित वर्णन करो।

## पाँच अंकीय प्रश्न :-

1. दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –
''कुछ लोग मानते है कि अमरीकी वर्चस्व का प्रतिकार कोई देश अथवा देशों का समूह नहीं कर पाएगा क्योंकि आज सभी देश अमरीकी ताकत के आगे वेबस हैं। ये लोग मानते हैं कि राज्येत्तर संस्थाएँ अमरीकी वर्चस्व के प्रतिकार के लिए आगे आएंगी। अमरीकी वर्चस्व को आर्थिक और सांस्कृतिक धरातल पर चुनौती मिलेगी।''
   i) अमरीकी वर्चस्व का प्रतिकार कौन कर सकता है? 1
   ii) "राज्येत्तर संस्था" से क्या तात्पर्य है? 2
   iii) अमरीकी वर्चस्व का प्रतिकार किस प्रकार किया जा सकता है? 2
2. निम्नलिखित अवतरण को ध्यान से पढ़िए तथा संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए?
1992 में बिल क्लिंटन अमेरिका के राष्ट्रपति बने। क्लिंटन ने विदेश नीति की जगह घरेलू नीति को अपने चुनाव प्रचार का निशाना बनाया था। क्लिंटन 1996 में दुबारा चुनाव जीते और इस तरह वह आठ सालों तक राष्ट्रपति पद पर रहे। क्लिंटन के दौर में ऐसा जान पड़ता था कि अमेरिका ने अपने को घरेलू मामलों तक सीमित कर लिया है। विदेश नीति के मामले में क्लिंटन सरकार ने सैन्य शक्ति और सुरक्षा जैसी कठोर राजनीति की जगह लोकतंत्र के बढ़ावे, जलवायु परिवर्तन तथा विश्व व्यापार जैसे नरम

मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया।

i) 1992 में राष्ट्रपति बने बिल क्लिंटन किस पार्टी के उम्मीदवार थे तथा उन्होंने किस उम्मीदवार को हराया? 2

ii) क्लिंटन के चुनाव प्रचार के मुख्य मुद्दे क्या थे? 2

iii) क्लिंटन ने किन मुद्दों को अपने कार्यकाल के दौरान उठाया? 1



3. उपरोक्त कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए एवं निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

i) यह बलिष्ठ सैनिक कौन से देश का प्रतिनिधित्व करता है?

ii) सैनिक की वर्दी पर इतने देशों के नाम क्यों लिखे गए है? 2

iii) यह कार्टून अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय को क्या संदेश देता है? 2




4. उपरोक्त चित्र का अध्ययन कीजिए एवं दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए?

**सम्बन्धित प्रश्नः—**

1. कार्टून मे विश्व महाशक्तियों के रूप में किसे दिखाया गया है।
2. वर्तमान वैश्विक मंच पर अमेरिकी वर्चस्व को किस प्रकार चुनौती मिल रही है ?
3. अगर यह चित्र आप बनाते तो अगली महाशक्तियों के रूप में किस देश को दिखाते है। 2

5. चित्र को ध्यान से देखिए और निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।



(क) इस इमारत को पहचानिए। इस पर कब हमला किया गया ?

(ख) इससे प्रभावित देश का नाम बताइए। इस हमले के पीछे किसका हाथ था।

(ग) इसके परिणामस्वरूप कौन-सा ऑपरेशन चलाया गया ?

**6 अंकीय प्रश्न :-**

1. अमेरिकी वर्चस्व की राह में तीन अवरोध कौन से है ? स्पष्ट करो ?(IMP)
2. अमरीकी वर्चस्व को उसकी सैन्य शक्ति, ढाचागत वर्चस्व तथा सांस्कृतिक वर्चस्व के रूप में व्याख्या करो ? (IMP)
3. संयुक्त राज्य अमरीका के साथ भारत के संबंध किस प्रकार के होने चाहिए ? इसके बारे में भारत के अंदर तीन विभिन्न दृष्टिकाणो का विश्लेषण कीजिए।
4. अमरीका की उन्नत प्रौद्योगिकी भारतीय मेहनत का फल है। इस कथन के पक्ष में तर्क सहित विस्तारपूर्वक समझाइये ?

5. क्या भारत –अमेरिका असैन्य परमाणु समझौता भारत अमरीकी संबेधों में मील का पत्थर है? अपने विचार तर्क सहित प्रस्तुत कीजिए।

6. संयुक्त राज्य अमेरिका के वर्चस्व के विश्व पर राजनीतिक प्रभावों का विश्लेषण कीजिए।

## 1. अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. 1991 में, सोवियत संघ के विघटन के बाद।
2. अमेरिका का रक्षा मुख्यालय।
3. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष।
4. अपने को छिपा लेने की नीति।
5. एम.बी.ए. डिग्री अमेरिका के आर्थिक वर्चस्व को दर्शाती है।
6. अलकायदा
7. 1991 में
8. अमेरिकी जनरल नार्मन श्वार्जकॉव।
9. ऑपरेशन एन्ड्यूरिंग फ्रीडम।
10. इराक।
11. प्रथम खाड़ी युद्ध (1991)
12. वर्चस्व वाले देश का विरोध करने कि बजाय उसके तंत्र के अवसरों का लाभ उठाया।
13. सोवियत संघ के विघटन के बाद अमेरिका का बढ़ता प्रभाव।
14. अलकायदा के विरूद्ध
15. प्रथम खाड़ी युद्ध में अमरीका द्वारा प्रयोग में लाये गये बमों को विज्ञापनी अंदाज में स्मार्ट बम कहा गया।
16. वैश्विक व्यापार के नियम अमरीकी हित के अनुसार तय करना।
17. अ) 34, 660000 ब) ग्वांतानामो बे
18. Sea Lane of Communications
19. अ) खाड़ी युद्ध को ऑपरेशन डेजर्ट के नाम से जाना जाता है।
    ब) विश्व की अर्थव्यवस्था में अमरीका की हिस्सेदारी 28 प्रतिशत है।

**सही विकल्प**

20. 1) 50,000

21. 2) 40 से ज्यादा

**2 अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्सिलवेनिया में वाहर्टन स्कूल के नाम से 1881 में। एम.बी.ए. के शुरूआती पाठ्यक्रम 1900 से आरम्भ हुए।
2. दूसरे के व्यवहार को प्रभावित या नियंत्रित करने की क्षमता, जिससे कि वह प्रत्येक बात मान ले, वर्चस्व कहलाता है।
3. लोकतंत्र को बढ़ावा, जलवायु परिवर्तन तथा विश्व व्यापार जैसे नरम मुद्दों पर जोर दिया।
4. इराक और अमेरिका द्वारा निर्देशित उप देशों की सेना के बीच।
5. आतंकवाद को विश्वव्यापी घटना अर्थात् अन्तर्राष्ट्रीय समस्या माना।
6. i) भारत और अमेरिका के मध्य असैन्य परमाणु करार।
   ii) आतंकवाद को एक समस्या मानना।
7. i) इराक के तेल भंडार पर नियंत्रण।
   ii) इराक में अमेरिका की मनपसंद सरकार कायम करना।
8. i) अलकायदा और तालिबान को निशाना बनाया।
   ii) संदेहास्पद लोगों को गिरफ्तार कर 'ग्वांतानामो वे'' में रखा गया।
9. अमरीका द्वारा यूरोपीय देशों को आर्थिक सहायता प्रदान की गयी थी, इसे ही मार्शल योजना कहा गया।
10. 1) ग 2) क 3) ख 4) घ

**चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. देखे स्मरणीय बिन्दु
2. पूरी दुनिया के लोगों तथा सरकारों का ध्यान आकर्षित करने के लिए तथा ऑपरेशन इनफाइनाइट रीच की प्रतिक्रिया स्वरूप।

★ अमेरिका ने इसके विरूद्ध विश्वव्यापी युद्ध छेड़ दिया।

★ सुरक्षा के नाम पर अमेरिका में प्रवेश करने वाले यहाँ तक कि छूट प्राप्त राजनयिकों को भी जांच के दायरे में ले लिया गया।

3. - बैंडवैगन नीति।
   - अपने को छुपा लेने की नीति।
   - मीडिया, स्वयसेवी संगठन, बुद्धिजीवियों द्वारा सामूहिक प्रतिकार।
   - शक्तिशाली एवं बड़े देशों यथा चीन, रूस तथा भारत द्वारा संयुक्त प्रयास द्वारा।

4. - विश्व की अर्थव्यवस्था में अमेरिकी भागीदारी 28 प्रतिशत है।
   - हर क्षेत्र में अमेरिका की कोई न कोई कम्पनी अग्रणी तीन कम्पनियों में से है।
   - प्रमुख आर्थिक अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों जैसे IMF, विश्व बैंक तथा विश्व व्यापार संगठन पर अमेरिका का दबदबा।
   - वर्ल्ड वेव वाइड या इंटरनेट पर अमेरिकी प्रभुत्व एवं MBA की डिग्री।

## पाँच अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. i) राज्येत्तर संस्थाएं
   ii) स्वयंसेवी संगठन, मीडिया व बुद्धिजीवी आदि।
   iii) ये संस्थाएं आपस में मिलकर विश्वव्यापी नेटवर्क बना सकती है। जिसमें अमेरिकी नागरिक भी शामिल हो सकते है।

2. i) डेमोक्रेटिक पार्टी, जार्ज बुश सीनियर।
   ii) घरेलू रूप से अमेरिका को मजबूत बनाना।
   iii) लोकतंत्र के बढ़ावे, जलवायु परिवर्तन तथा विश्व व्यापार जैसे नरम मुद्दो पर अपना ध्यान केन्द्रित किया।

3. i) अमेरिका।
   ii) ये नाम उन देशों के हैं जिन पर अमेरिका आक्रमण कर चुका है और महाशक्ति के रूप में अपना वर्चस्व दिखा चुका है।
   iii) वर्तमान में अमेरिका विश्व की एकमात्र महाशक्ति है और विश्व के

किसी भी भाग में अपने हितों को आगे बढ़ा सकता है।

4. i) अमेरिका एंव चीन

ii) चीन की आर्थिक, यूरोपीय संघ का बढ़ता प्रभाव, रूस की आर्थिक एवं सैनिक शक्ति।

iii) छात्र स्वयं उत्तर दे।

5. i) वर्ल्ड ट्रेड टॉवर, 11 सितम्बर, 2001

ii) अमेरीका, अलकायदा।

iii) ऑपरेशन डेजर्ट स्टॉर्म।

## 6 अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. -- अमेरिका की संस्थागत बनावट।

-- अमेरिकी समाज की उन्मुक्त प्रकृति।

-- नाटो।

2. देखे स्मरणीय बिन्दु।

3. i) भारत को अमेरिका से दूरी बनाए रखनी चाहिए और उसे अपनी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।

ii) भारत को अमेरिकी वर्चस्व और आपसी समझ का यथा संभव अपने हित में लाभ उठाना चाहिए। अमेरिका का विरोध करना व्यर्थ होगा और अंततः भारत को क्षति पहुँचेगी।

iii) भारत को विकासशील देशों का गठबंधन बनाने में नेतृत्व देना चाहिए।

4. i) सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में भारत के कुल निर्यात का 65 प्रतिशत अमेरिका का जाता है।

ii) वोईंग के 35 प्रतिशत तकनीकी कर्मचारी भारतीय मूल के है।

iii) 3 लाख भारतीय 'सिलिकन वैली में कार्यरत है।

iv) उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की 15 प्रतिशत कम्पनियों की शुरूआत अमेरिका में बसे भारतीयों ने ही की है।

5. हाँ

-- भारत को सामरिक बढ़त।

-- ऊर्जा आवश्यकताओं की पूति।

-- परमाणु आपूर्ति समूह NSG द्वारा यूरेनियम की उपलब्धता सुनिश्चित करना।

-- विश्व राजनीति में भारत का कद बढ़ना एवं छवि में सुधार।

-- भारत अमेरिकी संबंधों में प्रगाढ़ता

-- अन्य विकसित देशों जैसे फ्रांस के साथ भी इसी प्रकार का समझौता करना।

6. स्मरणीय बिन्दु देखें।

अध्याय – 4

# सत्ता के वैकल्पिक केन्द्र

* शीतयुद्ध युद्धोत्तर विश्व में विश्व पटल पर कुछ ऐसे संगठनों तथा देशों ने प्रभावशाली रूप से अंर्तराष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना प्रारंभ किया जिससे यह स्पष्ट होने लगा कि यह संगठन तथा देश अमेरिका की एक ध्रुवीयता के समक्ष विकल्प के रूप में देखे जा सकते हैं।

सत्ता के वैकल्पिक केन्द्र

यूरोपीय संघ | आसियान | चीन

* अमरीका ने यूरोप की अर्थव्यवस्था के पुनर्गठन के लिए बहुत मदद की थी। इसे मार्शल योजना के नाम से जानते है।
* 1948 में मार्शल योजना के तहत यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना की गई। जिसके माध्यम से पश्चिमी यूरोप के देशों को आर्थिक मदद की गई।
* 1957 में छः देशो – फ्रांस, पश्चिम जर्मनी, इटली, बेल्जियम, नीदरलैंड और लक्जमबर्ग ने रोम संधि के माध्यम से यूरोपीय आर्थिक समुदाय EEC और यूरोपीय एटमी ऊर्जा समुदाय का गठन किया।
* जून 1979 में यूरोपीय पार्लियामेंट के गठन के बाद यूरोपीय आर्थिक समुदाय ने राजनीतिक स्वरूप लेना शुरू कर दिया था।
* फरवरी 1992 में मास्ट्रिस्ट संधि के द्वारा यूरोपीय संघ का गठन हुआ।

## यूरोपीय संघ के गठन के उद्देश्य :-

-- एक समान विदेश व सुरक्षा नीति।

-- आंतरिक मामलों तथा न्याय से जुड़े मामलों पर सहयोग।

-- एक समान मुद्रा का चलन।

-- वीजा मुक्त आवागमन।

## यूरोपीय संघ की विशेषताएँ :-

1. यूरोपीय संघ ने आर्थिक सहयोगवाली संस्था से बदलकर राजनैतिक संस्था का रूप ले लिया है।
2. यूरोपीय संघ एक विशाल राष्ट्र–राज्य की तरह कार्य करने लगा है।
3. इसका अपना झंडा, गान, स्थापना दिवस और अपनी एक मुद्रा है।
4. अन्य देशों से संबंधों के मामले में इसने काफी हद तक साझी विदेश और सुरक्षा नीति बना ली है।
5. यूरोपीय संघ का झंडा 12 सोने के सितारों के घेरे के रूप में वहाँ के लोगों की पूर्णता, समग्रता, एकता और मेलमिलाप का प्रतीक है।

## यूरोपीय संघ को ताकतवार बनाने वाले कारक या विशेषताएँ :-

-- 2005 में यह दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी और इसका सकल घरेलू उत्पादन अमरीका से भी ज्यादा था।

-- इसकी मुद्रा यूरो, अमरीकी डॉलर के प्रभुत्व के लिए खतरा बन गई है।

-- विश्व व्यापार में इसकी हिस्सेदारी अमेरिका से तीन गुना ज्यादा है।

-- इसकी आर्थिक शक्ति का प्रभाव यूरोप, एशिया और अफ्रीका के देशों पर है।

-- यह विश्व व्यापार संगठन के अंदर एक महत्वपूर्ण समूह के रूप में कार्य करता है।

-- इसका एक सदस्य देश फ्रांस सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है। इसके चलते यूरोपीय संघ अमरीका समेत सभी राष्ट्रों की नीतियों को प्रभावित करता है।

-- यूरोपीय संघ का सदस्य देश फ्रांस परमाणु शक्ति सम्पन्न है।

-- अधिराष्ट्रीय संगठन के तौर पर यूरोपीय संघ आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक मामलों में दखल देने में सक्षम है।

## यूरोपीय संघ की कमजोरियाँ :-

1.) इसके सदस्य देशों की अपनी विदेश और रक्षा नीति है जो कई बार एक-दूसरे के खिलाफ भी होती हैं। जैसे-इराक पर हमले के मामले में।

2.) यूरोप के कुछ हिस्सों में यूरो मुद्रा को लागू करने को लेकर नाराजगी है।

3.) डेनमार्क और स्वीडन ने मास्ट्रिस्स संधि और साझी यूरोपीय मुद्रा यूरो को मानने का विरोध किया।

4.) यूरोपीय संघ के कई सदस्य देश अमरीकी गठबंधन में थे।

5.) ब्रिटेन यूरोपीय संघ से जून 2016 मे एक जनमत संग्रह के द्वारा अलग हो गया है।

## दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन (आसियान) -

**1.** अगस्त 1967 में इस क्षेत्र के पाँच देशों इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलिपींस, सिंगापुर ओर थाईलैंड ने बैंकांक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करके 'आसियान' की स्थापना की।

**2.** बाद में ब्रुनई दारूस्लाम, वियतनाम, लाओस, म्यांमार ओर कंबोडिया को शक्ति को शामिल किया गय और इनकी सदस्या संख्या 10 हो गई

## आसियान के मुख्य उद्देश्य :-

1) सदस्य देशों के आर्थिक विकास को तेज करना।

2) इसके द्वारा सामाजिक और सांस्कृतिक विकास हासिल करना।

3) कानून के शासन और संयुक्त राष्ट्र संघ के नियमों का पालन करके क्षेत्रीय शांति और स्थायित्व को बढ़ावा देना।

## आसियान शैली :-

अनौपचारिक, टकरावरहित और सहयोगात्मक मेल-मिलाप का नया उदाहरण पेश करके आसियान ने काफी यश कमाया है। इसे ही 'आसियान शैली' कहा जाने लगा।

### आसियान के प्रमुख स्तंभ

1. आसियान सुरक्षा समुदाय
2) आसियान आर्थिक समुदाय
3) सामाजिक सांस्कृतिक समुदाय

★ आसियान सुरक्षा समुदाय क्षेत्रीय विवादों को सैनिक टकराव तक न ले जाने की सहमति पर आधारित है।

★ आसियान आर्थिक समुदाय का उद्देश्य आसियान देशों का साझा बाजार और उत्पादन आधार तैयार करना तथा इस क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में मदद करना है।

★ आसियान सामाजिक सांस्कृतिक समुदाय का उद्देश्य है कि आसियान देशों के बीच टकराव की जगह बातचीत और सहयोग को बढ़ावा दिया जाए।

**आसियान क्षेत्रीय मंचः—**

1994 में आसियान क्षेत्रीय मंच की स्थापना की गई। जिसका उद्देश्य देशों की सुरक्षा और विदेश नीतियों में तालमेल बनाना है।

**आसियान की उपयोगिता या प्रासंगिकता :-**

1. आसियान की मौजूदा आर्थिक शक्ति खासतौर से भारत और चीन जैसे तेजी से विकसित होने वाले एशियाई देशों के साथ व्यापार और निवेश के मामले में प्रदर्शित होती है।
2. आसियान ने निवेश, श्रम और सेवाओं के मामले में मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने पर भी ध्यान दिया है।
3. अमरीका तथा चीन ने भी मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने में रूचि दिखाई है।
4. 1991 के बाद भारत ने **'पूरब की ओर देखो'** की नीति अपनाई है।
5. भारत ने आसियान के दो सदस्य देशों सिंगापुर और थाईलैंड के साथ मुक्त व्यापार का समझौता किया है।
6. भारत आसियान के साथ भी मुक्त व्यापार संधि करने का प्रयास कर रहा है।
7. आसियान की असली ताकत अपने सदस्य देशो, सहभागी सदस्यों और बाकी गैर-क्षेत्रीय संगठनों के बीच निरंतर संवाद और परामर्श करने की नीति में है।
8. यह एशिया का एकमात्र ऐसा संगठन है जो एशियाई देशों और विश्व शक्तियों को राजनैतिक और सुरक्षा मामलों पर चर्चा के लिए मंच उपलब्ध कराता है।

9. हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री ने आसियान देशों की यात्रा की तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर समझौते किए तथा पूर्व की ओर देखो नीति के स्थान पर **पूर्वोत्तर कार्यनीति (एक्ट ईस्ट पॉलिसी)** की संकल्पना प्रस्तुत की। इसी के अंतर्गत वर्ष 2018 के गंणतत्र दिवस समारोह में आसियान देशों के राष्ट्रध्यक्षों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था।

## माओ के नेतृत्व में चीन का विकास :-

1949 की क्रांति के द्वारा चीन में साम्यवादी शासन की स्थापना हुई। शुरू में यहाँ साम्यवादी अर्थव्यवस्था को अपनाया गया था। लेकिन इसके कारण चीन को निम्नलिखित समस्याओं का सामना करना पड़ा-

1) चीन ने समाजवादी मॉडल खड़ा करने के लिए विशाल औद्योगिक अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अपने सारे संसाधनों को उद्योग में लगा दिया।
2) चीन अपने नागरिको को रोजगार, स्वास्थ्य सुविधा और सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ देने के मामले में विकसित देशों से भी आगे निकल गया लेकिन बढ़ती जनसंख्या विकास में बाधा उत्पन्न कर रही थी।
3) कृषि परम्परागत तरीकों पर आधारित होने के कारण वहाँ के उद्योगों की जरूरत को पूरा नहीं कर पा रही थी।

## चीन में सुधारों की पहल :-

1) चीन ने 1972 में अमरीका से संबंध बनाकर अपने राजनैतिक और आर्थिक एकांतवास को खत्म किया।
2) 1973 में प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने कृषि, उद्योग, सेवा और विज्ञान-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आधुनिकीकरण के चार प्रस्ताव रखे।
3) 1978 में तत्कालीन नेता देंग श्याओपेंग ने चीन में आर्थिक सुधारों और खुलेद्वार की नीति का घोषणा की।
4) 1982 में खेती का निजीकरण किया गया।
5) 1998 में उद्योगों का निजीकरण किया गया। इसके साथ ही चीन में विशेष आर्थिक क्षेत्र (स्पेशल इकॉनामिक जोन-SEZ) स्थापित किए गए।
6) चीन 2001 में विश्व व्यापार संगठन में शामिल हो गया। इस तरह दूसरे देशों के लिए अपनी अर्थव्यवस्था खोलने की दिशा में चीन ने एक कदम और बढ़ाया हैं।

## चीनी सुधारों का नकारात्मक पहलू :-

1) वहाँ आर्थिक विकास का लाभ समाज के सभी सदस्यों को प्राप्त नहीं हुआ।

2) पूँजीवादी तरीकों को अपनाए जाने से बेरोजगारी बढ़ी है।

3) वहाँ महिलाओं के रोजगार और काम करने के हालात संतोषजनक नहीं है।

4) गाँव व शहर के और तटीय व मुख्य भूमि पर रहने वाले लोगों के बीच आय में अंतर बढ़ा है।

5) विकास की गतिविधियों ने पर्यावरण को काफी हानि पहुँचाई है।

6) चीन में प्रशासनिक और सामाजिक जीवन में भ्रष्टाचार बढ़ा है।

## चीन के साथ भारत के संबंध :-

### विवाद के क्षेत्र :-

1. 1950 में चीन द्वारा तिब्बत को हड़पने तथा भारत चीन सीमा पर बस्तियाँ बनाने के फैसले से दोनों देशों के संबंध एकदम बिगड़ गये।
2. चीन ने 1962 में लद्दाख और अरूणचल प्रदेश पर अपने दावे को जबरन स्थापित करने के लिए भारत पर आक्रमण किया।
3. चीन द्वारा पाकिस्तान को मदद देना।
4. चीन भारत के परमाणु परीक्षणों का विरोध करता है।
5. बांग्लादेश तथा म्यांमार से चीन के सैनिक संबंध को भारतीय हितो के खिलाफ माना जाता है।
6. संयुक्त राष्ट्र संघ ने आतंकी संगठन जैश-ए-मुहम्मद पर प्रतिबंध लगाने वाले प्रस्ताव को पेश किया। चीन द्वारा वीटो पावर का प्रयोग करने से यह प्रस्ताव निरस्त हो गया।
7. भारत ने अजहर मसूद के आतंवादी घोषित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ में प्रस्ताव पेश किया, जिस पर चीन ने वीटो पावर का प्रयोग किया।
8. चीन की महत्वाकांक्षी योजना Ones Belt One Road, जो कि POK से होती हुई गुजरेगी, उसे भारत को घेरने की रणनीति के तौर पर लिया जा रहा है।
9. वर्ष 2017 में भूटान के भू-भाग, परन्तु भारत के लिए सामरिक रूप से अत्यन्त महत्वपूर्ण डोकलाम पर अधिपत्य के दावे को लेकर दोनों देशों के

मध्य लंबा विवाद चला जिससे दोनों देशों के मध्य संबंध तनावपूर्ण हो गये। परंतु इस विवाद के समाधान के लिए भारत के धैयपूर्ण प्रयासों और भारत के रूख को वैश्विक स्तर पर सराहा गया।

**सहयोग का दौर (क्षेत्र)**

1. 1970 के दशक में चीनी नेतृत्व बदलने से अब वैचारिक मुद्दों की जगह व्यावहारिक मुद्दे प्रमुख हो रहे है।
2. 1988 में प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने चीन की यात्रा की जिसके बाद सीमा विवाद पर यथास्थिति बनाए रखने की पहल की गई।
3. दोनों देशों ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान, विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में परस्पर सहयोग और व्यापार के लिए सीमा पर चार पोस्ट खोलने हेतु समझौते किए गए है।
4. 1999 से द्विपक्षीय व्यापार 30 फीसदी सालाना की दर से बढ़ रहा है।
5. विदेशों में ऊर्जा सौदा हासिल करने के मामलों में भी दोनों देश सहयोग द्वारा हल निकालने पर राजी हुए है।
6. वैश्विक धरातल पर भारत और चीन ने विश्व व्यापार संगठन जैसे अन्य अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संगठनों के संबंध में एक जैसी नीतियाँ अपनायी है।

**एक अंकीय प्रश्न :-**

प्र01 मार्शल योजना के तहत 1948 में किस संगठन की स्थापना हुई?

प्र02 चीन में किस नेता ने और कब 'खुलेद्वार' की नीति अपनाई?

प्र03 चीन के किस प्रधानमंत्री के समय में आधुनिकीकरण के चार प्रस्ताव रखे गये?

प्र04 आसियान (ASEAN) का पूरा नाम लिखिए।

प्र05 यूरोपीय संघ का गठन कब और किस संधि के द्वारा हुआ था?

प्र06 भारत ने आसियान के किन दो देशों के साथ मुक्त व्यापार का समझौता किया है?

प्र07 आसियान ने 'आसियान शैली' द्वारा किन दो देशों का टकराव समाप्त किया?

प्र08 'यूरो' मुद्रा को मानने का विरोध किन देशो ने किया?

प्र09 कब और किस संधि द्वारा यूरोपीय समुदाय के देशों के बीच सीमा नियंत्रण समाप्त किया गया?

प्र010 यूरोपीय संघ की मुद्रा का नाम लिखिए।

प्र011 चीन ने भारत पर आक्रमण कब किया था?

प्र012 माओ के नेतृत्व में चीन में हुई क्रान्ति के बाद अपनाया गया आर्थिक मॉडल किस देश पर आधारित था?

प्र013 निम्न कथनों के कौन सा असत्य है?

i) आसियान की स्थापना 5 देशों ने मिलकर की है।

ii) वर्तमान में इसकी सदस्य संख्या 10 है।

iii) आसियान के कामकाज में राष्ट्रीय सार्वभौमिकता का सम्मान करना महत्वपूर्ण है।

iv) 1992 में आसियान क्षेत्रीय मंच की स्थापना की गई।

प्र014 चीन में कृषि का निजीकरण कब किया गया?

प्र015 चीन की महत्वाकांक्षी योजना OBOR का विस्तृत रूप लिखिए।

प्र016 आसिमान के दो संस्थापक सदस्य देशों के नाम लिखिए।

**दो अंकीय प्रश्न :-**

प्र01 क्षेत्रीय संगठन का अर्थ बताइये?

प्र02 सत्ता के वैकल्पिक केन्द्र से क्या अभिप्राय है?

प्र03 मार्शल योजना क्या थी?

प्र04 आसियान के किन्हीं दो संस्थापक देशों का नाम लिखिए।

प्र05 1970 के दशक में चीन ने कौन से दो नीतिगत निर्णय लिए?

प्र06 1973 में चीनी प्रधानमंत्री चाऊ एल लाई ने किन चार क्षेत्रों में आधुनिकीकरण के प्रस्ताव रखें?

प्र07 चीन द्वारा अपनाई गई खुले द्वार की नीति क्या थी?

प्र08 तिथि के हिसाब से इन सबको क्रम दें?

i) विश्व व्यापार संगठन में चीन का प्रवेश।

ii) चीन में खेती का निजीकरण।

iii) खुलेद्वार की नीति।

iv) राजनैतिक और आर्थिक एकांतवास की समाप्ति।

प्र09 सुमेलित कीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| i) | यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना | क) डेनमार्क तथा स्वीडन |
| ii) | बैंकॉक घोषणा द्वारा स्थापना | ख) फ्रांस व ब्रिटेन |
| iii) | मुद्रा यूरो को मानने से इंकार | ग) मार्शल योजना |
| iv) | संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य | घ) आसियान |

**चार अंकीय प्रश्न :-**

1. एक आर्थिक समुदाय के रूप में बने यूरोपीय संघ ने एक राजनीतिक संगठन का रूप कैसे ले लिया? (IMP)
2. आसियान समुदाय के किन्हीं दो स्तम्भों और उनके उद्देश्यों के बारे में बताएँ।
3. क्षेत्रीय संगठनों के बनाने के मुख्य उद्देश्य क्या है?
4. बदली हुई चीनी अर्थव्यवस्था में व्याप्त किन्हीं चार कमियों पर प्रकाश डालिए।
5. भारत एंव चीन के सम्बन्धों में तनाव के चार पहलुओं का वर्णन कीजिए।
6. चीन के साथ भारत के सुधरते सम्बन्धों की व्याख्या कीजिए।
7. यूरोपीय संघ को क्या चीजे एक कमजोर क्षेत्रीय संगठन बनाती है?
8. चीन की नई आर्थिक नीति ने किन चार तरीको से चीन की अर्थव्यवस्था को लाभ पहुँचाया हैं?
9. सत्ता के उभरते हुए वैकल्पिक केन्द्रो द्वारा विभिन्न देशों में समृद्धशाली अर्थव्यवस्थाओं का रूप देने में निभाई गई भूमिका की व्याख्या कीजिए।?
10. आसियान विजन 2020 की मुख्य विशेषताएँ क्या है? (IMP)

**पाँच अंकीय प्रश्न :-**

प्र01 नीचे दिए गए मानचित्र में पाँच जगहों को (A), (B), (C), (D) तथा (E) द्वारा चिन्हित किया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इनकी पहचान कीजिए तथा उनके सही नाम, क्रम संख्या तथा संबधित अक्षर लिखिए।

(क) यूरोपीय संघ का एक पुराना सदस्य देश।




(ख) यूरोपीय संघ का एक नया सदस्य देश।

(ग) यूरोपीय संघ का वह देश जो सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है।

(घ) वह देश जो 2016 में यूरोपीय संघ से अलग हो गया।

(ड़) वह देश जिसने 2007 में यूरो को अपनाया।

प्र02 चित्र 'क' व चित्र 'ख' को ध्यानपूर्वक देखिए तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ?

**चित्र क**



**चित्र ख**



i) चित्र ‘क’ व चित्र ‘ख’ में दर्शाए गए झंडे किस संगठन से सम्बन्धित है? (1)

ii) चित्र क में बने 12 सितारे किसका प्रतीक है? (2)

iii) चित्र ख में प्रतीक चिन्ह के रूप में धान की दस बालियाँ व वृत्त क्या संदेश देती है? (2)

प्र03 नीचे दर्शाए गए कार्टून का अवलोकन कीजिए एवं दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए।




i) कार्टून में साइकिल का प्रतीक क्या दर्शाता है? 1

ii) प्रस्तुत कार्टून में चीन की किस नीति को दर्शाया गया? 2

iii) चीन ने अपने आर्थिक विकास हेतु क्या-क्या किया? 2

## छः अंकीय प्रश्न :-

1. चीनी अर्थव्यवस्था की उन्नति के लिए उत्तरदायी कारकों की व्याख्या कीजिए? (IMP)
2. यूरोपीय संघ एक अधिराष्ट्रीय संगठन के रूप में कैसे उभरा? (M.IMP)
3. वैकल्पिक शक्ति केन्द्र के रूप में जापान किस प्रकार प्रभावकारी होगा।
4. चीनी अर्थव्यवस्था की उन्नति का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।
5. ‘‘चीन तथा भारत बढ़ी आर्थिक शक्तियों के रूप में उभर रहे हैं।’’ क्या आप इससे सहमत हैं? कोई तीन तर्क देकर अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

## एक अंकीय उत्तर :-

1. यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन।

2. देंग श्याओपेंग, 1978
3. चाऊ एनलाई
4. एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशंस (दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रो का संघ)
5. 1992, मास्ट्रिस्ट संधि द्वारा।
6. सिंगापुर और थाईलैंड।
7. कंबोडिया व पूर्वी तिमोर।
8. स्वीडन तथा डेनमार्क।
9. 1985, शांगेन संधि।
10. यूरो
11. अक्टूबर 1962
12. सोवियत संघ।
13. iv) 1992 में आसिमान क्षेत्रीय मंच की स्थापना की गई।
14. 1982 में।
15. One Belt One Road।
16. इण्डोनेशिया तथा मलेशिया

## द्वि अंकीय उत्तर :-

1. क्षेत्रीय संगठन प्रभुसत्ता सम्पन्न देशों के स्वैच्छिक समुदायों की एक संधि है, जो निश्चित क्षेत्र के भीतर हो तथा उन देशों का सम्मिलित हित हो जिनका प्रयोजन उस क्षेत्र के संबंध में आक्रामक कार्यवाही न हो।
2. सोवियत संघ के विभाजन के बाद विश्व में अमेरिका का वर्चस्व कायम हो गया है। कुछ देशों के संगठनों का उदय सत्ता के वैकल्पिक केन्द्र के रूप में हुआ है। ये संगठन अमरीका के प्रभुत्व को सीमित करेगें क्योंकि ये संगठन राजनीतिक तथा आर्थिक रूप से शक्तिशाली हो रहे है।
3. 1945 के बाद यूरोपीय देशों में मिलाप तथा अमरीका द्वारा शीतयुद्ध के दौरान अर्थव्यवस्था के पुनर्गठन के लिए मदद।
4. इण्डोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाइलैंण्ड।

5. i) 1972 में अमरीका से राजनीतिक व आर्थिक संबंध बनाए।

ii) 1978 में खुले द्वार की नीति की घोषणा की।

6. कृषि, उद्योग, सेना और विज्ञान-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र।

7. विदेशी पूँजी और प्रौद्योगिकी के निवेश से उच्चतर उत्पादकता को प्राप्त किया जाए।

8. (i) 4) 1972

(ii) 3) 1978

(iii) 2) 1982

(iv) 1) 2001

9. (i) - ग

(ii) - घ

(iii) - क

(iv) - ख

## चार अंकीय उत्तर :-

1. i) यूरोपीय संघ एक राज्य की भाँति है जिसका अपना झण्डा, गान एवं स्थापना दिवस है।

ii) यूरोपीय संसद के गठन के कारण।

iii) सोवियत संघ के बाद 1992 में यूरोपीय संघ का गठन।

iv) एक मुद्रा, समान विदेश एवं सुरक्षा नीति, न्याय एवं घरेलू मामलों पर आपसी सहयोग।

2. i) सुरक्षा समुदाय - आसियान सुरक्षा समुदाय क्षेत्रीय विवादों को सैनिक टकराव तक न ले जाने की सहमति पर आधारित है।

ii) आर्थिक समुदाय का उद्देश्य आसियान देशों का साझा बाजार और उत्पादन आधार तैयार करना तथा इस क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में मदद करना है।

3. i) सदस्य देशों में एकता की भावना का मजबूत होना।

ii) क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा।

iii) सदस्यों के बीच आपसी व्यापार को बढ़ाना।

iv) क्षेत्र में शांति और सौहार्द को बढ़ाना।

v) विवादों को आपसी बातचीत द्वारा निपटाना।

4. उत्तर स्मरणीय बिन्दुओं में देखें।

5. उत्तर स्मरणीय बिन्दुओं में देखें।

6. उत्तर स्मरणीय बिन्दुओं में देखें।

7. i) कभी-कभी सदस्य देशो द्वारा विदेश और रक्षानीति का एक दूसरे के खिलाफ प्रयोग करना।

ii) एक संविधान बनाने का प्रयास असफल।

iii) डेनमार्क व स्वीडन द्वारा मास्ट्रिस्ट संधि व यूरो का विरोध।

iv) कई सदस्य देश अमरीकी गठबंधन में थे।

8. i) जड़ता को समाप्त करके खुलेद्वार की नीति

ii) कृषि के निजीकरण से।

iii) व्यापार के नए नियम और नए विशेष आर्थिक क्षेत्रों के निर्माण द्व ारा

iv) ग्रामीण अर्थव्यवस्था में निजी बचत का परिणाम बढ़ा।

9. i) एक ध्रुवीय विश्व में अमेरिकी वर्चस्व को सीमित करने के लिए सत्ता के वैकल्पिक केन्द्रों का होना आवश्यक है।

ii) यूरोपीय संघ, आसियान, गुटनिरपेक्ष आन्दोलन तथा दक्षेस जैसे वैकल्पिक केन्द्रों ने क्षेत्रीय स्तर पर अधिक शांतिपूर्ण एवं समृद्धशाली अर्थव्यवस्था का रूप देने में सक्रिय भूमिका निभाई है।

10. i) अंर्तराष्ट्रीय समुदाय में आसिमान की बर्हिमुखी भूमिका को प्रमुखता है।

ii) टकराव की जगह बातचीत को बढ़ावा देने की नीति

## पाँच अंकीय उत्तर :-

1. (क) [C] आयरलैण्ड, (ख) [A], पौलैण्ड, (ग) [B] फ्रांस

(घ) [D] ब्रिटेन, (ड़) [E], स्लोवेनिया

2. i) यूरोपीय संघ व आसियान।

ii) यूरोप के लोगों की एकता व मेलमिलाप का प्रतीक।

iii) ये दस देश आपस में मित्रता और एकता के धागे से बंधे है। वृत्त आसियान की एकता का प्रतीक है।

3. i) चीन की अर्थव्यवस्था।

ii) चीन के दोहरेपन को -पूंजीवाद व समाजवाद।

iii) खुलेद्वार की नीति, विशेष आर्थिक क्षेत्र का निर्माण, कृषि व उद्योग का निजीकरण।

**छः अंकीय उत्तर :-**

**1.** स्मरणीय बिंदु देखें।

**2.** i) सबसे पुराना संगठन जो इसे स्थायित्व और प्रभावकारी बनाता है।

ii) समान राजनीतिक रूप जैसे-झंडा, गान, स्थापना दिवस और मुद्रा।

iii) यूरोपीय संघ की सहयोग की नीति।

iv) विश्व व्यापार में यूरोपीय संघ की हिस्सेदारी अमरीका से तीन गुना अधिक हैं।

v) इसके पास विश्व की दूसरी सबसे बड़ी सेना है। उसका रक्षा बजट अमेरिका के बाद सबसे अधिक है।

vi) ब्रिटेन तथा फ्रांस संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य है।

3. जापान निम्न तथ्यों के द्वारा सत्ता का वैकल्पिक केन्द्र बन सकता है।

i) विश्व में उच्च प्रौद्योगिकी के लिए मशहूर है।

ii) इसकी अर्थव्यवस्था विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

iii) जापान विकसित देशों के समूह जी-8 में शामिल है।

iv) संयुक्त राष्ट्रसंघ के बजट में अंशदान के हिसाब से जापान दूसरा सबसे बड़ा देश है।

v) राष्ट्रों के बीच विवादों को सुलझाने में बल प्रयोग अथवा धमकी से काम लेने के तरीके का जापान के लोग हमेशा के लिए त्याग करते हैं।

vi) जापान का सैन्य व्यय उसके सकल घरेलू उत्पाद का केवल 1 प्रतिशत है फिर भी सैन्य व्यय के लिहाज से विश्व में जापान का स्थान चौथा हैं।

4. **पक्ष में :-**

i) 1972 में राजनीतिक तथा आर्थिक एकांतवास की समाप्ति।

ii) कृषि, सेना, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में आधुनिकीकरण।

iii) खुले द्वार की नीति।

iv) कृषि तथा उद्योगो का निजीकरण।

**विपक्ष में :-**

i) सुधारों का लाभ सभी वर्गों को नहीं मिला।

ii) बेरोजगारी बढ़ी।

iii) महिलाओं के लिए रोजगार और काम के हालत ठीक नहीं है।

iv) पर्यावरण को नुकसान हुआ।

v) भ्रष्टाचार बढ़ा है।

5. ★ वैश्विक स्तर पर चीन एक बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुका है। जापान, अमरीका, रूस के साथ अपने मतभेदों को कुछ हद तक सुलझा लिया है।

★ लैटिन अमेरिका व अफ्रीकी देशों में निवेश।

★ विश्व व्यापार संगठन का सदस्य।

★ वैश्विक चुनौतियों के अनुकूल भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को ढाला है।

अध्याय – 5

# समकालीन दक्षिण एशिया

---

-- दक्षिण एशिया विश्व का महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इसमें शामिल सात देशों–भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, तथा मालद्वीव के लिए दक्षिण एशिया पद का इस्तेमाल किया जाता है। अब इस मे अफगानिस्तान ओर म्यांमार को भी शामिल किया जाता है। दक्षिण एशिया के देशों में आपस में सहयोग ओर संघर्षों का दौर चलता रहता है।

-- चीन को दक्षिण एशिया का देश नहीं माना जाता।

-- उत्तर की विशाल हिमालय पर्वत श्रृंखला, दक्षिण का हिंद महासागर, पश्चिम का अरब सागर और पूरब में मौजूद बंगाल की खाड़ी दक्षिण एशिया को भौगोलिक विशिष्टता प्रदान करते हैं।

-- दक्षिण एशिया के विभिन्न देशों में एक सी राजनीतिक प्रणाली नहीं हैः-

- ★ भारत और श्रीलंका में आजादी के बाद से लोकतंत्र है।
- ★ पाकिस्तान और बांग्लादेश में कभी लोकतंत्र और कभी सैन्य शासन रहा है।
- ★ नेपाल में 2006 तक संवैधानिक राजतंत्र था और बाद में लोकतंत्र की बहाली हुई है।
- ★ भूटान में राजतंत्र है।
- ★ मालदीव सन् 1968 तक सल्तनत हुआ करता था। अब यहाँ लोकतंत्र है।

-- दक्षिण एशिया के लोग लोकतंत्र को अच्छा मानते है और प्रतिनिधिमूलक लोकतंत्र की संस्थाओं का समर्थन करते हैं।

-- दक्षिण एशिया के लोकतंत्र के अनुभवों से लोकतंत्र के बारे में प्रचलित यह भ्रम टूट गया कि 'लोकतंत्र सिर्फ विश्व के धनी देशों में फल-फूल सकता हैं।'

**पाकिस्तानः-**

-- पाकिस्तान की राजनीतिक व्यवस्था में सेना बहुत प्रभावशाली है। यही कारण है कि यहाँ बार-बार सैन्य शासन लोकतंत्र को कुचलता रहा है। ऐसा ही बांग्लादेश में भी हुआ है।

-- सर्वप्रथम देश की बागडोर जनरल अयूब खान ने ली फिर जनरल याहिया खान तत्पश्चात जनरल जिया-उल-हक और 1999 में जनरल परवेज मुशर्रफ ने जनता द्वारा निर्वाचित सरकार को हटाकर सैनिक शासन की स्थापना की।

-- कुछ समय के लिए अवश्य जुल्फिकार अली भूट्टो, बेनजीर भूट्टो तथा नवाज शरीफ के नेतृत्व में पाकिस्तान में लोकतांत्रिक सरकार कार्यरत रही। जून 2013 में नवाज शरीफ के नेतृत्व में पाकिस्तान में लोकतांत्रिक सरकार की स्थापना हुई परन्तु 2017 में उन्हें वित्तीय भ्रष्टाचार के मामले में पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया तथा पद से हटाते हुए दस साल की सजा का आदेश दिया।

-- जुलाई 2018 में पाकिस्तान में हुए आम चुनाव में इमरान खान के नेतृत्व में लोकतांत्रिक सरकार का गठन हुआ।

**नेपाल :-**

-- नेपाल में लम्बे समय तक राजा और लोकतंत्र समर्थकों में जद्दोजहद चलती रही है। अब वहाँ कि राजनीति में माओवादी भी बहुत प्रभावी हो गये हैं।

-- नेपाल में राजा की सेना, लोकतंत्र समर्थको और माओवादियों के बीच लम्बे त्रिकोणीय संघर्ष का परिणाम यह रहा कि नेपाल के द्वारा वर्तमान में अपनाए गए संविधान के तहत खड्ग प्रसाद शर्मा ओली अक्टूबर 2015 से नेपाल के नए प्रधानमंत्री है।

**श्रीलंका :-**

-- श्रीलंका को 1948 में स्वतंत्रता प्राप्त हुई। श्रीलंका एक सफल लोकतंत्र और सामाजिक, आर्थिक क्षेत्रों अपनी अच्छी स्थिति के बावजूद सिंहली और तमिल समुदायों के जातीय संघर्ष का शिकार रहा है। सिहंली श्रीलंका के मूल निवासी थे तथा तमिल जो भारत से जाकर श्रीलंका जा बसे।

-- यह संघर्ष मुख्य रूप से तमिलों द्वारा श्रीलंका में अलग राष्ट्र की मांग एवं संसाधनों पर अधिकार के लिए था, वहीं दूसरी ओर सिंहली समुदाय द्वारा लगातार उनकी इस मांग का विरोध किया जाता रहा।

-- मई 2009 में श्रीलंकाई सेना द्वारा लिट्टे (LTTE) प्रमुख प्रभाकरन के मारे जाने के पश्चात श्री लंका में वर्षों से चले आ रहे गृह युद्ध की समाप्ति हुई।

-- दक्षिण एशिया के दो बड़े देशों भारत और पाकिस्तान के आपसी संबंध शुरू से ही तनावपूर्ण है इनके बीच 1947-48, 1965, 1971 तथा 1999 में सैन्य संघर्ष हो चुके हैं।

-- दक्षिण एशियाई देशों में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जिसकी अन्य सभी देशों से सीमाएं लगती है। इसके कारण भारत के इन देशों के साथ कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं तो बहुत से क्षेत्रों में सहयोग भी।

**सार्क :-**

-- दक्षिण एशियाई देशों ने आपस में सहयोग के लिए सन् 1985 में दक्षेस (SAARC- साउथ एशियन एसोशियन फॉर रिजनल कोऑपरेशन) की स्थापना की।

-- 2005 में 13वें सार्क शिखर सम्मेलन ढाका में अफगानिस्तान को सार्क में शामिल करने पर सहमति बनी। 2007 के 14वें शिखर सम्मेलन (नई दिल्ली) में अफगानिस्तान पहली बार सार्क शिखर सम्मेलन में शामिल हुआ।

-- वैश्वीकरण के दौर में हुए सार्क सम्मेलनों में जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबन्धन एवं आतंकवाद की समाप्ति संबंधी तथा इस क्षेत्र में व्यापार एवं विकास को बढ़ावा देने हेतु कई समझौतो पर हस्ताक्षर हुए हैं।

-- सार्क का 18वाँ शिखर सम्मेलन 26-27 नवम्बर 2014 को नेपाल की राजधानी काठमांडू में सम्पन्न हुआ जिसका विषय शांति एवं समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध एकजुटता था।

सार्क का 19वाँ सम्मेलन 2016 में इस्लामाबाद (पाकिस्तान) में हुआ। परंतु उरी में आंतकवादी हमले के कारण भारत ने इस सम्मेलन का बहिष्कार किया। बाद में बांग्लादेश, भूटान, श्रीलंका और मालद्वीप ने भी इस सम्मेलन का बहिष्कार किया।

**SAFTA :-**

-- जनवरी 2004 में आयोजित 12वें शिखर सम्मेलन में सार्क देशों ने ऐतिहासिक दक्षिणी एशियाई मुक्त व्यापार सौदा (SAFTA) समझौते पर हस्ताक्षर किये, जो 1 जनवरी 2006 से प्रभावी हुआ। इस समझौते के दो मुख्य उद्देश्य हैं:-

(i) दक्षिण एशियाई क्षेत्र युक्त व्यापार संबंधी बाधाओं को दूर करना।

(ii) व्यापार एवं प्रशुल्क प्रतिबंधों के सभी प्रकारों को समाप्त करने का प्रयास करते हुए अधिक उदार व्यवस्था स्थापित करना।

-- भारत के अपने पेड़ोसी देशों के साथ जिनमें पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश एवं श्रीलंका प्रमुख है, इनमें से यदि पाकिस्तान को छोड़ दिया जाये तो बाकी राष्ट्रों के साथ भारत के संबंध कमोबेश मधुर बने हुए हैं।

**सार्क की उपलब्धियाँ**

1. भारत व पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बावूजद भी द्विपक्षीय स्तर पर समझ और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए छोटे देशों के लिए अभी भी उपयोगी संगठन है।

2. साफ्टा और साफ्टा को बनाकर व्यापार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

3. पर्यावरण, आर्थिक विकास व ऊर्जा आदि क्षेत्रों में सहयोग की बात की है।

-- BIMSTEC (Bay of Bengal Intiative for multi sectoral Technical and Economic Cooperation) बंगाल की खाड़ी बहु–क्षैत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग उपक्रम इसके सदस्य देश, बांग्लादेश, भारत, बर्मा, श्रीलंका, थाईलैण्ड, भूटान और नेपाल है।

-- वर्तमान में भारत बिम्सटेक (BIMSTEC) पर अधिक बल दे रहा है, इसके वरिष्ठ अधिकारियों की 17 वीं बैठक फरवरी 2017 में काठ मांडू (नेपाल) में आयोजित की गई। इस बैठक में व्यापार और निवेश, उर्जा प्रौद्योगिकी, मत्सयपालन, जलवायु परिवर्तन, संस्कृति, लोगों के बीच संपर्क और अन्य क्षैत्रों के बारे में चर्चा की गई।

**एक अंक वाले प्रश्न :-**

1. दक्षिण एशिया के एक देश का नाम लिखिए जिसमें राजतंत्र हैं।

2. नेपाल में कब तक संवैधानिक राजतंत्र था ?
3. दक्षेस (SAARC) की स्थापना कब की गई ?
4. श्रीलंका की महत्वपूर्ण समस्या क्या है ?
5. सियाचिन विवाद किन दो देशों के बीच है ?
6. दक्षिण एशिया का वह कौन सा देश है जिसकी स्वतंत्रता में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ?
7. फरक्का विवाद किन दो देशों के मध्य रहा है ?
8. दक्षेस का मुख्यालय कहाँ है ?
9. आपके अनुसार 21वीं शताब्दी में भारत पाकिस्तान में तनाव का प्रमुख कारण क्या है ?
10. श्रीलंका को कब स्वतंत्रता प्राप्त हुई ?
11. श्रीलंका में किन दो जातियों के मध्य संघर्ष रहा ?
12. किस देश को आठवे सदस्य के रूप में और कब दक्षेस SAARC का सदस्य बनाया गया ?
13. दक्षिण एशिया में मुक्त व्यापार बढ़ाने हेतु.............समझौता किया गया।
14. शेख मुजीब किस पार्टी से संबधित थे ?
15. मालदीव में किस पार्टी का दबदबा है ?
16. पूर्वी पाकिस्तान के जन-संघर्ष का प्रतिनिधित्व किसने किया ?
17. दक्षिण एशिया में चारों तरफ भूमि से घिरे दो देशों के नाम बताएं।
18. 1960 में भारत व पाकिस्तान ने किस संधि पर हस्ताक्षर किए ?
19. भारत और बांग्लादेश के बीच विवाद के मुख्य मुद्दे क्या हैं ?

**दो अंक वाले प्रश्न :-**

1. दक्षिण एशिया में सफल लोकतंत्र वाले दो देशों के नाम लिखिए।
2. दक्षिण एशिया से क्या अभिप्राय हैं ?
3. भारत और पाकिस्तान के बीच हुए किन्हीं दो समझौतों का उल्लेख किजिए।
4. दक्षिण एशिया के उन दो देशों के नाम लिखिए जिनमें लोकतंत्र व सैन्य शासन रहा है।
5. मालदीव में किस प्रकार की शासन प्रणाली है ?
6. भारत ने परमाणु परीक्षण कब-कब किए ?
7. ऐसे दो देशों के नाम लिखिए जिनके साथ भारत का नदी जल बँटवारे के मुद्दे पर विवाद रहा है ?

**चार अंक वाले प्रश्न :-**

1. पाकिस्तान में लोकतंत्र को कमजोर करने वाले कारण लिखिए। (IMP)
2. नेपाल में लोकतंत्र की स्थापना पर टिप्पणी लिखिए।
3. दक्षेस SAARC के उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।
4. भारत पाकिस्तान क्षेत्र की किन्हीं चार सामान्य समस्याओं का उल्लेख करें।
6. भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध सामान्य करने की दिशा में हुए समझौतों पर प्रकाश डालिये।
7. ऐसे दो दो मसलों के नाम बताएँ जिन पर भारत-बांग्लादेश के बीच आपसी सहयोग और आपसी असहमति है।
8. SAARC, SAFTA, LTTE एवं IPKF का पूरा नाम लिखे।

**पाँच अंक वाले प्रश्न :-**

1. निम्न अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़े तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें - आजादी के बाद से श्रीलंका की राजनीति पर बहुसंख्यक सिंहली समुदाय के हितों की नुमांइदगी करने वालों का दबदबा रहा है। ये लोग भारत छोड़कर श्रीलंका आ बसी एक बड़ी तमिल आबादी के खिलाफ हैं। तमिलों का बसना श्रीलंका के आजाद होने के बाद भी जारी रहा। सिंहली राष्ट्रवादियों का मानना था कि श्रीलंका में तमिलों के साथ कोई रियायत नहीं बरती जानी चाहिए क्योंकि श्रीलंका सिर्फ सिंहली लोगों का है। तमिलों के प्रति उपेक्षा भरे बरताव से एक उग्रतमिल राष्ट्रवाद की आवाज बुलन्द हुई। 1983 के बाद से उग्र तमिल संगठन 'लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) श्रीलंकाई सेना के साथ सशस्त्र संघर्ष कर रहा है। इसने 'तमिल ईलम' यानी श्रीलंका के तमिलों के लिए एक अलग देश की माँग की है। श्रीलंका के उत्तर-पूर्वी हिस्से पर लिट्टे का नियंत्रण है।
   - i) श्रीलंका का पुराना नाम क्या है?
   - ii) श्री लंका में किन दो जातियों के मध्य संघर्ष रहा?
   - iii) जातीय संघर्ष के दो प्रमुख कारण क्या रहे?

2. दिए गए मानचित्र में पाँच देशों A,B,C,D और E को दर्शाया गया है। नीचे दी गयी जानकरी के आधार पर इन देशों की पहचान कीजिए और इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबधित अक्षर तालिका के रूप में अपनी पुस्तिका लिखिए–

(i) चारों ओर स्थल से घिरा देश।

(ii) वह देश जहाँ जातीय संघर्ष हुआ।

(iii) वह देश जहाँ आजादी के बाद अधिकांश समय तक सैनिक शासन रहा।

(iv) वह देश जहाँ विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

(v) वह देश जिसका निर्माण 1971 में हुआ।



3. प्रस्तुत कार्टून को देखें एव दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें -




यह कार्टून क्षेत्रीय सहयोग की प्रगति में भारत और पाकिस्तान की भूमिका के बारे में क्या बताता है?

i) यह कार्टून किस संगठन के सम्मेलन को दिखा रहा है?

ii) संगठन में शामिल किन्हीं दो देशों के नाम बताए।

iii) कार्टून में दो कुर्सियों की अवस्थिति बाकियों से अलग क्यों दर्शायी गयी है?

4. नीचे दिए गए कार्टून को देखिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।




i) उपरोक्त कार्टून किस देश से संबधित है?

ii) चित्र में शेर तथा बाघ किन-किन समुदायों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

iii) चित्र में दिखाए गए व्यक्ति कौन है तथा चित्र में उनके प्रयास का वर्णन करें।

## छः अंक वाले प्रश्न :-

1. भारत-पाकिस्तान संबंधो पर प्रकाश डालिये। (IMP)
2. श्रीलंका के जातीय संघर्ष का उल्लेख कीजिए। (IMP)
3. दक्षिण एशिया के अपेक्षाकृत छोटे देशों के भारत के प्रति आशंका भरे व्यवहार के क्या कारण हैं?
4. दक्षिण एशिया के देशों के बीच आर्थिक सहयोग की राह तैयार करने में दक्षेस (सार्क) की भूमिका और सीमाओं का आलोचनात्मक मूल्यांकन करें। दक्षिण एशिया की बेहतरी में दक्षेस (सार्क) ज्यादा बड़ी भूमिका निभा सके, इसके लिए आप क्या सुझाव देंगे?

## एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तर संकेत :-

1. भूटान
2. सन् 2006
3. सन् 1985
4. सिंहली -तमिल जातीय संघर्ष
5. भारत-पाकिस्तान
6. बांग्लादेश
7. भारत-बांग्लादेश
8. काठमांडू
9. आतंकवाद
10. 1948
11. सिंहली एवं तमिल
12. अफगानिस्तान को 2005 में सदस्य बनाया गया।
13. SAFTA
14. आवामी लीग
15. मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी
16. शेख मुजीबुर्रहमान
17. नेपाल, भूटान

18. सिंधु नदी जल संधि

19. नदी जल विवाद एवं शरणार्थियों की समस्या

## दो अंक वाले प्रश्नों के उत्तर संकेत :-

1. -- भारत
   -- श्रीलंका

2. भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका एवं मालदीव को दक्षिण एशिया के देश माना जाता है। कुछ लोग अफगानिस्तान एवं म्यांमार को भी इस क्षेत्र में सम्मिलित करते हैं।

3. -- ताशकंद समझौता
   -- शिमला समझौता

4. -- पाकिस्तान
   -- बांग्लादेश

5. लोकतांत्रिक

6. सन् 1974 तथा सन् 1998 में

7. -- पाकिस्तान
   -- बांग्लादेश

## चार अंक वाले प्रश्नों के उत्तर संकेत :-

1. -- राजनीति में सेना का हस्तक्षेप
   -- राजनीति में कट्टरपंथी धार्मिक नेताओं का दबदबा
   -- विदेशी ताकतों का हस्तक्षेप
   -- राजनीतिक दलों एवं नेताओं के संकीर्ण स्वार्थ इत्यादि

2. -- 2006 तक संवैधानिक राजतंत्र
   -- जन–विद्रोह व लोकतंत्र की स्थापना।
   -- राजा का प्रभाव समाप्त होना
   -- लोगों में अधिकारों के प्रति जागरूकता
   -- माओवादियों का प्रभाव इत्यादि

3. -- दक्षिण एशिया के लोगों के जीवन स्तर में वृद्धि
-- दक्षिण एशिया में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति व सांस्कृतिक उन्नति।
-- दक्षिण एशिया में सामूहिक आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता बढ़ाना।
-- आपसी समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान

4. -- कश्मीर मुद्दा
-- आतंकवाद
-- सियाचिन ग्लेशियर
-- सरक्रीक विवाद इत्यादि

5. 1) अशिक्षा 2) गरीबी
3) जनसंख्या वृद्धि 4) आर्थिक पिछड़ापन इत्यादि।

6. -- सिंधु नदी जल समझौता 1960
-- ताशकंद समझौता 1966
-- शिमला समझौता 1972
-- लाहौर बस यात्रा 1999 इत्यादि

7. भारत एवं बांग्लादेश के मध्य सहयोग के मसले :
i) बांग्लादेश भारत की 'पूरब की ओर देखो' नीति का हिस्सा।
ii) प्राकृतिक आपदा के पूर्व प्रबंधन तथा पर्यावरण के मसले पर सहयोग।

भारत एवं बांग्लादेश के मध्य असहयोग के मसले :
i) गंगा व ब्रह्मपुत्र नदी जल बंटवारे को लेकर मतभेद
ii) भारत, बांग्लादेश से अवैध आप्रवास पर नाखुश।

8. SAARC–South Asian Association of Regianal co–opration
SAFTA–South Asian Free Trade Agreement
LTTE–Liberaton Tiberaton of Tamil Elam
IPKF–Indian Peace Keeping Force

## पाँच अंक वाले प्रश्नों के उत्तर संकेत :-

1. i) सिलोन

   ii) सिंहली एवं तमिल।

   iii) तमिलों द्वारा श्रीलंका में विशेष अधिकारों एवं अलग देश की मांग।

2.

| S.N. | अक्षर | देश |
|---|---|---|
| (i) | E | नेपाल |
| (ii) | C | श्रीलंका |
| (iii) | D | पाकिस्तान |
| (vi) | B | भारत |
| (v) | A | बांग्लादेश |

3. i) दक्षेस सम्मेलन।

   ii) भूटान, नेपाल आदि अथवा कोई भी अन्य।

   iii) ये दो कुर्सियों इसके दो सदस्यों भारत और पाकिस्तान की विशेष स्थिति तथा इसमें छाए रहने वाले इन दोनों देशों के द्विपक्षीय मुद्दों की ओर ध्यान आकृष्ट कटती है।

4. i) श्रीलंका।

   ii) शेर श्रीलंका के सिंहली समुदाय तथा बाघ तमिल समुदाय का प्रतिनिधत्व कर रह है।

   iii) चित्र में दिए गए व्यक्ति श्रीलंका के तात्कालिक राष्ट्रपति श्री महिंदा राजपक्षे है तथा वो दोनों समुदायों के मध्य संतुलन स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं।

## छः अंक वाले प्रश्नों के उत्तर संकेत :-

1. -- भारत और पाकिस्तान में सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक समरूपताएँ

-- भारत-पाकिस्तान संघर्ष :-

★ 1947-48, 1965, 1971 और 1999 में सैन्य संघर्ष

★ कश्मीर मुद्दा

★ हथियारों की होड़

★ आतंकवाद

★ सियाचिन ग्लेशियर विवाद

★ सरक्रीक विवाद इत्यादि

-- भारत-पाकिस्तान सहयोग की संभावना वाले क्षेत्र।

★ सांस्कृतिक (फिल्म, गाने, नाटक इत्यादि)

★ खेल क्षेत्र (क्रिकेट, हॉकी इत्यादि)

★ व्यापार (कपास, प्याज, सॉफ्टवेयर इत्यादि)

-- गरीबी उन्मूलन, विकास, लोकतंत्र की दृढ़ता इत्यादि की लिए दोनों देशों में सहयोग वृद्धि की आवश्यकता इत्यादि।

2. -- बहुसंख्यक सिंहली और अल्पसंख्यक तमिल समुदायों में संघर्ष।

-- तमिलों को अधिकार दिलवाने के प्रयास

-- उग्र तमिलों द्वारा LTTE का गठन

-- श्रीलंका सरकार द्वारा सख्ती

-- 1987 में राजीव-जयवर्धने समझौता

-- श्रीलंका में भारतीय शांति सेना (IPKF)

-- नार्वे की मध्यस्थता में शांति स्थापना के प्रयास इत्यादि।

3. -- विशाल आकार

-- भौगोलिक विशिष्टता

-- अत्यधिक जनसंख्या

-- विशालकाय अर्थव्यवस्था

-- बड़ी सैन्य शक्ति

-- प्रौद्योगिकी (तकनीक) में बाकी से आगे

-- अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान।

-- भारत में बारे में दुष्प्रचार (चीन, पाकिस्तान, पश्चिमी मीडिया आदि द्व ारा)

4. 1985 में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन का एक क्षेत्रीय मंच शांति के लिए तैयार किया गया। सार्क के देशों ने दक्षिण एशिया मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये, जो दक्षिण एशिया को मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। SAFTA (साफ्टा) के द्वारा सीमाओं के आर-पार मुक्त व्यापार की अनुमति ने इस क्षेत्र में शांति तथा सहयोग के नए युग का सूत्रपात किया। इसके अतिरिक्त विभिन्न समयों पर सार्क द्वारा किये जाने वाले सम्मेलानों में राष्ट्रों के मध्य विवादों का निपटारा करने का प्रयास किया जाता है।

**सीमाएँ** :- कुछ देशों का यह मानना है कि भारत 'साफ्टा' को आधार बनाकर दक्षिण एशिया के समस्त देशों के घरेलु बाजार पर अपना कब्जा जमा लेना चाहता है।

सुझावः- i) दक्षेस राष्ट्रों को भय एवं आशंका को दूर करने के लिए विश्वास बहाली की प्रक्रिया अपनानी चाहिए।

ii) आपसी विवादों को बातचीत द्वारा हल करना चाहिए।

iii) आर्थिक विकास को प्रमुख मुद्दा बनाना चाहिए।

अध्याय – 6

# अंर्तराष्ट्रीय संगठन

★ अंतर्राष्ट्रीय संगठन अपने उद्देश्यों में व्यापक होते हैं। जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विवादों के समाधान तथा शांति व सुरक्षा स्थापित करने में व विभिन्न देशों के मध्य सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## अंर्तराष्ट्रीय संगठनों की आवश्यकता

1. अंर्तराष्ट्रीय विवादों का शांतिपूर्ण समाधान।
2. युद्धों की रोकथाम में सहायक।
3. विश्व के आर्थिक विकास में सहायक।
4. प्राकृतिक आपदा, महामारी से निपटना।
5. अन्र्तराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना।
6. वैश्विक तापवृद्धि से निपटना।

★ प्रथम विश्व युद्ध के बाद युद्ध रोकने के लिए बनी संस्था राष्ट्रसंघ (लीग–आफ–नेशन्स) के असफल होने के कारण एवं 1939 से 1945 तक चले द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति एवं सुरक्षा स्थापित करने के लिए पुनः एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की आवश्यकता महसूस की गई। अतः 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र संघ UNO की स्थापना की गई। स्थापना के समय संयुक्त राष्ट्र संघ में 51 सदस्य थे, भारत भी इसके संस्थापक सदस्यों में शामिल था। मई 2013 तक इसके सदस्यों की संख्या 193 हो गयी है। 193वाँ सदस्य दक्षिणी सूडान है।




| अंगो के नाम | सदस्य संख्या | मुख्यालय | उद्देश्य |
|---|---|---|---|
| सुरक्षा परिषद् | 5 स्थायी + 10 अस्थायी | न्यूयार्क | शान्ति एवं सुरक्षा कायम रखना। सैन्य कार्यवाही करना। |
| महासभा | 193 | न्यूयार्क | सदस्य प्रवेश व निलम्बन एवं बजट पारित करना। |
| ट्रस्टीशिप काउंसिल | 14 | न्यूयार्क | विशेष क्षेत्रों की सामाजिक, आर्थिक उन्नति 1994 में पलाऊ के स्वतंत्र होने पर स्थगित। |
| अर्न्तराष्ट्रीय न्यायालय | 15 न्यायाधीश | हेग | देशों के पारस्परिक विवाद आपसी झगड़े क्षेत्रीय व सीमा विवाद पर विचार। |
| सचिवालय | महासचिव + अन्य कर्मचारी | न्यूयार्क | संयुक्त राष्ट्र के नित्य कार्यों का संचालन |
| आर्थिक एवं सामाजिक परिषद् | 57 | न्यूयार्क | आर्थिक, सामाजिक, शिक्षा स्वास्थ्य पर विचार कर महासभा को रिपोर्ट भेजेगा। |

★ **संयुक्त राष्ट्र संघ के अंग :-**

★ इसका सबसे शक्तिशाली अंग सुरक्षा परिषद् है इससे कुल 15 सदस्य है इसमें पांच स्थायी सदस्य (अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन) तथा दस अस्थायी सदस्य है जो दो वर्षो की अवधि के लिए चुने जाते है। स्थायी सदस्यों को वीटो **(निषेधाधिकार)** की शक्ति प्राप्त है।

★ शीत युद्ध के बाद से ही संयुक्त राष्ट्र में इसके ढाँचे एवं कार्य करने की प्रक्रिया दोनों में सुधार की मांग जोर पकड़ने लगी। सुरक्षा परिषद् में स्थायी व अस्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त

गरीबी, भूखमरी, बीमारी, आतंकवाद पर्यावरण मसले एवं मानवाधिकार आदि मुद्दो पर संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को ओर अधिक सक्रिय बनाने पर बल दिया गया।

★ महासचिव संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रतिनिधि होता है। वर्तमान महासचिव का नाम **एंटोनियो गुटेरेस (पुर्तगाल)** है।

## संयुक्त राष्ट्र के महासचिव

| क्र.सं. | नाम | संबधित देश | कार्यकाल |
|---|---|---|---|
| 1. | ट्राइग्व ली | नार्वे | 1946–1952 |
| 2. | डेग हैमरशोल्ड | स्वीडन | 1953–1961 |
| 3. | यू थांट | वर्मा (म्यांमार) | 1961–1971 |
| 4. | कुर्त वाल्डहीम | ऑस्ट्रेलिया | 1972–1981 |
| 5. | जेवियर पेरेज द कूइयार | पेरू | 1982–1991 |
| 6. | बुतरस बुतरस घाली | मिस्त्र | 1992–1996 |
| 7. | कोफी ए. अन्नान | घाना | 1997–2006 |
| 8. | बान की मून | दक्षिण कोरिया | 2007–2016 |
| 9. | ऐंटोनियो गुटेरेस | पुर्तगाल | 2017–वर्तमान |

★ भारत संयुक्त राष्ट्र संघ के कार्यक्रमों में अपना योगदान लगातार देता रहा है। चाहे वह शांति सुरक्षा का विषय हो, निःशस्त्रीकरण हो, दक्षिण कोरिया संकट हो, स्वेज नहर का मामला हो या इराक का कुवैत पर आक्रमण हो। इसके अतिरिक्त, मानवाधिकारों की रक्षा, उपनिवेशवाद व रंगभेद का विरोध तथा शैक्षणिक आर्थिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भारत की भूमिका बनी रहती है।

★ **संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए भारत का पक्ष।**

-- आबादी के दृष्टिकोण से बड़ा राष्ट्र।

-- स्थिर लोकतंत्र व मानवाधिकारों के प्रति निष्ठा।

-- उभरती हुई आर्थिक ताकत।

-- संयुक्त राष्ट्र संघ के बजट में लगातार योगदान।

-- शांति बहाली में भारत का योगदान।

★ **संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रमुख एजेन्सियाँ**

1) विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
2) संयुक्त राष्ट्र, शैक्षिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO)
3) संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNICEF)
4) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)
5) संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग (UNHRC)
6) संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग (UNHCR)
7) संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (UNCTAD)

★ **संयुक्त राष्ट्र संघ के उद्देश्य एवं सिद्धान्त**

1) अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति व सुरक्षा को बनाये रखना।
2) राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधो को बढ़ाना।
3) आपसी सहयोग द्वारा आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा मानवीय ढंग की अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं को हल करना।
4) अंतर्राष्ट्रीय संधियों एवं अंतर्राष्ट्रीय कानूनों को सम्मानपूर्वक लागू करवाना।
5) राष्ट्रों की प्रादेशिक अखंडता और राजनीति स्वतंत्रता का आदर करना।

★ **संयुक्त राष्ट्र संघ को एक ध्रुवीय विश्व में अधिक प्रासंगिक बनाने के उपाय।**

1) शांति संस्थापक आयोग का गठन।
2) मानवाधिकार परिषद की स्थापना।
3) सहस्त्राब्दि विकास लक्ष्य को प्राप्त करने पर सहमति।
4) एक लोकतंत्र कोष का गठन।
5) आतंकवाद के सभी रूपों की भर्त्सना।
6) न्यासिता परिषद की समाप्ति।

★ आज एक ध्रुवीय विश्व व्यवस्था में जब अमेरिका का वर्चस्व पूरे विश्व पर हो चुका है तो ऐसे में संयुक्त राष्ट्र संघ भी अमेरिकी ताकत पर पूर्णरूप से अंकुश नहीं लगा सकता, क्योंकि अमेरिका का इसके बजट में योगदान अधिक है, इसके अतिरिक्त इसका मुख्यालय भी अमेरिकी भू-क्षेत्र पर स्थित है। परन्तु इसके बावजूद संयुक्त राष्ट्रसंघ वो मंच है जहाँ अमेरिका से शेष विश्व के देश वार्ता करके उसपर नियंत्रण रखने का प्रयास कर सकते है।

## अंर्तराष्ट्रीय संस्थाएँ व गैर सरकारी संगठन :-

संयुक्त राष्ट्र संघ के अतिरिक्त कई अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएँ एवं गैर सरकारी संगठन है जो निरन्तर अपने उद्देश्यों को पूर्ण करने में लगे है जैसे :-

1) **अन्र्तराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)** .. वैश्विक स्तर पर वित्त व्यवस्था की देख-रेख एवं वित्तीय तथा तकनीकी सहायता मुहैया कराना।

2) **विश्व बैंक (WB)** - मानवीय विकास (शिक्षा, स्वास्थ्य) कृषि और ग्रामीण विकास, पर्यावरण सुरक्षा, आधारभूत ढाँचा तथा सुशासन के लिए काम करता है।

3) **विश्व व्यापार संगठन (WTO)** - यह अंर्तराष्ट्रीय संगठन वैश्विक व्यापार के नियमों को तय करता है।

4) **अंतर्राष्ट्रीय आण्विक उर्जा एजेन्सी (IAEA)** - यह संगठन परमाणिवक उर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने और सैन्य उद्देश्यों में इसके इस्तेमाल को रोकने की कोशिश करता है।

5) **एमनेस्टी इंटरनेशनल** :- यह एक स्वयंसेवी संगठन है। यह पूरे विश्व में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अभियान चलाता है।

6) **हयूमन राइटस वॉच** :— यह स्वयंसेवी संगठन भी मानवाधिकारों की वकालत और उनसे संबंधित अनुसंधान करने वाला एक अंर्तराष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन है।

7) **अन्तर्राष्ट्रीय रेड क्रास सोसायटी** :- यह सोसायटी युद्ध और आंतरिक हिंसा के सभी पीड़ितों की सहायता तथा सशस्त्र हिंसा पर रोक लगाने वाले नियमों को लागू करने का प्रयास करता है।

8) **ग्रीनपीस** :- 1971 के स्थापित ग्रीन पीस फाउण्डेशन विश्व समुदाय को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु कानून बनाने के लिए दबाव डालने का कार्य करती है।

★ हालांकि संयुक्त राष्ट्र संघ में थोड़ी कमियाँ अवश्य है, लेकिन बिना इसके दुनिया और बदहाल होगी। संयुक्त राष्ट्र संघ एवं उपरोक्त वर्णित सभी आर्थिक संस्थाओं एवं गैर सरकारी संगठनों ने पारस्परिक निर्भरता को

बढ़ाया है। जिसससे की संस्थाओं की उत्तरदायित्वता भी बढ़ती जा रही है। इसलिए आने वाली सरकारों को संयुक्त राष्ट्र एवं इन अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के समर्थन एवं उपयोग के तरीके तलाशने होगें।

-- **एक अंक वाले प्रश्न :-**

1) संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई ?
2) संयुक्त राष्ट्र संघ की घोषणापत्र पर कितने देशों ने हस्ताक्षर किये ?
3) भारत UNO का सदस्य कब बना ?
4) वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य देशों की संख्या कितनी है ?
5) UNO के वर्तमान महासचिव का नाम बताइये।
6) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय कहाँ स्थित है ?
7) IAEA का विस्तृत रूप लिखे।
8) संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रमुख उद्देश्य बताइये।
9) विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब हुई ?
10) प्रथम विश्व युद्ध के बाद, युद्ध रोकने के लिए कौन सा अंर्तराष्ट्रीय संगठन बनाया गया ?
11) UNHRC का विस्तृत रूप लिखे।
12) विश्व बैंक की औपचारिक स्थापना कब हुई ?
13) संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में.............स्थायी और ............ अस्थायी सदस्य हैं।
14) UNESCO का विस्तृत रूप लिखे।
15) किस चार्टर के अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की गई।
16) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का कोई एक कार्य बताइए।
17) संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना......................... के उत्तराधिकारी के रूप में की गई।

**दो अंकों वाले प्रश्न :-**

1) निषेधाधिकार किसे कहते है?

2) विश्व बैंक के कोई दो मुख्य कार्य बताइए।

3) सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों के नाम लिखिये।

4) मानवाधिकारों की रक्षा में सक्रिय दो स्वयं सेवी संगठन कौन से है?

5) विश्व व्यापार संगठन के कोई दो कार्य बताइए।

6) सुम्मेलित किजिए :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | 24 अक्टूबर 1945 | ए) | अटलांटिक चार्टर |
| ii) | 10 दिसम्बर 1948 | बी) | माल्टा सम्मेलन |
| iii) | फरवरी 1945 | सी) | संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना |
| iv) | अगस्त 1941 | डी) | मानवाधिकारों की घोषणा |

7) सुम्मेलित किजिए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | रेडक्रॉस सोसाइटी | ए) | विश्व व्यापार नियम |
| 2. | एमनेस्टी इंटरनेशनल | बी) | युद्ध का आपदा पीड़ित सहायता |
| 3. | विश्व व्यापार संगठन | सी) | आर्थिक उन्नति व ऋण देना |
| 4. | अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष | डी) | मानवाधिकार रक्षा |

8) ऐसे किन्हीं दो अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों को पहचानियें जिन्हें सुलझाना किसी एक देश के लिए संभव नहीं है।

9) पारस्परिक निर्भरता किसे कहते है?

10) विश्व में अन्तर्राष्ट्रीय संगठन होने के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख करें।

## चार अंक वाले प्रश्न :-

1. बदलती परिस्थितियों में प्रभावी एंव सुचारू ढंग से कार्य करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रक्रिया व ढाँचे में सुधार के कौन-कौन से प्रस्ताव सुझाये गये है? (IMP)

2. संयुक्त राष्ट्र संघ अमेरिकी वर्चस्व का सामना करने में असफल सिद्ध हुआ है। इस कथन से आप कहाँ तक सहमत है?

3. सुरक्षा परिषद के कार्य बताइये।

4. भारत के नागरिक के रूप में सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के पक्ष का समर्थन आप कैसे करेगें? अपने प्रस्ताव का औचित्य सिद्ध करें। (IMP)

5. ऐमेनेस्टी इण्टरनेशनल क्या है? इसके कोई दो कार्य बताएँ।

6. संयुक्त राष्ट्र के मुख्य सिद्धांतों का वर्णन करें।

**पाँच अंक वाले प्रश्न :-**

1.)




i) प्रस्तुत कार्टून में दिखाया गया व्यक्ति किस देश को इंगित कर रहा है? (1)

ii) कार्टून में दिखाए व्यक्ति के दोनों हाथ में क्या दिखाया गया है और वो किस चीज का प्रतीक है? (2)

iii) दाये हाथ से बात नहीं समझोगे तो बायें हाथ से समझायी जायेगी। (2)
इस व्यक्तव्य का आशय अपने शब्दों में स्पष्ट करें।

2.)



i) यह चिन्ह किस संस्था या संगठन से संबंधित है? 1

ii) इस चित्र में किसका मानचित्र है? 2

iii) दिए गए चित्र में किसकी पत्तियाँ है? ये पत्तियाँ किस बात का प्रतीक है? 2

3.) **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़े और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें :-**

''पहले विश्वयुद्ध ने दुनिया को इस बात के लिए जगाया कि झगड़ों के निपटारे के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। इसके परिणाम स्वरूप 'लीग ऑफ नेशंस' का जन्म हुआ। शुरूआती सफलताओं के बावजूद यह संगठन दूसरा विश्वयुद्ध न रोक सका। पहले की तुलना में इस महायुद्ध में कहीं ज्यादा लोग मारे गए और घायल हुए।''

i) द्वितीय विश्व युद्ध कब समाप्त हुआ? 1

ii) संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब और क्यों की गई? 2

iii) इस प्रकार के संगठनों का निर्माण क्यों किया जाता है? 2

**छः अंकों वाले प्रश्न :-**

1. अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों की आवश्यकता स्पष्ट करे।
2. संयुक्त राष्ट्र संघ को और अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए कौन-कौन से कदम उठाने का निर्णय लिया गया है?
3. संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के योगदान पर चर्चा कीजिये।
4. बदलते परिवेश में सुरक्षा परिषद में सुधारों की आवश्यकता क्यों महसूस हो रही है? (IMP)
5. संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख उद्देश्यों का वर्णन कीजिए। इन उद्देश्यों को कैसे पूरा किया जा सकता है?
6. वैश्विक राजनीति में अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएं एवं संगठन किस हद तक लोकतांत्रिक व जवाबदेह है?

## एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. 24 अक्टूबर 1945
2. 51 देशों ने।
3. 30 अक्टूबर 1945
4. 193
5. ऐन्टोनियो गुटेरेस।
6. हेग–नीदरलैंड
7. अन्तर्राष्ट्रीय अणिविक उर्जा ऐजेन्सी।
8. विश्व में शांति एवं सुरक्षा की स्थापना।
9. 1995 में।
10. राष्ट्र संघ (लीग ऑफ नेशन्स)
11. यूनाईटेड नेशन्स हयूमन राइट्स कमीशन।
12. 1945
13. 05 एवं 10
14. United Nations Educational Social & Cultural Organisation (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन)
15. अटलांटिक चार्टर
16. वैश्विक स्तर की वित्त व्यवस्था की देख–रेख करना।
17. राष्ट्र संघ

## दो अंको वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. सुरक्षा परिषद का कोई भी स्थायी सदस्य सुरक्षा परिषद द्वारा लिए जाने वाले निर्णय को रोक सकता है, यही वीटो का अधिकार है।
2. i) कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए काम करता है।

   ii) सदस्य देशों को अनुदान के लिए काम करता है।
3. ब्रिटेन, फ्रांस, अमेरिका, रूस, चीन।
4. i) ऐमेनेस्टी इण्टरनेशनल।

   ii) ह्यूमन राइट्स वॉच।

5. i) वैश्विक व्यापार के नियमों को तय करना।
   ii) सदस्य देशों के बीच मुक्त व्यापार की राह आसान बनाना।

6. i) सी
   ii) डी
   iii) बी
   iv) ए

7. i) बी
   ii) डी
   iii) ए
   iv) सी

8. वैश्विक तापवृद्धि व आतंकवाद।

9. देशों के बीच विभिन्न मुद्दों पर आपसी निर्भरता ही 'पारस्परिक निर्भरता' कहलाती है।

10. क) अंर्तराष्ट्रीय संगठन युद्ध और शांति के मसलों में मदद करते है।
    ख) अंर्तराष्ट्रीय संगठन 'ग्लोबल वार्मिंग' जैसे महत्वपूर्ण प्रश्नों का समाधान मिलकर ढूँढने का प्रयास करते है।

## चार अंको वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. i) सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाना।
   ii) वीटो पावर (निषेधाधिकार) की समाप्ति।
   iii) विकसित देशों के प्रभाव को समाप्त करना।
   iv) कार्यप्रणाली को ज्यादा लोकतांत्रिक बनाना।

2. अमेरीकी वर्चस्व का सामना करने में संयुक्त राष्ट्र के असफल होने के कारणः–
   i) अमेरिका सबसे बड़ा वित्तीय योगदान देने वाला देश।
   ii) UNO का मुख्यालय अमेरिका के भू क्षेत्र में स्थित है।
   iii) UNO में अधिकत्तर कर्मचारी अमेरिका के है।

iv) कोई प्रस्ताव अपने या साथी राष्ट्रों के हितों के अनुकूल न होने पर अपने वीटो से रोक सकता है।

उपरोक्त तथ्यों के बावजूद अमेरीका से वार्ता करने एवं उसपर दबाव बनाने के लिए UNO एक मंच के रूप में अवश्य उपलब्ध है।

3. सुरक्षा परिषद के मुख्य कार्य निम्नलिखित है :-

i) विश्व में शांति स्थापित करना।

ii) किसी भी देश द्वारा भेजी गयी शिकायत पर विचार करना।

iii) अपने निर्णयों को लागू करवाने की कार्यवाही करना।

iv) झगड़ों का निपटारा करना।

4. स्मरणीय बिन्दु देखें।

5. ऐमेनेस्टी इण्टरनेशनल मानवाधिकारों की रक्षा करने वाला एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन है। यह संगठन मानवाधिकारों की रक्षा से जुड़ी रिपोर्ट तैयार और प्रकाशित करता है। उसकी ये रिपोर्ट मावाधिकारों से संबंधित अनुसंधान और तरफदारी में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

6. स्मरणीय बिन्दु देखें।

## पाँच अंको वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. i) अमेरिका।

ii) व्यक्ति के दाएँ हाथ में संयुक्त राष्ट्र का प्रतीक चिन्ह जो कि शांति का प्रतीक है तथा बाएँ हाथ में पंजा जो युद्ध का प्रतीक है, दिखाया गया है।

iii) इस कथन का आशय यह है कि अमेरिका का कहना है कि यदि कोई देश उसकी बात को शांतिपूर्वक तरीके से नहीं मानेगा तो उसे युद्ध का सामना करना पड़ेगा।

2. i) संयुक्त राष्ट्र संघ।

ii) विश्व का मानचित्र।

iii) जैतून की पत्तियाँ है, तथा ये पत्तियाँ विश्व शांति का प्रतीक है।

3. i) सन 1945 में।

ii) 30 अक्टूबर 1945, विश्व में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए।

iii) ताकि भविष्य में किसी भी भयानक युद्ध को रोककर विश्व में शांति और सुरक्षा को बनाये रखा जा सके।

## छः अंको वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. स्मरणीय बिन्दु देखें।
2. स्मरणीय बिन्दु देखें।
3. स्मरणीय बिन्दु देखें।
4. स्मरणीय बिन्दु देखें।
5. निम्नलिखित कारणों से सुरक्षा परिषद में सुधारों की आवश्यकता महसूस हो रही हैः–

i) सुरक्षा परिषद अब राजनैतिक वास्तविकताओं की नुमांइदंगी नहीं करती।

ii) इसके फैसलों पर पश्चिमी मूल्यों व हितों का प्रभाव दिखता है।

iii) सुरक्षा परिषद् में बराबर का प्रतिनिधित्व नहीं है।

iv) इसके फैसलों पर चंद देशों का दबदबा है, विशेषकर उन देशों का जो संयुक्त राष्ट्र संघ के बजट में ज्यादा योगदान देते है।

6. अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं का लोकतांत्रिक एवं उनकी जवाबदेयता के पक्ष में तर्कः–

i) महासभा में विश्व के सभी राष्ट्रों की समान सदस्यता।

ii) आर्थिक विकास के लिए कई ईकाईयाँ स्थापित।

iii) राष्ट्रों में लोकतंत्र की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र निरन्तर तत्पर।

iv) संगठन की ईकाईयाँ मानवाधिकारों की रक्षा के प्रति कार्यरत।

v) मानव विकास (शिक्षा, चिकित्सा) आदि पर बल।

vi) पर्यावरण की रक्षा पर बल।

उपरोक्त तथ्यों के बावजूद संयुक्त राष्ट्र में कुछ राष्ट्रों का निरंतर दबदबा बना रहता है। चाहे वो सुरक्षा परिषद् के आकार को न बढ़ाने का निर्णय हो अथवा सुरक्षा परिषद् में वीटो का प्रयोग हो, ये कुछ तथ्य है जो संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्थाओं के लोकतांत्रिक होने पर प्रश्नचिह्न लगाते है।

अध्याय - 7

# समकालीन विश्व में सुरक्षा

---

★ मनुष्य के जीवन का मुख्य बिन्दु सुरक्षा ही है। अपने नागरिकों को सुरक्षा के विषय पर विश्व के लगभग सभी देशों की चिन्ता एक समान हैं।

★ सुरक्षा का अर्थ है मानव जीवन में व्याप्त खतरों को दूर करना ताकि मनुष्य शांतिपूर्ण जीवनयापन कर सकें।

सुरक्षा की धारणाएँ

- पारंपरिक धारणा
  - बाहरी खतरा
    - सैन्य हमला
    - जनसंहार
    - शक्ति-संतुलन
    - गठबंधन
    - शस्त्रीकरण
  - आंतरिक खतरा
    - कानून व्यवस्था
    - अलगाववाद
    - गृहयुद्ध
- गैर पारंपरिक धारणा
  - मानवता की सुरक्षा
    - (व्यापक अर्ध में भूख/महामारी और प्राकृतिक विपदा से सुरक्षा
  - विश्व सुरक्षा
    - नवीन चुनौतियों, आतंकवाद, बीमारियों, जलवायु संकट से सुरक्षा शामिल है।

★ **बाहरी सुरक्षा की पारम्परिक अवधारणा के अन्तर्गत -**

-- खतरे का स्रोत कोई दूसरा, मुल्क होता है जो सैन्य हमले की धमकी देकर सम्प्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखण्डता जैसे किसी देश के केन्द्रीय मूल्यों के लिए खतरा पैदा करता है।

-- सुरक्षा नीति का सम्बन्ध युद्ध की आशंका को रोकने में होता है। जिसे अपरोध कहा जाता है।

-- देश शक्ति संतुलन अपने पक्ष में रखने के लिए सैन्य शक्ति के साथ आर्थिक व प्रौद्योगिक ताकत बढ़ाने में लगे रहते हैं।

-- किसी देश अथवा गठबंधन की तुलना में अपनी ताकत का असर बढ़ाने के लिये देश गठबंधन बनाते हैं। गठबंधन राष्ट्रीय हितों पर आधारित होते हैं। राष्ट्रीय हित बदलने पर गठबंधन भी बदल जाते हैं।

★ **सुरक्षा के पारम्परिक तरीके हैं** - निशस्त्रीकरण, अस्त्र नियंत्रण तथा विश्वास की बहाली।

★ पारम्परिक सुरक्षा की आन्तरिक अवधारणा के अन्तर्गत देश के अन्दर आन्तरिक शान्ति और कानून व्यवस्था आती है। एशिया एवं अफ्रीका के नव स्वतंत्र देशों के सामने-आन्तरिक सैन्य संघर्ष, अलगाववादी आन्दोलन और गृहयुद्ध की समस्याएँ रही हैं।

★ सुरक्षा की अपारम्परिक धारणा सैन्य खतरों के साथ-साथ मानव अस्तित्व पर आने वाले खतरों से सम्बद्ध है।

★ सुरक्षा की **अपारम्परिक धारणा** के अन्तर्गत मानवीय अस्तित्व पर चोट करने वाले व्यापक खतरों और आशंकाओं को शामिल किया जाता है जैसे - अकाल, महामारी, वैश्विक तापवृद्धि व आतंकवाद आदि।

★ सुरक्षा की अपारम्परिक धारणा के दो पक्ष है - मानवता की सुरक्षा व विश्व सुरक्षा।

★ सुरक्षा की अपारम्परिक धारणा के अन्तर्गत विश्व की सुरक्षा के समक्ष प्रमुख प्रमुख खतरे है क) आतंकवाद ख) मानव अधिकार ग) वैश्विक निर्धनता घ) शरणार्थियों की समस्या ड) बीमारियाँ जैसे- एड्स, बर्ड फ्लू एवं सार्स (सीवियर एक्यूट रेसपिरेटरी सिंड्रोम - SARS)

★ सहयोग मूलक सुरक्षा की अवधारणा अपारम्परिक खतरों से निपटने के लिए सैन्य संघर्ष के बजाए अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग से रणनीतियाँ तैयार करने पर बल देती हैं। यद्यपि अन्तिम उपाय के रूप में बल प्रयोग किया जा सकता है।

★ सहयोग मूलक सुरक्षा में विभिन्न देशों के अतिरिक्त अन्तर्राष्ट्रीय संगठन (संयुक्त राष्ट्र संघ, विश्व बैंक आदि), स्वयंसेवी संगठन (रेडक्रास, एमनेस्टी इण्टरनेशनल आदि), व्यावसायिक संगठन व प्रसिद्ध हस्तियाँ (जैसे नेल्सन मंडेला, मदर टेरेसा आदि) शामिल हो सकती हैं।

## ★ भारत की सुरक्षा नीति के चार घटक




**एक अंकीय प्रश्न :-**

निम्नलिखित दिए गए बहु–विकल्पीय प्रश्नों में दिए गए विभिन्न विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन करिये

1. निम्नलिखित संधियों में से निःशस्त्रीकरण से संबंधित संधि के सही विकल्प का चयन करिये

   (i) 1992 की रासायनिक जैविक हथियार संधि (ii) एन. पी. टी.

   (iii)1972 की जैविक हथियार संधि (iv) क्योटो प्रोटोकॉल

   (क) i, ii, iii (ख) i, ii, iv

   (ग) ii, iii, iv (घ) i, ii, iii, iv

2. एशिया और अफ्रीका के नव स्वतंत्र देशों के समक्ष खड़ी कौन सी सुरक्षा की चुनौती गौण थी–

   (क) इन देशों के समक्ष अलगाववादी आंदोलनों से खतरा था।

   (ख) इन देशों के बीच सीमा विवाद थे।

   (ग) भू–क्षेत्र अथवा आबादी पर नियंत्रण को लेकर सहयोग और सलाहकार की नीति थी।

   (घ) इन्हें अंदरूनी सैन्य संघर्ष की भी चिंता करनी थी।

3. निम्नलिखित में से किस वर्ष चीन द्वारा भारत पर आक्रमण किया गया–

(क) 1947–48 (ख) 1962

(ग) 1965 (घ) 1971

खाली स्थान भरो

4. किसी देश के भीतर हिंसा के खतरों से निपटने के लिए व्यवस्था को...... ..................... कहते हैं।

5. जो लोग राष्ट्रीय सीमा के अंदर अपना घरबार छोड़ चुके होते हैं उन्हें. ... ..................कहा जाता है।

6. .............................राजनीतिक मानवाधिकारों के अंतर्गत आता है।

7. सुरक्षा से क्या अभिप्राय है ?

8. अपरोध किसे कहते हैं ?

9. NPT का शब्द विस्तार लिखिए।

10. उत्तरी गोलार्द्ध व दक्षिणी गोलार्द्ध के देशों में प्रमुख अंतर क्या है ?

11. देश के किन्हीं दो केन्द्रीय मूल्य को बतायें।

## द्विअंकीय प्रश्न :-

1. पारम्परिक सुरक्षा से क्या अभिप्राय है ?
2. सहयोगमूलक सुरक्षा से क्या तात्पर्य है ?
3. आन्तरिक रूप से विस्थापित जन से क्या तात्पर्य है ? किसी एक उदाहरण से स्पष्ट कीजिए।
4. अप्रवासी व शरणार्थी में क्या अंतर है ?
5. गठबंधन बनाना किस प्रकार पारम्परिक सुरक्षा नीति का एक तत्व है ?
6. निशस्त्रीकरण से क्या अभिप्राय है ?
7. मिलान कीजिए -

| | | |
|---|---|---|
| शरणार्थी | -- | सैन्य शक्ति के संदर्भ में बाहरी व आन्तरिक खतरों से सुरक्षा |
| आन्तरिक विस्थापित जन | -- | दलाई लामा |
| परम्परागत सुरक्षा | -- | कश्मीरी पंडित |
| गैर परम्परागत सुरक्षा | -- | मानव सुरक्षा व विश्व सुरक्षा। |

**चार अंकीय प्रश्न :-**

1. भारत की सुरक्षा रणनीति के प्रमुख घटकों का उल्लेख कीजिए? (IMP)
2. प्रति व्यक्ति आय तथा जनसंख्या वृद्धि विश्व में आर्थिक असमानता को कैसे प्रभावित करते है? गरीबों व अमीरों के बीच वैश्विक स्तर पर आर्थिक अंतर कम करने के लिए कोई दो उपाय सुझाइए।
3. शक्ति संतुलन क्या है? कोई देश इसे कैसे कायम करता है?

**पाँच अंकीय प्रश्न :-**

**निम्नलिखित चित्र को देखकर प्रश्नों के उत्तर दें।**




प्रश्न 1. चित्र में दर्शाई गयी समस्याओं के लिए कौन-कौन से कारक उत्तरदायी हैं? 2

प्रश्न 2. क्या इन समस्याओं के अलावा भी और समस्यायें है,? किन्ही दो वैश्विक समस्याओं का वर्णन करें। 1

प्रश्न 3. इन समस्याओं से दुनिया कैसे निबट सकती है? 2

2.) **नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

"सिर्फ राज्य ही नहीं व्यक्तियों और समुदायों या कहें कि समूची मानवता को सुरक्षा की जरूरत है। यद्यपि इस बात पर मतभेद है कि ठीक-ठीक ऐसे कौन से खतरे हैं, जिनसे व्यक्तियों को बचाया जाना चाहिए। संकीर्ण अर्थों में व्यक्तियों और समुदायों को खून-खराबे से बचाना मानवता की सुरक्षा है, जबकि व्यापक अर्थों में यह 'अभाव से मुक्ति' और 'भय से मुक्ति है।''

i.) लेखक सुरक्षा की किस अवधारणा को इंगित कर रहा है? 1

ii) सुरक्षा से क्या तात्पर्य है? 2

iii) मानवता की सुरक्षा के समक्ष किन्हीं चार खतरों के नाम लिखिए। 2

**छः अंकीय प्रश्न :-**

1. बाह्य सुरक्षा की पारम्परिक धारणा में क्या अभिप्राय है? इस प्रकार की सुरक्षा के किन्हीं दो तत्वों का वर्णन कीजिए।
2. आन्तरिक व बाह्य सुरक्षा की पारम्परिक धारणाओं से क्या अभिप्राय है?
3. देश के सामने फिलहाल जो खतरे मौजूद हैं उनमें परमाण्विक हथियार का सुरक्षा अथवा अपरोध के लिए बड़ा सीमित उपयोग रह गया है। इस कथन का विस्तार करें।
4. भारतीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए किस किस्म की सुरक्षा को वरीयता दी जानी चाहिए - पारम्परिक या अपारम्परिक? अपने तर्क की पुष्टि में आप कौन से उदाहरण देंगे? (IMP)

**एक अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. क
2. ग
3. ख
4. सरकार
5. आंतरिक रूप से विस्थापित जन

6. अभिव्यक्ति और सभा करने की आजादी।

7. खतरे से आजादी।

8. युद्ध की आशंका को रोकना।

9. परमाणु अप्रसार संधि (Nuclear Nonproliferation Treaty)।

10. उत्तरी गोलार्द्ध के अधिकतर देश विकसित है जबकि दक्षिणी गोलार्द्ध के अधिकतर देश विकासशील अथवा अल्प विकसित।

11. सम्प्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता।

## दो अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. सैनिक हमले जिसका स्रोत कोई दूसरा देश होता है, जो सैनिक हमले की धमकी देकर किसी देश के केन्द्रीय मूल्यों जैसे सम्प्रभुता, स्वतंत्रता एवं क्षेत्रीय अखण्डता आदि के लिए खतरा पैदा करता है।

2. अपारम्परिक खतरों से निपटने के लिए सैन्य संघर्ष के बजाए अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग से रणनीति तैयार करना।

3. वे प्रवासी जो अपना घर छोड़कर अपने ही देश की सीमाओं में रहते हैं 'आन्तरिक विस्थापित जन' कहलाते हैं। जैसे – जम्मू-कश्मीर राज्य से कश्मीरी पंडित, जो देश के अन्य भागों में रहने को विवश हैं।

4. अप्रवासी अपनी मर्जी से स्वदेश छोड़ते हैं जबकि शरणार्थी युद्ध, प्राकृतिक आपदा अथवा राजनीतिक उत्पीड़न के कारण स्वदेश छोड़ने पर मजबूर होते हैं।

5. गठबंधन व्यवस्था में इस तरह की संधि की व्यवस्था होती है कि कुछ विशेष स्थितियों में दोनो पक्ष एक दूसरे की मदद करेगें।

6. अस्त्र-शस्त्रों का अभाव या अस्त्र-शस्त्रों को नष्ट करना।

## चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. क) सैन्य क्षमता मजबूत करना
   ख) अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं का सम्मान
   ग) आन्तरिक सुरक्षा समस्या से निपटना
   घ) आर्थिक मजबूती

2. उच्च प्रति व्यक्ति आय तथा जनसंख्या की कमी के कारण धनी देश को और धनी बनाती है जबकि निम्न प्रति व्यक्ति आय व जनसंख्या की तीव्र वृद्धि एक साथ मिलकर गरीब देशों को और गरीब बनाती है।

7. शरणार्थी -- दलाईलामा

परम्परागत सुरक्षा -- सैन्य शक्ति के संदर्भ में बाहरी व आन्तरिक खतरों से सुरक्षा।

गैर परम्परागत सुरक्षा -- मानव सुरक्षा व विश्व सुरक्षा

आन्तरिक विस्थापितजन -- कश्मीरी पंडित

**सुझाव—**

1. जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण पा कर ही वैश्विक स्तर पर आर्थिक अंतर को कम किया जा सकता है।
2. प्रति व्यक्ति आय बढ़ा कर देश को आर्थिक रूप से समृद्ध किया जा सकता है।
3. शक्ति संतुलन वह व्यवस्था है जिसमें निरन्तर प्रयास रहता है कि कोई देश शक्तिशाली बनकर वर्तमान संतुलन को बिगाड़ न दे।
   * अपनी सैन्य शक्ति बढ़ाकर
   * आर्थिक और प्रौद्योगिकी की ताकत बढ़ाकर

## पाँच अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. आतंकवाद के लिए गरीबी, बेरोजगारी, कुत्सित मानसिकता और प्राकृतिक आपदाओं के लिए बढ़ती जनसंख्या, संसाधनों का अत्याधिक दोहन, पर्यावरण का नष्ट होना आदि कारक उत्तरदायी हैं।
2. हाँ, इनके अतिरिक्त मानव अधिकारों का हनन, वैश्विक निर्धनता, महामारियाँ, वैश्विक तापवृद्धि जैसी समस्याएँ भी हैं।
3. इन समस्याओं से निबटने के लिए विश्व के सभी देशों के मध्य सहयोग मूलक सुरक्षा की आवश्यकता है। यह सहयोग द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा वैश्विक स्तर का भी हो सकता है।

2. क) सुरक्षा की अपारम्परिक अवधारणा
   ख) खतरे से आजादी
   ग) गरीबी, बीमारियाँ, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद आदि।

## छः अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1 ★ बाह्रय सुरक्षा की पारम्परिक धारणा :

किसी देश को सबसे बड़ा खतरा सैन्य खतरा माना जाता है।

★ बाह्य सुरक्षा के तत्व :

क) बाहरी आक्रमण के विरूद्ध अपनी रक्षा करना अथवा उसे रोकना।

ख) युद्ध को टालना।

ग) शक्ति संतुलन / गठबंधन बनाना।

2. **आन्तरिक सुरक्षा की पारम्परिक धारणा :-**

पारम्परिक सुरक्षा की अवधारणा आन्तरिक सुरक्षा से जुड़ी हुई है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद पृथ्वी पर सर्वाधिक शक्तिशाली देशों की आन्तरिक सुरक्षा कमोवेश सुनिश्चित थी। 1945 के बाद अमरीका व सोवियत संघ में एकता दिखाई देती थी और वे अपनी सीमाओं में शान्ति की अपेक्षा कर सकते थे। यूरोप में अधिकांश शक्तिशाली देशों के समक्ष अपनी सीमाओं में कोई चुनौती नहीं थी।

**बाह्य सुरक्षा की पारम्परिक धारणा -**

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद का समय शीतयुद्ध का समय था, जिसमें अमरीका के नेतृत्व में पश्चिमी गठबंधन के सामने सोवियत संघ के नेतृत्व में पूर्वी गठबंधन था। दोनों को एक दूसरे से सैनिक आक्रमण का खतरा था। कुछ यूरोपीय शक्तियों को अपने उपनिवेशों में स्वतंत्रता की माँग करने वाले लोगों की हिंसा के प्रति चिन्ता थी।

3. ★ नित नये खतरे विश्व के समक्ष आ रहें है जैसे – वैश्विक तापवृद्धि, महामारियाँ, गरीबी आदि।

★ आकाल, महामारियाँ व प्राकृतिक आपदाओं से मरने वालों की संख्या युद्ध, आतंकवाद से मरने वालों की तुलना में आधिक है।

* परमाणु हथियार अकाल, महामारियाँ व प्राकृतिक आपदाओं को रोकने में सक्षम नहीं हैं।

4. भारतीय संदर्भ में दोनों ही खतरे समान रूप से गम्भीर हैं।

* भारत को 1947–48, 1965, 1971 व 1999 में पाकिस्तान के हमले का सामना करना पड़ा जबकि 1962 में चीन ने भारत पर हमला किया।
* कश्मीर व पूर्वोत्तर के राज्य अन्तर्राष्ट्रीय सीमावर्ती होने के कारण अति संवेदनशील हैं।
* भारत अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं की मजबूती व वैश्विक सहयोग का पक्षधर है।
* गरीबी, कुपोषण, महामारियाँ व आतंकवाद आदि से भारत जूझ रहा है।

अध्याय - 8

# पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन

★ पर्यावरण :- परि (ऊपरी) + आवरण (वह आवरण जो बनस्पति तथा जीव जन्तुओं को ऊपर से ढके हुए है।

प्राकृतिक संसाधन - प्रकृति से प्राप्त मनुष्य के उपयोग के साधन।

★ वर्तमान वैश्विक राजनीति में पर्यावरण का ह्रास एक गंभीर समस्या एवं चिन्तन का विषय बनकर उभरा है, जिसका मुख्य कारण कृषि भूमि की कमी, चारागाह एवं मत्स्य भंडार का अपक्षय, जलीय प्रदूषण एवं जल की कमी, वनों की कटाई है जिसके कारण समाप्त होती जैव विविधता, ओजोन परत की हानि तथा समुद्र तटीय इलाकों में बढ़ता प्रदूषण है।



## पर्यावरण की सुरक्षा के वैश्विक प्रयास

| स. | वर्ष | प्रयास | परिणाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 1972 | 'क्लब ऑव रोम' ने 'लिमिट्स टू ग्रोथ' पुस्तक प्रकाशित की। | इसमें बढ़ती जनसंख्या के आलोक में प्राकृतिक संसाधनों के विनाश के अंदेशों को बताया गया है। |
| 2. | 1972 | स्टॉकहोम सम्मेलन | 'मानव पर्यावरण सम्मेलन' कराया गया जिसमें 'एक ही धरती' की अनुगूंज सुनायी दी। |
| 3. | 1970 का दशक | UNEP द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम | पर्यावरण की समस्याओं पर ज्यादा कारगर और ज्यादा सुलझी हुई पहलकदमियों की शुरूआत हुयी। |
| 4. | 1987 | मांट्रियल समझौता | यह ओजोन क्षय को रोकने के लिए किया गया है। |
| 5. | 1987 | बर्टलैंड रिपोर्ट 'अवर कॉमन फ्यूचर) | इसमें चेताया गया था कि आर्थिक विकास के चालू और तौर तरीके आगे चलकर टिकाऊ साबित नहीं होगें। |
| 6. | 1992 | ब्राजील (रियो-डि-जेनेरियो) प्रथम पृथ्वी सम्मेलन | • 170 देशों, हजारों स्वयंसेवी संगठनों तथा अनेक बहुराष्ट्रीय निगमों ने भाग लिया।<br>• पर्यावरण सुरक्षा को लेकर विकसित व विकासशील देशों के बीच अंतर था। विकसित देशों की चिंता ओजोन परत के क्षय एवं वैश्विक ताप को लेकर थी। विकासशील देश अपने तथा पर्यावरण सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए चिंतित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | थे। **एजेंडा-21** इसमें विकास के तौर सुझाए गये। यह कहा गया कि आर्थिक वृद्धि का तरीका ऐसा होना चाहिए सिसे पर्यावरण को कोई नुकसान न पहुँचे। इसे ही '**टिकाऊ विकास**' भी कहा गया। |
| 7. | 1997 | क्योटो प्रोटोकॉल | औद्योगिक देशों के लिए ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। |
| 8. | 2002 | जोहांसबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) दूसरा पृथ्वी सम्मेलन | • मूलरूप से दीर्घकालिक विकास पर केन्द्रित था।<br>• तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज बुश ने इसका बहिष्कार किया था।<br>• चीन व रूस नें 1997 के क्योटो प्रोटोकॉल को सहमति दे दी थी।<br>• ब्राजील ने एक प्रस्ताव के माध्यम से 2010 तक विश्व भर मे कुल ऊर्जा के इस्तेमाल का 10% गैर परम्परागत स्रोतों से होने का लक्ष्य रखा था। |
| 9. | 2007 | बाली (इंडोनेशिया) तीसरा पृथ्वी सम्मेलन | • इसे Cop-3 के नाम से भी जाना जाता है।<br>• क्योटो प्रोटोकॉल पर बातचीत हुयी। पूर्व में पर्यावरण को लेकर किये गये |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | प्रयासों का मूल्यांकन किया गया।<br><br>● 2009 तक अगले सम्मेलन से पूर्व कुछ ठोस रोड मैप व निर्धारित लक्ष्यों को तैयार करना। |
| 10. | 2009 | कोपेनहेगन स्म्मेलन | ● 2012 में समाप्त हो रही क्योटो संधि को आगे लागू करने के लिए मानदंडो को निश्चित करना। धरती का ताप 2°C से अधिक नहीं करने पर सहमति बनी। कार्बन उत्सर्जन में कटौती की कही गयी। |
| 11. | 2010 | कानकुन सम्मेलन COP-16 | ग्रीन हाउस उत्सर्जन मे कटौती की बात भी कही गई। |
| 12. | 2012 | रियो + 20 रियो-जेनेरियो | ● प्रथम पृथ्वी सम्मलेन के 20 वर्ष बाद रियों में यह सम्मेलन हो रहा था। इसलिए रियो + 20 कहा गया।<br>● सतत विकास के लिए नवीकृत राजनैतिक प्रतिबद्वता सुनिश्चित की गई।<br>● नई उभरती चुनोतियों का समाधान करना उद्देश्य था। रियो सम्मेलन का मूल्यांकन किया गया। |
| 13. | 2013 | वॉरसा COP-19 | यह कहा गया कि सभी सदस्य देश संभवतः 2015 के पहले तिमाही तक कार्बन उत्सर्जन में कटौती करेंगे। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14. | 2015 | पेरिस समझौता (COP-19 Conference of Parties) | • यह 2020 से लागू होगा।<br>• वैश्विक तपमान में बढ़ोतरी को 2°c के भीतर सीमित करना।<br>• भारत ने 2 अक्टूबर 2016 को हस्ताक्षर किये ओर 2030 तक अपनी उत्सर्जन तीव्रता को 2015 मुकाबले 33–35% तक कम करने का लक्ष्य रखा है।<br>• अमेरिका ने स्वयं को इस समझौते से अलग रखा है। |
| 15. | 2016 | COP-22 माराकेश (मोरक्को) | • विकासशील देशों द्वारा निर्धारित अभीष्ट राष्ट्रीय निर्धारित अंशदान को प्राप्त करने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना इसका मुख्य विषय था। |
| 16. | 2017 | COP-23 बॉन (जर्मनी) | • चरणबद्ध तरीके से कोयले के उपयोग को सीमित करने पर सहमति<br>• समाधान की दिशा में लिंग संबधी कारकों की पहचान का निर्माण<br>• स्थानीय लागों की राय को अहमियत<br>• कृषि के माध्यम से होने वाले ग्रीन हाउस उत्सर्जन के मुद्दे पर विचार विमर्श का निर्णय है। |
| 17. | 2018 | COP-24 पोलैंड | यह इस वर्ष 2018 में आयोजित की जायेगी। |

★ **साझी संपदा :-** साझी संपदा उन संसाधनो को कहते हैं जिन पर किसी एक का नहीं बल्कि पूरे समुदाय का अधिकार होता है। जैसे संयुक्त परिवार का चूल्हा, चारागाह, मैदान, कुआँ या नदी। इसमें पृथ्वी का वायुमंडल अंटार्कटिका, समुद्री सतह और बाहरी अंतरिक्ष भी शामिल है इस दिशा में कुछ महत्वपूर्ण समझौते जैसे अंटार्कटिका संधि (1959) मांट्रियल न्यायाचार (1987) और अंटार्कटिका पर्यावरणीय न्यायाचार (1991) हो चुके है।

## साझी संपदा, भिन्न भिन्न जिम्मेदारियों

★ वैश्विक साझी संपदा की सुरक्षा को लेकर भी विकसित एवं विकासशील देशों का मत भिन्न है। विकसित देश इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सभी देशों में बराबर बाँटने के पक्ष में है। परन्तु विकासशील देश दो आधारों पर विकसित देशों की इस नीति का विरोध करते है, पहला यह कि साझी संपदा को प्रदूषित करने में विकसित देशो की भूमिका अधिक है दूसरा यह कि विकासशील देश अभी विकास की प्रक्रिया में है। अतः साझी संपदा की सुरक्षा के संबंध में विकसित देशों की जिम्मेवारी भी अधिक होनी चाहिए तथा विकासशील देशों की जिम्मेदारी कम की जानी चाहिए।

★ **भारत ने भी पर्यावरण सुरक्षा के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अपना योगदान दिया है :-**

1) 2002 क्योटो प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर एवं उसका अनुमोदन।
2) 2005 में जी-8 देशों की बैठक में विकसित देशों द्वारा की जा रही ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी पर जोर।
3) नेशनल ऑटो-फ्यूल पॉलिसी के अंतर्गत वाहनों में स्वच्छ ईंधन का प्रयोग।
4) 2001 में उर्जा सरंक्षण अधिनियम पारित किया।

5) 2003 में बिजली अधिनियम में नवीकरणीय उर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया गया।

6) भारत में बायोडीजल से संबंधित एक राष्ट्रीय मिशन पर कार्य चल रहा है।

7) भारत SAARC के मंच पर सभी राष्ट्रों द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा पर एक राय बनाना चाहता है।

8) भारत में पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए 2010 में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (NGT) की स्थापना की गई।

9) भारत विश्व का पहला देश है जहाँ अक्षय उर्जा के विकास के लिए अलग मन्त्रालय है।

10) कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन में प्रति व्यक्ति कम योगदान (अमेरिका 16 टन, जापान 8 टन, चीन 06 टन तथा भारत 01.38 टन।

11) 1. भारत ने पेरिस समझौते पर 2 अक्टूबर 2016 हस्ताक्षर किये हैं
2. 2030 तक भारत ने उत्सर्जन तीव्रता को 2005 के मुकाबले 33-35% कम करने का लक्ष्य रखा है।

12) 1. COP-23 में भारत वृक्षारोपण व वन क्षेत्र की वृद्धि के माध्यम से 2030 तक 2.5 से 3 विलियन टन $CO_2$ के बराबर सिंक बनाने का वादा किया है।
2. भारत कर्क व मकर रेखा के बीच स्थित सभी देशों के एक वैश्विक सौर गठबंधन के मुखिया के रूप में कार्य करेगा।

★ पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर विभिन्न देशों की सरकारों के अतिरिक्त विभिन्न भागों में सक्रिय पर्यावरणीय कार्यकताओ ने अन्तर्राष्ट्रीय एवं स्थानीय स्तर पर कई आंदोलन किये है जैसे :-

1) दक्षिणी देशों मैक्सिकों, चिले, ब्राजील, मलेशिया, इण्डोनेशिया, अफ्रीका और भारत के वन आंदोलन।

2) ऑस्ट्रेलिया में खनिज उद्योगों के विरोध में आन्दोलन।

3) थाइलैंण्ड, दक्षिण-अफ्रीका, इण्डोनेशिया, चीन तथा भारत में बड़े बाँधों के

विरोध में आंदोलन जिनमें भारत का नर्मदा बचाओ आंदोलन प्रसिद्ध है।

★ **संसाधनों की भू-राजनीति :-** यूरोपीय देशों के विस्तार का मुख्य कारण अधीन देशों का आर्थिक शोषण रहा है। जिस देश के पास जितने संसाधन होगें उसकी अर्थव्यवस्था उतनी ही मजबूत होगी।

1) इमारती लकड़ी :- पश्चिम के देशों ने जलपोतो के निर्माण के लिए दूसरे देशों के वनों पर कब्जा किया ताकि उनकी नौसेना मजबूत हो और विदेश व्यापार बढ़े।

2) तेल भण्डार :- विश्व युद्ध के बाद उन देशों का महत्व बढ़ा जिनके पास यूरेनियम और तेल जैसे संसाधन थे। विकसित देशों ने तेल की निर्बाध आपूर्ति के लिए समुद्री मार्गो पर सेना तैनात की।

3) जल :- पानी के नियन्त्रण एवं बँटवारे को लेकर लड़ाईयाँ हुई। जार्डन नदी के पानी के लिए चार राज्य दावेदार है इजराइल, जार्डन, सीरिया एवम् लेबनान।

★ **मूलवासी :-** संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1982 में ऐसे लोगों को मूलवासी बताया जो मौजूदा देश में बहुत दिनों से रहते चले आ रहे थे तथा बाद में दूसरी संस्कृति या जातियों ने उन्हें अपने अधीन बना लिया, भारत में 'मूलवासी' के लिए जनजाति या आदिवासी शब्द का प्रयोग किया जाता है 1975 में मूलवासियों का संगठन World Council of Indigeneous People बना।

★ मूलवासियों की मुख्य माँग यह है कि इन्हें अपनी स्वतंत्र पहचान रखने वाला समुदाय माना जाए, दूसरे आजादी के बाद से चली आ रही परियोजनाओं के कारण इनके विस्थापन एवं विकास की समस्या पर भी ध्यान दिया जाए।

**एक अंक वाले प्रश्न :-**

**खाली स्थान भरो-**

1. ओजोन परत में छेद होने का प्रमुख कारण ................गैस की मात्रा में कमी का होना है।

2. साझे ............ संसाधन को लेकर देशों के बीच हिंसक संघर्ष हुए हैं।

3. भारत में मूलवासी के लिए .................... शब्द का प्रयोग किया जाता है।

## निम्नलिखित दिए गए बहु-विकल्पीय प्रश्नों में दिए गए विभिन्न विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन करिये

4. रियो सम्मेलन कब हुआ–

   (क) 1992 (ख) 1997

   (ग) 2002 (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

5. विश्व का पहला बांध विरोधी आंदोलन कहाँ हुआ–

   (क) भारत (ख) कनाडा

   (ग) ऑस्ट्रेलिया (घ) नॉर्वे

6. उत्तर–दक्षिण विभेद क्या है–

   (क) उत्तर और दक्षिण दिशा में स्थित देशों के बीच विकास को लेकर मतभेद

   (ख) विकसित और विकासशील देशों के बीच विकास को लेकर मतभेद

   (ग) उपर्युक्त दोनों (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

7. निम्नलिखित में से किन संसाधनों को लेकर भू–राजनीति की जाती रही है–

   (i) इमारती लकडी (ii) इंटरनेट (iii) तेल (iv) जल

   (क) i, ii, iii, iv (ख) i, ii, iii

   (ग) ii, iii, iv (घ) i, iii, iv

## निम्नलिखित को सही करके पुनः लिखिए

8. क्योटो प्रोटोकाल 1992 में हुआ।

9. प्रथम पृथ्वी सम्मेलन दक्षिण अफ्रीका में हुआ।

10. तेल भंडार में सऊदी अरब दूसरे नंबर पर है।

## निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

11. ''क्योटो प्रोटोकॉल'' क्या है ?

12. वैश्विक ताप वृद्धि (ग्लोबल वार्मिंग) किसे कहते है?

13. विश्व जलवायु के सम्बन्ध में अन्टार्कटिका महाद्वीप की क्या भूमिका है?

14. वायुमण्डल में ग्रीन हाऊस गैस बढ़ने से क्या प्रभाव होता है?

15. जलवायु परिवर्तन और विश्व की तापवृद्धि का क्या कारण है?

16. रियो + 20 क्या है?

## दो अंक वाले प्रश्न :-

1. 'एजेण्डा-21' क्या है?

2. रियो सम्मेलन के किन्हीं दो परिणामों का उल्लेख कीजिए।

3. भारत और चीन को क्योटो प्रोटोकॉल की बाध्यताओं से छूट देने का क्या कारण था?

4. धरती के ऊपरी वायुमंडल में क्या परिवर्तन आ रहे है?

5. मूलवासियों के अस्तित्व को सबसे बड़ा खतरा क्या है?

6. विश्व की सांझी सम्पदा के आकार में निरन्तर कमी के कोई दो कारण लिखिये।

7. जलवायु परिवर्तन के संबंध में अमेरिका की नीति क्या परिवर्तन आया है?

## चार अंकीय प्रश्न :-

1. विश्व की साझी विरासत का क्या अर्थ है? इसका दोहन और प्रदूषण कैसे होता है।

2. साझी संपदा की सुरक्षा के संबंध में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किये गये प्रयासों की विवेचना कीजिए।

3. पर्यावरण संरक्षण के सन्दर्भो में साझी जिम्मेदारी लेकिन अलग-अलग भूमिका के विषय में भारतीय दृष्टिकोण क्या है?

4. मूलवासी कौन है? उनके अधिकारो पर टिप्पणी कीजिए।

5. टिकाऊ विकास क्या है? इसको कैसे लागू किया जा सकता है?

**पांच अंको वाले प्रश्न :-**

1. दिये गये कार्टून को देखकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।




i) पृथ्वी पर पानी की मात्रा ज्यादा होने के बावजूद कार्टून में पानी के विस्तार को कम क्यों दिखाया गया है?

ii) पानी विश्व राजनीति का मुद्दा किस प्रकार है?

iii) ऐसे कोई दो देशों के नाम बताईये जहाँ पानी के लिए संघर्ष हुआ।

2. " पृथ्वी के पर्यावरण को संरक्षित, सुरक्षित तथा पोषित करने के लिए राज्य विश्व भागीदारी की भावना के आधर पर सहयोग करेगें। पर्यावरण को खराब करने से संबंधित असमान भागीदारी को ध्यान में रखते हुऐ राज्य साझे परन्तु भिन्न-भिन्न जिम्मेदारियों को निभायेंगें।

i) वर्तमान में पर्यावरण को सुरक्षित व पोषित करने के लिए राज्यों की सरकारों की भागीदारी की आवश्यकता क्यों महसूस की गई है?

ii) क्या रियो सम्मेलन के बाद राज्यों ने अपने कार्यान्वयन में इस भावना को पूरा किया है?

3. दिये गये कार्टून को देखकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।




i) कार्टून में दिखाये गये व्यक्ति किन श्रेणी के देशों को इंगित करते है ?

ii) पर्यावरण की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न देशों की भागीदारी तय करने से संबंधित कौन-कौन से प्रयास किये गये।

iii) पर्यावरण के मसले को लेकर धनी और गरीब देशों के नजरिए में क्या अंतर है ?

4. दिए गए विश्व के रेखा-मानचित्र में पांच देश A, B, C, D तथा E द्वारा चिन्हित किये गये हैं। नीचे दी गयी जानकारी के आधार पर उन्हें पहचानिये और उनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर सहित, निम्नलिखित तालिका के रूप में अपनी नोटबुक में लिखिए

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम सख्या | संबंधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| i | | |
| ii | | |
| iii | | |
| iv | | |

i) वह देश जहाँ जून 1992 में पृथ्वी सम्मेलन हुआ।




ii) ग्रीन हाउस गैसों का प्रमुख उत्सर्जनकर्ता देश।

iii) बांध-विरोधी, नदी बचाओ आंदोलन के लिए जाना जाता हैं।

iv) क्योटो-प्रोटोकॉल की बाध्यताओं से मुक्त रखा गया देश।

v) विश्व में खनिज तेल का दूसरे नंबर का सबसे बड़ा उत्पादक देश.

## छः अंकों वाले प्रश्न :-

1. वैश्विक राजनीति में पर्यावरण की चिन्ता अपरिहार्य है। स्पष्ट करें। (IMP)
2. विश्व में पर्यावरण प्रदूषण के क्या कारण है और इसका संरक्षण कैसे किया जा सकता है? विचार प्रकट करे।
3. ''सांझी जिम्मेदारी लेकिन अलग-अलग भूमिकाएँ से क्या अभिप्राय है? हम इस विचार को कैसे लागू कर सकते है? (IMP)
4. पृथ्वी को बचाने के लिए जरूरी है कि विभिन्न देश सुलह और सहकार की नीति अपनाएँ, पर्यावरण के सवाल पर उत्तरी और दक्षिणी देशों के बीच जारी वार्ताओं की रोशनी में इस कथन की पुष्टि करें।

## एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तरः-

1. ओजोन
2. जल
3. आदिवासी
4. क
5. ग
6. ख
7. घ
8. 1997 में
9. ब्राजील
10. पहले
11. क्योटो प्रोटोकॉल जापान के शहर में हुए एक समझौते का नाम है जिसमें ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन की कमी के लक्ष्य निर्धारित किए गए।
12. पर्यावरण प्रदूषण से विश्व के बढ़ते तापमान को ग्लोबल वार्मिंग कहते है।
13. विश्व जलवायु को सन्तुलित रखता है।
14. ग्रीन हाऊस गैसे ओजोन परत को नुकसान पहुँचाती है।
15. बढ़ता औद्योगीकरण
16. 1992 के पहले पृथ्वी सम्मेलन के 20 वर्षों बाद 2012 में पुनः सम्मेलन हुआ। जिसे रियो + 20 कहा गया है।

## दो अंको वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. रियो सम्मेलन में विकास के कुछ तौर-तरीके सिखाये गये इसे ही एजेण्डा-21 कहा गया।
2. i) ग्लोबल वार्मिंग मुख्य चिन्ता के विषय के रूप में उभरा।
   ii) टिकाऊ विकास पर जोर।
3. क्योंकि ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन में इनका योगदान अधिक नहीं था।
4. ओजोन परत में छेद जिसके कारण मानव स्वास्थ्य तथा पर्यावरण को खतरा हुआ।
5. जंगल गायब हो रहे है तथा वन्य जीवन जन्तुओं की संख्या घट रही हैं।

6. अंधाधुंध दोहन, बढ़ती जनसंख्या

7. राष्ट्रपति ओबामा के कार्यकाल में अरबों डॉलर की सहायता वैश्विक तापन की समस्या से निपटाने के लिए दी गयी थी जबकि राष्ट्रपति ट्रंप ने यह कहकर कि ऐसा करने से अमेरिका की GDP अगले 10 साल 2500 अरब डॉलर घटकर कमजोर हो जाएगी अमेरिका को पेरिस समझौते से अलग कर लिया है।

## चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. ऐसी संपदा जिस पर किसी एक व्यक्ति या समुदाय का अधिकार नहीं वरन् संपूर्ण वैश्विक समुदाय का अधिकार हो, वैश्विक साझी संपदा कहलाती है।

   -- दोहन एवं प्रदूषण के कारण :-

   i) निजीकरण

   ii) गहनतर खेती

   iii) आबादी की वृद्धि

   iv) परिस्थितिकी तंत्र की गिरावट।

   v) कार्बन गैसों का अत्याधिक उत्तर्सजन।

2. स्मरणीय बिन्दु देखें।

3. भारत का विचार है कि ग्रीन हाऊस गैसों की उत्सर्जन दर में कमी करने की अधिक जिम्मेदारी विकसित देशों की है, क्योंकि इन देशों ने लम्बी अवधि तक इन गैसों का ज्यादा उत्सर्जन किया है तथा विलासिता एवं आवश्यकता में अन्तर होना चाहिए।

4. स्मरणीय बिन्दु देखें।

5. अर्थ के लिए स्मरणीय बिन्दु देखें,

   लागू करने के तरीके।

   i) अपरिग्रह की भावना (आवश्यकताओं में कमी)

   ii) आवश्यकता अनुसार उत्पादन करना।

   iii) प्राकृतिक सह अस्तित्व।

iv) प्राकृतिक साधनों का उचित एवं पूर्ण प्रयोग।

**पांच अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. i) क्योकि विश्व में स्वच्छ पानी की कमी हो रही है।
   ii) क्योंकि पानी एक साझा संसाधन है।
   iii) इजरायल, जार्डन, सीरिया।
2. छात्र स्वयं करें।
3. i) उत्तरी गोलार्द्ध (विकसित) तथा दक्षिणी गोलार्द्ध (विकासशील) देशों को।
   ii) रियो घोषणा पत्र (1992), UNFCCC (1992), क्योटो प्रोटोकॉल (1997)।
   iii) जहाँ धनी देशों का मानना है कि पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर सभी देश की जिम्मेदारी बराबर होनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर विकासशील अर्थात् निर्धन देशों का मानना है कि पर्यावरण को प्रदूषित करने में भूमिका विकसित देशों की ज्यादा, अतः जिम्मेवारी भी विकसित देशों की सुनिश्चित की जानी चाहिए।

4- i) C ब्राजील ii) B अमरीका iii) E भारत iv) A चीन v) D इराक

**छः अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. निम्न कारणों से वैश्चिक राजनीति में पर्यावरण की चिन्ता अपरिहार्य है :-
   i) बढ़ता प्रदूषण ii) ओजोन परत में छेद iii) स्वच्छ पेयजल की कमी। iv) जैव विविधता को खतरा v) उपजाऊ जमीन, मस्त्य भंडार, चारगाह का तेजी से घटना vi) जल चक्र गड़बड़ाने का खतरा vii) प्राकृतिक संसाधनों का दोहन viii) जनसंख्या विस्फोट।
2. विश्व में पर्यावरण प्रदूषण के उत्तरदायी कारक :-
   i) जनसंख्या वृद्धि ii) वनो की कटाई iii) उपभोक्तावादी संस्कृति को बढ़ावा iv) संसाधनों का अत्याधिक दोहन v) औद्योगिकीकरण को बढ़ावा। vi) परिवहन के अत्यधिक साधन।

**संरक्षण के उपाय :-** i) जनसंख्या नियंत्रण ii) वन संरक्षण iii) पर्यावरण मित्र तकनीक का प्रयोग iv) प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित प्रयोग। v) परिवहन के सार्वजनिक साधनों का प्रयोग vi) जन जागरूकता कार्यक्रम vii) अन्र्तराष्ट्रीय सहयोग।

3. ''साझी जिम्मेदारी भूमिकाएँ अलग-अलग :- स्मरणीय बिन्दु देखें।

विचार को लागू करने के उपाय :-

i) पर्यावरण संरक्षण हेतु अंतर्राष्ट्रीय कानून विकासशील देशों के अनुकूल हो।

ii) पर्यावरण संरक्षण हेतु संयुक्त कोष।

iii) व्यक्तिगत, क्षेत्रीय, राजकीय, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास।

iv) साझी संपदा तथा संसाधनों पर अनुसंधान कार्य।

अध्याय – 9

# वैश्वीकरण

---

वैश्वीकरण बहुआयामी प्रक्रिया है, जिसमें हम अपने निर्णयों को दुनिया के एक क्षेत्र में कार्यान्वित करते हैं, जो दुनिया के दूरवर्ती क्षेत्र में व्यक्तियों के व्यवहार के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**स्मरणीय बिन्दु :-**

★ एक अवधारणा के रूप में वैश्वीकरण का बुनियादी तत्व 'प्रवाह' है। प्रवाह कई प्रकार के होते हैं जैसे–वस्तुओं, पूँजी, श्रम और विचारों का विश्व के एक हिस्से से दूसरे अन्य हिस्से में मुक्त प्रवाह।

★ वैश्वीकरण को भूमण्डलीयकरण भी कहते है और यह एक बहुआयामी अवधारणाा है। यह न तो केवल आर्थिक परिघटना है और न ही सिर्फ सांस्कृतिक या राजनीतिक परिघटना।

★ वैश्वीकरण के कारण :-

1) उन्नत प्रौद्योगिकी एवं विश्वव्यापी पारस्परिक जुड़ाव जिस कारण आज विश्व एक वैश्विक ग्राम बन गया है।

2) टेलीग्राफ, टेलीफोन, माइक्रोचिप, इंटरनेट एवं अन्य सूचना तकनीकी साधनों ने विश्व के विभिन्न भागों के बीच संचार की क्रांति कर दिखाई है।

3) पर्यावरण की वैश्विक समस्याओं जैसे सुनामी, जलवायु परिवर्तन वैश्विक तापवृद्धि से निपटने हेतू अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग।

★ **वैश्वीकरण की विशेषताएँ :-**

1) पूंजी, श्रम, वस्तु एवं विचारों का गतिशील एवं मुक्त प्रवाह।

2) पूंजीवादी व्यवस्था, खुलेपन एवं विश्व व्यापार में वृद्धि।

3) देशों के बीच आपसी जुड़ाव एवं अन्तः निर्भरता।

4) विभिन्न आर्थिक घटनाएँ जैसे मंदी और तेजी तथा महामारियों जैसे एंथ्रेक्स, इबोला, HIV AIDS, स्वाइन फ्लू जैसे मामलों में वैश्विक सहयोग एवं प्रभाव।

★ **वैश्वीकरण के उदाहरण :-**

-- विभिन्न विदेशी वस्तुओं की भारत में उपलब्धता।

-- युवाओं को कैरियर के विभिन्न नए अवसरों का मिलना।

-- किसी भारतीय का अमेरिकी कैलेंडर एवं समयानुसार सेवा प्रदान करना।

-- फसल के खराब हो जाने से कुछ किसानों द्वारा आत्म-हत्या कर लेना।

-- अनेक खुदरा (रिटेल) व्यापारियों को डर है कि रिटेल में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) लागू होने से बड़ी रिटेल कम्पनियाँ आयेंगी और उनका रोजगार छिन जायेगा।

-- लोगों के बीच आर्थिक असमानता में वृद्धि।

ये उदाहरण सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों प्रकृति के हो सकते है।

★ वैश्वीकरण के प्रभाव मुख्यतः तीन प्रकार के है राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक।

★ वैश्वीकरण के प्रकार

(i) राजनीतिक (ii) आर्थिक (iii) सांस्कृतिक

★ वैश्वीकरण के राजनीतिक प्रभाव।

1) वैश्वीकरण से राज्य की क्षमता में कमी आई है। राज्य अब कुछेक मुख्य कार्यो जैसे कानून व्यवस्था बनाना तथा सुरक्षा तक ही सीमित है। अब बाजार आर्थिक और सामाजिक प्राथमिकताओं का मुख्य निर्धारक है।

2) राज्य की प्रधानता बरकरार है तथा उसे वैश्वीकरण से कोई खास चुनौती नहीं मिल रही।

3) इस पहलू के अनुसार वैश्वीकरण के कारण अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के बूते राज्य अपने नागरिकों के बारे में सूचनाएँ जुटा सकते है और कारगर ढंग से कार्य कर सकते है। अतः राज्य अधिक ताकतवर हुए है।

★ **वैश्वीकरण के आर्थिक प्रभाव :-**

1) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्वबैंक एवं विश्व व्यापार संगठन जैसे - अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा आर्थिक नीतियों का निर्माण। इन संस्थाओं में धनी, प्रभावशाली एवं विकसित देशों का प्रभुत्व।

2) आयात प्रतिबंधो में अत्यधिक कमी।

3) पूंजी के प्रवाह से पूंजीवादी देशों को लाभ परन्तु श्रम के निर्बाध प्रवाह न होने के कारण विकासशील देशों को कम नाम।

4) विकसित देशों द्वारा वीजा नीति द्वारा लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध।

5) वैश्वीकरण के कारण सरकारे अपने सामाजिक सरोकारों से मुंह मोड़ रही है उसके लिए सामाजिक सुरक्षा कवच की आवश्यकता है।

★ वैश्वीकरण के आलोचक कहते है कि इससे समाजों में आर्थिक असमानता बढ़ रही है।

**वैश्वीकरण के सांस्कृतिक प्रभाव**

1) सांस्कृतिक समरूपता द्वारा विश्व में पश्चिमी संस्कृतियों को बढ़ावा।

2) खाने-पीने एवं पहनावे में विकल्पों की संख्या में वृद्धि।

3) लोगों में सांस्कृतिक परिवर्तनों पर दुविधा।

4) संस्कृतियों की मौलिकता पर बुरा असर।

5) सांस्कृतिक वैभिन्नीकरण जिसमें प्रत्येक संस्कृति कही ज्यादा अलग और विशिष्ट हो रही है।

★ **भारत और वैश्वीकरण :-**

-- आजादी के बाद भारत ने संरक्षणवाद की नीति अपनाकर अपने घरेलू उत्पादों पर जोर दिया ताकि भारत आत्मनिर्भर रहे।

-- 1991 में लागू नई आर्थिक नीति द्वारा भारत वैश्वीकरण के लिए तैयार हुआ और खुलेपन की नीति अपनाई।

-- आज वैश्वीकरण के कारण भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढ़ रही है। जो 1990 में 5.5 प्रतिशत वार्षिक थी।

-- भारत के अनिवासी भारतीय विदेशों में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा दे रहे है।

-- भारत के लोग कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर में अपना वर्चस्व स्थापित करने में कामयाब रहे हे।

-- आज भारतीय लोग वैश्विक स्तर पर उच्च पदों पर आसीन होने में सफल हुए है।

★ **वैश्वीकरण का विरोध :-**

-- वामपंथी विचारक इसके विभिन्न पक्षों की आलोचना करते है।

-- राजनीतिक अर्थों में उन्हें राज्य के कमजोर होने की चिंता है।

-- आर्थिक क्षेत्र में वे कम से कम कुछ क्षेत्रों में आर्थिक निर्भरता एवं संरक्षण ावाद का दौर कायम करना चाहते है।

-- सांस्कृतिक संदर्भ में इनकी चिंता है कि परंपरागत संस्कृति को हानि होगी और लोग अपने सदियों पुराने जीवन मूल्य तथा तौर तरीकों से हाथ धो देंगे।

-- वर्ल्ड सोशल फोरम (WSF) नव उदारवादी वैश्वीकरण के विरोध का एक विश्वव्यापी मंच है इसके तहत मानवाधिकार कार्यकर्ता, पर्यावरणवादी मजदूर, युवा और महिला कार्यकर्ता आते है।

-- 1999 में सिएट्ल में विश्व व्यापार संगठन की मंत्री–स्तरीय बैठक का विरोध हुआ जिसका कारण आर्थिक रूप से ताकतवर देशों द्वारा व्यापार के अनुचित तौर –तरीकों के विरोध में हुआ।1

**एक अंकीय प्रश्न :-**

**खाली स्थान भरो**

1. ..............................और............... आर्थिक संगठन हैं।
2. वैश्वीकरण को बढ़ाबा देने में...................की प्रमुख भूमिका है।
3. वर्ल्ड सोशल फोरम की पहली बैठक 2001 में.....................में हुई।
4. वैश्वीकरण एक............................अवधारणा है.
5. वैश्वीकरण कर प्रतिरोध भारत में.........................और.................द्वारा किया गया।

**निम्नलिखित के समक्ष सही अथवा गलत का निशान लगाइए**

6. वैश्वीकरण के संबंध वस्तुओं, पूंजी व सेवाओं के एक देश से दूसरे प्रवाह से है। ☐
7. वैश्वीकरण मुख्यतः राजनीतिक अवधारणा है। ☐
8. वैश्वीकरण 1993 के बाद से फैलना प्रारम्भ हुआ। ☐

9. वैश्वीकरण से भारत को लाभ हुआ है। ☐

**निम्नलिखित प्रश्न में दो वक्तव्य हैं। एक को कथन A और दूसरे को कारण R कहा गया है। आपको दोनों वक्तव्यों का परीक्षण करने है व निम्नलिखित कूट के आधार पर निर्णय कर अपना उत्तर अंकित करना है।**

**कूटः**

(क) A और R दोनों सही हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(ख) A और R दोनों सही हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(ग) A सही हैं परंतु R गलत है।

(घ) A गलत हैं और R सही है।

10. कथन A : वैश्वीकरण एक पूंजीवादी प्रक्रिया है, जिसका सर्वप्रमुख एवं अंतिम उद्देश्य पूंजीवाद को बढ़ावा देना है।

कारण R : वैश्वीकरण से सभी को लाभ होता है चाहे वे विकसित देश हों या विकासशील या अल्पविकसित।

11. कथन A : भारत में वैश्वीकरण के विरोध किया गया है।

कारण R : वैश्वीकरण राज्य की भूमिका को सीमित करता है।

12. कथन A : वैश्वीकरण से विश्व में आर्थिक प्रवाह में वृद्धि हुई है।

कारण R : वैश्वीकरण सांस्कृतिक समरूपता का भी कारक है।

13. कथन A : भारत में वामपंथियों ने वैश्वीकरण के समर्थन किया है।

कारण R : वैश्वीकरण के कारण रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है।

14. कथन A : वैश्वीकरण के प्रसार में प्रौद्योगिकी की प्रमुख भूमिका है।

कारण R : प्रौद्योगिकी और सूचना की तीव्रता से राज्यों की कार्यकुशलता में कमी आती है।

**निम्न प्रश्नों के उत्तर दें**

15. वैश्वीकरण क्या है ?

16. वैश्वीकरण का एक सकारात्मक प्रभाव लिखो ?

17. भारत ने नई आर्थिक नीति कब अपनाई ?

18. WSF का शब्द विस्तार लिखो।

19. वामपंथी दल वैश्वीकरण के किस प्रभाव की अधिक आलोचना करते है ?

20. वैश्वीकरण कि लिये अनुकूल परिस्थितियाँ पैदा करने वाले दो कारकों का नाम लिखिये।

21. एक उपयुक्त उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिये कि यह आवश्यक नहीं है कि वैश्वीकरण सदैव सकारात्मक ही हैं।

22. '' कल्याणकारी राज्य का स्थान बाजार ले रहा है।'' इस परिवर्तन का कारण स्पष्ट कीजिए।

**दो अंकीय प्रश्न :-**

1. सामाजिक सुरक्षा कवच से आप क्या समझते हो ?
2. वैश्वीकरण में किसका मुक्त प्रवाह होता है ?
3. विकसित देशों की वीजा नीति क्या है, बताइए ?
4. संरक्षणवाद क्या है ?
5. मैक्डोनाल्डीकरण का क्या अर्थ है ?
6. विज्ञान और प्रौद्योगिकी का वैश्वीकरण पर क्या प्रभाव पड़ा ?

**4 अंकीय प्रश्न :-**

1. वैश्वीकरण के आर्थिक प्रभाव बताइएँ ?
2. सांस्कृतिक समरूपता एवं सांस्कृतिक वैभिन्नीकरण में अंतर स्पष्ट करो।
3. वैश्वीकरण का भारत पर क्या प्रभाव पड़ा ? स्पष्ट करो।
4. वैश्वीकरण के विरोध और इस बारे में बनी राजनीतिक सहमति पर भारत के परिपेक्ष्य में चर्चा करो।
5. वैश्वीकरण के कारण राज्य की क्षमता में कमी आती है, समझाइये।
6. विश्वव्यापी ''पारस्परिक जुड़ाव'' क्या है ? इसके कौन कौन से घटक है ?

## पाँच अंकीय प्रश्न :-

1.




i) दिए गए कार्टून में कल और आज से कार्टूनिस्ट का क्या अर्थ है ? 1

ii) ''चीन और भारत के लोग तुम्हारी नौकरी खा जायेगें'' इस वाक्य का क्या अर्थ है ? 2

iii) इस कार्टून के संदर्भ में आऊटसोर्सिंग का अर्थ स्पष्ट करो ? 2

2. निम्नलिखित कार्टून को समझकर उत्तर दें।



1. इस कार्टून में वैश्वीकरण के किस प्रभाव को दिखाया गया है?
2. मैकडोनाल्डीकरण क्या है? विकासशील और अल्प-विकसित देशों पर इसका कोई एक सकारात्मक और कोई एक नकारात्मक प्रभाव लिखिए। 2
3. निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए?

भारत में वैश्वीकरण का विरोध कई इलाकों से हो रहा है। आर्थिक वैश्वीकरण के खिलाफ वामपंथी तेवर की आवाजें राजनीतिक दलों की तरफ से उठी है। तो इंडियन सोशल फोरम जैसे मंचो से भी। औद्योगिक श्रमिक और किसानों के संगठनों ने बहुराष्ट्रीय निगमों के प्रवेश का विरोध किया है। कुछ वनस्पतियों मसलन 'नीम' को अमेरिकी और यूरोपीय फर्मों ने पेटेंन्ट कराने के प्रयास किए। इसका भी कड़ा विरोध हुआ।

i) वामपंथी राजनीतिक दलों ने वैश्वीकरण का विरोध क्यों किया? 2
ii) इंडियन सोशल फोरम जैसा वैश्विक संगठन कौन सा है? 1
iii) पेटेन्ट से आप क्या समझते हो? 2

## छः अंकीय प्रश्न :-

1. वैश्वीकरण ने भारत को कैसे प्रभावित किया है और भारत कैसे वैश्वीकरण को प्रभावित कर रहा है?
2. क्या आप इस तर्क से सहमत है कि वैश्वीकरण से सांस्कृतिक विभिन्नता बढ़ रही है?
3. वैश्वीकरण के कारण विकासशील देशों में राज्य की बढ़ती या कम होती भूमिका का वर्णन करें।
4. वैश्वीकरण का प्रतिरोध किन आधारों पर किया जा रहा है?

## एक अंकीय प्रश्नो के उत्तर :-

1. WHO, IMF
2. प्रद्योगिकी
3. पोर्ट अल्गोरे
4. बहुआयामी
5. वामपंथियों, दक्षिणपंथियों

6. सही
7. गलत
8. गलत
9. सही
10. ग
11. क
12. ख
13. घ
14. ग
15. वस्तुओं, पूँजी, श्रम एवं विचारों का एक देश से अन्यों में मुक्त प्रवाह वैश्वीकरण कहलाता है।
16. कम्पनियों में प्रतियोगिता का भाव होने से ग्राहक को उन्नत वस्तु कम मूल्य पर मिलना तथा वस्तुओं में चुनाव के अधिक विकल्पों की मौजूदगी।
17. 1991 में
18. विश्व सामाजिक फोरम (World Social Fourum)
19. आर्थिक प्रभाव।
20. उदारीकरण व निजीकरण।
21. वैश्वीकरण के कारण विश्व में बेरोजगारी बढ़ रही है, अतः वैश्वीकरण सदैव सकारात्मक हो, यह जरूरी नहीं है।
22. वैश्वीकरण के कारण बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने राज्य के कल्याणकारी कार्यों को कुछ हद तक सीमित कर दिया है।

**दो अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, साफ–सफाई एवं नौकरी की सुविधा सरकार द्वारा उपलब्ध करवाना सामाजिक सुरक्षा कवच कहलाता है।
2. पूंजी, विचार, वस्तु एवं श्रम का मुक्त प्रवाह।
3. विकासशील देशों के लोगों को वीजा देने के नियमों में सख्ती ताकि अधिक संख्या में आकर लोग विकसित देशों में नौकरियाँ न हासिल कर ले।

4. 1991 से पहले अपने घरेलू उत्पादों को बचाने एवं एकाधिकार बनाएँ रखने हेतु विदेशी कम्पनियों पर प्रतिबंध लगाना संरक्षणवाद कहलाता है।

5. इसमें विभिन्न देशों की संस्कृति पर पश्चिमी संस्कृति हावी हो जाती है।

6. इसके विकास के कारण विश्व में पारस्परिक जुड़ाव एवं पारस्परिक निर्भरता बढ़ी।

## चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1 - समान व्यापारिक तथा श्रम कानूनों द्वारा संतुलित आर्थिक विकास।

- पश्चिमी देशों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के नियमों का निर्धारण।
- बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से घरेलू एवं लघु उद्योगों को नुकसान।
- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI), विनिवेश जैसे आर्थिक सुधारों का पूरे विश्व में लागू होना।

2. सांस्कृतिक समरूपता का अर्थ है पश्चिमी संस्कृति का पूरे विश्व में फैलना ताकि वह एक वैश्विक संस्कृति का रूप ले सके।

-- सांस्कृतिक वैभिन्नीकरण में विभिन्न संस्कृतियाँ दूसरी संस्कृतियों की अच्छी बातों को अपनी संस्कृति में शामिल करती है जिस कारण प्रत्येक संस्कृति अनूठी बन रही है।

3. तीव्र आर्थिक विकास, नये अवसरों की उपलब्धता, घरेलु उद्योगों में नई चुनौतियों का उभार, विश्व राजनीति में भारत का महत्वपूर्ण स्थान।

4. - 1991 में शुरू हुए आर्थिक सुधारों का वामपंथी एवं दक्षिणपंथी विचारधारा वाले दलों द्वारा विरोध करना।

-- वामपंथी दलों ने राजनीतिक एवं सांस्कृतिक पक्ष पर अधिक विरोध किया।

**राजनीतिक सहमति** :- 1991 के बाद चाहे किसी भी दल का शासन हो।

**आर्थिक सुधार**, उदारीकरण व खुलेपन की नीति बिना रूकावट जारी है।

5. - कल्याणकारी राज्य का स्थान उदारवादी राज्य ने लिया।

- अहस्तक्षेप की नीति से राज्य के कार्य क्षेत्र में कमी।

– राज्य का मुख्य कार्य सुरक्षा, कानून व्यवस्था और विदेशी संबंधों तक सीमित।

–– आर्थिक और सामाजिक प्राथमिकताओं का प्रमुख निर्धारक बाजार है न कि राज्य।

6. – विश्व के सभी देश सूचना एवं संचार तंत्र के विकास द्वारा नजदीक हुए।

– पारस्परिक निर्भरता एवं पारस्परिक सहयोग।

– घटक ★ इंटरनेट, टेलीफोन, टेलीग्राफ, माइक्रोचिप इत्यादि।

**पाँच अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. i) कल का अर्थ वैश्वीकरण से पूर्व तथा आज का अर्थ वैश्वीकरण के बाद की वर्तमान स्थिति।

ii) वैश्वीकरण के कारण भारत और चीन के लोगों द्वारा विकसित देशों में नौकरी के अवसरों को प्राप्त करना जिस कारण विकसित देशों में बेरोजगारी का स्तर बढ़ा।

iii) आऊटसोर्सिंग का अर्थ है किसी कार्य का ठेका अन्य कम्पनी को देना। इसका मुख्य कारण कीमत में कमी तथा वस्तु की गुणवत्ता में मानक का इस्तेमाल।

2. i) इसमें वैश्वीकरण के सांस्कृतिक प्रभाव को दिखाया गया है। सांस्कृतिक प्रभाव के फलस्वरूप विश्व पर पश्चिमी संस्कृति को लादा जा रहा है। विश्व में मैकडोनॉल्ड संस्कृति का बढ़ना इसका अच्छा उदाहरण है।

ii) मैकडोनॉल्डीककरण का अर्थ है विभिन्न संस्कृतियों का अमरीकी संस्कृति में रंग जाना। सकारात्मक– लोगों के समक्ष विकल्पों के दायरों में वृद्धि होती है। नकारात्मक– प्रभुत्वशाली संस्कृति कम ताकतवर सामाजों पर अपनी छाप छोड़ती है।

3. i) क्योंकि वैश्वीकरण पूंजीवाद का प्रसार है और वामपंथी विचारधारा पूंजीवाद के खिलाफ।

ii) विश्व सोशल फोरम (WSF)

iii) बौद्धिक सम्पदा अधिकार जिसमें कोई खोज, नवाचार इत्यादि को अपने नाम पर रजिस्टर्ड करवाना, पेटेंट कहलाता है।

**छः अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. वैश्वीकरण का भारत पर प्रभाव

★ तीव्र आर्थिक विकास

★ विश्व राजनीति में भारत का महत्वपूर्ण स्थान

★ नये अवसरों की उपलब्धता।

★ मजदूरों एवं किसानों की स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव

★ घरेलू उद्योगों में नई चुनौतियों का उभार

★ सांस्कृतिक वैभिन्नीकरण।

-- भारत द्वारा वैश्वीकरण को प्रभावित करना।

★ सस्ते श्रम की बदौलत भारतीय कम्पनियों को Out-sourcing द्वारा अधिक काम।

★ अत्यधिक युवा जनसंख्या एवं क्रय शक्ति में वृद्धि द्वारा विकसित देशों में भारत के प्रति आकर्षण।

★ कम्प्यूटर एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से विकास कर अपना प्रभुत्व जमाना।

2. हाँ

- विभिन्न संस्कृतियों का मेल-जोल।
- विभिन्न देशों द्वारा अन्य देशों के त्यौहारो का आनंद उठाना।
- विभिन्न खान-पान की वस्तुओं द्वारा खाने में विकल्पों में बढ़ोत्तरी।
- नीली जींस तथा खादी कुर्ते का संयोग। आदि।

3. स्मरणीय बिन्दु देखें।

4. स्मरणीय बिन्दु देखें।

# राजनीति विज्ञान

## कक्षा – बारहवीं

# स्वतंत्र भारत में राजनीति

## द्वितीय पुस्तक

# भाग - 2

अध्याय - 1

# राष्ट्र निर्माण की चुनौतियाँ

---

**स्मरणीय बिन्दु :-**

★ लगभग 200 वर्ष की अंग्रेजों की गुलामी के बाद 14-15 अगस्त सन 1947 की मध्यरात्रि को हिन्दुस्तान आजाद हुआ। लेकिन इस आजादी के साथ देश की जनता को देश के विभाजन का सामना पड़ा। संविधान सभा के विशेष सत्र में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 'भाग्यवधु से चिर-प्रतीक्षित भेंट या 'ट्रिस्ट विद् डेस्टिनी' के नाम से भाषण दिया।

★ आजादी की लड़ाई के समय दो बातों पर सबकी सहमति थी।

1) आजादी के बाद देश का शासन लोकतांत्रिक पद्धति से चलाया जायेगा।

2) सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए कार्य करेगी।

★ नए राष्ट्र की चुनौतियाँ :-

मुख्य तौर पर भारत के सामने तीन तरह की चुनौतियाँ थी।

1. **एकता एवं अखडता की चुनौती -**

भारत अपने आकार और विविधता में किसी महादेश के बराबर था। यहाँ विभिन्न भाषा, संस्कृति और धर्मो के अनुयायी रहते थे, इन सभी को एकजुट करने की चुनौती थी।

2. **लोकतंत्र की स्थापना -**

भारत ने संसदीय शासन पर आधारित प्रतिनिधित्वमूलक लोकतंत्र को अपनाया है। और भारतीय संविधान में प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकार तथा मतदान का अधिकार दिया गया है।

3. **समानता पर आधारित विकास -**

ऐसा विकास जिससे सम्पूर्ण समाज का कल्याण हो, न कि किसी एक वर्ग का अर्थात् सभी के साथ समानता का व्यवहार किया जाए और सामाजिक

रूप से वंचित वर्गो तथा धार्मिक सांस्कृतिक अल्पसंख्यक समुदायों को विशेष सुरक्षा दी जाए।

**विभाजन :-**

मुस्लिम लीग ने 'द्वि-राष्ट्र सिद्धांत' को अपनाने के लिए तर्क दिया कि भारत किसी एक कौम का नहीं, अपितु 'हिन्दु और मुसलमान' नाम की दो कौमों का देश है। और इसी कारण मुस्लिम लीग ने मुसलमानों के लिए एक अलग देश यानी पाकिस्तान की माँग की।

-- भारत के विभाजन का आधार धार्मिक बहुसंख्या को बनाया गया। जिसके कारण कई प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न हुई जिनका विवरण निम्नलिखित है।

क) मुसलमानों की जनसंख्या के आधार पर पाकिस्तान में दो इलाके शामिल होगे पश्चिमी पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान और इनके मध्य में भारतीय भू-भाग का बड़ा विस्तार रहेगा।

ख) मुस्लिम-बहुल प्रत्येक इलाका पाकिस्तान में जाने को राजी नहीं था। पश्चिमोत्तर सीमाप्रांत के नेता खान-अब्दुल गफ्फार खाँ जिन्हें 'सीमांत गांधी' के नाम से जाना जाता है, वह 'द्वि-राष्ट्र सिद्धांत' के एकदम खिलाफ थे।

ग) 'ब्रिटिश इंडिया' के मुस्लिम-बहुल प्रान्त पंजाब और बंगाल में अनेक हिस्से बहुसंख्यक गैर-मुस्लिम आबादी वाले थे। ऐसे में इन प्रान्तों का बँटवारा धार्मिक बहुसंख्या के आधार पर जिले या उससे निचले स्तर के प्रशासनिक हलके को आधार बनाकर किया गया।

घ) भारत विभाजन केवल धर्म के आधार पर हुआ था। इसलिए दोनों ओर के अल्पसंख्यक वर्ग बड़े असमंजस में थे, कि उनका क्या होगा। वह कल से पाकिस्तान के नागरिक होगें या भारत के।

ङ) **विभाजन की समस्या :-**

भारत-विभाजन की योजना में यह नहीं कहा गया कि दोनों भागों से अल्पसंख्यकों का विस्थापन भी होगा। विभाजन से पहले ही दोनों देशों के

बँटने वाले इलाकों में हिन्दु-मुस्लिम दंगे भड़क उठे। पश्चिमी पंजाब में रहने वाले अल्पसंख्यक गैर मुस्लिम लोगों को अपना घर-बार, जमीन-जायदाद छोड़कर अपनी जान बचाने के लिए वहाँ से पूर्वी पंजाब या भारत आना पड़ा। और इसी प्रकार मुसलमानों को पाकिस्तान जाना पड़ा।

च) विभाजन की प्रक्रिया में भारत की भूमि का ही बँटवारा नहीं हुआ बल्कि भारत की सम्पदा का भी बँटवारा हुआ।

छ) आजादी एवं विभाजन के कारण भारत को विरासत के रूप में शरणार्थियों के पुर्नवास की समस्या मिली। लोगों के पुनर्वास को बड़े ही संयम ढंग से व्यावहारिक रूप प्रदान किया। शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए सर्वप्रथम एक पुनर्वास मंत्रालय बनाया गया।

## राज्यों का गठन :-

★ रजवाड़ो का विलय- स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले भारत दो भागों में बँटा हुआ था- ब्रिटिश भारत एवं देशी रियासत। इन देशी रियासतों की संख्या लगभग 565 थी।

★ रियासतों के शासकों को मनाने-समझाने में सरदार पटेल (गृहमंत्री) ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई और अधिकतर रजवाड़ो को उन्होंने भारतीय संघ में शामिल होने के लिए राजी किया था।

★ देशी रियासतों के बारे में तीन अहम बातें :-

1) अधिकतर रजवाड़ो के लोग भारतीय संघ में शामिल होना चाहते थे।

2) भारत सरकार कुछ इलाकों को स्वायत्तता देने के लिए तैयार थी जैसे-जम्मू कश्मीर।

3) विभाजन की पृष्ठभूमि में विभिन्न इलाकों के सीमांकन के सवाल पर खींचतान जोर पकड़ रही थी और ऐसे में देश की क्षेत्रीय एकता और अखण्डता का प्रश्न सबसे महत्वपूर्ण हो गया था। अधिकतर रजवाड़ों के शासकों ने भारतीय संघ में अपने विलय के एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर दिये थे इस सहमति पत्र को 'इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन' कहा जाता है।

★ जूनागढ़, हैदराबाद, कश्मीर और मणिपुर की रियासतों का विलय बाकी रियासतों की तुलना में थोड़ा कठिन साबित हुआ।

**1) हैदराबाद का विलय :-**

हैदराबाद के शासक को 'निजाम' कहा जाता था। उन्होंने भारत सरकार के साथ नवंबर 1947 में एक साल के लिए यथास्थिति बहाल रहने का समझौता किया।

कम्युनिस्ट पार्टी और हैदराबाद कांग्रेस के नेतृत्व में किसानों और महिलाओं ने निजाम के खिलाफ आंदोलन शुरू किया। इस आंदोलन को कुचलने के लिए निजाम ने एक अर्द्ध-सैनिकबल (रजाकार) को लगाया। इसके जबाव में भारत सरकार ने सितंबर 1948 को सैनिक कार्यवाही के द्वारा निजाम को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया। इस प्रकार हैदराबाद रियासत का भारतीय संघ में विलय हुआ।

**2) मणिपुर रियासत का विलय :-**

मणिपुर की आंतरिक स्वायत्तता बनी रहे, इसको लेकर महाराजा बोधचंद्र सिंह व भारत सरकार के बीच विलय के सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुए। जनता के दबाव में निर्वाचन करवाया गया इस निर्वाचन के फलस्वरूप संवैधानिक राजतंत्र कायम हुआ।

मणिपुर भारत का पहला भाग है जहाँ सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के सिद्धांत को अपनाकर जून 1948 में चुनाव हुए।

**राज्यों का पुनर्गठन :-**

★ औपनिवेशिक शासन के समय प्रांतो का गठन प्रशासनिक सुविधा के अनुसार किया गया था, लेकिन स्वतंत्र भारत में भाषाई और सांस्कृतिक बहुलता के आधार पर राज्यों के गठन की माँग हुई।

★ भाषा के आधार पर प्रांतो के गठन का राजनीतिक मुद्दा कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन (1920) में पहली बार शामिल किया गया था।

★ तेलगुभाषी, लोगों ने माँग की कि मद्रास प्रांत के तेलुगुभाषी इलाकों को अलग करके एक नया राज्य आंध्र प्रदेश बनाया जाए।

★ आंदोलन के दौरान कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता पोट्टी श्री रामुलू की लगभग 56 दिनों की भूख-हड़ताल के बाद मृत्यु हो गई।

★ इसके कारण सरकार को दिसम्बर 1952 में आंध्र प्रदेश नाम से अलग राज्य बनाने की घोषणा करनी पड़ी। इस प्रकार आंध्रप्रदेश भाषा के आधार पर गठित पहला राज्य बना।

**राज्य पुनर्गठन आयोग** (SRC) :-

★ 1953 में केन्द्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय के भूतपूर्व न्यायाधीश फजल अली की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया। आयोग की प्रमुख सिफारिशे :-

1) त्रिस्तरीय (भाग AèBèC) राज्य प्रणाली को समाप्त किया जाए।

2) केवल 3 केन्द्रशासित क्षेत्रों (अंडमान और निकोबार, दिल्ली, मणिपुर) को छोड़कर बाकी के केन्द्रशासित क्षेत्रों को उनके नजदीकी राज्यों में मिला दिया जाए।

3) राज्यों की सीमा का निर्धारण वहाँ पर बोली जाने वाली भाषा होनी चाहिए।

★ इस आयोग ने अपनी रिपोर्ट 1955 में प्रस्तुत की तथा इसके आधार पर संसद में राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 पारित किया गया और देश को 14 राज्यों एवं 6 संघ शासित क्षेत्रों में बाँटा गया।

| क्र.स. | मूल राज्य | | नए राज्य बने | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बम्बई | | महाराष्ट्र, गुजरात | 1960 |
| 2. | असम | | नागालैंड | 1963 |
| 3. | वृहत्तर पंजाब | | हरियाणा, पंजाब | 1966 |
| 4. | वृहत्तर पंजाब | | हिमाचल प्रदेश | 1966 |
| 5. | असम | | मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा | 1972 |
| 6. | असम | | मिजोरम, अरूणाचल प्रदेश | 1987 |
| 7. | उत्तर ⁄देश प | | उत्तराखण्ड | 2000 |
| | बिहार | | झारखंड | |
| | मध्य प्रदेश | | छत्तीसगढ़ | |
| 8. | आंध्र प्रदेश | | तेलंगाना | 2014 |
| | गोवा | -- | 1987 | |
| | सिक्किम | -- | 1975 | |

★ संघ शासित क्षेत्र जो बाद में राज्य बने -
मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा और गोवा आदि।

## एक अंकीय प्रश्न :-

1. जवाहर लाल नेहरू के किस भाषण को भाग्यवधू से 'चिर प्रतीक्षित भेंट' के नाम से जाना जाता है?
2. आजादी के बाद भारत के सामने पहली चुनौती क्या थी?
3. जिन्ना ने द्वि-राष्ट्र सिद्धान्त का प्रतिपादन क्यों किया था?
4. रजवाड़ो के शासकों और भारतीय संघ के मध्य जिस सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुए, उसे क्या कहा जाता है?
5. किस राज्य में पहली बार सार्वभौम वयस्क मताधिकार के सिद्धांत को अपनाकर चुनाव हुए।
6. किस अधिवेशन के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने मान लिया कि राज्यों का पुनर्गठन भाषा के आधार पर होगा?
7. स्वतंत्र भारत के पहले गर्वनर जनरल कौन थे। उन्होंने 1959 में किस पार्टी की स्थापना की?
8. भारत में आजादी के समय रजवाड़ो की संख्या कितनी थी?
9. आंध्र-आंदोलन के दौरान किस नेता की मृत्यु भूख-हड़ताल से हुई थी?
10. भारत में 1956 में भाषा के आधार पर राज्यों का पुनर्गठन क्यों किया गया?
11. प्रथम चुनाव आयुक्त कौन थे?
12. सीमान्त गाँधी ने नाम से किसे जाना जाता है?
13. भारत के किन दो प्रान्तों का बँटवारा 1947 के विभाजन की सबसे बड़ी त्रासदी को कारण बना?
14. पंजाबी भाषा की पदमश्री तथ ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मनित कवयित्री का नाम लिखें।
15. निम्नलिखित घटनाओं को उनके कालक्रम के अनुसार लिखिये-
    (क) कांग्रेस का नागपुर अधिवेशन
    (ख) राज्य पुर्नगठन आयोग की स्थापना
    (ग) पोट्टीश्रीरामुलु की भूख हड़ताल

(घ) आंध्र प्रदेश बनाने की घोषणा

16. निम्नलिखित कथन को शुद्ध करके दोबारा लिखें–
भारत में विविधता का आधारभूत सिद्धांत है–
''भारत में विभिन्न क्षेत्र और भाषाई समूहों को अपनी संस्कृति बनाये रखने की छूट नहीं होगी।''

17. आजादी के समय मणिपुर के राजा..................................थे।

18. हैदराबाद के शासक .............................के नाम से जाने जाते थे।

## द्वि अंकीय प्रश्न :-

1. आजादी की लड़ाई के समय किन दो बातों पर सभी सहमत थे?
2. भारत की आजादी के समय राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़ी दो बाधा कौन सी थी?
3. महात्मा गांधी के अनुसार 15 अगस्त 1947 खुशी एवं गमीं दोनों का दिन क्यों होगा?
4. आजादी के समय देश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में राष्ट्र–निर्माण की चुनौती के लिहाज से दो मुख्य अंतर क्या थे?
5. द्विराष्ट्र सिद्धान्त क्या है?
6. स्वतंत्र भारत के नेता राजनीति को समस्या के रूप में नहीं देखते थे, वे राजनीति को समस्या के समाधन के रूप में मानते थे। आप इस कथन से कहाँ तक सहमत है?
7. आजादी के बाद भारतीय नेता भारतीय संघ के राज्यों का भाषायी आधार पर पुर्नगठन के सिद्धान्त को स्वीकारने में क्यों संकोच कर रहे थे?
8. 1950 के दशक में, देश के शेष हिस्सों कों भाषायी आधार पर पुर्नगठित किया गया था लेकिन पंजाब को 1966 तक प्रतीक्षा क्यों करनी पड़ी।

## चार अंकीय प्रश्न :-

1. भारत के विभाजन की प्रक्रिया की किन्ही चार समस्याओ का संक्षेप में वर्णन कीजिए।
2. रजवाड़ों के सन्दर्भ में 'इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन' का अर्थ स्पष्ट करें।
3. आजादी के बाद राष्ट्र–निर्माण की किन चुनौतियों को सफलता पूर्वक निपटाया गया?

4. हैदराबाद का विलय भारत में किस प्रकार हुआ ?

5. भारतीय चुनाव आयोग के समक्ष पहले आम चुनाव करवाने से पूर्व आयी किन्हीं चार समस्याओं की व्याख्या कीजिये।

## पाँच अंकीय प्रश्न :-

1. दिये गए भारत के राजनैतिक रेखा मानचित्र में, पाँच राज्यों को A, B, C, D, E द्वारा चिह्नित किया गया है। नीचे दी गयी जानकारी के आधार पर उनकी पहचान कीजिए और उत्तर पुस्तिका में उनके सही नाम उनकी क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर सहित लिखिए।



i) वह राज्य जिसे मध्य प्रदेश से काट कर बनाया गया है।

ii) स्वतंत्र भारत में साम्यवादी सरकार प्राप्त शासित पहला राज्य

iii) पोट्टी श्री रामुलु से संबधित राज्य।

iv) वह राज्य जिसने स्वतत्रता के बाद भारत में अपने विलय का विरोध किया था।

v) हरित क्रांति के कारण कृषि क्षेत्र में समृद्ध होने वाला राज्य।

## निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर उत्तर दीजिए—

2. छोटे-छोटे विभ्न्नि आकार के देशों में बाँट जाने की इस संभावना के विरूद्ध अंतरिम सरकार ने कड़ा रूख अपनाया। मुस्लिम लोग ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के इस कदम का विरोध किया। लोगों का मानना था कि रजवाडों को अपनी मनमर्जी का रास्ता चनने के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए। रजवाड़ों के राजाओं को मनाने-समझाने में सरदार पटेल ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई और अधिकार रजवाड़ों को उन्होंने भारतीय संघ मे शामिल होने के लिए राजी कर लिया।

1. किस सरकार को अंतरिम सरकार कहा गया?
2. रजवाड़ा किसे कहा जाता था?
3. मुस्लिम लीग ने कांग्रेस का विरोध क्यों किया?
4. सरदार पटेल की भूमिका को ऐतिहासिक क्यों कहा जाता गया?
5. दिये गये कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-



(क) कार्टून में दाई ओर खड़े नेता को पहचानिये तथा उनका नाम लिखिए।

(ख) यह कार्टून प्रजा व राजा के मध्य किस प्रकार के संबंधों को दर्शाता है?

(ग) इस नेता ने किस मामले को सफलतापूर्वक सम्पन्न करा लिया?

## छः अंकीय प्रश्न :-

1. राज्य पुनर्गठन आयोग क्या था? इसकी महत्वपूर्ण सिफारिशें क्या थी? (IMP)
2. रजवाड़ों को भारतीय संघ में शामित करने के मूल आधार क्या थे? इस कार्य में किसने भूमिका निभाई?
3. स्वतंत्रता के समय भारत के समक्ष आई किन्हीं तीन चुनौतियों की व्याख्या कीजिए। (IMP)
4. 1947 में भारत के विभाजन के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए। विभाजन के किन्हीं चार प्रमुख परिणामों का विश्लेषण कीजिए।

## उत्तर एक अंकीय :-

1. 1947 के 14-15 अगस्त की मध्यरात्रि को हिन्दुस्तान के आजाद होने पर नेहरू जी ने संविधान सभा के जिस विशेष सत्र को सम्बोधित किया था उसे ही इस नाम से जाना जाता है।
2. देश को एकता के सूत्र में बाँधना।
3. जिन्ना ने हिन्दुओं के लिए हिन्दुस्तान तथा मुसलमानों के लिए पाकिस्तान के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए द्वि-राष्ट्र सिद्धात का प्रतिपादन किया।
4. 'इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन'
5. मणिपुर
6. नागपुर अधिवेशन (1920)
7. सी. राजगोपालाचारी। उन्होंने 1959 में स्वतंत्र पार्टी की स्थापना की।
8. आजादी के समय भारत में रजवाड़ों की संख्या 565 थी।
9. पोट्टी श्रीरामुलू।
10. i) आंदोलनों का दबाव

    ii) विविधता बचाये रखने के लिए।

11. सुकुमार सेन
12. खान अब्दुल गफ्फार खान
13. पंजाब व बंगाल
14. अमृता प्रीतम
15. क
    ग
    घ
    ख
16. भारत में विविधता का आधारभूत सिद्धांत है
    ''भारत में विभिन्न क्षेत्र व भाषायी समूहों को अपनी संस्कृति बनाये रखने की छूट होगी।''
17. राजा बोधचंद्र सिंह
18. निजाम

**उत्तर द्वि अंकीय :-**

1. i) शासन लोकतांत्रिक पद्धति से चलाया जायेगा।
   ii) सरकार समाज के सभी वर्गो के लिए कार्य करेगी।
2. i) पाकिस्तान से आए शरणार्थियों की पुनर्वास संबंधी चुनौती।
   ii) साम्प्रदायिक एकता की चुनौती।
3. महात्मा गाँधी के अनुसार 15 अगस्त 1947 खुशी का दिन इसलिए होना था क्योंकि भारत को आजादी मिलनी थी और गम का दिन इसलिए क्योंकि भारत के विभाजन के साथ-साथ हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच दंगे भी हो रहे थे।
4. i) पूर्वी क्षेत्र में सांस्कृतिक एवं आर्थिक संतुलन की समस्या थी। परन्तु पश्चिमी क्षेत्र में विकास की चुनौती थी।
   ii) पूर्वी क्षेत्र भाषायी समस्या से जूझ रहा था जबकि पश्चिमी क्षेत्र में धार्मिक एवं जातिवादी समस्याएँ अधिक थी।

5. स्मरणीय बिन्दु देखें।

6. उनके अनुसार राजनैतिक गतिविधि का उद्देश्य जनहित का फैसला लेना व उस पर अमल करना होता है इसीलिये वो राजनीति को समस्या समाधान के रूप में देखते हैं।

7. साम्प्रदायिक विभाजन के बाद उन्होंने महसूस किया कि भाषाओं के आधार पर राज्यों के गठन से और बाधायें गठित हो सकती है। और देश का विखंडन हो सकता है।

8. 'पंजाबी सूबा' आंदोलन का नेतृत्व कमजोर था। इसे गैर-सिक्खों और सिक्खों में कुछ जातियों का समर्थन प्राप्त नहीं था। पंजाब का यह आंदोलन अन्य राज्य में हुए आंदोलनों जैसा मजबूत नहीं था।

## उत्तर चार अंकीय :-

1 i) प्रांतो का विभाजन।
  ii) रियासतों का विलय।
  iii) विस्थापितों की समस्या।
  iv) खाद्यान्न संकट।

2. स्मरणीय बिन्दु देखे।

3. स्मरणीय बिन्दु देखे।

4. स्मरणीय बिन्दु देखे।

5. स्मरणीय बिन्दु देखे।

## उत्तर पाँच अंकीय :-

1. A छत्तीसगढ़
  B केरल
  C आंध्रप्रदेश
  D मणिपुर
  E पंजाब

2.

1. 1946 को केनिबेट मिशन योजना के अधीन हुये चुनावों के बाद गठित सरकार को (प्रथम आम चुनाव से पूर्व काम कर रही सरकारों को अंतरिम सरकार कहा गया।

2. ब्रिट्रिश इंडिया में छोटे-बड़े आकार के कुछ राज्य थे, जिन पर राजाओं का शासन था। वे अपने राज्य के घरेलू मामलों का शासन चलाते थे, इन्हें रजवाड़ा कहा गया।

3. लीग कांग्रेस का विराध इसीलिए कर रही थी। क्योंकि उसका मानना था। कि रजवाड़ों को अपनी मर्जी से रास्ता चुनने के लिए छोड़ देना चाहिए।

4. सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद कठिन समय में अधिकार रजवाड़ों को समझा-बुझा कर भारतीय संघ मे शामिल होने के लिए तैयार कर लिया तथा जहाँ आवश्यकता पड़ी वहाँ बल का प्रयोग करके भी देश का एकजुट बनाया, इसलिए उनकी भूमिका को ऐतिहासिक माना जाता है।

3.

क. सरदार बल्लभभाई पटेल

ख. कार्टून दर्शाता है कि रियायतों के शासकों ने जनता का दमन व शोषण किया।

ग. सरदार पटेल ने देशी रियासतों केभारत में विलय के मामले को सफलतापूर्वक सम्पन्न करा लिया।

## उत्तर छः अंकीय :-

1. स्मरणीय बिन्दु देखें।

2. i) रजवाड़ों के निवासी भारतीय संघ में शामिल होना चाहते थे।

   ii) भारत सरकार का दृष्टिकाण लचीला था। वह कुछ क्षेत्रों को स्वायत्तता देने को भी राजी थी।

   iii) राष्ट्र विभाजन की पृष्ठभूमि में, राष्ट्र की अखंडता तथा उसकी क्षेत्रीय सीमाओं के एकीकरण का सवाल सबसे अहम था।

   सरदार पटेल जिन्हें 'लौह पुरूष'' कहा जाता है, ने इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

3. स्मरणीय बिन्दु देखें।

4. स्मरणीय बिन्दु देखें।

अध्याय - 2

# एक दल के प्रभुत्व का दौर

---

**स्मरणीय बिन्दु :-**

★ भारतीय नेताओं की स्वतन्त्रता आंदोलन के समय से ही लोकतंत्र में गहरी प्रतिबद्धता (आस्था) थी। इसलिए भारत ने स्वतंत्रता के बाद लोकतंत्र का मार्ग अपनाया जबकि लगभग उसी समय स्वतंत्र हुए कई देशों में अलोकतांत्रिक शासन व्यवस्था कायम हुई।

★ 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के समय देश में अंतरिम सरकार थी। अब संविधान के अनुसार नयी सरकार के लिए चुनाव करवाने थे। जनवरी 1950 में चुनाव आयोग का गठन किया गया। सुकुमार सेन पहले चुनाव आयुक्त बने।

★ **चुनाव आयोग की चुनौतियाँ :-**

-- स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना।

-- चुनाव क्षेत्रों का सीमांकन।

-- मतदाता सूची बनाने के मार्ग में बाधाए।

-- अधिकारियों और चुनावकर्मियों को प्रशिक्षित करना।

-- कम साक्षरता के चलते मतदान की विशेष पद्धति के बारे में सोचना।

★ अक्टूबर 1951 से फरवरी 1952 तक प्रथम आम चुनाव हुए।

★ पहले तीन आम चुनावों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभुत्व रहा।

★ भारत में एक दल का प्रभुत्व दुनिया के अन्य देशों में एक पार्टी के प्रभुत्व से इस प्रकार भिन्न रहा।

-- मैक्सिको में PRI की स्थापना 1929 में हुई, जिसने मैक्सिको में 60 वर्षों तक शासन किया। परन्तु इसका रूप परिपूर्ण तानाशाही का था।

-- बाकी देशों में एक पार्टी का प्रभुत्व लोकतंत्र की कीमत पर कायम हुआ।

-- चीन, क्यूबा और सीरिया जैसे देशों में संविधान सिर्फ एक ही पार्टी को अनुमति देता है।

-- म्यांमार, बेलारूस और इरीट्रिया जैसे देशों में एक पार्टी का प्रभुत्व कानूनी और सैन्य उपायों से कायम हुआ।

-- भारत में एक पार्टी का प्रभुत्व लोकतंत्र एवं स्वतंत्र निष्पक्ष चुनावों के होते हुए रहा है।

★ **कांग्रेस के प्रथम तीन आम चुनावों में वर्चस्व / प्रभुत्व के कारण :-**

-- स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका

-- सुसंगठित पार्टी

-- सबसे पुराना राजनीतिक दल

-- पार्टी का राष्ट्र व्यापी नेटवर्क

-- प्रसिद्ध नेता

-- सबको समेटकर मेलजोल के साथ चलने की प्रकृति।

-- भारत की चुनाव प्रणाली।

★ कांग्रेस की प्रकृति एक सामाजिक और विचारधारात्मक गठबंधन की है। कांग्रेस में किसान और उद्योगपति, शहर के बाशिंदे और गाँव के निवासी, मज़दूर और मालिक एवं मध्य, निम्न और उच्च वर्ग तथा जाति सबको जगह मिली।

कांग्रेस ने अपने अंदर गरमपंथी और नरमपंथी, दक्षिणपंथी, वामपंथी और के मध्यमार्गियों को समाहित किया।

★ कांग्रेस के गठबंधनी स्वभाव ने विपक्षी दलों के सामने समस्या खड़ी की और कांग्रेस को असाधारण शक्ति दी।

चुनावी प्रतिस्पर्धा के पहले दशक में कांग्रेस ने शासक-दल की भूमिका निभायी और विपक्षी की भी। इसी कारण भारतीय राजनीति के इस कालखंड को कांग्रेस-प्रणाली कहा जाता है।

## प्रमुख विपक्षी दल :-

| दल का नाम | स्थापना वर्ष/ विवरण | प्रमुख नेता | प्रमुख नीतियाँ |
|---|---|---|---|
| समाजवादी दल | 1934 में कांग्रेस का एक गुट तथा 1948 में कांग्रेस से अलग नया दल बना। | जय प्रकाश नारायण अशोक मेहता, एम.एन.जोशी, राम मनोहर लोहिया आदि | लोकतांत्रिक समाजवाद में विश्वास |
| भारतीय साम्यवादी दल | 1935 में कांग्रेस में एक समूह, दिसम्बर 1941 में कांग्रेस से अलग और 1964 में चीन युद्ध के कारण विभाजन | ए.के. गोपाल, एस.ए.डांग, पी.सी.जोशी, अजय घोष ई.एम.एस. नम्बूदरीपाद आदि | उत्पादन के साधनों पर सरकार का नियंत्रण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली मजबूत, कृषको व मजदूर हितो का समर्थन, यूएसए एवं पश्चिमी देशों का विरोध |
| स्वतंत्र पार्टी | अगस्त 1959 | सी. राजगोपालाचारी, के. एम.मुंशी, एन जी, रंगा, मीनू मसानी आदि | सरकार का कम हस्तक्षेप, मुक्त अर्थव्यवस्था मुक्त बाजार, गुट निरपेक्षता की आलोचना, यूएसए से मित्रता, तिब्बत की आजादी |
| भारतीय जनसंघ | 1951 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीन दयाल उपाध्याय, बलराज मधोक, अटल बिहारी वाजपेयी लाल कृष्ण आडवाणी आदि | अखण्ड भारत, एकात्मक शासन, हिन्दी राष्ट्र भाषा, अनुच्छेद 370 का विरोध, समान नागरिक संहिता, परमाणु हथियार निर्माण, सरकार का कम हस्तक्षेप (एक देश, एक संस्कृति, एकराष्ट्र) |

## एक अंकीय प्रश्न :-

1. निम्नलिखित वाक्य को सही करके पुनः लिखिये।
   ‘‘भारतीय जनसंघ की स्थापना आचार्य नरेन्द्र देव ने की थी।’’
2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
   ............. लोकसभा के प्रथम चुनाव में 16 स्थान जीतकर दूसरे स्थान पर दल रहा।
3. स्वतंत्रता के बाद भारत में शासन की कौन सी व्यवस्था को अपनाया गया?
4. भारत के प्रथम भारतीय गर्वनर जनरल कौन बने थे?
5. भारतीय जनसंघ ने किस विचार पर जोर दिया?
6. कांग्रेस का पहले आम चुनाव में चिह्न कौन सा था?
7. भारत में एक दल का प्रभुत्व किस राजनीतिक दल से सम्बन्धित रहा?
8. ‘‘राजनीति में नायक पूजा का भाव सीधे पतन की और ले जाता है’’ यह कथन किसने कहा है?
9. प्रथम आम चुनाव के अभियान, मतदान और मतगणना में कुल कितना समय लगा?

11. प्रथम आम चुनाव में दूसरे नंबर पर वोट हासिल करने के लिहाज से कौन सा राजनीतिक दल रहा?

12. भारतीय राजनीति के किस कालखंड को 'कांग्रेस-प्रणाली' कहा जाता है?

13. किस समाजवादी नेता ने अंतरिम सरकार में शामिल होने के न्यौते को अस्वीकार कर दिया था?

14. समग्र मानवतावाद सिद्धान्त के प्रणेता कौन थे?

15. भारतरत्न से सम्मानित पहले भारतीय व स्वतंत्र पार्टी के संस्थापक कौन थे?

16. एक दलीय प्रभुत्व से क्या समझते हो?

17. प्रथम आम चुनाव में ......................... विधायकों व .................... सांसदों का चुनाव किया गया।

18. भारत का संविधान कब बन कर तैयार तैयार हुआ?

19. निम्नलिखित संस्थापकों के नामों और उनके द्वारा संस्थापित राजनैतिक दलों में मेल लिखिए-

| | |
|---|---|
| (क) सी. राजगोपालचारी | (i) तेलगुदेशम पार्टी |
| (ख) दीनदयाल उपाध्याय | (ii) स्वतंत्र पार्टी |
| (ग) एन.टी. रामाराव | (iii) लोकदल |
| (घ) चौधरी चरण सिंह | (iv) भारतीय जन संघ |

20. भारत रत्न से सम्मानित पहले भारतीय.................................थे।

21. EVM का प्रयोग 1990 के दशक के अंत में चुनाव आयोग ने किया...... ..................तक पूरे देश में EVM का इस्तेमाल चालू हो गया।

## रिक्त स्थानों की पूर्ति करो-

22. भारत में ........................ आयोग की स्थापना जनवरी, 1950 में हुअी थी।

23. सही विकल्प चुनें-

इस दल में एक देश, एक संस्कृति व एक राष्ट्र के विचार पर बल दिया।

| | |
|---|---|
| (i) स्वतंत्र पार्टी | (ii) भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी |
| (iii) भारतीय जनसंघ | (iv) सोशलिस्ट पार्टी |

**दो अंकीय प्रश्न :-**

1. विश्व में सर्वप्रथम कब और कहाँ साम्यवादी दल की सरकार लोकतांत्रिक चुनावों के आधार पर बनी ?
2. भारत के चुनाव आयोग का गठन कब हुआ तथा प्रथम चुनाव आयुक्त कौन बनाये गये ?
3. लोकतंत्र में विपक्षी दल की भूमिका का वर्णन कीजिये।
4. कौन-कौन से देश एक पार्टी के प्रभुत्व वाले देश थे ?
5. स्वतंत्र पार्टी किन बातों के विरूद्ध थी ?
6. भारत में साम्यवादी दल की फूट (विभाजन) के क्या कारण थे ?
7. ऐसे दो राज्यों के नाम लिखो जहाँ पर सन् 1952 से 1967 के दौरान कांग्रेस सत्ता में नहीं थी और कोई ऐसे राज्य बताओ जहां इस अवधि में कांग्रेस का शासन था।
8. ''राजनीति समस्या नहीं अपितु समस्या का समाधान है'' इस कथन का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
9. पहले तीन आम चुनावों में कांग्रेस पार्टी का प्रभुत्व किस प्रकार भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित करने में सहायक रहा ?
10. भारतीय जनसंघ का कौन सा सदस्य प्रधनमंत्री नेहरू के प्रथम मंत्रिपरिषद में मंत्री बना ? उसने कब व क्यों त्यागपत्र दिया ?
11. भारतीय जनसंध की विचारधारा की किन्हीं दो महत्पूर्ण विशेषताओं का उल्लेख कीजिऐ।
12. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी में विभाजन कब व क्यों हुआ ?
13. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ए) | एस.ए. डागे | i) | भारतीय जनसंघ |
| बी) | डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी | ii) | भारतीय साम्यवादी दल |
| सी) | मीनू मसानी | iii) | प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| डी) | अशोक मेहता | iv) | स्वतंत्र पार्टी |

## चार अंकीय प्रश्न :-

1. भारत में एक दल की प्रधानता के कारणों का वर्णन करो।
2. समय के साथ-साथ कांग्रेस की प्रकृति में क्या परिवर्तन आया?
3. कांग्रेस किन अर्थों में एक विचारधारात्मक गठबंधन थी? उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए।
4. भारतीय जनसंघ व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की विचारधारा में क्या अंतर था?
5. प्रथम आम चुनाव को इतिहास का सबसे बड़ा जुआ की संज्ञा देकर क्यों आशंकाए व्यक्त की गई?

## पाँच अंकीय प्रश्न:-

1. प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक एवं दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

   प्रथम आम चुनाव 1951 के अक्टूबर से 1952 के फरवरी तक सम्पन्न हुए। चुनाव, अभियान, मतदान और मतगणना में कुल छह महीने लगे। कुल मतदाताओं में आधे से अधिक ने मतदान के दिन अपना वोट डाला। हारने वाले उम्मीदवारों ने भी इन चुनाव परिणामों को निष्पक्ष बताया।

   सार्वभौमिक मताधिकार के इस प्रयोग ने आलोचकों का मुँह बंद कर दिया। हिन्दुस्तान टाइम्स ने लिखा - यह बात हर जगह मानी जा रही है कि भारतीय जनता ने विश्व के इतिहास में लोकतंत्र के सबसे बड़े प्रयोग को बखूबी अंजाम दिया।

i) प्रथम आम चुनाव की प्रक्रिया में छह महीनों का वक्त क्यों लगा?

ii) सार्वभौमिक मताधिकार क्या है?

iii) हिन्दुस्तान टाइम्स द्वारा की गई उपरोक्त टिप्पणी का क्या आशय है?

2. पहला आम चुनाव गरीब व अनपढ़ लोगों के कारण लोकतंत्र के लिए परीक्षा की कठिन घड़ी थी। इस समय तक लोकतंत्र सभी देशों में कायम था। उस समय यूरोप के अधिकतर देशों में महिलाओं को मताधिकार नहीं मिला था। ऐसे में हिन्दुस्तान में सार्वभौमिक मताधिकार पर अमल हुआ और यह हिन्दुस्तान में सार्वभौमिक मताधिकार पर अमल हुआ और यह अपने

आप में जोखिम भरा प्रयोग था। एक हिन्दुस्तानी संपादक ने इस 'इतिहास का सबसे बढ़ा जुआ' करार दिया। परन्तु चुनावों के बाद यह लोकतंत्र के इतिहास में एक मील का पत्थर बन गया।

i) 1952 का पहला चुनाव लोकतंत्र के इतिहास में एक बड़ा मील का पत्थर कैसे बन गया?

ii) ''सार्वभौमिक मताधिकार'' का अर्थ स्पष्ट करें।

iii) देश में पहला आम चुनाव कराने में चुनाव आयोग को किन समस्याओं का सामना करना पड़ा।

3. नीचे दिए गए चित्र को देखकर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें:-

i) यह चित्र किससे सम्बन्धित है?

ii) स्वतंत्र भारत के प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल कौन थे?

iii) चित्र में दिखाई दे रहे किन्हीं दो बैठे तथा पंक्ति में खड़े दो व्यक्तियों को पहचानिये।



3. अगले पृष्ठ पर दिए गए चित्र को देखकर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

i) रस्साकशी का खेल किनके मध्य चल रहा है?

ii) चित्र में विपक्षी दलों की स्थिति कमजोर क्यों नज़र आ रही है?

iii) चित्र में दिखाई दे रहे किन्हीं चार व्यक्तियों को पहचानिए?




## छः अंकीय प्रश्न :-

1. प्रथम आम चुनाव (1952) से चौथे आम चुनाव (1967) से पूर्व तक की राजनीतिक व्यवस्था में कांग्रेस के प्रभुत्व के कारणो का वर्णन कीजिए।
2. पार्टियों के भीतर गठबन्धन तथा पार्टियों के बीच गठबंधन में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
3. भारत में राजनीतिक दलों की प्रतिस्पर्धा को सशक्त बनाने वाले कारणो की विवेचना कीजिए।
4. भारत और मैक्सिको दोनों ही देशों में एक खास समय तक एक पार्टी का प्रभुत्व रहा। मैक्सिको में स्थापित एक पार्टी का प्रभुत्व कैसे भारत के एक पार्टी के प्रभुत्व से अलग था? (IMP)
5. एक दलीय प्रभुत्व प्रणाली का भारतीय राजनीति के लोकतांत्रिक चरित्र पर प्रतिकूल प्रभाव कैसे पड़ा?(IMP)

**एक अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी
2. भारतीय साम्यवादी दल
3. लोकतांन्त्रिक शासन व्यवस्था
4. सी. राजगोपालाचारी
5. एक देश एक संस्कृति एक राष्ट्र
6. दो बैलों की जोड़ी
7. कांग्रेस दल
8. बी. आर. अम्बेडकर
9. छह महीने
10. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी
11. समाजवादी पार्टी
12. सन् 1950
13. जय प्रकाश नारायण
14. दीनदयाल उपाध्याय
15. सी. राजगोपालाचारी
16. जहाँ बहुदलीय पद्धति के अर्न्तगत किसी एक दल की प्रधानता होती है, ऐसी व्यवस्था में मतदाता एक ही दल को अधिक महत्व देते हैं।
17. 3200, 489
18. 26 नवम्बर, 1949
19. क ii<br>क iv<br>क i<br>क iii
20. सी. राजगोपालचारी
21. 2004
22. निर्वाचन आयोग
23. भारतीय जनसंघ

**दो अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. 1957 में भारत के केरल राज्य में विधान सभा चुनावों में।
2. जनवरी 1950, सुकुमार सेन।
3. i) सरकार की नीतियों की आलोचना
   ii) सरकार की निरंकुशता पर अंकुश
   iii) जनता को राजनीतिक शिक्षा
4. दक्षिण कोरिया, ताईवान
5. कृषि जमीन की हद्बन्दी, सहकारी खेती और खाद्यान्न के व्यापार पर सरकार के नियन्त्रण के विरूद्ध थी।
6. 1962 के भारत–चीन युद्ध के समय, दल के एक गुट ने चीन के आक्रमण को सही माना तथा एक गुट ने इसका विरोध किया तो परिणाम स्वरूप 1964 में सीपीआई में विभाजन हुआ।
7. समाज में साधनो का उचित बंटवारा करने के लिए राजनीति ही सबसे उचित माध्यम है। इस प्रकार राजनीति समस्या नहीं है समस्या का समाधान प्रस्तुत करती है।
8. i) भारत में कांग्रेस पार्टी के प्रभुत्व की प्रकृति क्यूबा और चीन जैसे देशों में एक पार्टी के प्रभुत्व से अलग थी।
   ii) पहले तीन आम चुनावों में कांग्रेस के प्रभुत्व के बावजूद विपक्ष की आवाज को दबाया नहीं गया, बल्कि सम्मान दिया गया।
9. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उन्होंने पाकिस्तान के साथ संबंधों को लेकर अपने मतभेदों के चलते 1950 में इस्तीफा दिया। इनका मानना था कि भारत व पाकिस्तान को लेकर "अखण्ड भारत" बनाया जाये।
10. स्मरणीय बिन्दु में देखें।
11. 1964 में हुआ। चीन व सोवियत संघ में विचारधारात्मक अंतर आने के बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (CPI) टूट का शिकार हुई। सोवियत विचारधारा के समर्थक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी तथा चीन की विचारधारा के समर्थक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) कहलाये।
13. सुमेलित ए) iv) बी) i) सी) ii) डी iii)।

## चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. i) कांग्रेस को सभी वर्गो का प्रतिनिधित्व प्राप्त था।
   ii) लगभग सारे विपक्षी दल कांग्रेस से निकले थे।
   iii) कांग्रेस व विपक्षी दलों की नीतियों में समानता थी।
   iv) राज्यों में गठबन्धन सरकारों का असफल होना।
2. i) 20वीं सदी में कांग्रेस अमीरों व व्यापारियों का दबाव समूह, जिस पर अंग्रेजी बोलने वाले उच्च वर्ग का प्रभुत्व था।
   ii) गांधी के आगमन से शहरी, ग्रामीण, पूंजीपति, मजदूर और विभिन्न जातियाँ, कांग्रेस के सदस्य बने।
   iii) स्वतंन्त्रता प्राप्ति पर कांग्रेस इन्द्र धनुष के समान विविध (वर्ग, जाति, धर्म व भाषा) प्रतिनिधि वाली पार्टी थी।
3. i) कांग्रेस में अनेक विचारधाराओं को मानने वाले लोग शामिल थे। उदाहरण - शान्तिवादी व क्रान्तिवादी
   ii) इसमें लोग अपने गुटों में रहते हुए भी शामिल हो सकते थे।
   iii) कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का गठन भी कांग्रेस के भीतर हुआ।
   iv) इनका नेतृत्व किसी एक वर्ग, जाति या पेशे तक सीमित नहीं था।
4. **भारतीय जनसंघ :-**

i) एक देश, एक संस्कृति और एक राष्ट्र का विचार।

ii) भारतीय संस्कृति और परम्परा के आधार पर आधुनिक प्रगतिशील और ताकतवर भारत की कल्पना।

iii) भारत व पाकिस्तान को मिलाकर अखण्ड भारत का पक्षधर

iv) अंग्रेजी को हटाकर हिन्दी को राजभाषा बनाने के लिए आन्दोलन किया।

**भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी:-**

i) 1951 में हिंसक क्रान्ति का रास्ता त्यागा। आम चुनावों में भागीदारी।

ii) 1964 में विभाजन हुआ। चीन समर्थकों ने भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी नाम से दल बनाया।

iii) 1947 में सत्ता के हस्तान्तरण को सच्ची आज़ादी नहीं माना। तेलंगाना में हिंसक विद्रोह को बढ़ावा दिया।

iv) ए. के. गोपालन, एस.ए.डांगे, ई.एम.एस नम्बूदरीपाद, पी.सी.जोशी आदि प्रमुख नेता। पूंजीवाद के विरोधी।

5. i) मतदाताओं की विशाल संख्या।
   ii) गरीब व निरक्षर मतदाता।
   iii) चुनाव हेतु संसाधनों की कमी
   iv) प्रशिक्षित चुनाव कर्मियों का अभाव।

## पाँच अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. i) ए) संसाधनों की कमी।
      बी) प्रशिक्षित चुनाव कर्मियों का अभाव।
   ii) जाति, धर्म, रंग व लिंग भेद के बिना मत देने का अधिकार।
   iii) ए) मतदाताओं की विशाल संख्या।
      बी) गरीबी व अशिक्षा के माहौल में चुनाव।
2. i) चुनावों की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि लोकतांत्रिक चुनाव गरीबी व अशिक्षा के अभाव में भी कराये जा सकते हैं तथा लोकतंत्र कायम किया जा सकता है।
   ii) सभी वयस्कों को बिना किसी भेदभाव के वोट देने का अधिकार।
   iii) मतदाताओं की विशाल जनसंख्या, गरीबी व निरपक्षता, चुनाव हेतु संसाधनों की कमी, प्रशिक्षित चुनाव कर्मियों की कमी।
3. i) 1948 में चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के गवर्नर जनरल के पद की शपथ ग्रहण के बाद नेहरू मंत्रिमण्डल।
   ii) चक्रवर्ती राजगोपालाचारी।
   iii) डा. अम्बेडकर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, राजकुमारी अमृत कौर, सरदार वल्लभभाई पटेल, मौलाना आजाद, जे.एल.नेहरू आदि। (कोई चार)
4. i) सरकार व विपक्षी दलों के मध्य
   ii) कांग्रेस मजबूत स्थिति में थी। जबकि मजबूत विपक्षी दल का अभाव था। क्योंकि कांग्रेस के पास मजबूत संगठन, स्वतंत्रता आन्दोलन की विरासत आदि थी।

iii) विपक्षी नेता - ए. के. गोपालन, आचार्य कृपलानी
एन.सी. चटर्जी, श्रीकांत नायर और सरदार हुकुम सिंह
सत्ता पक्ष - नेहरू जी, राजकुमारी अमृतकौर, मौलाना आजाद
(कोई चार)

**छः अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. स्मरणीय बिन्दु देखें।
2. पार्टी के भीतर गठबन्धन भारत में प्रथम आम चुनावों से ही देखने को मिला। जब कांग्रेस एक सतरंगे सामाजिक व विचारधारात्मक गठबंधन के रूप में दिखी। अलग-अलग गुटो के होने से इसका स्वभाव सहनशील बना। तथा कांग्रेस के भीतर ही संगठन का ढांचा अलग होने पर भी व्यवस्था में सन्तुलन साधने के एक साधन के रूप में काम किया।
   वर्तमान राजनीति में पार्टियों के बीच गठबन्धन दिखाई देता है जहाँ भारतीय लोकतंत्र हित में अलग-अलग विचार धाराओं को मानने वाले दल आम सहमति के मुद्दो पर मिली जुली सरकार बनाते है परन्तु अपने दल की नीतिया नहीं बदलते।

3. i) संवैधानिक प्रावधान
   ii) स्वतंन्त्र चुनाव आयोग
   iii) स्वतंन्त्र प्रेस
   iv) स्वतंन्त्र न्यापालिका
   v) बहुदलीय व्यवस्था
   vi) दबाव एवम् हित समूह
4. i) मैक्सिकों में इंस्टीट्यूशनल रिवोल्यूशनरी पार्टी (पीआरआई) ही विजयी रही। बाकी पार्टियां बस नाम मात्र की थी ताकि शासक दल को वैधता मिलती रहे।
   ii) चुनाव के नियम शासक दल के अनुरूप तय किये गये।
   iii) शासक दल ने चुनावों में अक्सर हेर फेर तथा धांधली की।

iv) भारत में एक दल के प्रभुत्व के पीछे कांग्रेस पार्टी को राष्ट्रीय आन्दोलन की विरासत मिलना था।

v) कांग्रेस पार्टी का सांगठनिक ढाचा मजबूत तथा व्यापक था।

vi) विपक्षी दलों का संगठन कमजोर था।

vii) ''सर्वाधिक मत से जीत प्रणाली'' ने भी कांग्रेस पार्टी के प्रभुत्व में भूमिका निभाई थी।

5. स्मरणीय बिन्दु देखें।

अध्याय – 3

# नियोजित विकास की राजनीति

नियोजन का आशय है उपलब्ध संसाधनों के श्रेष्ठतम प्रयोग के लिए भविष्य की योजना बनाना/ नियोजन के माध्यम से उत्पादन में वृद्धि, रोजगार के अवसरों में वृद्धि और आर्थिक स्थिरता आदि लक्ष्यों को प्राप्त किया जाता है।

**स्मरणीय बिन्दु :-**

★ आजादी के बाद लगभग सभी इस बात पर सहमत थे कि भारत के विकास का अर्थ आर्थिक संवृद्धि और आर्थिक समाजिक न्याय दोनो ही है।

★ इस बात पर भी सहमति थी कि आर्थिक विकास और सामाजिक-आर्थिक न्याय को केवल व्यवसायी, उद्योगपति व किसानों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। सरकार को प्रमुख भूमिका निभानी होगी।

★ आजादी के वक्त 'विकास' का पैमाना पश्चिमी देशों को माना जाता था। आधुनिक होने का अर्थ था पश्चिमी औद्योगिक देशों की तरह होना।

★ विकास के दो मॉडल थे पहला-उदारवादी – पूँजीवादी मॉडल तथा दूसरा-समाजवादी मॉडल। भारत ने मिश्रित अर्थव्यवस्था का मॉडल, जिसमें सार्वजनिक व निजी क्षेत्र दोनों के गुणों का समावेश था, अपनाया।

★ आजादी के आन्दोलन के दौरान नेताओं में सहमति बन गयी थी कि गरीबी मिटाने और सामाजिक-आर्थिक पुर्नवितरण के काम का मुख्य जिम्मा आजाद भारत की सरकार का होगा।

★ कृषि अथवा उद्योग किसे प्राथमिकता मिले, इस पर मतभेद थे।

★ 1944 में उद्योगपतियों के एक समूह ने देश में नियोजित अर्थव्यवस्था चलाने का एक प्रस्ताव तैयार किया। इसे बाम्बे प्लान कहा जाता है। बाम्बे प्लान की मंशा थी कि सरकार औद्योगिक तथा अन्य आर्थिक निवेश के क्षेत्र में बड़े कदम उठाए।

★ योजना आयोग की स्थापना मार्च, 1950 में भारत सरकार के एक प्रस्ताव द्वारा की गई। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष बने।

★ 01 जनवरी 2015 से योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग अस्तित्व में आया है। जिसके अध्यक्ष प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं एवं वर्तमान उपाध्यक्ष राजीव कुमार है। नीति शब्द का विस्तार है National Institute For Transforming India.

- ★ सोवियत संघ की तरह भारत के योजना आयोग ने भी पंचवर्षीय योजनाओं का रास्ता चुना।
- ★ पंचवर्षीय योजना से तात्पर्य था कि अगले पाँच सालों के लिए सरकार की आमदनी और खर्च की योजना होगी।
- ★ **प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56)** में ज्यादा जोर कृषिक्षेत्र पर था। इसी योजना के अन्तर्गत बाँध और सिचाई के क्षेत्र में निवेश किया गया। भागड़ा-नांगल परियोजना इनमे से एक थी।
- ★ **द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956-61)** में उद्योगों के विकास पर जोर दिया गया। सरकार ने देसी उद्योगों को संरक्षण देने के लिए आयात पर भारी शुल्क लगाया। इस योजना के योजनाकार पी.सी. महालनोबीस थे।
- ★ **विकास का केरल मॉडल** - केरल में विकास और नियोजन के लिए अपनाए गए इस मॉडल में शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमि सुधार, कारगर खाद्य-वितरण और गरीबी उन्मूलन पर जोर दिया जाता रहा है।
- ★ जे.सी. कुमारप्पा जैसे गाँधीवादी अर्थशास्त्रीयों ने विकास की वैकल्पिक योजना प्रस्तुत की, जिसमें ग्रामीण औद्योगीकरण पर ज्यादा जोर था।
- ★ चौधरी चरण सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था के नियोजन में कृषि को केन्द्र में रखने की बात प्रभावशाली तरीके से उठायी।
- ★ भूमि सुधार के अन्तर्गत जमींदारी प्रथा की समाप्ति, जमीन के छोटे छोटे टुकड़ों को एक साथ करना (चकबंदी) और जो काश्तकार किसी दूसरे की जमीन बटाई पर जोत-बो रहे थे, उन्हें कानूनी सुरक्षा प्रदान करने व भूमि स्वामित्व सीमा कानून का निर्माण जैसे कदम उठाए गए।
- ★ 1960 के दशक में सूखा व अकाल के कारण कृषि की दशा बद से बदतर हो गयी। खाद्य संकट के कारण गेहूँ का आयात करना पड़ा।

## हरित क्रांति

- ★ सरकार ने खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए एक नई रणनीति अपनाई, जो कि हरित क्रान्ति के नाम से जानी जाती है। अब उन इलाकों पर ज्यादा संसाधन लगाने का निर्णय किया, जहाँ सिचाई सुविधा मौजूद थी, तथा किसान समृद्ध थे।

★ सरकार ने उच्च गुणवत्ता के बीज, उवर्रक, कीटनाशक और बेहतर सिंचाई सुविधा बड़े अनुदानित मूल्य पर मुहैया कराना शुरू किया। उपज को एक निर्धारित मूल्य पर खरीदने की गारन्टी दी। इन संयुक्त प्रयासों को ही हरित क्रान्ति कहा गया। भारत में हरित क्रान्ति के जनक एम.एस.स्वामीनाथन को कहा जाता है।

★ इसके कारण गेहूँ की पैदावार में बढ़ोत्तरी हुई व पंजाब हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे इलाके समृद्ध हुए।

★ इसका नकारात्मक प्रभाव यह हुआ कि क्षेत्रीय व सामाजिक असमानता बढ़ी।

★ हरित क्रांति के कारण गरीब किसान व बड़े भूस्वामी के बीच अंतर बढ़ा जिससे वामपंथी संगठनों का उभार हुआ। मध्यम श्रेणी के भू-स्वामित्व वाले किसानों का उभार हुआ।

**श्वेत क्रान्ति :-**

★ 'मिल्कमैन ऑफ इंडिया' के नाम से मशहूर वर्गीज कुरियन ने गुजरात सहकारी दुग्ध एवं विपरण परिसंघ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 'अमूल' की शुरूआत की। इसमें गुजरात के 25 लाख दूध उत्पादक जुड़े। इस मॉडल के विस्तार को ही श्वेत क्रान्ति कहा गया।

★ **प्रमुख कृषि क्रान्ति व उनके उद्देश्य -**

हरित क्रान्ति -- खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना

श्वेत क्रान्ति -- दुग्ध उत्पादन बढ़ाना

पीली क्रान्ति -- तिलहन उत्पादन बढ़ाना।

नील क्रान्ति -- मत्स्य उत्पादन बढ़ाना।

★ पंचवर्षीय योजनाएँ :-

| **पंचवर्षीय योजनाएं** | **अवधि** | **उद्देश्य** |
|---|---|---|
| प्रथम | 1951-56 | कृषि विकास |
| द्वितीय | 1956-61 | औद्योगिक विकास |
| तृतीय | 1961-66 | खाद्यान्न आत्मनिर्भरता, बेरोजगारी उन्मूलन |

| | | |
|---|---|---|
| चौथी | 1969–74 | उत्पादन वृद्धि, आर्थिक स्थिरता |
| पांचवी | 1974–79 | आत्मनिर्भरता, निर्धनता दूर करना। |
| छठी | 1980–85 | उर्जा संसाधन विकास, कमजोर वर्ग की हित पूर्ति |
| सातवीं | 1985–90 | खाद्य उत्पादन, आधुनिकीकरण, ग्रामीण विकास |
| आठवीं | 1992–97 | रोजगार, स्वास्थ्य, साक्षरता |
| नौवीं | 1997–2002 | सामाजिक न्याय, 6.5 प्रतिशत आर्थिक विकास |
| दसवीं | 2002–2007 | सामाजिक–औद्योगिक विकास तथा 7 प्रतिशत आर्थिक विकास |
| ग्यारहवीं | 2007–2012 | उर्जा, रोजगार, 9 प्रतिशत विकास |
| बारहवीं | 2012–2017 | 8 प्रतिशत आर्थिक विकास |

**एक अंकीय प्रश्न :-**

1. द्वितीय पंचवर्षीय योजना का खाका किसने तैयार किया?
2. 'इकॉनोमी ऑफ परमानेंस' के लेखक कौन थे?
3. भारत में नियोजित विकास का प्रमुख लक्ष्य क्या था?
4. जोनिंग शब्द से क्या अभिप्राय है?
5. उड़ीसा में किस धातु के विशाल भण्डार उपलब्ध थे?
6. स्वतंत्रता के समय भारत के नीति–निर्माता किस मॉडल से प्रभावित थे?
7. मिल्क मैन ऑफ इंडिया के नाम से किसे जाना जाता है?
8. इलाकाबंदी (जोनिंग) की नीति से बिहार पर क्या प्रभाव पड़ा?
9. पी. सी. महालनोबीस कौन थे?
10. हरित क्रान्ति का जनक किसको माना जाता है?
11. नियोजन का एक लाभ लिखिए?
12. श्वेत क्रान्ति से आपका क्या अभिप्राय है?
13. स्वतंत्रता प्राप्ति के वर्षों में विकास का क्या अभिप्राय था?
14. हरित क्रान्ति से क्या तात्पर्य है?
15. पंचवर्षीय योजना का मॉडल भारत में किस देश से प्रेरित होकर अपनाया गया?

**सही विकल्प चुने-**

16. भारतीय उद्योगपतियों द्वारा नियोजित अर्थव्यवस्था चलाने के लिए एक संयुक्त प्रस्ताव तैयार किया गया था इस वर्ष में-

    (i) 1944 (ii) 1945 (iii) 1942 (iv) 1946

17. भारत में शुरूआती दौर में विकास की जो नीति अपनायी उसमें निम्नलिखित में से कौन सा विचार शामिल नहीं था।

    (i) नियोजन (ii) उदारीकरण (iii) सहकारी खेती (iv) आत्म निर्भरता

**दो अंकीय प्रश्न :-**

1. बाम्बे प्लान क्या था ?
2. विकास का केरल मॉडल क्या था ?
3. ऑपरेशन फ्लड का प्रमुख उद्देश्य क्या था ?
4. हरित क्रान्ति की शुरूआत किस परिस्थिति में की गई ?
5. भूमि सुधार के अन्तर्गत उठाए गए किन्हीं दो कदमों का उल्लेख कीजिए।
6. द्वितीय पंचवर्षीय योजना किस प्रकार प्रथम पंचवर्षीय योजना से भिन्न थी ?
7. 'जोनिंग' के कोई दो परिणामों का उल्लेख कीजिए।
8. भारत की अर्थव्यवस्था को मिश्रित अर्थव्यवस्था क्यों कहते है ?
9. ऐसे दो राज्यों के नाम लिखिए जहाँ HYV (High Yiedling Variety) बीजों का प्रयोग हुआ ?
10. पोस्कोप्लांट का आदिवासी तथा पर्यावरणविद् क्यों विरोध कर रहे थे ?
11. **सुमेलित कीजिए :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ) | चौधरी चरण सिंह | i) | औद्योगीकरण |
| ब) | पी.सी. महालनोबीस | ii) | इलाकाबन्दी |
| स) | वर्गीज कुरियन | iii) | किसान नेता |
| द) | बिहार का अकाल | iv) | सहकारी डेयरी |

**चार अंकीय प्रश्न :-**

1. वामपंथ व दक्षिण पंथ में क्या अन्तर हैं ?

2. मिश्रित अर्थव्यवस्था की आलोचना किस आधार पर की गई?
3. योजना आयोग के मुख्य कार्यों का वर्णन कीजिए।
4. भारत में खाद्यान्न संकट के क्या परिणाम हुए?
5. स्वतंत्रता के समय भारतीय अर्थव्यवस्था की कौन सी समस्याएँ थी।
6. भारत की मिश्रित अर्थव्यवस्था के मॉडल के मुख्य परिणामों का परीक्षण कीजिए।

**पाँच अंकीय प्रश्न :-**

1. कार्टून के आधार पर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें।




| | | |
|---|---|---|
| i) | प्रस्तुत चित्र में किस विवाद को इंगित किया गया है? | 2 |
| ii) | इस विवाद का समाधान किस प्रकार किया गया? | 1 |
| iii) | दोनों पक्ष की ओर से एक-एक तर्क दीजिए? | 2 |

2. विकास के दो जाने-माने मॉडल थे, भारत ने उनमें से किसी को नहीं अपनाया। पूंजीवादी मॉडल में विकास का काम पूर्णतया निजी क्षेत्र के भरोसे होता है। भारत ने यह रास्ता नहीं अपनाया था। भारत ने विकास का समाजवादी मॉडल भी नहीं अपनाया जिसमें हर तरह के उत्पादन पर राज्य का नियंत्रण होता है।

भारत ने दोनों मॉडलों को मिले-जुले रूप में लागू किया।

i) विकास के जाने माने मॉडल किन-किन देशों से प्रभावित थे?

ii) पूँजीवादी और समाजवादी मॉडल में क्या अंतर है?

iii) भारत ने कौन सी अर्थव्यवस्था अपनायी व क्यों?

3. दिए गए कार्टून पर आधारित निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिएः




i) इस कार्टून में वक्ता कौन है?

ii) कार्टून में दिखाए लोग क्या दर्शाते हैं?

iii) कार्टून किस योजना की बात कर रहा है? इसके मुख्य उद्देश्य क्या हैं?

## छः अंकीय प्रश्न :-

1. स्वतंत्रता के पश्चात भारत में अपनाए जाने वाले आर्थिक विकास के मॉडल से सम्बन्धित सहमति तथा असहमति के विभिन्न क्षेत्रों का परीक्षण कीजिए।

2. स्वतंत्रता के बाद से लागू पंचवर्षीय योजनाओं की क्या उपलब्धियाँ रही वर्णन कीजिए।

3. हरित क्रान्ति के सकारात्मक और नकारात्मक परिणामों का वर्णन कीजिए। (IMP)

4. आजादी प्राप्ति के बाद से भारत का विकास हो रहा है परन्तु फिर भी राष्ट्रीय एकीकरण के कुछ मुद्दे हल करना अभी बाकी है, उल्लेख कीजिए।

5. हरित क्रान्ति में उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए?

## एक अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. पी. सी. महालनोबीस
2. जे. सी. कुमारप्पा
3. आर्थिक विकास व सभी नागरिकों की भली।
4. इलाकाबंदी की नीति
5. लौह अयस्क
6. समाजवादी मॉडल
7. वर्गीज कुरियन
8. खाद्यान्न की उपलब्धता में कमी
9. दूसरी पंचवर्षीय योजना के योजनाकार, प्रसिद्ध अर्थशास्त्री
10. एम. एस. स्वामीनाथन
11. समय सीमा के भीतर उद्देश्य प्राप्त करना।
12. दूध व दूध से बनी वस्तुओं का उत्पादन बढ़ाना।
13. सबका समान विकास
14. खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना।
15. सोवियत संघ
16. 1944
17. उदारीकरण

## दो अंकीय प्रश्न के उत्तर :-

1. 1944 में उद्योगपतियों के समूह द्वारा देश में नियोजित अर्थव्यवस्था चलाने हेतु तैयार किया गया प्रस्ताव।
2. इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमिसुधार आदि पर जोर दिया गया।
3. दुग्ध उत्पादकों को उत्पादन व विपरण के एक राष्ट्रव्यापी तंत्र से जोड़ा गया।
4. सूखा व अकाल के कारण उत्पन्न खाद्य संकट, गेहूँ आयात व विदेशी मदद खासकर संयुक्त राज्य अमेरिका की।
5. जमीदारी प्रथा की समाप्ति व काश्तकारों को कानूनी सुरक्षा।
6. प्रथम पंचवर्षीय योजना कृषि आधारित, जबकि द्वितीय उद्योग आधारित थी। पहली पंचवर्षीय योजना का मूलमंत्र था धीरज लेकिन दूसरी योजना की

कोशिश तेज गति से संरचनात्मक बदलाव करने की थी।

7. विभिन्न राज्यों के बीच खाद्यान्न का व्यापार नहीं हो पा रहा था। बिहार (अकालग्रस्त) में खाद्यान्न उपलब्धता में भारी गिरावट आयी थी।

8. 'क्योंकि भारत में पूँजीवादी व समाजवादी मॉडल दोनों के मिले-जुले मॉडल के गुण हैं।

9. पंजाब व आन्ध्र-प्रदेश।

10. आदिवासियों को अपने आजीविका के छिन जाने व घर-बार से विस्थापित होने का डर था तथा पर्यावरणविदों का भय था कि खनन व उद्योग से पर्यावरण प्रदूषित होगा।

11. (अ) iii
    (ब) i
    (स) iv
    (द) ii

## चार अंकीय प्रश्न के उत्तर :-

1. वामपंथ - गरीब व पिछड़े सामाजिक समूह का पक्षधर
   लोक कल्याणकारी सरकारी नीति का समर्थक
   दक्षिणपंथ - खुली आर्थिक प्रतिस्पर्द्धा एवं बाजार मूलक अर्थव्यवस्था, अर्थव्यवस्था में गैर जरूरी हस्तक्षेप का विरोधी।

2. ★ निजी क्षेत्र को बढ़ावा नहीं
   ★ घरेलू बाजार प्रतिस्पर्द्धाविहीन हो गया
   ★ शिक्षा व चिकिस्ता में कम खर्च।
   ★ राज्य के हस्तक्षेप के कारण एक नये मध्य वर्ग का उदय

3. ★ देश के संसाधनों व पूँजी का अनुमान लगाना
   ★ विकास की योजना बनाना
   ★ विकास की प्राथमिकता निश्चित करना।
   ★ विकास योजना के बाधक कारकों का पता लगाना।
   ★ प्रगति की योजना का मूल्यांकन करना।

4. i) गेहूँ की आयात करना पड़ा।

ii) विदेशी मदद (USA) स्वीकार करनी पड़ी।

iii) खाद्यान्न आत्मनिर्भरता प्रदान करने की प्राथमिकता निश्चित की गई

iv) सरकार के विरूद्ध असंतोष बढ़ा

v) जनता का नियोजन से अविश्वास बढ़ा।

5. i) कमजोर अर्थव्यवस्था

ii) प्रतिव्यक्ति निम्न आय

iii) निम्न जीवर स्तर

iv) कृषि का प्रभुत्व

v) कृषि एवं उद्योगों का कम उत्पादन

6. i) कृषि व्यापार व उद्योगों का अधिकांश भाग निजी हाथों में छोड़ दिया गया।

ii) राज्य द्वारा निर्मित मुख्य भारी उद्योगों ने औद्योगिक ढाँचे, नियमित, व्यापार व कृषि में हस्तक्षेप किया। इससे निजी व सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में वृद्धि हुई और इसने भावी विकास का आधार बनाया।

**पाँच अंकीय प्रश्न के उत्तर :-**

1. i) सार्वजनिक व निजी क्षेत्र का विवाद

ii) मिश्रित अर्थव्यवस्था के द्वारा

iii) सार्वजनिक क्षेत्र - आधारभूत ढांचा प्रदान करना।

iv) निजी क्षेत्र - बाजार अर्थव्यवस्था का पक्षधर।

2. i) पूंजीवादी मॉडल- अमेरिका, समाजवादी मॉडल- सोवियत संघ

ii) पूँजीवादी मॉडल में निजी संपत्ति का अस्तित्व होता है जबकि समाजवादी मॉडल में उत्पादन व वितरण के साधनों पर राज्य का अस्तित्व होता है।

iii) भारत में मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया तथा अपने देश के विकास के लिए दोनों मॉडल में से कुछ-कुछ बातों को अपनाया तथा उन्हें मिले-जुले रूप से लागू किया।

3. (क) जबाहर लाल नेहरू

(ख) जनता गरीब की मार झेल रही थी, देश की आर्थिक स्थिति अभी भी सुधरी नहीं थी।

(ग) तृतीय पंचवर्षीय योजना की। इसका लक्ष्य कृषि व उद्योग की स्वायत्ता थी साथ ही आंतरिक व बाहरी संसाधनों का राष्ट्रीय विकास के लिए संग्रह करना था।

**छः अंकीय प्रश्न के उत्तर :-**

**1. सहमति के क्षेत्र :-**

i) भारत के विकास का अर्थ आर्थिक वृद्धि तथा सामाजिक न्याय होना चाहिए।

i) विकास के मुद्दे को केवल व्यापारियों, उद्योगपतियों व किसानो पर ही नहीं छोड़ा जा सकता है। अपितु सरकार को एक प्रमुख भूमिका निभानी चाहिये।

iii) गरीबी उन्मूलन तथा सामाजिक व आर्थिक वितरण के काम को सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी माना गया।

**असहमति के क्षेत्र :-**

i) सरकार द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका पर असहमति।

ii) यदि आर्थिक वृद्धि से असमानता हो तो न्याय की जरूरत से जुड़े महत्व पर असहमति।

iii) उद्योग बनाम् कृषि तथा निजी बनाम् सार्वजनिक क्षेत्र के जुड़े मुद्दे पर असहमति।

2. i) भारत के भविष्य की बुनियाद मजबूत

ii) भूमि सुधार प्रक्रिया आरम्भ।

iii) राष्ट्रीय आय में वृद्धि।

iv) सामाजिक न्याय स्थापित।

v) साक्षरता में वृद्धि

vi) उत्पादन में आत्मनिर्भरता।

3. **सकारात्मक परिणाम -**

i) खाद्यान्नों में आत्म निर्भरता

ii) ग्रामीण आय में वृद्धि।

iii) खाद्यान्न आयात न होने पर विदेशी मुद्रा भण्डार बढ़ा

iv) औद्योगीकरण की प्रक्रिया तेज।

v) रोजगार के अवसर बढ़े।

**नकारात्मक परिणाम :-**

i) क्षेत्रीय असमानता बढ़ी।

ii) छोटे किसान एवं कृषि मजदूरों को लाभ नहीं।

iii) अमीर गरीब का अन्तर बढ़ा।

iv) वामपंथी दलों की गतिविधियाँ तेज।

4. i) निरक्षरता ii) दरिद्रता

iii) जातिवाद iv) भाषावाद

5. स्मरणीय बिन्दु देखें।

अध्याय – 4

# भारत के विदेश संबंध

भारत बहुत चुनौतीपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों में आजाद हुआ था। उस समय लगभग संपूर्ण विश्व दो ध्रुवों मे बँट चुका था ऐसे में भारत के प्रधानमंत्री जवाहर ने बड़ी दूरदर्शिता के साथ भारत की विदेश नीति तय की।

**स्मरणीय बिन्दु :-**

-- भारत की विदेश नीति पर देश के पहले प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री पं जवाहर लाल नेहरू की अमिट छाप है। नेहरू जी की विदेश नीति के तीन मुख्य उद्‌देश्य थे।

1) संघर्ष से प्राप्त सम्प्रभुता को बचाए रखना।

2) क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखना।

3) तेज गति से आर्थिक विकास करना।



**पंचशील :-** 29 अप्रैल 1954 को भारत के प्रधानमंत्री पं नेहरू तथा चीन के प्रमुख चाऊ एन लाई के बीच द्विपक्षीय समझौता जिसके अग्रलिखित पांच बिन्दु है :-

i) एक दूसरे के विरूद्ध आक्रमण न करना।

ii) एक दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना।

iii) एक दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता का आदर करना।

iv) समानता और परस्पर मित्रता की भावना।

v) शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व

## गुट निरपेक्षता की नीति

अथक प्रयासों से मिली स्वतन्त्रता के पश्चात भारत के समक्ष एक बड़ी चुनौती अपनी संप्रभुता को बचाए रखने की थी। इसके अतिरिक्त भारत को तीव्र आर्थिक व सामाजिक विकास के लक्ष्य को भी प्राप्त करना था। अतः इन दोनों उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए भारत ने गुट निरपेक्षता की नीति को अपनी विदेश नीति के एक प्रमुख तत्व के रूप में अंगीकार किया।

इस नीति के द्वारा भारत जहाँ शीत युद्ध के परस्पर विरोधी खेमों तथा उनके द्वारा संचालित सैन्य संगठनों जैसे- नाटो, वारसा पेक्ट आदि से अपने को दूर रख सका। वहीं आवश्यकता पड़ने पर दोनों ही खेमों से आर्थिक व सामरिक सहायता भी प्राप्त कर सका।

एशिया तथा अफ्रीका के नव.स्वतन्त्र देशों के मध्य भविष्य में अपनी महत्वपूर्ण व विशिष्ट स्थिति की संभावना को भाँपते हुए भारत ने वि–औपनिवेशिकरण की प्रक्रिया का प्रबल समर्थन किया। इसी कड़ी में 1955 में इंडोनेशिया के शहर बांडुंग में एफ्रो–एशियाई सम्मेलन हुआ, जिसमें गुट निरपेक्ष आंदोलन की नींव पड़ी। सितंबर 1961 में बेलग्रेड में प्रथम गुट निरपेक्ष सम्मेलन के साथ इस आंदोलन का औपचारिक प्रारम्भ हुआ। वर्तमान समय में इस आंदोलन में तृतीय विश्व के 120 सदस्य देश हैं। सितंबर 2016 में गुट निरपेक्ष आंदोलन का 17वां सम्मेलन वेनेजुएला में सम्पन्न हुआ। 18वां सम्मेलन जून 2019 में अजरबैजान में प्रस्तावित है।

## -- भारत-चीन संबंध

- ★ 1949 में चीनी क्रांति के बाद चीन की कम्यूनिस्ट सरकार को मान्यता देने वाला भारत पहले देशों में एक था। नेहरू जी ने चीन से अच्छे संबंध बनाने की पहल की। उप-प्रधानमंत्री एवं तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने आशंका जताई कि चीन भारत पर आक्रमण कर सकता है। नेहरू जी का मत इसके विपरित यह था कि इसकी संभावना नहीं है।
- ★ जब 1950 में चीन ने तिब्बत पर अपना नियंत्रण जमा लिया। तिब्बती जनता ने इसका विरोध किया। भारत ने इसका खुला विरोध नहीं किया। तिब्बती धाार्मिक नेता दलाई लामा ने अपने अनुयायियों सहित भारत से राजनीतिक शरण मांगी और 1959 में भारत ने उन्हें राजनीतिक शरण दे दी। चीन ने भारत के इस कदम को अपने अंदरूनी मामलों में दखलंदाजी माना।
- ★ चीन और भारत के मध्य विवाद का दूसरा बड़ा कारण सीमा-विवाद था। चीन, जम्मू-कश्मीर के लद्दाख वाले हिस्से के अक्साई-चीन और अरूणाचल प्रदेश के अधिकतर हिस्सों पर अपना अधिकार जताता है।
- ★ 1962 में चीन ने भारत पर हमला कर दिया। भारतीय सेना ने इसका कड़ा प्रतिरोध किया। परन्तु चीनी बढ़त रोकने में नाकामयाब रहे। आखिरकार चीन ने एक तरफा युद्ध विराम घोषित कर दिया।
- ★ चीन से हारकर भारत की खासकर नेहरू जी की छवि को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बहुत नुकसान हुआ।
- ★ 1962 के बाद भारत-चीन संबंधों को 1976 में राजनयिक संबंध बहाल कर शुरू किया गया।
- ★ 1979 में श्री अटल बिहारी वाजपेयी (विदेश मंत्री) तथा श्री राजीव गांधी ने 1962 के बाद पहले प्रधानमंत्री के तौर पर चीन की यात्रा की परन्तु चीन के साथ व्यापारिक संबंधों पर ही ज्यादा चर्चा हुई।
- ★ 2003 में भी अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री के तौर पर चीन की यात्रा की जिसमें प्राचीन सिल्करूट (नाथूला दर्रा) को व्यापार के लिए खोलने पर सहमति हुई जो 1962 से बंद था। इससे यह मान्यता भी मिली कि चीन सिक्किम को भारत का अंग मानता है।

★ चीन द्वारा अरूणाचल प्रदेश में अपनी दावेदारी जताने, पाकिस्तान से चीन की मित्रता एवं भारत के खिलाफ चीनी मदद से भारत चीन संबंध खराब होते है। चीन और भारत सीमा विवाद सुलझाने के लिए प्रयत्नशील है।

★ सन् 2014 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत का दौरा किया। इसमें मुख्य समझौता कैलाश मानसरोवर यात्रा हेतू वैकल्पिक सुगम सड़क मार्ग खोलना था।

★ मई 2016 में भारत के राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी चीन यात्रा पर गए है यह यात्रा चीन द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ में पाकिस्तान के आतंकवादी अजहर मसूद के पक्ष में वीटो करने तथा परमाणु आपूर्ति समूह (एनएसजी) द्वारा यूरेनियम की भारत को आपूर्ति से पहले चीन द्वारा भारत को एनपीटी पर हस्ताक्षर करने के लिए बाध्य करने जैसे जटिल मुद्दों की छाया में हो रही है।

★ भारत व चीन के मध्य संबंधों को सकारात्मक रूप देने के लिए भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा चीन के राष्ट्रपति शी जिंनपिंग के द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं।

दोनों देश शांति व पारदर्शिता (भारत चीन सीमा पर) बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

★ भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा P2P (People to People) संबंधों पर **STRENGTH** की संकल्पना के आधार पर जोर दिया जा रहा है।

S–Spirituality आध्यात्मिकता T–Tradition, Trade, Technalogy (रीतियाँ, व्यापार, तकनीक) R-Relationship (संबंध) Entertainment (Art, movies) मनोरंजन (कला व सिनेमा) N–Nature Conservation (प्रकृति का संरक्षण) G-Games (खेल), T-Tourism (पर्यटन), H-Health & Healing (स्वास्थ्य व निदान)।

भारत व चीन के मध्य डोकलाम क्षेत्र में सैनिक तनातनी 16 June 2017 को शुरू हुई थी दोनों देशों के आपसी कूटनीतिक प्रयासों से यह सैन्य तनातनी 28 August 2017 को समाप्त हो गई।

★ हाल ही में चीन द्वारा भारत की ओर से निरंतर की जाने वाली मांग को मानते हुए पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश–ए–मुहम्मद के सरगना अजहर

मसूद को वैश्विक आतंकी घोषित करने के सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दी गयी, जिसे भारत-चीन सम्बन्धों के मध्य सुधार के रूप में देखा जा सकता है।

-- **भारत-पाकिस्तान संबंध**

★ भारत विभाजन (1947) द्वारा पाकिस्तान का जन्म हुआ। पाकिस्तान के साथ भारत के संबंध शुरू से ही कड़वे रहे है। कश्मीर मुद्‌दे पर 1947 में ही दोनों देशों की सेनाओं के बीच छाया-युद्ध छिड़ गया। इसी छाया युद्ध में पाकिस्तान ने कश्मीर के एक बड़े भाग पर अनाधिकृत कब्जा जमा लिया।

★ सरक्रीक रेखा, सियाचिन ग्लेशियर, सीमापार आतंकवाद और कश्मीर दोनों के मध्य विवाद के मुख्य कारण है।

★ 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता में दोनों के बीच सिंधु नदी जलसंधि की गई। इस पर पं नेहरू और जनरल अयूब खाँ ने हस्ताक्षर किए। विवादों के बावजूद इस संधि पर ठीक-ठाक अमल रहा है।

★ 1965 में पाकिस्तान ने भारत पर हमला कर दिया। ततकालीन प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री ने ''जय जवान, जय किसान'' का नारा दिया। इस समय भारत में अकाल की स्थिति भी थी। हमारी सेना लाहौर के नजदीक तक पहुँच गई थी।

★ संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) के हस्तक्षेप से युद्ध समाप्त हुआ। 1966 में ताशकंद समझौता हुआ जिसमें भारत की ओर से श्री लाल बहादुर शास्त्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल अयूब खाँ ने हस्ताक्षर किए।

★ 1970 में पाकिस्तान के पहले आम चुनावों में पश्चिमी पाकिस्तान में पीपीपी के जुल्फिकार अली भुट्‌टो जबकि पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में अवामी लीग के शेख-मुजीबुर्रहमान (बंग-बंधु) विजयी हुए। दोनों भागों में संस्कृति एवं भाषा को लेकर गंभीर मतभेद थे। अवामी लीग ने एक परिसंघ बनाने की मांग रखी।

★ पाकिस्तान द्वारा पूर्वी पाकिस्तान में दमन के विरोध में जनता ने विद्रोह कर दिया। शेख मुजीब गिरफ्तार कर लिए गए। 80 लाख बांग्लादेशी शरणार्थी भारत में घुस आए। प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी ने इस मुक्ति संग्राम को अपना नैतिक एवं भौतिक समर्थन दिया।

- ★ 1971 में पाकिस्तान को चीन तथा अमेरिका से मदद मिली। इस स्थिति में श्रीमति इंदिरा गांधी ने सोवियत संघ के साथ 20 वर्षीय मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किए।
- ★ 1971 में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ पूर्णव्यापी युद्ध छेड़ दिया। भारत विजयी हुआ। पाकिस्तानी सेना ने 90000 सैनिकों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। नये देश बांग्लादेश का उदय हुआ।
- ★ 1972 में शिमला समझौता हुआ इस पर भारत की ओर से प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी और पाकिस्तान की ओर से जुल्फिकार अली भुट्टो ने हस्ताक्षर किए।
- ★ 1999 में भारत ने पाकिस्तान से संबंध सुधारने की पहल करते हुए दिल्ली–लाहौर बस सेवा शुरू की परन्तु पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ कारगिल संघर्ष छेड़ दिया।
- ★ कारगिल में अपने को मुजाहिद्दीन कहने वालों ने सामरिक महत्व के कई इलाकों जैसे द्रास, माश्कोह, वतालिक आदि पर कब्जा कर लिया। भारतीय सेना ने बहादुरी से अपने इलाके खाली करा लिए।
- ★ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की भारत यात्राा तथा भारतीय प्रधनमंत्राी नरेन्द्र मोदी की पाकिस्तान यात्रा दोनों देशो के बीच संबधों को सुधारने के लिए की गयी। लेकिन पाकिस्तान की और से सीजफ़ायर का उल्लंघन व आतंकी घुसपैठ की कार्यवाही ने दोनों देशों के संबंधों में कटुता बनी रही।
- ★ 2016 में उरी में सेना मुख्यालय पर पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा किए गए आतंकी हमले ने तथा जवाब में भारत की ओर से की गयी सैन्य कार्यवाही ने दोनों देशों के मध्य कटुता को और अधिक बढ़ा दिया। 2018 में पाकिस्तान में इमरान खान के नेतृत्व में नव–निर्वाचित सरकार के साथ भारत सरकार द्वारा किए गए शांतिप्रयासों के बाद भी पाकिस्तान की ओर से निरंतर संघर्ष विराम के उल्लंघन तथा आतंकी घुसपैठ के कारण दोनों देशों के मध्य सम्बन्धों में सुधार की संभावनाएं निरंतर कम हुई हैं। जनवरी 2019 में जम्मू–कश्मीर में सी आर पी एफ के जवानों पर पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा आत्मघाती हमला किया गया जिसके जवाब में भारतीय

वायुसेना द्वारा की गयी कार्यवाही ने दोनों देशों के मध्य युद्ध की स्थितियाँ उत्पन्न की। इसके अतिरिक्त भारत ने पाकिस्तान को सन् 1996 में दिया सर्वाधिक वरीय राष्ट्र (MFN) का दर्जा भी छीन लिया।

-- **भारत का परमाणु कार्यक्रम**

★ मई 1974 में पोखरण में भारत ने अपना पहला परमाणु परीक्षण किया फिर मई 1998 में पोखरण में ही भारत ने पाँच परमाणु परीक्षण कर स्वयं को परमाणु सम्पन्न घोषित कर दिया। इसके तुरंत बाद पाकिस्तान ने भी परमाणु परीक्षण कर स्वयं को परमाणु शक्ति घोषित कर दिया।

★ इन परीक्षणों के कारण क्षेत्र में एक नए प्रकार का शक्ति संतुलन बन गया। दोनों देशों पर अमेरिका सहित कई देशो ने आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए।

★ भारत ने 1968 की परमाणु अप्रसार संधि एवं 1995 की ''व्यापक परीक्षण निषेध संधि "CTBT" पर हस्ताक्षर नहीं किए क्योंकि भारत इन्हें भेदभावपूर्ण मानता है।

-- **भारत की परमाणु नीति**

★ भारत शांतिपूर्ण कार्यों हेतू परमाणु शक्ति का प्रयोग करेगा।

★ भारत अपनी सुरक्षा तथा आवश्यकतानुसार परमाणु हथियारों का निर्माण करेगा।

★ भारत परमाणु हथियारों का प्रयोग पहले नहीं करेगा।

★ परमाणु हथियारो को प्रयोग करने की शक्तिसर्वोच्च राजनीतिक सत्ता के हाथ होगी।

★ भारतीय विदेश नीति के बारे में राजनीतिक दल थोड़े बहुत मतभेदों के अलावा राष्ट्रीय अखण्डता, अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा की सुरक्षा तथा राष्ट्रीय हितों के मसलों पर व्यापक सहमति है।

★ 1991 में शीतयुद्ध की समाप्ति के बाद विदेश नीति का निर्माण अमेरिका द्वारा पोषित उदारीकरण व वैश्वीकरण को ध्यान में रखकर किया जाने लगा तथा क्षेत्रीय सहयोग को भी विशेष महत्व दिया गया।

**एक अंकीय प्रश्न :-**

1. भारत की विदेश नीति की कोई दो विशेषताएँ बताइयें ?
2. जवाहर लाल नेहरू ने पंचशील की घोषणा कब की ?
3. भारत द्वारा गुट निरपेक्षता की नीति अपनाए जाने का क्या कारण था ?

4. भारत चीन युद्ध कब हुआ ?
5. ‘नेफा’ किस राज्य को कहा जाता है ?
6. NPT का शब्द विस्तार लिखो ?
7. भारत ने 1959 में किसे राजनीतिक शरण दी ?
8. भारत ने अपना प्रथम परमाणु परीक्षण कब और कहाँ किया ?
9. बंगबंधु उपनाम से किसे जाना जाता है ?
10. बांग्लादेश कब अस्तित्व में आया ?
11. NATO का शब्द विस्तार लिखो ?
12. भारत ने अपना दूसरा परमाणु परीक्षण कब और कहाँ किया ?
13. कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र संघ ने कब अपनी ‘विवादित क्षेत्र’ सूची से निकाल दिया ?
14. निम्न वाक्यों में से कौन सा असत्य है।
i) गुटनिरपेक्षता की नीति अपनाने के कारण भारत, सोवियत संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका, दोनों की सहायता हासिल कर सका।
ii) भारत ने 1968 में परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था।
iii) शीतयुद्ध का प्रभाव भारत-पाक संबंधों पर भी पड़ा।
iv) भारत और अमेरिका ने 20 सूत्रीय संधि पर हस्ताक्षर किए।
15. अरूणाचल प्रदेश को उस समय......................... कहा जाता था।
16. मैकमोहन सीमा रेखा किन दो देशों को मध्य खीचीं गई।
17. गुट निरपेक्ष देशों की वर्तमान सदस्य संख्या बताइए।
18. सिन्धु नदी जल समझौता किन दो राष्ट्रो के मध्य हुआ।

**दो अंकीय प्रश्न :-**

1. पंचशील समझौते पर किन नेताओं ने हस्ताक्षर किए ?
2. भारत-चीन के मध्य विवाद के कोई दो विषयों का उल्लेख करो।
3. ताशकंद समझौता किन दो देशों के मध्य हुआ और कब ?
4. भारत और पाकिस्तान के मध्य सिंधु नदी जल बंटवारा संधि कब हुई। इस संधि में किसने मध्यस्थता की भूमिका निभाई ?

5. भारत ने CTBT पर हस्ताक्षर करने से क्यों मना कर दिया?
6. शिमला समझौता कब तथा किसके बीच हुआ।
7. भारत ने एक बीस वर्षीय संधि किस देश के साथ और क्यों की?
8. भारत चीन के मध्य प्राचीन सिल्क रूट व्यापार के लिए खोल दिया गया? यह कौन सा रूट है?
9. शिमला समझौते के कोई दो प्रमुख प्रावधान बताइए?
10. सही मिलान करो।

| | **कॉलम (क)** | | **कॉलम (ख)** |
|---|---|---|---|
| i) | 1950-64 के दौरान भारत की विदेश नीति का लक्ष्य | ए) | तिब्बती धार्मिक नेता जो सीमा पार करके भारत चले आए। |
| ii) | पंचशील | बी) | श्रेत्रीय अखंडता और सम्प्रभुता की रक्षा तथा आर्थिक विकास |
| iii) | बांडुंग सम्मेलन | सी) | शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पाँच सिद्धांत |
| iv) | दलाई लामा | डी) | इसकी परिणति गुटनिरपेक्ष आंदोलन में हुई। |

**चार अंकीय प्रश्न :-**

1. पंचशील के कोई चार सिद्धांत बताओ?
2. अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा क प्रोत्साहन हेतु, भारत के संविधान में दिए गए किन्हीं चार राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतो को सूचीबद्ध कीजिए।
3. भारत के परमाणु कार्यक्रम की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। (IMP)
4. विदेश नीति के मसले पर सभी दलों में एक सर्वसहमति है। टिप्पणी करो?
5. 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत ने गुटनिरपेक्षता की नीति का त्याग कर दिया। इस कथन का आलोचनात्मक विश्लेषण करो।

**पाँच अंकीय प्रश्न :-**

1. निम्नलिखित अवतरणों को पढ़ कर और अग्रलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। ''भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने राष्ट्रीय ऐजेंडा तय करने में निर्णायक भूमिका निभाई। वे प्रधानमंत्री के साथ-साथ विदेश मंत्री भी थे।

प्रधानमंत्री और विदेशमंत्री के रूप में 1946 से 1964 तक उन्होंने भारत की विदेश नीति की रचना एवम् क्रियान्वयन पर गहरा प्रभाव डाला।

i) नेहरू जी ने विदेश नीति के उद्देश्यों की पूर्ति हेतू कौन सी नीति अपनाई ? (2)

ii) भारत के प्रथम विदेश मंत्री कौन थे ? (1)

iii) नेहरू जी की विदेश नीति के विरोध में कौन से दल व नेता थे और वह क्या चाहते थे ? (2)

2. 1962 के युद्ध में भारत को सैनिक पराजय झेलनी पड़ी और भारत-चीन सम्बन्धों पर इसका दीर्घकालिक असर हुआ। 1976 तक दोनों के बीच कूटनीतिक सम्बन्ध समाप्त ही रहे। इसके बाद धीरे-धीरे दोनों के बीच में भी अब वैचारिक मुद्दों की जगह व्यावहारिक मुद्दे प्रमुख होते गए। इसलिए चीन भारत के साथ सम्बन्ध सुधारने के लिए विवादास्पद मामलों को छोड़ने को तैयार हो गया। 1981 में सीमा-विवादों को दूर करने के लिए वार्ताओं की श्रृंखला भी शुरू की गई।

i) 1962 के संघर्ष के परिणामस्वरूप, भारत के सैनिक पराजय क्यों झेलनी पड़ी ?

ii) भारत और चीन के सम्बन्ध धीरे–धीरे कब सुधरने प्रारम्भ हुए।

iii) सत्तर के दशक में चीन की नीति में क्या परिवर्तन हुआ ?

## छः अंकीय प्रश्न :-

1. किसी राष्ट्र का राष्ट्रीय नेतृत्व किस तरह उस राष्ट्र की विदेश नीति को प्रभावित करता है ? भारत की विदेश नीति से कोई दो उदाहरण देते हुए संक्षेप में व्याख्या कीजिए।
2. 1977 के पश्चात् विश्व राजनीति में आए नाटकीय बदलावों का भारत की विदेश नीति पर पड़े प्रभावों का वर्णन करो।
3. भारत-चीन संबंधों में मतभेद और सहमति के बिन्दु बताइए। (IMP)
4. भारत की विदेश नीति के मुख्य सिद्धांत बताइए। (IMP)
5. भारत द्वारा परमाणु नीति एवं कार्यक्रम अपनाने के कोई चार कारण लिखिए।

**एक अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. गुट निरपेक्षता और पंचशील
2. 1954 में
3. विश्व में चल रही गुटबाजी में न पड़कर स्वतन्त्रतापूर्वक विकास करने के लिए गुटनिरपेक्षता की नीति अपनाई।
4. 1962
5. अरूणाचल प्रदेश को
6. परमाणु अप्रसार संधि।
7. तिब्बती धर्मगुरू दलाई लामा को
8. 1974 में राजस्थान के पोखरण में
9. शेख मुजीबुर्रहमान
10. 1971
11. उत्तर अटलांटिक संधि संगठन
12. 1998 में राजस्थान के पोखरण में पाँच परमाणु परीक्षण।
13. 2010
14. (iv) भारत और अमेरिका ने 20 सूत्रीय संधि पर हस्ताक्षर किए।
15. नेफा या उत्तर पूर्वी सीमांत
16. भारत एवं चीन
17. 120 सदस्य
18. भारत एवं पाकिस्तान

**दो अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. भारत के प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू और चीन के प्रमुख चाऊएन लाई।
2. तिब्बत, अरूणाचल प्रदेश सहित पूर्वोतर भारत में सीमा विवाद।
3. भारत और पाकिस्तान 1966
4. 1960, विश्व बैंक
5. क्योंकि भारत मानता है कि यह संधि भेदभाव पूर्व है।
6. 1972, भारत व पाकिस्तान के मध्य।

7. 1971 में सोवियत संघ के साथ क्योंकि भारत अमेरिका चीन और पाकिस्तान की धुरी तोड़ना चाहता था।

8. सिक्किम और तिब्बत के मध्य नाथूला दर्रा द्वारा।

9. विवादों का शांतिपूर्ण समाधान, बल प्रयोग नहीं, LOC को मान्यता, संचार साधनों की स्थापना।

10. i) बी ii) सी iii) डी iv) ए

## चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. गुटनिरपेक्षता, पंचशील, क्षेत्रीय अखंडता और तेज गति से आर्थिक विकास।

2. देखे स्मरणीय बिंदु।

3. 1. अन्तर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा को बढ़ावा देना
   2. विभिन्न देशों के बीच पाये जाने वाले संबंधों को मजबूत करना।
   3. अर्त्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जिम्मेदारियों को निभाना
   4. अंतर्राष्ट्रिय कानूनों के प्रति सम्मान प्रकट करना।

4. -- 1940 के दशक में होमी जहाँगीर भाभा के निर्देशन में शुरूआत।
   -- 1974 में पहला तथा 1998 में दूसरा परमाणु परीक्षण पोखरण में।
   -- NPT और CTBT का विरोध।
   -- परमाणु नीति की घोषणा एवं शांतिपूर्ण कार्यों के लिए परमाणु शक्ति का प्रयोग।

5. देखे स्मरणीय बिन्दु।

6. स्वयं उत्तर दें।

## पाँच अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. i) गुट निरपेक्षता की नीति
   ii) पं जवाहर लाल नेहरू
   iii) भारतीय जनसंघ, स्वतंत्र पार्टी तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर। ये अमेरिका से नजदीकियाँ बढ़ाने के पक्षधर थे।

2. i) 1962 में भारत को पराजय इसलिए झेलनी पड़ी क्यांकि भारत की सैनिक तैयारी अच्छी नहीं भी तथा राजनैतिक नेतृत्व इस मुद्दे पर गंभीर नहीं था।

ii) भारत और चीन के सम्बन्ध 1976 के बाद धीरे-धीरे सुधरने प्रारम्भ हुए।

iii) सत्तर के दशक में चीन में राजनैतिक परिवर्तन हुआ तथा अब उसकी नीति में वैचारिक मुद्दों की जगह व्यावहारिक मुद्दों ने ले ली।

## छः अकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. -- नेतृत्व करने वाले दल की विचारधारा का प्रभाव।
   -- दल के ऐतिहासिक चरित्र का प्रभाव।
   -- नेहरू जी द्वारा गुटनिरपेक्षता की नीति का पालन करना।
   -- प्रधानमंत्री श्री राजीवगांधी द्वारा पड़ोसी देशों से संबंध सामान्य बनाना।
   -- वाजपेयी द्वारा परमाणु नीति की घोषणा।
2. -- जनता पार्टी सरकार द्वारा सच्ची गुटनिरपेक्षता नीति का पालन।
   -- सोवियत संघ के प्रति झुकाव का अंत।
   -- चीन व अमेरिका के साथ संबंधो में सुधार।
   -- क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने पर जोर।
   -- सैन्य हितों के स्थान पर आर्थिक हितों पर जोर।
   -- 1990 के दशक में अमेरिका समर्थित नीतियों की आलोचना।
3. मतभेद :- सीमा विवाद, पाकिस्तान को भारत विरोधी गतिविधियों में समर्थन, तिब्बत विवाद आदि।

   सहमति :- पर्यावरण मुद्दों पर विकसित देशों के खिलाफ, WTO में विकासशील देशों का पक्ष, आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर सहमति।
4. देखे स्मरणीय बिन्दु
5. देखे स्मरणीय बिन्दु

अध्याय – 5

# कांग्रेस प्रणालीः चुनौतियाँ व पुर्नस्थापना

---

**नेहरू की मृत्यु के बाद कांग्रेस के समक्ष कई चुनौतियाँ आयी जो निम्नलिखित है।**

1. **राजनैतिक उत्तराधिकार की चुनौती**

   1964 के मई में जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद लाल बहादुर शास्त्री 1966 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। शास्त्री जी का 10 जनवरी 1966 को ताशकंद में निधन हो गया। शास्त्री जी की मृत्यु के बाद मोरारजी देसाई व इंदिरा गांधी के मध्य राजनैतिक उत्तराधिकारी के लिये संघर्ष हुआ व इंदिरा गाँधी को प्रधानमंत्री बनाया गया। सिंडिकेट ने इंदिरा गाँधी को अनुभवहीन होने के बावजूद प्रधानमंत्री बनाने में समर्थन दिया, यह मान कर वे दिशा निर्देशन के लिये सिंडीकेट पर निर्भर रहेंगी।

   नेतृत्व के लिये प्रतिस्पर्धा के बावजूद पार्टी में सत्ता का हस्तांतरण बड़े शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।

2. **चौथा आम चुनाव 1967 :-**

   मानसून की असफलता, व्यापक सूखा, विदेशी मुद्रा भंडार में कमी, निर्यात में गिरावट तथा सैन्य खर्चे में बढ़ोत्तरी से देश में आर्थिक संकट की स्थिति।

   -- विपक्षी दलों ने जनता को लामबंद करना शुरू कर दिया ऐसी स्थिति में अनुभवहीन प्रधानमंत्री का चुनावों का सामना करना भी एक बड़ी चुनौती थी।

   -- चुनावों के नतीजों को राजनैतिक भूकम्प का संज्ञा दी गयी। कांग्रेस 9 राज्यों (उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बिहार, पं.बंगाल, उड़ीसा, मद्रास व केरल) में सरकार नहीं बना सकी। ये राज्य भारत के किसी एक भाग में स्थित नहीं थे।

3. **कांग्रेस का विभाजन :-** सिंडीकेट व इंदिरा गांधी के मध्य बढ़ते मतभेद व राष्ट्रपति चुनाव (1969) में इंदिरा गांधी समर्थित उम्मीदवार वी.वी. गिरी की जीत व कांग्रेस के अधिकारिक उम्मीदवार एन.सजीव रेड्डी की हार से

कांग्रेस को 1969 में कांग्रेस को विभाजन की चुनौती झेलनी पड़ी। कांग्रेस (आर्गेनाइजेशन) व कांग्रेस (रिक्विजिनिस्ट) में विभाजित हो गयी।

**निष्कर्षः-**

1971 के चुनावों में इंदिरा गांधी ने अपने जनाधार की खोयी हुयी जमीन को पुनः प्राप्त करते हुये, गरीबी हटाओ के नारे से कांग्रेस को एक बार पुनः स्थापित कर दिया।

## स्मरणीय बिन्दु

★ लाल बहादुर शास्त्री 1964 से 1966 तक प्रधानमंत्री रहे। इस अवधि में देश ने दो चुनौतियों का सामना किया

-- 1965 का भारत-पाकिस्तान युद्ध

-- खाद्यान्न का संकट (मानसून की असफलता से)

★ इन चुनौतियों से निपटने के लिये शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान का नारा दिया।

★ 1965 के युद्ध की समाप्ति के सिलसिले में 1966 में सोवियत संघ के ताशकंद (वर्तमान में उज्बेकिस्तान की राजधानी) में भारत व पाकिस्तान के मध्य ताशकंद समझौता हुआ। ताशकंद समझौते पर भारत की तरफ से लाल बहादुर शास्त्री व पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद अयूब खान ने हस्ताक्षर किये।

★ 1960 के दशक को खतरनाक दशक भी कहा जाता है क्योंकि इस दौरान भारत ने दो युद्धो (1962 भारत चीन तथा 1965 में भारत व पाकिस्तान के मध्य) का सामना किया तथा देश में मानसून की असफलता से सूखे की स्थिति।

★ चौथे आम चुनाव के दौरान देश की आर्थिक स्थिति डॉवाडोल थी, मँहगाई बढ़ गयी थी, बढ़ती बेरोजगारी खाद्यान्न की कमी के चलते जन विरोध धीरे-धीरे उग्र रूप धारण करने लगा।

★ जो दल अपने कार्यक्रम व विचारधाराओं के धरातल पर एक दूसरे से अलग थे, एकजुट हुये तथा उन्होंने सीटों के मामले में चुनावी तालमेल करते हुये एक कांग्रेस विरोधी मोर्चा बनाया। समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया ने **इस रणनीति को गैर-कांग्रेसवाद का नाम दिया।**

★ चुनावों के जनादेश को 'राजनैतिक भूकम्प' की संज्ञा दी गयी क्योंकि कांग्रेस पहली बार चुनाव हारी थी। उसे प्राप्त वोटों के प्रतिशत व सीटो की संख्या में कमी आयी थी।

★ 1967 के चुनावों से राज्यों में गठबंधन की परिघटना सामने आयी। गैर कांग्रेसी पार्टियों ने एक जुट होकर SVD (संयुक्त विधायक दल) बनाया। पंजाब में बनी SVD की सरकार को "Popular United Front" कहा गया।

★ **दल बदल** - जब कोई जन प्रतिनिधि किसी खास दल के चुनाव चिह्न पर चुनाव जीत जाये व चुनाव जीतने के बाद उस दल को छोड़कर दूसरे दल में शामिल हो जाये तो इसे दल-बदल कहते हैं।

★ 1967 के चुनावों के बाद काग्रेस के एक विधायक (हरियाणा) गयालाल ने एक पखवाड़े में तीन बार पार्टी बदली, उनके ही नाम पर 'आयाराम-गयाराम' का जुमला बना। यह जुमला दल बदल की अवधारणा से संबंधित हैं।

★ कांग्रेस के भीतर प्रभावशाली व ताकतवर नेताओं के समूह को अनौपचारिक तौर पर सिंडिकेट कहा जाता था। इस समूह के नेताओं का पार्टी के संगठन पर नियंत्रण था।

| | **सिंडिकेट के नेता** | **राज्य** |
|---|---|---|
| 1. | के. कामराज<br>(Mid day Meal शुरू कराने के लिये प्रसिद्ध) | मद्रास |
| 2. | एस. के. पाटिल | बम्बई (मुंबई) शहर |
| 3. | के.एस. निज लिंगप्पा | मैसूर (कर्नाटक) |
| 4. | एन. सजीव रेड्डी | आंध्र प्रदेश |
| 5. | अतुल्य घोष | पश्चिम बंगाल |

★ **1969 का राष्ट्रपति चुनाव** - डा. जाकिर हुसैन की मृत्यु के बाद, सिंडिकेट ने तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष एन. संजीव रेड्डी को कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया। इंदिरा गांधी ने तत्कालीन उपराष्ट्रपति वी.वी. गिरि को स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में राष्ट्रपति पद के लिये नामांकन

भरवा दिया। इंदिरागांधी ने अंतरात्मा की आवाज पर वोट देने के लिये कहा, वी.वी. गिरी चुनाव जीत गये।

★ 1969 में राष्ट्रपति पद के चुनावों के बाद कांग्रेस का विभाजन हो गया।

Congress

| Cong 'O' | Cong. (R) |
|---|---|
| (सिंडिकेट समर्थित ग्रुप) | (इंदिरा गांधी समर्थित ग्रुप) |

★ देसी रियासतों का विलय भारतीय संघ में करने से पहले सरकार ने रियासतों के तत्कालीन शासक परिवार को निश्चित मात्रा में निजी संपदा रखने का अधिकार दिया तथा सरकार की तरफ से कुछ विशेष भत्ते देने का भी आवश्वासन दिया। यह दोनों (निजी संपदा व भत्ते) इस बात को आधार मान कर तय की जायेगी कि उस रियासत का विस्तार, राजस्व व क्षमता कितनी है। इस व्यवस्था को प्रिवी पर्स कहा गया)

★ इंदिरा गांधी ने 1967 के चुनावों की खोई जमीन प्राप्त करने के लिये दस सूत्रीय कार्यक्रम अपनाये इसमें बैंको का राष्ट्रीयकरण, खाद्यान्न का सरकारी वितरण, भूमि सुधार आदि शामिल थे।

★ 1971 के चुनावों में गैर-साम्यवादी तथा गैर-कांग्रेसी विपक्षी पार्टियों ने चुनावी गठबंधन ''**ग्रैंड अलायंस**'' बनाया।

★ इंदिरा गांधी ने सकारात्मक कार्यक्रम रखा व **गरीबी हटाओ** का नारा दिया। ग्रैंड अलायंस ने '**इंदिरा हटाओ**' का नारा दिया।

★ इंदिरा गांधी ने प्रिसी पर्स की समाप्ति पर चुनाव अभियान में जोर दिया।

★ **चुनाव परिणाम**

| | | |
|---|---|---|
| कांग्रेस 'आर' व सी.पी. आई | -- | 375 सीट |
| गठबंधन | -- | 352 कांग्रेस R+23 कप्युनिस्ट पार्टी |
| कांग्रेस 'O' | -- | 16 सीट |
| ग्रैंड अलायंस | -- | 40 से भी कम सीट |

## ★ कांग्रेस प्रणाली का पुर्नस्थापन

-- अब कांग्रेस पूर्णतया अपने सर्वोच्च नेता की लोकप्रियता पर अधारित थी।

-- कांग्रेस अब विभिन्न मतों व हितो को एक साथ लेकर चलने वाली पार्टी नहीं थी।

-- यह कुछ सामाजिक वर्गो जैसे गरीब, महिला, दलित, आदिवासी व अल्पसंख्यकों पर निर्भर थी।

-- इंदिरा गांधी ने कांग्रेस को पुर्नस्थापित तो कर दिया परन्तु कांग्रेस प्रणाली की प्रकृति को बदलकर।

-- पार्टी का सांगठनिक ढाँचा भी अपेक्षाकृत कमजोर था।

Politics of Garibi Hatao - 'गरीबी हटाओ' का नारा तथा इससे जुड़ा कार्यक्रम इंदिरा गांधी की राजनैतिक रणनीति थी। इसके सहारे वे अपने लिये देशव्यापी राजनीतिक सर्मथन की बुनियाद तैयार करना चाहती थी। इससे इंदिरा गांधी ने वंचित तबको खासकर भूमिहीन किसान, दलित और आदिवासी, अल्पसंख्यक, महिला और बेरोजगार नौजवानों के बीच अपने सर्मथन का आधार तैयार करने की कोशिश की। परिणाम स्वरूप 1971 के चुनावों में पूर्णबहुमत प्राप्त किया।

## एक अंक वाले प्रश्न :-

1. 'जय जवान-जय किसान' का नारा किसने दिया?
2. ताशकंद समझौता किन देशों के मध्य हुआ?
3. इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री बनवाने में किसने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी?
4. इंदिरा गाँधी प्रधानमंत्री बनने से पूर्व किस राजनीतिक पद पर कार्यरत थी?
5. किस गैर कांग्रेसी दल को किसी राज्य में पूर्ण बहुमत मिला?
6. 1967 के चुनाव परिणामों ने किस प्रकार की राजनीति को जन्म दिया?
7. 'दोपहर का भोजन' स्कूली बच्चों के लिये यह योजना किसने लागू की?
8. 1969 के राष्ट्रपति पद के चुनाव के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष कौन थे?
9. गैर-कांग्रेसवाद' यह नाम किस नेता द्वारा दिया गया?
10. कांग्रेस में विभाजन कब हुआ?

11. 1967 के चुनावों में दूसरी बड़ी पार्टी कौन सी थी?
12. नेहरू की मृत्यु के पश्चात् भारत का प्रधानमंत्री कौन बना?
13. 1967 के चुनावों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है।
i) 1967 के चुनावों से गठबंधन की परिघटना सामने आई।
ii) कांग्रेस व राज्यों में चुनाव हार गयी।
iii) कांग्रेस को लोकसभा में बहुमत नहीं मिला।
iv) कांग्रेस केन्द्र में सत्तासीन रही परंतु उसे पहले जितना बहुमत हासिल नहीं था।
14. इंदिरा गाँधी को हटाने के लिए विपक्षी पार्टी को एकजुट होने की नीति ... ......................कहा गया।
15. दल-बदल की राजनीति कब से शुरू हुई।
16. लोकसभा का पाँचवा आम चुनाव किस वर्ष में करवाया गया।

## दो अंक वाले प्रश्न :-

1. 1960 के दशक को खतरनाक दशक क्यों कहा जाता है?
2. शास्त्री जी के समय देश को किन दो समस्याओं का सामना करना पड़ा?
3. ग्रैंड अलायंस से क्या अभिप्राय है?
4. प्रिवी पर्स से आप क्या समझते हो?
5. ताशकंद समझौता क्या था?
6. दल बदल से आप क्या समझते हो?
7. 1969 के राष्ट्रपति चुनावों में कांग्रेस 'O' तथा कांग्रेस 'R' के उम्मीदवारो का नाम बतायें।
8. कांग्रेस के समक्ष आयी उत्तराधिकार की चुनौती के प्रश्न पर लोगों की क्या आशंकायें थी?
9. दो कारण बताये, जिनकी वजह से कांग्रेस 'R' 1971 के चुनावों में विजयी रही।
10. 'सिंडीकेट' का क्या अर्थ है?
11. गैर कांग्रेसवाद क्या है?
12. चौथे आम चुनाव को राजनैतिक भूकम्प की संज्ञा क्यों दी गयी?
13. राजनैतिक गठबंधन क्या है? भारत में इसकी शुरूआत कब हुई?

## चार अंक वाले प्रश्न :-

1. निम्न का संबंध किससे है :-

    i) जय जवान जय किसान    ii) गरीबी हटाओ

iii) इंदिरा गाँधी iv) आयाराम गयाराम

2. निम्न शब्दों का पूर्ण रूप लिखो –

i) P.V.F. ii) S.V.D. iii) CWC iv) D.M.K.

3. चौथे आम चुनाव के समय भारत की क्या स्थिति थी ?

4. निम्नलिखित का मेल की जिये –

ए) सिंडीकेट – कोई निर्वाचित प्रतिनिधि जिस पार्टी के टिकट से चुनाव जीता हो, उस पार्टी को छोड़कर दूसरे दल में चला जाये।

बी) दल बदल – लोगों का ध्यान आकर्षित करने वाला मनभावन मुहावरा

सी) नारा – कांग्रेस व इसकी नीतियो के विरूद्ध अलग–अलग विचारधाराओं की पार्टियों का एकजुट होना।

डी) गैरकांग्रेसवाद – कांग्रेस के भीतर ताकतवर व प्रभावशाली नेताओं का समूह।

5. 1970 के दशक में इंदिरा गाँधी की सरकार क्यों लोकप्रिय थी ? (IMP)

6. 1969 के राष्ट्रपति चुनाव पर टिप्पणी लिखें।(IMP)

7. 'कांग्रेस प्रणाली' के पुर्नःस्थापन से आप क्या समझते हैं ?

## पाँच अंक वाले प्रश्न :-




उपयुक्त कार्टून के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो।

1. यह कार्टून किस वर्ष के चुनावों से संबंधित हैं? (1)
2. पराजित खिलाड़ियों के रूप में किसे किसे दिखाया गया हैं? किन्हीं दो नेताओं के नाम लिखें। (2)
3. यह कार्टून किस नाम से प्रसिद्ध था। (2)

2. निम्नलिखित अवतरण पढ़िये तथा नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये –
''चुनावों के परिणामों से कांग्रेस को राष्ट्रीय व प्रान्तीय स्तर पर धक्का लगा। तत्कालीन राजनैतिक पर्यवेक्षको ने चुनाव परिणामों को 'राजनैतिक भूकम्प' की संज्ञा दी। कांग्रेस जैसे-तैसे लोकसभा में तो बहुमत प्राप्त कर चुकी थी, लेकिन उसको प्राप्त मतो के प्रतिशत तथा सीटों की संख्या में भारी गिरावट आई थी। अब से पहले कांग्रेस को कभी न तो इतने कम वोट मिले थे और न ही इतनी कम सीटें मिली थी। इंदिरा गांधी के मंत्रिमण डल के आधे से अधिक मंत्री चुनाव हार गये थे।

i) उपयुक्त वर्णन किस आम चुनाव के बारे में है?
ii) चार प्रमुख नेताओं के नाम बताइये जो चुनाव हार गये थे।
iii) किन्हीं दो राज्यों के नाम बताइये जहाँ कांग्रेस को विधान सभा में बहुमत प्राप्त हुआ था।

3. मानचित्र



दिये गये भारत के राजनैतिक मानचित्र (1967 के विधानसभा चुनाव) में पांच राज्य A, B, C, D, E द्वारा चिन्हित किये गये है। दी गयी जानकारी के अधार पर उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम, प्रयोग की जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर सहित निम्नलिखित तालिका के रूप में उत्तर दीजिए।

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| i. | | |
| ii. | | |
| iii. | | |
| iv. | | |

i) वो राज्य जहाँ कांग्रेस को बहुमत प्राप्त नहीं हुआ।

ii) वो राज्य जहाँ कांग्रेस को बहुमत नहीं मिला परन्तु कुछ अन्य दलों की सहायता से सरकार बन गई।

iii) वो राज्य जहाँ कम्यूनिस्ट पार्टी की सरकार बनी।

iv) वो राज्य जहाँ विधान सभा चुनाव में कांग्रेस ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई।

v) एक राज्य जहाँ पापुलर यूनाईटेड फ्रंट की सरकार बनी।

4. कार्टून



i) यह कार्टून किस घटना को इंगित करता है? (2)

ii) इस कार्टून में जिस व्यक्ति को विजयी दिखाया गया है, उस का नाम बताइये। (1)

iii) इंदिरा गाँधी को मुक्केबाजी वाला दस्ताना पहने क्यों दिखाया गया है? (2)

5. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़े और इसके आधार पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दें –

इंदिरा गाँधी ने कांग्रेस को अत्यंत केन्द्रीकृत और अलोकतांत्रिक पार्टी संगठन में तब्दील कर दिया, जबकि नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस शुरूआती दशकों में एक संघीय, लोकतांत्रिक और विचारधाराओं के समाहार का मंच थी। नयी व लोकलुभावन राजनीति ने राजनैतिक विचारधारा को महज चुनावी विमर्श में बदल दिया। कई नारे उछाले गये, लेकिन इसका मतलब यह नहीं था कि उसी के अनुकूल सरकार की नीतियाँ भी बनानी थी। 1970 के दशक के शुरूआती सालों में अपनी बड़ी चुनावी जीत के जश्न के बीच कांग्रेस एक राजनैतिक संगठन के तौर पर मर गयी।

–– सुदीप्त कविराज

i) लेखक के अनुसार नेहरू व इंदिरा गाँधी द्वारा अपनायी गयी रणनीतियों में क्या अंतर था?

ii) लेखक ने क्यों कहा है कि सत्तर के दशक में कांग्रेस मर गयी?

iii) कांग्रेस पार्टी में आये बदलावों का असर दूसरी पार्टियों पर किस तरह पड़ा?

## छः अंक वाले प्रश्न :-

1. कांग्रेस में 1969 में हुये विभाजन के कारण स्पष्ट कीजिये। (IMP)
2. 1960 के दशक से आरंभ हुई दल–बदल की राजनीति से भारतीय राजनीति आज भी त्रस्त है, इस बात को ध्यान में रखते हुये दल–बदल के कुप्रभावों की चर्चा कीजिये।
3. कांग्रेस प्रणाली की पुनर्स्थापना के पश्चात बनी कांग्रेस तथा पहली कांग्रेस किन अर्थो में अलग प्रकृति की थी, स्पष्ट कीजिये।
4. 1967 के आम चुनाव के समय भारत की आर्थिक व राजनैतिक स्थिति का वर्णन करे। (IMP)

5. 1970 के दशक के प्रारम्भिक वर्षों में, इंदिरा गाँधी की सरकार को लोकप्रिय बनाने में सहायक किन्हीं छः कारकों की व्याख्या कीजिए। (IMP)

6. 1971 के चुनावों के बाद, कांग्रेस पार्टी के प्रभुत्व की पुनर्स्थापना के लिए उठाए गए किन्हीं छः कदमों का उल्लेख कीजिए।

## एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. लाल बहादुर शास्त्री
2. भारत व पाकिस्तान
3. सिंडीकेट
4. सूचना व प्रसारण मंत्री
5. मद्रास (अब तमिलनाडु) में द्रविड मुनेत्र कड़गम की सरकार बनी।
6. इन चुनावों ने गठबंधन की राजनीति को जन्म दिया।
7. के. कामराज
8. एस. निजलिंगप्पा
9. समाजवादी नेता - राममनोहर लोहिया।
10. 1969 में।
11. स्वतंत्र पार्टी
12. लाल बहादुर शास्त्री।
13. (iii)।
14. ''इंदिरा हटाओ''
15. 1967
16. 1971

## दो अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. ए) मानसून की असफलता से सूखे की स्थिति

   बी) 1962 में चीन के साथ युद्ध तथा 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध।

   इसीलिये 1960 के दशक को खतरनाक दशक कहा जाता है।

2. 1) मानसून की असफलता से भयंकर सूखा।

   2) 1965 का भारत पाकिस्तान युद्ध

3. स्मरणीय बिन्दु देखें।

4. 1966 में भारत व पाकिस्तान के मध्य हुआ।

   ए) दोनों देश एक दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेंगे।

   बी) विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाया जायेगा

5. स्मरणीय बिन्दु देखें।

6. स्मरणीय बिन्दु देखें।

7. कांग्रेस 'O' - एन. संजीव रेड्डी

   कांग्रेस 'R' - वी. वी. गिरी

8. लोगों को डर था कि बाकी नव स्वतंत्र देशों की तरह भारत भी राजनीतिक उत्तराधिकार का प्रश्न लोकतांत्रिक ढंग से हल नहीं कर पायेगा, सेना का हस्तक्षेप बढ़ जायेगा।

9. i) गरीबी हटाओ का नारा

   ii) 1971 के भारत पाक युद्ध में भारत की विजय।

10. स्मरणीय बिन्दु देखें।

11. कांग्रेस को सत्ता से हटाने के लिये विरोधी पार्टियों द्वारा बनायी गयी रणनीति।

12. क्योंकि इन चुनावों में कांग्रेस पहली बार एक-साथ कई राज्यों में सत्ता से बाहर हो गयी थी।

13. विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव पूर्व अथवा चुनाव के बाद किया गया आपसी समझौता राजनैतिक गठबंधन कहलाता है, जिसका उद्देश्य सरकार का निर्माण करना होता है। भारत में इसकी शुरूआत 1967 के बाद हुई।

## चार अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. ए) लाल बहादुर शास्त्री    बी) इंदिरा गाँधी

   सी) ग्रैंड अलायंस    डी) गयालाल

2. PUF - पापुलर यूनाईटेड फ्रंट

   SVD - संयुक्त विधायक दल

   CWC - कांग्रेस वर्किंग कमेटी

   DMK - द्रविड़ मुनेत्र कड़गम

3. -- आर्थिक संकट

-- असफल मानसून, सूखा, खेती की उपज में कमी, खाद्यान्न संकट
-- विदेशी मुद्रा भंडार में कमी
-- सैन्य खर्चे में बढ़ोत्तरी

4. **सिंडीकेट** - कांग्रेस के भीतर ताकतवर व प्रभावशाली नेताओं का समूह
दल-बदल- कोई निर्वाचित जन-प्रतिनिधि जिस पार्टी के टिकट से जीता है। उस पार्टी को छोड़कर अगर दूसरे दल में चला जाये।
नारा - लोगों का ध्यान आकर्षित करने वाला एक मनभावन मुहावरा।
गैर कांग्रेसवाद - कांग्रेस व इसकी नीतियों के खिलाफ अलग-अलग विचारधाराओं की पार्टियों का एकजुट होना।

5. -- 1971 के भारत-पाक युद्धय में भारत की विजय
-- गरीबी हटाओ की राजनीति
-- प्रिवी पर्स की समाप्ति
-- गरीबो, भूमिहीन किसानों व वंचितों की रक्षक
-- बैंको का राष्ट्रीयकरण
-- भूमि सुधार

6. स्मरणीय बिन्दु देखें।

7. 1971 के आम चुनावों में इन्दिरा गाँधी द्वारा कांग्रेस को पुनः बहुमत के साथ सत्ता में लाने का प्रयास किया गया। जिसके लिये इंदिरा गाँधी ने विभिन्न लोककल्याणकारी कार्यक्रमों की शुरूआत की। परिणाम स्वरूप चुनावों में कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आयी।

## पाँच अंक वाले प्रश्नों के उत्तरः-

1. i) यह 1971 के लोकसभा के चुनावों से संबंधित है।
ii) पराजित खिलाड़ियों के रूप में प्रमुख विपक्षी नेताओं (गैंड़ अलांयंस) को दिखाया गया है। मोरारजी देसाई, नेताओं के कामराज, निजलिंग पाओ
iii) यह कार्टुन " The Grand finish" नाम से प्रसिद्ध हुआ था।

2. i) यह 1967 के आम चुनाव के विजय के बारें में है।
ii) के. कामराज, एस.के. पाटिल, अतुल्य घोष, के.बी. सहाय

iii) गुजरात, मध्य प्रदेश

3. i) B पश्चिम बंगाल

ii) A राजस्थान

iii) D केरल

iv) C मध्य प्रदेश

v) E पंजाब

4. i) 1969 का राष्ट्रपति चुनाव।

ii) वी. वी. गिरी।

iii) क्योंकि यह लड़ाई वास्तविक रूप से इंदिरा गाँधी एवम् सिण्डीकेट के बीच थी न कि राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच।

5. i) इंदिरा गाँधी की नीतियाँ अत्यंत केन्द्रीकृत व अलोकतांत्रिक थी। जबकि नेहरू की नीतियाँ संघीय, लोकतांत्रिक तथा विचारधाराओं के समन्वय की थी।

ii) क्योंकि कांग्रेस के मूलभूत सिद्धान्तों को इंदिरा गाँधी द्वारा नष्ट कर दिया गया था।

iii) कांग्रेस पार्टी में आये बदलावों के फलस्वरूप दूसरी पार्टियों में कांग्रेस विरोधी एकजुटता बढ़ी तथा कांग्रेस विरोधी आंदोलन प्रारम्भ हो गये।

## छः अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. -- 1969 का राष्ट्रपति चुनाव

-- बैंको का राष्ट्रीयकरण तथा प्रिवी पर्स जैसे मुद्दो पर तत्कालीन वित्त मंत्री मोरारजी देसाई से मतभेद

-- सिंडीकेट व युवा तुर्को में मतभेद

-- इंदिरा गाँधी की समाजवादी नीतियाँ

-- इंदिरा गाँधी का कांग्रेस से निष्कासन

-- इंदिरा गाँधी द्वारा सिंडीकेट को महत्व न देना

-- दक्षिण पंथी व वामपंथी विषय पर कलह

2. -- राष्ट्रीय हितों की अवहेलना

-- राजनैतिक अस्थिरता

-- अवसरवादिता को बढ़ावा

-- मतदाताओं से विश्वासघात

-- प्रशासन में ढील–अलोकतांत्रिक

-- राजनीति में मतदाताओं की बढ़ती उदासीनता

3. स्मरणीय बिन्दु देखें।

4. भारत की राजनैतिक व आर्थिक स्थिति अत्यन्त दयनीय थी -

-- गंभीर खाद्यान्न संकट

-- विदेशी मुद्रा भण्डार में कमी।

-- औद्योगिक उत्पादन तथा निर्यात में कमी।

-- सैन्य खर्चो में बढ़ोत्तरी।

-- देश में बंद तथा हड़ताल की स्थिति।

-- व्यापक जन–असंतोष

-- आर्थिक विकास व नियोजन की कमी।

5. श्रीमती इन्दिरा गाँधी एवं कांग्रेस(आर) की जीत के निम्नलिखित कारण थे– i) श्रीमती गाँधी का चमत्कारिक नेतृत्व।

ii) समाजवादी नीतियाँ।

iii) गरीबी हटाओं का नारा।

iv) कांग्रेस दल पर इंदिरा गाँधी की पकड़।

v) वोटों का धुव्रीकरण।

vi) कमजोर विपक्षी दल।

6. प्रश्न संख्या 5 का उत्तर व स्मरणीय बिन्दु देखें।

अध्याय - 6

# लोकतांत्रिक व्यवस्था का संकट

---

25 जून 1975 से 18 माह तक अनुच्छेद 352 के प्रावधान आंतरिक अशांति के तहत भारत में आपातकाल लागू रहा। आपातकाल में देश की अखंडता व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रखते हुए समस्त शक्तियाँ केंद्रीय सरकार को प्राप्त हो जाती है।

**आपातकाल के प्रमुख कारक—**

1) **आर्थिक कारकः-**

★ गरीबी हटाओं का नारा कुछ खास नहीं कर पाया था।

★ बांग्लादेश के संकट से भारत की अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ बड़ा था।

★ अमेरिका ने भारत को हर तरह की सहायता देनी बंद कर दी थी।

★ अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों के बढ़ने से विभिन्न चीजों की कीमतें बहुत बढ़ गई थी।

★ औद्यौगिक विकास की दर बहुत कम हो गयी थी।

★ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी बहुत बढ़ गई थी।

★ सरकार ने खर्चे कम करने के लिए सरकारी कर्मचारियों का वेतन रोक दिया था।

**(2) छात्र आंदोलन :-**

★ गुजरात के छात्रों ने खाद्यान्न, खाद्य तेल तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती हुई कीमतें तथा उच्च पदों पर व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जनवरी 1974 में आंदोलन शुरू किया।

★ मार्च 1974 में बढ़ती हुई कीमतों, खाद्यान्न के अभाव, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ बिहार में छात्रों ने आंदोलन शुरू कर दिया।

★ जय प्रकाश नारायण (जेपी) ने इस आंदोलन का नेतृत्व दो शर्तो पर स्वीकार किया।

(क) आंदोलन अहिंसक रहेगा।

(ख) यह बिहार तक सीमित नहीं रहेगा, अतिपु राष्ट्रव्यापी होगा।

★ जयप्रकाश नारायण ने सम्पूर्ण क्रांति द्वारा सच्चे लोकतंत्र की स्थापना की बात की थी।

★ जेपी ने भारतीय जनसंघ, कांग्रेस (ओ), भारतीय लोकदल, सोशलिस्ट पार्टी जैसे गैर-कांग्रेसी दलों के समर्थन से 'संसद-मार्च' का नेतृत्व किया था।

★ इंदिरा गांधी ने इस आंदोलन को अपने प्रति व्यक्तिगत विरोध से प्रेरित बताया था।

**3. नक्सलवादी आंदोलनः-**

★ इसी अवधि में संसदीय राजनीति में विश्वास न रखने वाले कुछ मार्क्सवादी समूहों की सक्रियता बढ़ी।

★ इन समूहों ने मौजूदा राजनीतिक प्रणाली और पूँजीपादी व्यवस्था को समाप्त करने के लिए हथियार और राज्य विरोधी तरीकों का सहारा लिया।

★ 1967 में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के नक्सलवादी इलाके के किसानों ने हिसंक विद्रोह किया था, जिसे नक्सलवादी आंदोलन के रूप में जाना जाता है।

★ 1969 में चारू मजूमदार के नेतृत्व में सी पी आई (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) पार्टी का गठन किया गया। इस पार्टी ने क्रांति के लिए गुरिल्ला युद्ध की रणनीति अपनायी।

★ नक्सलियों ने धनी भूस्वामियों से बलपूर्वक जमीन छीनकर गरीब और भूमिहीन लोंगों को दी।

★ वर्तमान में 9 राज्यों के 100 से अधिक पिछड़े आदिवासी जिलों में नक्सलवादी हिंसा जारी है।

इनकी माँगे निम्नलिखित हैंः-

(1) इन इलाकों के लोगो को उपज में हिस्सा, पट्टे की सुनिश्चित अवधि और उचित मजदूरी जैसे बुनियादी हक दिये जाए।

(2) जबरन मजदूरी, बाहरी लोगों द्वारा संसाधनों का दोहन तथा सूदखोरों द्वारा शोषण से इन लोगों को मुक्ति मिलनी चाहिए।

## 4. रेल हड़तालः-

★ जार्ज फर्नाडिस के नेतृत्व में बनी राष्ट्रीय समिति ने रेलवे कर्मचारियों की सेवा तथा बोनस आदि से जुड़ी माँगो को लेकर 1974 में हड़ताल की थी।

★ सरकार मे हड़ताल को असंवैधानिक घोषित किया और उनकी माँगे स्वीकार नहीं की।

★ इससे मजदूरों, रेलवे कर्मचारियों, आम आदमी और व्यापारियों में सरकार के खिलाफ असंतोष पैदा हुआ।

## 5. न्यायपालिका के संघर्षः-

★ सरकार के मौलिक अधिकारों में कटौती, संपत्ति के अधिकार में कॉट-छॉट और नीति-निर्देशक सिद्धांतो को मौलिक अधिकारों पर ज्यादा शक्ति देना जैसे प्रावधानों को सर्वोच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया।

★ सरकार ने जेःएम. शैलट, के.एस. हेगड़े तथा ए.एन. ग्रोवर की वरिष्ठता की अनदेखी करके ए.एन.रे. को सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करवाया।

★ सरकार के इन कार्यो से प्रतिबद्ध न्यायपालिका तथा नौकरशाही की बातें होने लगी थी।

## ★ आपातकाल की घोषणाः-

★ 12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी के 1971 के लोकसभा चुनाव को असंवैधानिक घोषित कर दिया।

★ 24 जून 1975 को सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय के फैसले पर स्थगनादेश सुनाते हुए, कहा कि अपील का निर्णय आने तक इंदिरा गांधी सांसद बनी रहेगी परन्तु मंत्रिमंडल की बैठकों में भाग नहीं लेगी।

★ 25 जून 1975 को जेपी के नेतृत्व में इंदिरा गांधी के इस्तीफे की मॉग को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह की घोषणा की। इंदिरा गांधी के इस्तीफे की माँग की।

★ जेपी ने सेना, पुलिस और सरकारी कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे सरकार के अनैतिक और अवैधानिक आदेशों का पालन न करें।

★ 25 जून 1975 की मध्यरात्रि में प्रधानमंत्री ने अनुच्छेद 352 (आंतरिक गडबडी होने पर) के तहत राष्ट्रपति से आपातकाल लागू करने की सिफारिश की।

★ **आपातकाल के परिणामः-**

★ विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया।

★ प्रेस पर सेंसरशिप लागू कर दी गयी।

★ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध।

★ धरना, प्रदर्शन और हड़ताल पर रोक।

★ नागरिकों के मौलिक अधिकार निष्प्रभावी कर दिये गये।

★ सरकार ने निवारक नजरबंदी कानून के द्वारा राजनीतिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।

★ इंडियन एक्प्रेस और स्टेट्स मैन अखबारों को जिन समाचारों को छापने से रोका जाता था, वे उनकी खाली जगह में छोड़ देते थे।

★ 'सेमिनार' और 'मेनस्ट्रीम' जैसी पत्रिकाओं ने प्रकाशन बंद कर दिया था।

★ कन्नड़ लेखक शिवराम कारंत तथा हिन्दी लेखक फणीश्वरनाथ रेणु ने आपातकाल के विरोध में अपनी पदवी सरकार को लौटा दी।

★ 42 वें संविधान संशोधन (1976) द्वारा अनेक परिवर्तन किए गये जैसे प्रधानमंत्री, राष्टपति और उपराष्ट्रपति पद के निर्वाचन को अदालत में चुनौती न दे पाना तथा विधायिका के कार्यकाल को 5 साल से बढ़ाकर 6 साल कर देना आदि।

★ **आपातकाल पर बहस**

**पक्ष :-**

-- बार-बार धरना प्रदर्शन और सामूहिक कार्यवाही से लोकतंत्र बाधित होता है।

-- विरोधियों द्वारा गैर-संसदीय राजनीति का सहारा लेना।
-- सरकार के प्रगतिशील कार्यक्रमों में अड़चन पैदा करना।
-- भारत की एकता के विरूद्ध अंतराष्ट्रीय साजिश रचना।
-- इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लागू करने के कदम का भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (CPI) ने समर्थन दिया।

**विपक्ष :-**

-- लोकतंत्र में जनता को सरकार का विरोध करने का अधिकार होता है।
-- विरोध- आंदोलन ज्यादातर समय अहिंसक और शांतिपूर्ण रहें।
-- गृह मंत्रालय ने उस समय कानून व्यवस्था की चिंता जाहिर नहीं की।
-- संवैधानिक प्रावधानों का दुरुपयोग निजी स्वार्थ हेतु किया गया।

## ★ आपातकाल के दौरान किए गए कार्य

-- बीस सूत्री कार्यक्रम में भूमि सुधार, भू-पुनर्वितरण, खेतिहर मजदूरों के पारिश्रमिक पर पुनः विचार, प्रबंधन में कामगारों की भागीदारी, बंधुआ मजदूरी की समाप्ति आदि जनता की भलाई के कार्य शामिल थे।
-- विरोधियों को निवारक नज़र बड़ी कानून के तहत बंदी बनाया गया।
-- मौखिक आदेश से अखबारों के दफ्तरों की बिजली काट दी गई।
-- दिल्ली में झुग्गी बस्तियों को हटाने तथा जबरन नसबंदी जैसे कार्य किये गये।

## ★ आपातकाल के सबक

1) आपातकाल के दौरान भारतीय लोकतंत्र की ताकत ओर कमजोरियाँ उजागर हो गई थी, लेकिन जल्द ही कामकाज लोकतंत्र की राह पर लौट आया। इस प्रकार भारत से लोकतंत्र को विदा कर पाना बहुत कठिन है।

2) आपातकाल की समाप्ति के बाद अदालतों ने व्यक्ति के नागरिक अधिकारों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाई है तथा इन अधिकारों की रक्षा के लिए कई संगठन अस्तित्व में आये है।

3) संविधान के आपातकाल के प्रावधान में 'आंतरिक अशान्ति' शब्द के स्थान पर 'सशस्त्र विद्रोह' शब्द को जोड़ा गया है। इसके साथ ही आपातकाल की घोषणा की सलाह मंत्रिपरिषद् राष्ट्रपति को लिखित में देगी।

4) आपातकाल में शासक दल ने पुलिस तथा प्रशासन को अपना राजनीतिक औजार बनाकर इस्तेमाल किया था। ये संस्थाएँ स्वतंत्र रूप से कार्य नहीं कर पाई थी।

## ★ आपातकाल के बाद की राजनीति

-- जनवारी 1977 में विपक्षी पार्टियों ने मिलकर जनता पार्टी का गठन किया।

-- कांग्रेसी नेता बाबू जगजीवन राम ने ''कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी' दल का गठन किया, जो बाद में जनता पार्टी में शामिल हो गया।

-- जनता पार्टी ने आपातकाल की ज्यादतियों को मुद्दा बनाकर चुनावों को उस पर जनमत संग्रह का रूप दिया।

-- 1977 के चुनाव में कांग्रेस को लोकसभा में 154 सीटें तथा जनता पार्टी और उसके सहयोगी दलों को 330 सीटे मिली।

-- आपातकाल का प्रभाव उत्तर भारत में अधिक होने के कारण 1977 के चुनाव में कांग्रेस को उत्तर भारत में ना के बराबर सीटें प्राप्त हुई।

-- जनता पार्टी की सरकार में मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री तथा चरण सिंह व जगजीवनराम दो उपप्रधानमंत्री बने।

-- जनता पार्टी के पास किसी दिशा, नेतृत्व व एक साझे कार्यक्रम के अभाव में यह सरकार जल्दी ही गिर गई।

-- 1980 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 353 सीटें हासिल करके विरोधियों को करारी शिकस्त दी।

## ★ शाह आयोग :-

आपातकाल की जाँच के लिए जनता पार्टी की सरकार द्वारा मई 1977 में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जे. सी. शाह की अध्यक्षता में एक जाँच आयोग की नियुक्ति की गई।

**शाह आयोग द्वारा एकत्र किए गए प्रामाणिक तथ्य -**

क) आपातकाल की घोषणा का निर्णय केवल प्रधानमंत्री का था।

ख) सामाचार पत्रों के कार्यालयों की बिजली बंद करना पूर्णतः अनुचित था।

ग) प्रधानमंत्री के निर्देश पर अनेक विपक्षी राजनीतिक नेताओं की गिरफ्तारी गैर-कानूनी थी।

घ) मीसा (MISA) का दुरुपयोग किया गया था।

ड) कुछ लोगों ने अधिकारिक पद पर न होते हुए भी सरकारी काम-काज में हस्तक्षेप किया था।

**नागरिक स्वतंत्रता संगठनों का उदय -**

-- नागरिक स्वतंत्रता एवं लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए लोगों के संघ का उदय अक्टूबर, 1976 में हुआ।

-- इन संगठनों ने न केवल आपातकाल बल्कि सामान्य परिस्थितियों में भी लोगों को अपने अधिकारों के प्रति सतर्क रहने के लिए कहा है।

-- 1980 में नागरिक स्वतंत्रता एवं लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए लोगों के संघ का नाम बदलकर 'नागरिक स्वतंत्रताओं के लिए लोगों का संघ' रख दिया गया।

-- गरीबी सहभागिता, लोकतन्त्रीकरण तथा निष्पक्षता से सम्बन्धित चिन्ताओं के सन्दर्भ में भारतीय नागरिक स्वतंत्रता संगठनों (CLOS) ने अनेक क्षेत्रों में संगठित होकर कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है।

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (एक अंकीय)**

1. सम्पूर्ण क्रांति का लक्ष्य क्या था ?
2. प्रेस सेंसरशिप से क्या अभिप्राय है ?
3. शाह आयोग की स्थापना कब और क्यों की गई थी ?
4. किस संविधान संशोधन के द्वारा विधायिका के कार्यकाल को 5 से बढ़ाकर 6 वर्ष किया गया
5. आपातकाल के दौरान गरीबों के हित के लिए किस कार्यक्रम की घोषणा की गई ?

6. ‘कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी’ पार्टी किसके नेतृत्व में बनी?
7. किस साम्यवादी दल ने आपातकाल के दौरान कांग्रेस पार्टी का साथ दिया था?
8. किन दो लेखकों ने लोकतंत्र के दमन के विरोध में अपनी पदवियाँ सरकार को लौटा दी थी?
9. 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा किस राष्ट्रपति ने की थी?
10. 1976 में स्वतंत्रा से सम्बन्धित किस संगठन का निर्माण हुआ?
11. प्रतिबद्ध न्यायपालिका से क्या अभिप्राय है?
12. ‘गरीबी हटाओ’ का नारा कब और किसने दिया?
13. 1973 में किसे भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया?
14. 1975 में संविधान के किस अनु० के आधार पर आपातकाल लगाया गया?
15. समग्र क्रांति का विचार किसके द्वारा दिया गया?
16. 1974 में हुई रेल हड़ताल का नेतृत्व किसके द्वारा किया गया?
17. जे.पी. आन्दोलन को समर्थन प्रदान करने वाले किसी एक दल का नाम बताए।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न (दो अंकीय)

1. आपातकाल के दौरान किन दो संगठनों पर प्रतिबंध लगाया गया था?
2. 1974 के गुजरात तथा बिहार के छात्रों ने किन मुद्दों पर आंदोलन छेड़ा था।
3. नक्सलवादी आंदोलन के किन्हीं दो कार्यो का उल्लेख करे?
4. 42वें संविधान संशोधन द्वारा किए गए किन्हीं दो मुख्य बदलावों का उल्लेख करें।
5. 1977 के चुनावों में जनता पार्टी के जीतने के किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए?
6. आपातकाल और इसके आसपास की अवधि को क्यों संवैधानिक संकट की अवधि के रूप में देखा जाता है?
7. निम्नलिखित को सुमेलित करिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | आपातकाल की घोषणा | i) | जय प्रकाश नारायण |
| ख) | लोकतंत्र बचाओ | ii) | चारू मजूमदार |

|  |  |  |  |
|---|---|---|---|
| ग) | सी पी आई (एम एल) | iii) | जनता पार्टी |
| घ) | सच्चे लोकतंत्र की स्थापना | iv) | फखरूद्दीन अली अहमद |

8. रेल हड़ताल कब और किस प्रमुख मांग को लेकर हुई थी?
9. शाह आयोग की नियुक्ति कब और क्यों की गई थी?
10. निवारक नजरबंदी से आप क्या समझते हैं?

## चार अंकीय प्रश्न

1. आपातकाल के पहले न्यायपालिका एवं सरकार के आपसी रिश्ते में किस प्रकार के तनाव आए?
2. 1975 के आपातकाल ने किस प्रकार भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को लाभान्वित किया?
3. जून 25,1975 को भारत में आन्तरिक आपातकाल की घोषणा के पीछे क्या कारण थे? (IMP)

## पाँच अंकीय प्रश्न :-

1. निम्नलिखित अवतरण को पढ़े और इसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें।

   लोकतंत्र के नाम पर खुद लोकतंत्र की राह रोकने की कोशिश की जा रही हैं। वैधानिक रूप से निर्वाचित सरकार को काम नहीं करने दिया जा रहा। आंदोलनों से माहौल सरगर्म है और इसके नतीजतन हिंसक घटनाएँ हो रही हैं। एक आदमी तो इस हद तक आगे बढ़ गया है कि वह हमारी सेना को विद्रोह और पुलिस को बगावत के लिए उकसा रहा है। विघटनकारी ताकतो का खुला खेल जारी है।

क) यह अवतरण किसके भाषण का अंश है? 1

ख) अवतरण में ''एक आदमी तो इस हद तक बढ़ गया है। किसके बारे में कहा गया है। और उन्होंने क्या नारा दिया था? 2

ग) देश का माहौल किन कारणों की वजह से खराब हो रहा था? 2

2. नीचे दिए गये कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।




क) कार्टूनिस्ट ने किस घटना को दर्शाने का प्रयास किया है? 1

ख) आम लोगों के साथ कौन-कौन से चार नेता खड़े हुए है? 2

ग) सत्तारूढ़ दल कौन सा था, उसकी हार के दो कारण बताओ। 2

3. नीचे दिए गये कार्टून के आधार पर दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।



क) कार्टून में दिए गए नेता की पहचान कीजिए? (1)

ख) प्रस्तुत कार्टून किस विवाद को इंगित करता है? (2)

ग) शाह जाँच आयोग कब और क्यों गठित किया गया? (2)

## छः अंकीय प्रश्न

1. किन्हीं चार परिस्थितियों का वर्णन कीजिए जिनके कारण 1975 में आपातकालीन स्थिति की घोषणा की गई।
2. 25 जून, 1975 को भारत में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा क्यों की गई? इस आपातकाल के किन्हीं तीन परिणामों का विश्लेषण कीजिए।
3. आपातकाल से मिलने वाले किन्हीं तीन सबको का विश्लेषण कीजिए।(IMP)
4. आपातकाल में सरकार के द्वारा शक्तियों का दुरुपयोग किया गया था, इस कथन के पक्ष में तर्क दें। (IMP)
5. 1975 के आपात्काल में उजागर हुई भारतीय लोकतंत्र की कमजोरियों और ताकतों के किन्हीं तीन-तीन बिन्दुओं का वर्णन कीजिए।
6. 1980 के मध्यावधि चुनावों के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों की व्याख्या कीजिए।

## उत्तर (एक अंकीय)

1. सच्चे लोकतंत्र की स्थापना।
2. समाचार पत्रों में कुछ भी छापने से पहले सरकारी अनुमति लेकर अखबारों को छापना प्रैस सेंसरशिप कहलाता है।
3. मई 1977 में, आपातकाल के दौरान की गई कार्यवाही तथा सत्ता के दुरूपयोग की जाँच के लिए।
4. 42वें
5. बीस सूत्रीय कार्यक्रम की।
6. बाबू जगजीवन राम।
7. सी पी आई (भारतीय साम्यवादी जल)
8. कन्नड़ लेखक शिवराम कारंत और हिन्दी लेखक फनीश्वर नाथ। 'रेणु'।
9. फखरूद्दीन अली अहमद।

10. स्मरणीय बिन्दु देखें।
11. सरकार की नीतियों के अनुसार कार्य करना।
12. इन्दिरा गाँधी, 1971
13. ए.एन. रे
14. अनु0 352
15. जय प्रकाश नारायण
16. जार्ज फर्नांडीस
17. भारतीय लोकदल

## उत्तर दो अंकीय

1. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आर एस एस) और जमात-ए-इस्लामी।
2. क) खाद्यान्न की कमी, खाद्य तेल तथा अन्य वस्तुओं की बढ़ती कीमते
   ख) बेरोजगारील तथा उच्च पदों पर जारी भ्रष्टाचार।
3. क) धनी भूस्वामियों से जमीन छीनकर गरीब और भूमिहीन लोगों को देना।
   ख) राजनीतिक लक्ष्य हासिल करने के लिए हिंसक साधनों के इस्तेमाल की दलील दी।
4. क) प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद के निर्वाचन को अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती।
   ख) विधायिका का कार्यकाल 5 वर्ष से बढ़ाकर 6 वर्ष किया गया।
5. क) आपातकाल की घोषणा और कांग्रेस की कार्यगुजारी।
   ख) विपक्षी दलों का एक होना।
6. संसद और न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र को लेकर छिड़ा संवैधानिक संघर्ष आपातकाल के मूल में था। सरकार के पास बहुमत होने के बावजूद लोकतंत्र को ठप्प करने का फैसला लिया तथा संवैधानिक शक्तियों का आपातकाल के दौरान दुरूपयोग हुआ।
7. क -- iv)
   ख -- iii)

ग -- ii)

घ -- i)

8. मई 1974 में , बोनस और सेवा से जुड़ी शर्तो को लेकर की गई।

9. जे.सी. शाह की अध्यक्षता में मई 1977 में, आपातकाल के दौरान की गई कारवाई तथा सत्ता के दुरूपयोग, अतिचार और कदाचार के विभिन्न आरोपों के विविध पहलुओं की जाँच करने के लिए की गई।

10. निवारक –नजरबंदी –

मुख्यतया किसी अपराध में संलग्न व्यक्ति को ही गिरफ्तार किया जाता है परंतु कभी जब किसी व्यक्ति के स्वतंत्र रहने पर उसके द्वारा अपराध किए जाने की आशंका होती है तो उसे बंदी बना लिया जाता है। इसी को निवारक नजरबंदी कहते है।

## उत्तर चार अंकीय

1. सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार के कई कार्यों को संविधान के विरूद्ध माना। कांग्रेस न्यायालय के इस रवैये को लोकतंत्र के सिद्धांतो और संसद की सर्वोच्चता के विरूद्ध मानने लगी। इस दल का आरोप था कि न्यायालय एक यथास्थिति वाली संस्था है, और यह गरीबों की कल्याणकारी योजनाओं को लागू होने से रोक रही है।

2. i) विपक्षी नेताओं ने एकजुट होकर जनता पार्टी बनाई।

   ii) 1977 में स्वतंत्र निष्पक्ष चुनाव हुए तथा इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस को जनता ने हार का मुँह दिखाया।

   iii) आपातकाल के दौरान किए गये अनुचित संवैधानिक संशोधन बदल दिए गए।

   iv) विपक्ष अब आलोचना करने के लिए स्वतंत्र था।

3. i) सरकार को विपक्षी दल उसकी नीतियों के अनुसार शासन नहीं चलाने दे रहे। वे बार-बार धरना प्रदर्शन, सामूहिक कार्यवाही, राष्ट्रव्यापी आंदोलन की धमकियाँ देकर देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहे है।

ii) सारी ताकत कानून-व्यवस्था की बहाली पर लगानी पड़ती है। षड़यंत्रकारी ताकतें सरकार के प्रगतिशील कार्यक्रमों में अंड़गे डाल रही थी।

iii) विपक्षी दल सेना, पुलिस कर्मचारियों तथा लोगों को सरकार के विरूद्ध भड़का रहे हैं। इसलिए सरकार ने राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की।

## उत्तर (पाँच अंकीय)

1. क) इंदिरा गाँधी।

   ख) जय प्रकाश नारायण, संम्पूर्ण क्रांति।

   ग) 1) बार-बार धरना प्रदर्शन और सामूहिक कार्यवाहियों द्वारा।

      2) लगातार गैर-संसदीय राजनीति के द्वारा अस्थिरता पैदा करना।

2. क) 1977 के चुनावो में कांग्रेस की हार तथा जनता पार्टी की जीत को दर्शाने का प्रयास किया गया है।

   ख) जगजीवन राम, मोरारजी देसाई, चरण सिंह और अटलबिहारी वाजपेयी आदि।

   ग) आपातकाल लागू करना।

      -- प्रेस सेंसरशिप

      -- मीसा (MISA) Maintence of Internal Security Act

      -- 42वाँ संविधान संशोधन

   सत्तारूढ़ दल कांग्रेस दल था।

3. i) इन्दिरा गाँधी।

   ii) इंदिरा गाँधी एवं शाह जाँह जाँच आयोग के मध्य टकराव को इंगित करता है।

   iii) 1977 और आपातकाल के दौरान सरकार द्वारा की गई कार्रवाई तथा सत्ता के दुरूपयोग के विभिन्न पहलुओं के जाँच के लिए।

## उत्तर छः अंकीय

1. क) गरीबी हटाओ का नारा अपना प्रभाव खोता जा रहा था।
   ख) 1972–73 में मानसून के विफल होने से कृषि की पैदावार में भारी गिरावट।
   ग) 1973 में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमते बढ़ने से भारतीय अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ा।
   घ) रेलवे कर्मचारियों की हड़ताल।
   ड) गुजरात और बिहार के छात्र आंदोलन।
   च) श्रीमती इंदिरा गांधी के निर्वाचन को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा अवैध घोषित कर दिया गया था।
   छ) सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता में आक्रोश पनपा।

2. भारत में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा निम्न कारणों से की गई थी।
   i) इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा इंदिरा गांधी के 1971 के लोकसभा चुनाव को अवैध घोषित कर देनां
   ii) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उच्च–न्यायालय के फैसले पर स्थगनादेश देना।
   iii) जे पी द्वारा राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह आंदोलन की शुरूआत करना।

   आपातकाल के निम्न परिणाम हुए।
   i) मौलिक अधिकारों का स्थगन।
   ii) राजनीतिक नेताओं की गिरफ्तारी।
   iii) प्रेस की आजादी पर रोक।
   iv) हड़तालों पर प्रतिबन्ध।
   v) पुलिस और प्रशासन का दुरूपयोग।

3. आपातकाल से निम्नलिखित तीन सबक मिले –
   i) संविधान के विवादपूर्ण अनुच्छेदों में संशोधन।
   ii) भारत में लोकतंत्र की नींव का और मजबूत होना।
   iii) आपातकाल के बाद न्यायालय व नागरिकों का अधिकारों के प्रति ज्यादा सचेत होना।
   iv) पुलिस और प्रशासन का निष्पक्ष रूप से काम करना।

4. छात्र स्मरणीय बिन्दुओं की सहायता से उत्तर लिखें।

5. आपातकाल के दौरान भारतीय लोकतन्त्र की कमजोरियां-

   i) लोकतांत्रिाक संस्थओं का अपंग होना

   ii) आपातकाल के प्रावधानों में अस्पष्टता।

   iii) पुलिस व प्रशासन का दुरूपयोग।

   आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की ताकत—

   i) नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूक होना।

   ii) लोकतंत्र की पुनः स्थापना।

   iii) नागरिक संगठनों का अस्तित्व में आना।

6. स्मरणीय बिन्दु देखें।

अध्याय – 7

# जन आंदोलन का उदय

एक स्पष्ट उद्देश्य के लिए किए जाने वाले प्रयास को जन आंदोलन कहा जाता है। जन आंदोलन के प्रमुख कारणों में गरीबी, बेरोजगारी, लोगों का राजनीतिक नेताओं और संस्थाओं से मोहभंग होना और किसानों का राजनेताओं से मोह भंग होना आदि शामिल है।

★ जो आंदोलन किसी राजनीतिक दल के सहयोग द्वारा शुरू किये जाते हैं उन्हें दल आधारित आंदोलन कहते हैं। जैसे आंध्र प्रदेश में किसानों द्वारा तेलंगाना आंदोलन (कम्यूनिस्ट पार्टी) तिभागा आंदोलन, नक्सलवादी आंदोलन।

★ जो आंदोलन स्वयंसेवी संगठनों, स्थानीय लोगों, छात्रों द्वारा किसी समस्या से पीड़ित होने के कारण शुरू किये जाते हैं, उन्हें राजनैतिक दलों से स्वतंत्र जन आंदोलन कहते हैं। जैसे – दलित पैंथर्स, ताड़ी विरोधी आंदोलन

आंदोलन के प्रकार

- दल–आधारित
  - नक्सल्वाड़ी, तेलगांना, तिभागा आंदोलन
- गैर–दलीय
  - महिला आंदोलन → चिपको व ताड़ी विरोधी आंदोलन
  - पर्यावरण सुरक्षा आंदोलन → नर्मदा बचाओ व चिपको आंदोलन
  - जाति आधारित आंदोलन → दलित पैन्थर्स आंदोलन
  - किसान आंदोलन → BKU

## नक्सलबाड़ी किसान विद्रोह

यह दल आधारित आंदोलन का उदाहरण है जो 1967 में चारू मजूमदार और कानू सान्याल के नेतृत्व में किया गया।

**चिपको आंदोलन - (पर्यावरण आंदोलन)**

-- 1973 में उत्तराखण्ड में शुरू

-- वन विभाग ने खेती बाड़ी के औजार बनाने के लिये पेड़ो (अंगू) की कटाई से इंकार किया।

-- जबकि खेल-सामग्री के विनिर्माता को व्यवसायिक इस्तेमाल के लिये जमीन का आबंटन।

-- महिलाओं व समस्त ग्रामवासियों द्वारा पेड़ो की कटाई का विरोध।

-- महिलायें पेड़ों की कटाई के विरोध में पेड़ों से चिपक गयी।

**माँगें**

-- स्थानीय लोगों का जल, जंगल, जमीन जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर कारगर नियंत्रण।

-- सरकार लघु उद्योगों के लिये कम कीमत पर सामग्री उपलब्ध कराये।

-- क्षेत्र के पारिस्थितिकी संतुलन को नुकसान पहुँचाये बिना विकास सुनिश्चित करे।

-- महिलाओं ने शराबखोरी की लत के खिलाफ भी आवाज उठायी।

**परिणाम :-**

-- सरकार ने 15 सालो के लिये हिमालयी क्षेत्र में पेड़ो की कटाई पर रोक लगा दी।

**प्रमुख नेता :- सुन्दरलाल बहुगुणा**

-- बाद के वर्षों में देश के विभिन्न भागों में उठे जन आंदोलन का प्रतीक।

-- महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

**दलित पैन्थर्स :-**

-- दलित समुदाय की पीड़ा व आक्रोश की अभिव्यक्ति महाराष्ट्र में 1972 में शिक्षित दलित युवाओं ने 'दलित पैन्थर्स' नामक संगठन बना कर की।

**माँगे :-**

-- जाति आधारित असमानता तथा भौतिक संसाधनों के मामले में अपने साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ लड़ना।

-- आरक्षण के कानून व सामाजिक न्याय की नीतियों के कारगर क्रियान्वयन की माँग।

-- दलित महिलाओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार का विरोध।

-- भूमिहीन किसानो, मजदूरों व सारे वंचित वर्ग को उनके अधिकार दिलवाना।

-- दलितों में शिक्षा का प्रसार

**दलित पैंथर्स की गतिविधियाँ:-**

-- अनेको साहित्यिक रचनायें लिखी। रचनात्मक व सृजनात्मक ढंग से अपनी लड़ाई लड़ी।

-- दलित युवकों ने आगे बढ़कर अत्याचारों का विरोध किया।

**परिणाम :-**

-- सरकार ने 1989 में कानून बनाकर दलितों पर अत्याचार करने वालों के लिये कठोर दण्ड का प्रावधान किया।

-- दलित पैन्थर्स के राजनीतिक पतन के बाद बामसेफ (Backward and Minority Classes Employees Federation BAMCEF) का निर्माण

**भारतीय किसान यूनियन (BKU)**

-- 1988 के जनवरी में उत्तर प्रदेश के मेरठ में BKU के सदस्य किसानों ने धरना दिया। (महेन्द्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में)

**माँगें**

-- बिजली की दर में की गयी बढ़ोत्तरी का विरोध

-- गन्ने व गेहूँ के सरकारी मूल्यों में बढ़ोतरी की माँग

-- कृषि उत्पादों के अन्तर्राजयीय व्यापार पर लगे प्रतिबंधों को हटाने की माँग।

-- निर्बाध विद्युत आपूर्ति की सुनिश्चितता।

-- किसानों के लिये पेंशन का प्रावधान।

-- किसानों के बकाया कर्ज माफ

**कार्यवाही / शैली / गतिविधियाँ**

-- धरना, रैली, प्रदर्शन, जेल भरो आदि कार्यवाहियों से सरकार पर दबाव बनाया।

**विशेषताएँ**

-- BKU ने किसानों की लामबंदी के लिये जातिगत जुड़ाव का इस्तेमाल किया।

-- अपनी संख्या के दम पर राजनीति में एक दबाब समूह की भांति सक्रिय।

-- आंदोलन की सफलता के पीछे इसके सदस्यों की राजनीति, मोलभाव की क्षमता थी क्योंकि ये नकदी फसल उपजाते थे।

-- अपने क्षेत्र की चुनावी राजनीति में इसके सदस्यों का रसूख था। महाराष्ट्र का शेतकारी संगठन व कर्नाटक का रैयतकारी संगठन किसान संगठनों के जीवन्त उदाहरण हैं।

**ताड़ी विरोधी आंदोलन**

-- शराब विरोधी आंदोलन की शुरूआत आंध्रप्रदेश के नैल्लौर जिले के दुबरगंटा गाँव में हुआ।

-- लगभग 5000 गाँवों की महिलाओं ने आंदोलन में भाग लिया।

-- नैल्लौर जिले में ताड़ी की बिक्री की नीलामी 17 बार रद्द हुई।

-- 'ताड़ी की बिक्री बंद करो' का नारा लगाया।

**माँगे**

-- शराब की वजह से स्वास्थ्य खराब हो गया था, आर्थिक कठिनाई हो रही थी

-- अतः ताड़ी की बिक्री का विरोध- घरेलू हिंसा, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, तथा लैंगिक भेदभाव का विरोध।

-- दहेज प्रथा का विरोध

**परिणाम**

-- कई राज्यों में शराबबंदी लागू

-- घरेलू हिंसा व महिला अत्याचारों के विरूद्ध कठोर नियम।

-- महिलाओं की माँग पर स्थानीय निकायों में आरक्षण लागू। (73वें तथा 74वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा)

**नेशनल फिशवर्कर्स फोरम (NFF)**

-- मछुआरों की संख्या के लिहाज से भारत का विश्व में दूसरा स्थान।

-- सरकार द्वारा बॉटम ट्राऊलिंग (व्यवसायिक जहाजों को गहरे समुद्र में मछली मारने की इजाजत) से मछुआरों की आजीविका पर प्रश्न चिन्ह
-- बाध्य होकर मछुआरों में NFF बनाया।
-- 2002 में NFF द्वारा विदेशी कंपनियों को मछली मारने का लाइसेंस जारी करने के विरोध में राष्ट्र व्यापी हड़ताल की गयी।
-- पारिस्थितिकी की रक्षा व मछुआरों के जीवन को बचाने के लिये अनेक कानूनी लड़ाईयाँ लड़ी।
-- विश्व के समधर्मा संगठनों से हाथ मिलाया।

## नर्मदा बचाओ आंदोलन

-- नर्मदा घाटी विकास परियोजना में मध्य प्रदेश, गुजरात, व महाराष्ट्र से गुजरने वाली नर्मदा व सहायक नदियों पर 30 बड़े, 135 मझोले तथा 300 छोटे बाँध बनाने का प्रस्ताव।

### लाभ

-- गुजरात के बहुत बड़े हिस्से सहित तीनों राज्यों में पीने के पानी, सिंचाई तथा बिजली उत्पादन की सुविधा।
-- कृषि की उपज में गुणात्मक सुधार।
-- बाढ़ व सूखे की आपदाओं पर अंकुश।

### विरोध

-- इन परियोजनाओं का लोगों के पर्यावास, आजीविका, संस्कृति तथा पर्यावरण पर बुरा प्रभाव।
-- परियोजना के कारण हजारों लोग बेघर (245 गाँव के डूब के क्षेत्र में आने है। 2.5 लाख लोग बेघर)

### माँगे

-- परियोजना से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित सभी लोगों का समुचित पुर्नवास।
-- परियोजना की निर्णय प्रक्रिया में स्थानीय समुदायों की भागीदारी।
-- जल, जंगल, जमीन जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर उनका प्रभावी नियन्त्रण।

-- बाँधों के निर्माण में आ रही भारी लागत का सामाजिक नुकसान के संदर्भ में मूल्यांकन किया जाये।

## आंदोलन से जुड़े प्रमुख नेता/ व्यक्ति

मेधा पाटेकर, आमिर खान

## परिणाम

-- इस आंदोलन के परिणाम स्वरूप केन्द्र सरकार ने 2003 में राष्ट्रीय पुर्नस्थापन नीति की घोषणा की।

## सूचना का अधिकार (RTI)

★ आंदोलन की शुरूआत 1990 में MKSS (मजदूर किसान शक्ति संगठन) ने की (राजस्थान के दौसा जिले की भीम तहसील में)

★ ग्रामीणों ने प्रशासन से अपने वेतन व भुगतान के बिल उपलब्ध कराने को कहा।

★ उन्हें दी गयी मजदूरी में हेरा फेरी हुई थी।

★ आंदोलन के दबाव में राजस्थान सरकार ने कानून बनाया कि जनता को पंचायत के दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त करने की अनुमति है।

★ पंचायतों के लिये बजट, लेखा, खर्च, नीतियों व लाभार्थियो के बारे में सार्वजनिक घोषणा करना अनिवार्य।

★ 1996 में MKSS ने दिल्ली में सूचना के अधिकार को लेकर राष्ट्रीय समिति का गठन किया।

★ 2004 में सूचना के अधिकार के विधेयक को सदन में रखा गया।

★ जून 2005 में विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली।

## जन आंदोलन के सबक

-- इन आंदोलनों का उद्देश्य दलीय राजनीति की खामियो को दूर करना।

-- सामाजिक आंदोलनों ने समाज के उन नये वर्गों की सामाजिक आर्थिक समस्याओं को अभिव्यक्ति दी जो अपनी समस्याओं को चुनावी राजनीति के जरिये हल नहीं कर पा रहे थे।

-- जनता के क्षोभ व समाज के गहरे तनावों को सार्थक दिशा दे कर लोकतंत्र की रक्षा की।

-- सक्रिय भागीदारी के नये प्रयोग ने लोकतंत्र के जनाधार को बढ़ाया।

-- जनता को जागरूक किया तथा लोकतांत्रिक राजनीति को बेहतर ढंग से समझने में मदद।

**निष्कर्ष :-**

ये आंदोलन लोकतंत्र के लिये खतरा नहीं होते, बल्कि लोगों में लोकतंत्र के प्रति विश्वास जागृत करते है। इनका उद्देश्य दलीय राजनीति की खामियों को दूर करना होता है। अतः इन्हें समस्या के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिये।

## एक अंक वाले प्रश्न

निम्नलिखित दिए गए बहु-विकल्पीय प्रश्नों में दिए गए विभिन्न विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन करिये

1. नकसलवादी आंदोलन किस प्रकार का आंदोलन हैः

    (क) किसान आंदोलन (ख) मछुआरों का आंदोलन

    (ग) दलीय आंदोलन (घ) गैर-दलीय आंदोलन

2. नर्मदा बचाओ आंदोलन का संबंध किन राज्यों से है-

    (i) मध्यप्रदेश (ii)राजस्थान

    (iii) महाराष्ट्र (iv) गुजरात

    (क) i, ii (ख) ii, iii

    (ग) i, ii, iii (घ) i, ii, iii, iv

3. दलित पैंथर्स का प्रारंभ किस वर्ष हुआ

    (क) 973 1 (ख)1972

    (ग) 1980 (घ) 1988

4. सूचना का अधिकार विधेयक कब पारित हुआ

    (क) 2001 (ख) 2002

    (ग) 2004 (घ) 2005

5. निम्नलिखित आंदोलनों को सही क्रमानुसार व्यवस्थित करें

(क) भारतीय किसान आंदोलन (ख) चिपको आंदोलन

(ग) दलित पैंथर्स आंदोलन (घ) ताड़ी विरोधी आंदोलन

**निम्नलिखित वाक्यों के समक्ष सही या गलत का निशान लगाइए**

6. जन-आंदोलन लोकतंत्र को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

7. नर्मदा बचाओ आंदोलन एक किसान आंदोलन है।

8. चिपको आंदोलन आंध्रप्रदेश में शुरू हुआ।

9. दलितों के उद्धार के लिए बाबा साहब अम्बेडकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

**निम्न प्रश्नों के उत्तर दो**

10. चिपको आंदोलन की शुरूआत कहाँ पर हुई?

11. ताड़ी विरोधी आंदोलन का प्रमुख नारा बतायें।

12. मेधा पाटेकर किस जन आंदोलन से जुड़ी हैं?

13. नामदेव ढसाल ............. के प्रसिद्ध कवि हैं?

14. दलित पैंथर्स के पतन के बाद उत्पन्न रिक्त स्थान की पूर्ति किस संगठन रूप लिखे।

15. जन आंदोलन से आपका क्या अभिप्राय है?

16. हाल ही में किस राज्य ने पूर्ण शराबबंदी लागू की है?

17. भारतीय किसान यूनियन का प्रभाव किन राज्यों में अधिक था?

18. सूचना के अधिकार का नेतृत्व किस संगठन ने किया?

19. किस संविधान संशोधन के माध्यम से महिलाओं को स्थानीय निकायों में आरक्षण प्रदान किया गया है?

20. BAMCEF तथा BKU का विस्तृत रूप लिखें।

21. निम्नलिखित को सही कर पुनः लिखें -

''सुचना का अधिकार संबंधी विधेयक सदन के पटलपर 2002 में रखा गया तथा जनवरी 2005 में इस विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली।

## दो अंक वाले प्रश्न

1. भारतीय किसान यूनियन की दो माँगे बतायें।

2. दलित पैंथर्स की मुख्य गतिविधियाँ बतायें।

3. दल आधारित तथा राजनैतिक दलों से स्वतंत्र आंदोलनों में अंतर स्पष्ट कीजिये।

4. उड़ीसा के आदिवासी जिलों में, उद्योग लगाने से आदिवासियों तथा पर्यावरण ाविदों के किस प्रकार के डर थे?

5. मिलान कीजिये –

| | आंदोलन | | प्रमुख ने ता |
|---|---|---|---|
| 1. | नर्मदा बचाओ आंदोलन | -- | महेन्द्र सिंह टिकैत |
| 2. | ताड़ी विरोधी आंदोलन | -- | नामदेव ढसाल |
| 3. | भारतीय किसान यूनियन | -- | मेधा पाटेकर |
| 4. | दलित पैंथर्स | -- | देबागुंटा रोसम्मा |

## चार अंक वाले प्रश्न :-

1. चिपको आंदोलन कब शुरू हुआ? पर्यावरण संरक्षण में इसका क्या योगदान है?

2. आंध्र प्रदेश में चले शराब विरोधी आंदोलन ने देश का ध्यान किन गंभीर मुद्दों की तरफ खींचा?

3. दलित पैंथर्स की प्रमुख माँगे कौन सी थी?

4. भारतीय सरकार की किस कार्यवाही से मछुआरों के जीवन पर एक बड़ा संकट खड़ा हो गया?

5. भारतीय समाज के किन वर्गों को इन आंदोलनों ने एकजुट किया?

## पाँच अंक वाले प्रश्न

1. निम्नलिखित अवतरण को पढ़ें और इसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें :

   ... लगभग सभी नए सामाजिक आंदोलन नयी समस्याओं जैसे–पर्यावरण का विनाश, महिलाओं की बदहाली, आदिवासी संस्कृति का नाश और मानवाधिकारों का उल्लंघन... के समाधान को रेखांकित करते हुए उभरे। इनमें से कोई भी अपनेआप में समाजव्यवस्था के मूलगामी बदलाव से जुड़ा

नहीं था। इस अर्थ में ये आंदोलन अतीत की क्रांतिकारी विचारधाराओं से एकदम अगल हैं। लेकिन, ये आंदोलन बड़ी बुरी तरह बिखरे हुए हैं और यही इनकी कमज़ोरी है... सामाजिक आंदोलनों का एक बड़ा दायरा ऐसी चीज़ों की चपेट में है कि वह एक ठोस तथा एकजुट जन आंदोलन का रूप नहीं ले पाता और न ही वंचितों और गरीबों के लिए प्रासंगिक हो पाता है। ये आंदोलन बिखरे-बिखरे हैं, प्रतिक्रिया के तत्त्वों से भरे हैं, अनियत हैं और बुनियादी सामाजिक बदलाव के लिए इनके पास कोई फ्रेमवर्क नहीं है। 'इस' या 'उस' के विरोध (पश्चिम-विरोधी, पूँजीवाद विरोधी, 'विकास-विरोधी, आदि) में चलने के कारण इनमें कोई संगति आती हो अथवा दबे-कुचले लोगों और हाशिए के समुदायों के लिए ये प्रासंगिक हो पाते हों-ऐसी बात नहीं।

क) नए सामाजिक आंदोलन और क्रान्तिकारी विचारधाराओं में क्या अन्तर है?

ख) लेखक के अनुसार सामाजिक आंदोलनों की सीमाएँ क्या-क्या हैं?

ग) यदि सामाजिक आंदोलन विशिष्ट मुद्‌दों को उठाते हैं तो आप उन्हें 'बिखरा' हुआ कहेंगे या मानेंगे कि वे अपने मुद्‌दे पर कहीं ज्यादा केंद्रित है। अपने उत्तर की पुष्टि में तर्क दीजिए।

2. दिए गए भारत के रेखा-मानचित्र में पांच देश A, B, C, D तथा E द्वारा चिन्हित किये गये हैं। नीचे दी गयी जानकारी के आधार पर उन्हें पहचानिये और उनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर सहित, निम्नलिखित तालिका के रूप में अपनी नोटबुक में लिखिए

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| i | | |
| ii | | |
| iii | | |
| iv | | |
| v | | |

(1) वह राज्य जहाँ वनों की कटाई को रोकने के लिए आंदोलन चलाया गया।

(2) वह राज्य जहाँ महिलाओं ने शराबबंदी के लिए आंदोलन किया।

(3) वह स्थान जहाँ दलित पैन्थर्स आन्दोलन चलाया गया।

(4) वह राज्य जहाँ किसान आंदोलन चलाया गया।

(5) सरदार सरोवर परियोजना से सम्बन्धित राज्य।




## छः अंक वाले प्रश्न

1. जन आंदोलन के सबक लिखिये।

अथवा

जन आंदोलनों ने लोकतंत्र के मार्ग में बाधा नहीं पहुँचायी बल्कि उसका विस्तार किया है। इस कथन की पुष्टि करते हुए जन आंदोलनों की सार्थकता पर प्रकाश डालिये। (IMP)

2. बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना के तीन सकारात्मक तथा तीन नकारात्मक प्रभाव बताऐं।
3. भारतीय किसान युनियन द्वारा चलाये जाने वाले किसान आंदोलन को सर्वाधिक सफल जन आंदोलन बनाने वाले किन्हीं छः कारकों का उल्लेख करें।
4. सरदार सरोवर परियोजना से क्या अभिप्राय है? इस आंदोलन की क्या उपलब्धियाँ है? इसका विरोध क्यों किया जा रहा है?

## एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. घ
2. घ
3. ख
4. घ
5. ख, ग, क, घ
6. सही
7. गलत
8. गलत
9. सही
10. उत्तराखण्ड
11. ताड़ी की बिक्री बंद करो
12. नर्मदा बचाओ आंदोलन
13. मराठी
14. बामसेफ
15. समाज के विभिन्न समूह अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिये जो आंदोलन चलाते हैं, उन्हें जन आंदोलन कहते हैं। यह लोगों के असंतोष की अभिव्यक्ति के माध्यम हैं।

16. बिहार

17. पश्चिमी उत्तर-प्रदेश व हरियाणा

18. मजदूर किसान शक्ति संगठन

19. 73वाँ तथा 74वाँ संशोधन

20. a) बैकवर्ड एण्ड माइनोरिटी एम्पलाईज़ फेडरेशन

    b) भारतीय किसान यूनियन

21. ''सूचना का अधिकार'' संबंधी विधेयक सदन के पटल पर सन् 2004 में रखा गया तथा जून 2005 में विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली।

## दो अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. a) बिजली की दर में की गयी बढ़ोत्तरी का विरोध

   b) किसानों के ऋण माफ करने की माँग।

2. a) अनेकों साहित्यिक रचनाओं द्वारा जातिगत अत्याचारों का विरोध।

   b) भूमिहीन गरीब किसानो, मजदूरों व दलितों का संगठन बनाना व मंच प्रदान करना।

3. दल आधारित आंदोलन वह होते हैं जो राजनैतिक दलों के सहयोग से शुरू किये जाते हैं। जो आंदोलन स्थानीय लोगों व स्वयंसेवी संगठनों आदि के द्वारा शुरू किये जाते हैं, उन्हें दलों से स्वतंत्र आंदोलन कहते हैं।

4. आदिवासियों को विस्थापन तथा आजीविका का भय था तथा पर्यावरणविद् को पर्यावरण के प्रदूषण का भय था।

5. नर्मदा बचाओ आंदोलन -- मेधा पाटेकर

   ताड़ी विरोधी आंदोलन -- देबागुंटा रोसम्मा

   भारतीय किसान यूनियन -- महेन्द्र सिंह टिकैत

   दलित पैंथर्स -- नामदेव ढसाल।

## चार अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. स्मरणीय बिन्दु देखें।

2. अपराधीकरण - शराब की बिक्री के फलस्वरूप अपराध व राजनीति का गहरा संबंध हो गया था।

-- घरेलू हिंसा - शराब पीने के बाद घरेलू हिंसा में वृद्धि।

-- शारीरिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव

-- महिलाओं का शारीरिक व मानसिक शोषण

3. स्मरणीय बिन्दु देखे।

4. स्मरणीय बिन्दु देखे।

5. समाज के उपेक्षित वर्ग, दलित, आदिवासी, ग्रामीण महिलायें, कृषक व मजदूर वर्ग।

## पाँच अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. **अवतरण**

   i) नये सामाजिक आंदोलन नयी समस्याओं जैसे पर्यावरण का विनाश, महिलाओं की बदहाल स्थिति, आदिवासी संस्कृति का नाश व मानवाधिकारों के उल्लंघन से संबंधित हैं जबकि क्रान्तिकारी विचारधारायें समाज व्यवस्था में मूलगामी परिवर्तन से संबंधित होती है।

   ii) यह सुसंगठित नहीं होते हैं न ही गरीबो व वंचितो के लिये प्रासंगिक हो सकते हैं क्योंकि इनके पास बदलाव के लिये कोई फ्रेमवर्क नहीं है।

   iii) विशिष्ट मुद्दों को उठाने के कारण अपने मुद्दे पर केन्द्रित कहना ज्यादा उचित होगा। उदाहरण नर्मदा बचाओं आंदोलन का प्रभाव उसी क्षेत्र के लोगों से संबंधित है, उसका प्रभाव केरल या कश्मीर के लोगों पर नहीं पड़ेगा। अतः समस्यायें सुलझाने के लिये इन आंदोलनों का विशिष्ट मुद्दों पर केन्द्रित होना आवश्यक है।

2. i) B उत्तराखंड

   ii) C आंध्रप्रदेश

   iii) A महाराष्ट्र

iv) E उत्तर प्रदेश

V) D गुजरात

**छः अंक वाले प्रश्न का उत्तर**

1. स्मरणीय बिन्दु देखें

2. **सकारात्मक प्रभाव**

-- सिंचाई के लिये जल की उपलब्धता

-- बाढ़ व सूखे की समस्या से मुक्ति

-- क्षेत्र का विकास

**नकारात्मक प्रभाव**

-- स्थानीय लोगों के पुर्नवास की समस्या

-- पर्यावरण को हानि

-- आजीविका व संस्कृति पर बुरा असर

3. स्मरणीय बिन्दु एवं एन. सी. ई. आर. टी. के पाठ्यपुस्तक देखें।

4. स्मरणीय बिन्दु एवं एन. सी. ई. आर. टी. की पाठ्यपुस्तक देखें।

अध्याय - 8

# क्षेत्रीय आकांक्षाये

---

## स्मरणीय बिन्दु

★ एक क्षेत्र विशेष के लोगों द्वारा अपनी विशिष्ट भाषा, धर्म, संस्कृति भौगोलिक विशिष्टताओं आदि के आधार पर की जाने वाली विशिष्ट मांगों को क्षेत्रीय आकांशाओं के रूप में समझा जा सकता है।

★ यूरोप के देशों में सांस्कृतिक विभिन्नता को राष्ट्र के लिए खतरा माना जाता है परन्तु भारत में विविधता की चुनौती से निपटने के लिए देश की आन्तरिक सीमाओं का पुनः निर्धारण किया गया है और सभी समुह के व्यक्तियों को अपनी संस्कृति बनाये रखने की अधिकार है।

★ भारत में सन् 1980 के दशक को स्वायत्तता के दशक के रूप में देखा जाता हैं कई बार संकीर्ण स्वार्थो, विदेशी प्रोत्साहन आदि के कारण क्षेत्रीयता की भावना जब अलगाव का रास्ता पकड़ लेती है तो यह राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के लिए गम्भीर चुनौती बन जाती है।

★ क्षेत्रीयता के प्रमुख कारण :-

-- धार्मिक विभिन्नता

-- सांस्कृतिक विभिन्नता

-- भौगोलिक विभिन्नता

-- राजनीतिक स्वार्थ

-- असंतुलित विकास

-- क्षेत्रीय राजनीतिक दल इत्यादि

**जम्मू एवं कश्मीर -** यहाँ पर तीन राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र शामिल है - जम्मू, कश्मीर और लद्दाख। कश्मीर का एक भाग अभी भी पाकिस्तान के कब्जे में है। और पाकिस्तान ने कश्मीर का भाग अवैध रूप से चीन को हस्तांतरित कर दिया है

- स्वतंत्रता से पूर्व जम्मू कश्मीर में राजतंत्रीय शासन व्यवस्था थी। यहां के राजा हरी सिंह ने इसको अलग स्वतंत्र देश घोषित किया तो पाकिस्तानी कबायलियों की घुसपैठ के कारण राजा ने भारत सरकार से सैनिक सहायता मांगी और बदले में कश्मीर के भारत में विलय करने के लिए विलय पत्र पर हस्ताक्षर किये। तथा भारत ने संविधान के अनुच्छेद 370 के द्वारा विशेष राज्य का दर्जा प्रदान किया।
- पाकिस्तान के उग्रवादी व्यवहार और कश्मीर के अलगावादियों के कारण यह क्षेत्र अशान्त बना हुआ है यहाँ के अलगावादियों की तीन मुख्य धाराएँ है – 1) कश्मीर को अलग राष्ट्र बनाया जाय 2) कश्मीर का पाकिस्तान में विलय किया जाय 3) कश्मीर भारत का ही भाग रहे परन्तु इसे और अधिक स्वायत्ता दी जाय।

**पंजाब** – 1920 के दशक में गठित अकाली दल ने पंजाबी भाषी क्षेत्र के गठन के लिए आन्दोलन चलाया जिसके परिणाम स्वरूप पंजाब प्रान्त से अलग करके सन् 1966 में हिन्दी भाषी क्षेत्र हरियाणा तथा पहाड़ी क्षेत्र हिमाचल प्रदेश बनाये गये।

- अकालीदल से सन् 1973 के आनन्दपुर साहिब सम्मेलन में पंजाब के लिए अधिक स्वायत्तता की मांग उठी कुछ धार्मिक नेताओं ने स्वायत्त सिक्ख पहचान की मांग की और कुछ चरमपन्थियों ने भारत से अलग होकर खालिस्तान बनाने की मांग की।
- ऑपरेशन ब्लू स्टार – सन् 1980 के बाद अकाली दल पर उग्रपन्थी लोगों का नियन्त्रण हो गया और इन्होंने अमृतसर के स्वर्ण मन्दिर में अपना मुख्यालय बनाया। सरकार ने जून 1984 में उग्रवादियों को स्वर्ग मन्दिर से निकालने के लिए सैन्य कार्यवाही (ऑपरेशन ब्लू स्टार) की।
- इस सैन्य कार्यवाही को सिक्खों ने अपने धर्म, विश्वास पर हमला माना जिसका बदला लेने के लिए 31 अक्टूबर 1984 को इंन्दिरा गांधी की हत्या की गई तो दूसरी तरफ उत्तर भारत में सिक्खों के विरूद्ध हिंसा भड़क उठी।
- पंजाब समझौता – जुलाई 1985 में अकाली दल के अध्यक्ष हर चन्द सिंह

लोगोवाल तथा राजीव गांधी के समझौते ने पंजाब में शान्ति स्थापना के प्रयास किये।

**पूर्वोत्तर भारत** - इस क्षेत्र में सात राज्य है भारत की 04 प्रतिशत आबादी रहती है। यहाँ की सीमायें चीन, म्यांमार, बांग्लादेश और भूटान से लगती है यह क्षेत्र भारत के लिए दक्षिण पूर्वे एशिया का प्रवेश द्वार है। संचार व्यवस्था एवं लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा आदि समस्याये यहां की राजनीति को संवेदनशील बनाती है। पूर्वोंत्तर भारत की राजनीति में स्वायत्तता की मांग, अलगाववादी आंदोलन तथा बाहरी लोगों का विरोध मुद्दे प्रभावी रहे है।

ए) **स्वायत्तता की मांग** - आजादी के समय मणिपुर एवं त्रिपुरा को छोड़कर पूरा क्षेत्र असम कहलाता था जिसमें अनेक भाषायी जनजातिय समुदाय रहते थे इन समुदायों ने अपनी विशिष्टता को सुरक्षित रखने के लिए अलग-अलग राज्यों की मांग की।

बी) **अलगाववादी आन्दोलन** - 1) मिजोरम - सन् 1959 में असम के मिजो पर्वतीय क्षेत्र में आये अकाल का असम सरकार द्वारा उचित प्रबन्ध न करने पर यहाँ अलगाववादी आन्दोलन उभारो।

★ सन् 1966 मिजो नेशनल फ्रंट (M.N.F.) ने लाल डेंगा के नेतृत्व में आजादी की मांग करते हुए सशस्त्र अभियान चलाया। 1986 में राजीव गांधी तथा लाल डेगा के बीच शान्ति समझौता हुआ और मिजोरम पूर्ण राज्य बना।

2) **नागालैण्ड** - नागा नेशनल कांउसिल (N.N.C) ने अंगमी जापू फिजो के नेतृत्व में सन् 1951 से भारत से अलग होने और वृहत नागालैंण्ड की मांग के लिए सशस्त्र संघर्ष चलाया हुआ है। कुछ समय बाद N.N.C में दोगुट एक इशाक मुइवा (M) तथा दुसरा खापलांग (K) बन गये। भारत सरकार ने सन् 2015 में N.N.C - M गुट से शान्ति स्थापना के लिए समझौता किया परन्तु स्थाई शान्ति अभी बाकी है।

सी) **बाहरी लोगों का विरोध** - पूर्वोत्तर के क्षेत्र में बंगलादेशी घुसपैठ तथा भारत के दूसरे प्रान्तो से आये लोगों को यहां की जनता अपने रोजगार और संस्कृति के लिए खतरा मानती है।

★ 1979 से असम के छात्र संगठन आसू (AASU) ने बाहरी लोगों के विरोध में ये आन्दोलन चलाया जिसके परिणाम स्वरूप आसू और राजीव गांधी के

बीच शान्ति समझौता हुआ सन् 2016 के असम विधान सभा चुनावों में भी बांग्लादेशी घुसपैठ का प्रमुख मुद्दा था।

**द्रविड आन्दोलन** - दक्षिण भारत के इस आन्दोलन का नेतृत्व तमिलसमाज सुधारक ई.वी. रामास्वामी नायकर पेरियार ने किया। इस आन्दोलन ने उत्तर भारत के राजनीतिक, आर्थिक व सांस्कृतिक प्रभुत्व, ब्राहमणवाद व हिन्दी भाषा का विरोध तथा क्षेत्रीय गौरव बढ़ाने पर जोर दिया। इसे दूसरे दक्षिणी राज्यों में समर्थन न मिलने पर यह तमिलनाडु तक सिमट कर रह गया। इस आन्दोलन के कारण एक नये राजनीतिक दल - ''द्रविड कषगम'' का उदय हुआ यह दल कुछ वर्षों के बाद दो भागो (D.M.K. एवं A.I.D.M.K.) में बंट गया ये दोनों दल अब तमिलनाडु की राजनीति में प्रभावी है।

**सिक्किम का विलय** :- आजादी के बाद भारत सरकार ने सिक्किम के रक्षा व विदेश मामले अपने पास रखे और राजा चोग्याल को आन्तरिक प्रशासन के अधिकार दिये। परन्तु राजा जनता की लोकतांन्त्रिक भावनाओं को नहीं संभाल सका और अप्रैल 1975 में सिक्किम विधान सभा ने सिक्किम का भारत में विलय का प्रस्ताव पास करके जनमत संग्रह कराया जिसे जनता ने सहमती प्रदान की। भारत सरकार ने प्रस्ताव को स्वीकार कर सिक्किम को भारत का 22वाँ राज्य बनाया।

**गोवा मुक्ति** :- गोवा दमन और दीव सोलहवीं सदी से पुर्तगाल के अधीन थे और 1947 में भारत की आजादी के बाद भी पुर्तगाल के अधीन रहे। महाराष्ट्र के समाजवादी सत्याग्रहियों के सहयोग से गोवा में आजादी का आन्दोलन चला दिसम्बर 1961 में भारत सरकार ने गोवा में सेना भेजकर आजाद कराया और गोवा दमन, दीव को संघ शासित क्षेत्र बनाया।

- गोवा को महाराष्ट्र में शामिल होने या अलग बने रहने के लिए जनमत संग्रह जनवरी 1967 में कराया गया और सन् 1987 में गोवा को राज्य बनाया गया।

### आजादी के बाद से अब तक उभरी क्षेत्रीय आकांक्षाओं के सबक-

-- क्षेत्रीय आकांक्षाये लोकतांन्त्रिक राजनीति की अभिन्न अंग है।

-- क्षेत्रीय आकाक्षाओं को दबाने की बजाय लोकतान्त्रिक बातचीत को अपनाना अच्छा होता है।

-- सत्ता की साझेदारी के महत्व को समझना।

-- क्षेत्रीय असन्तुलन पर नियन्त्रण रखना।

**एक अंकीय प्रश्न -**

**निम्नलिखित वाक्यों को सही करके लिखिए**

1. द्रविड़ आंदोलन आंध्र प्रदेश में चलाया गया।
2. भारत सरकार को असम समस्या के समाधान में सफलता नहीं मिली।
3. जम्मू कश्मीर राज्य को 373 अनुच्छेद के तहत विशेष राज्य का दर्जा दिया गया।
4. 1975 में एक प्रस्ताव पारित किया गया और सिक्किम भारत का 23वां राज्य बना।
5. हरियाणा राज्य को पंजाब से 1960 में अलग कर एक नया राज्य बनाया गया।

**निम्नलिखित दिए गए बह-विकल्पीय प्रश्नों में दिए गए विभिन्न विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन करिये**

6. अलगाववादी आंदोलन किन राज्यों में चलाया गया-

   (क) मिजोरम, नागालैंड (ख) मणिपुर, त्रिपुरा

   (ग) असम, मिजोरम (घ) मिजोरम, मणिपुर

7. एम. एन. एफ का संबंध किस राज्य से है-

   (क) नागालैंड (ख) मिजोरम

   (ग) मणिपुर (घ) मेघालय

8. 1947 के बाद भी गोआ किस के अधीन रहा-

   (क) डच (ख) अंग्रेज

   (ग) पुर्तगाली (घ) उपर्युक्त सभी के

9. अकाली दल किस राज्य का क्षेत्रीय दल है-

   (क) हरियाणा (ख) हिमाचल प्रदेश

   (ग) उत्तर प्रदेश (घ) पंजाब

10. आजादी के समय जम्मू कश्मीर का शासक कौन था

    (क) हरि चंद (ख) हरि सिंह (ग) हरि राम (घ) हरि लाल

11. क्षेत्रीय आकांक्षाओं की उचित राजनीतिक अभिव्यक्ति किस शासन प्रणाली में होती है?
12. मिजो नेशनल फ्रंट के संस्थापक नेता कौन था?
13. पंजाब के आतंकवाद को समाप्त करने के लिए भारत सरकार ने कौन सा सैन्य अभियान चलाया था?
14. भारत में स्वायत्तता की मांग का दशक किसे माना जाता है?
15. पेरियार के नाम से किस को जाना जाता है?
16. राजनीतिक दल D.M.K. की स्थापना किसने की थी?
17. जम्मु कश्मीर के कोई दो क्षेत्रों के नाम लिखिये।
18. गोवा दमन एंव दीव पुर्तगाल से कब स्वतंन्त्र हुए?
19. द्रविड आन्दोलन का नारा क्या था?
20. गोवा पुर्तगाल से कब स्वतंत्र हुआ?

## दो अंकीय प्रश्न :-

1. पंजाब समझौता कब और किनके बीच हुआ?
2. ऑपरेशन ब्लू स्टार कब और कहाँ चलाया गया था?
3. उन चार देशों के नाम लिखिये जिनकी सीमाये भारत के पूर्वोंतर राज्यो से लगी हुई है।
4. कश्मीर और लद्दाख में किस-किस धर्म के लोगों की बहुलता है।
5. असम का क्षेत्रीय राजनीतिक दल 'असमगण परिषद्' किन दलों को मिलाकर बनाया गया।
6. पंजाब का विभाजन कब हुआ तथा कौन से नये राज्य बनाये गये।
7. पूर्वोत्तर भारत का क्षेत्र संवेदनशील मानने के कोई दो कारण लिखिये।
8. राज्य और उनके गठन के वर्षो का मिलान कीजिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | हरियाणा | i) | 1986 |
| ख) | मेघालय, मणीपुर, त्रिपुरा | ii) | 1966 |
| ग) | नागालैंण्ड | iii) | 1960 |
| घ) | अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम | iv) | 1972 |

9. आसू क्या था? इसकी प्रमुख माँगों का उल्लेख कीजिए।

## चार अंकीय प्रश्न :-

1. क्षेत्रवाद एवं पृथकतावाद में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
2. पंजाब समझौते के प्रमुख प्रावधानों का वर्णन कीजिए। (IMP)
3. पंजाब के अलग प्रान्त बनने पर भी अकाली दल अधिक लोकप्रिय क्यों नहीं हुआ ?
4. भारत में क्षेत्रीय असन्तोष को नियन्त्रित करने के सुझाव दीजिए।
5. स्वतंन्त्रता के बाद देश में उत्पन्न तनाव और संघर्ष के क्या कारण रहे है ?
6. हर क्षेत्रीय आंदोलन अलगाववादी आंदोलन की और अग्रसर नहीं होता। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिये। (IMP)
7. आनंदपुर साहब प्रस्ताव क्या था ? इसके विवादस्पद होने के क्या कारण थे ?

## पाँच अंकीय प्रश्न

1. नीचे लिखे अवतरण को पढ़े और इसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें :

   हजारिका का एक गीत..... एकता की विजय पर हैं, पूर्वोत्तर के सात राज्यों को इस गीत में एक ही माँ की सात बेटियाँ कहा गया है... मेघालय अपने रास्ते गई..... अरूणाचल भी अलग हुई और मिजोरम असम के द्वार पर दूल्हे की तरह दूसरी बेटी से ब्याह रचाने को खड़ा है... इस गीत का अंत असमी लोगों की एकता को बनाए रखने के संकल्प के साथ होता है और इसमें समकालीन असम में मौजूद छोटी-छौटी कौमों को भी अपने साथ एकजुट रखने की बात कहीं गई है..... करबी और मिजिंग भाई-बहन हमारे ही प्रियजन हैं।

   -- संजीव बरूआ

क) लेखक यहाँ किस एकता की बात कह रहा है ? (1)

ख) पुराने राज्य असम से अलग करके पूर्वोत्तर के मुख्य राज्य क्यों बनाए गए ?(2)

ग) पूर्वोत्तर के किन्हीं दो राज्यों के नाम लिखिए। (2)

2. नीचे दिये गये अवतरण को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

   ''छः साल की सतत् अस्थिरता के बाद राजीव गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने 'आसू' के नेताओं के साथ बातचीत शुरू की। निसके परिणामस्वरूप एक समझौता हुआ''

क)	आसू (AASU) का शब्द विस्तार तथा आसू किस राज्य का संगठन है? उसका नाम लिखिये।

ख)	राजीव गाँधी तथा आसू के नेताओं के बीच समझौता कब हुआ?

ग)	आसू की दो प्रमुख मांगों को लिखिये।

3.	दिए गए कार्टून के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।



**संबंधित प्रश्नः—**

i)	उपरोक्त कार्टुन किस राज्य की राजनीतिक व्यवस्था से संबंधित है?

ii)	कार्टून में दिए गए दो नेताओं को पहचानिए?

iii)	यह कार्टून किस राजनीतिक संकट को दर्शाता हैं?

**छः अंकीय प्रश्न :-**

1.	''क्षेत्रीय मांगो का मानना और भाषा के आधार पर नये राज्यो का गठन करना एक लोकतांन्त्रिक कदम के रूप में देखा जाता है'' इस कथन को न्यायोचित सिद्ध करने के लिए तीन उपयुक्त तर्क दीजिए।

2.	स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद से जम्मू कश्मीर की राजनीति सदैव विवादग्रस्त एवं संघर्ष युक्त रही है क्यों? वर्णन कीजिए। (IMP)

3. किन कारणो से भारतीय लोकतंन्त्र की सफलता के लिए क्षेत्रवाद पर नियन्त्रण लगाना आवश्यक है ?

4. असम का आन्दोलन सांस्कृतिक स्वाभिमान और आर्थिक पिछड़ेपन की मिली जुली अभिव्यक्ति था इस कथन पर अपने मत प्रकट करे। (IMP)

## एक अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. द्रविड़ आंदोलन तमिलनाडु में चलाया गया।
2. भारत सरकार को असम समस्या के समाधान में सफलता मिली।
3. जम्मू कश्मीर राज्य को 370 अनुच्छेद के तहत विशेष राज्य का दर्जा दिया गया।
4. 1975 में एक प्रस्ताव पारित किया गया और सिक्किम भारत का 22वां राज्य बना।
5. हरियाणा राज्य को पंजाब से 1966 में अलग कर एक नया राज्य बनाया गया।
6. क
7. ख
8. ग
9. घ
10. ख
11. लोकतांत्रिक शासन प्रणाली
12. लाल डेंगा
13. ऑपरेशन ब्लू स्टार
14. 1980 का दशक
15. ई. वी. रामा स्वामी नायकर
16. सी. अन्नादुराई
17. ए) जम्मू बी) कश्मीर सी) लद्दाख डी) कोई दो
18. दिसम्बर 1961
19. ''उत्तर हर दिन बढ़ता जाय दक्षिण दिन-दिन घटता जाय''
20. सन् 1961

## दो अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. जुलाई 1985, अकाली दल अध्यक्ष हर चन्द्र सिंह लोगोवाला व राजीव गाँधी।
2. जून 1984 में। पंजाब में अमत्सर के स्वर्ण मन्दिर में
3. चीन, म्यामार, बांग्लादेश और भूटान।
4. कश्मीर में इस्लाम तथा लद्दाख में बौद्ध लोगों की बहुलता है।
5. असमगण संग्राम परिषद और ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन।
6. 1966 में (हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश)
7. पूरे भारत में अलग-थलग, जटिल सामाजिक संरचना, आर्थिक पिछड़ापन तथा लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा- (कोई दो)
8. क) ii) घ) iv) ग) iii) घ) i)
9. आसू (ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन) एक छात्र संगठन था। इसकी प्रमुख मांग थी कि 1951 के बाद जितने भी लोग असम में आकर बसे हैं उन्हें असम से बाहर भेजा जाये।

## चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. क्षेत्रवाद - क्षेत्रीय आधार पर राजनीतिक, आर्थिक एवं विकास सम्बन्धी मांग उठाना।

   पृथकतावाद - किसी क्षेत्र का देश से अलग होने की भावना होना या मांग उठाना।

2.-- चण्डीगढ पंजाब को दिया जायेगा।

-- पंजाब हरियाणा सीमा विवाद सुलझाने के लिए आयोग की नियुक्ति होगी।

-- पंजाब, हरियाणा, राजस्थान के बीच राबी व्यास के पानी बंटवारे हेतु न्यायाधिकरण गठित किया जायेगा।

-- पंजाब में उग्रवाद प्रभावित लोगों को मुआवजा दिया जायेगा।

-- पंजाब से विशेष सुरक्षा बल अधिनियम।

3. -- पंजाब के हिन्दुओं में अकाली दल का प्रभाव नहीं।

-- केन्द्र सरकार ने अकाली दल सरकार को बर्खास्त किया।

-- सिक्ख समुदाय भी वर्गो में बटा हुआ था।

-- दलित सिक्खो पर कांग्रेस का प्रभाव रहा है।

4\. -- सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास।

-- भाषावाद की समस्या का समाधान।

-- राष्ट्रीय एकता का महत्व बताना।

-- क्षेत्रीय हितो के स्थान पर राष्ट्रीय हितो को प्रमुखता देना।

5\. -- भाषा के आधार पर नये राज्यों के गठन की मांग

-- गैर हिन्दी भाषी क्षेत्रों में हिन्दी भाषा का विरोध।

-- जम्मू कश्मीर में स्वायत्तता का आन्दोलन।

-- जन जातिय आन्दोलन

-- अलगाववादी आन्दोलन।

6\. स्मरणीय बिन्दु एवं एन. सी. ई. आर. टी. की पाठ्यपुस्तक देखें।

7\. स्मरणीय बिन्दु एवं एन. सी. ई. आर. टी. की पाठ्यपुस्तक देखें।

## पाँच अंकीय प्रश्नों के उत्तर

1 i) पूर्वोतर के सात राज्यों की एकता

ii) -- क्षेत्रीय मांगों को पूरा करने के लिए

-- पूर्वोतर के समुचित एवं संतुलित विकास हेतु।

iii) मणीपुर, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा, आदि (कोई दो)

2\. i) AASU - All Assam Student Union, असम राज्य।

ii) सन् 1985 में

iii) बाहरी लोगों का विरोध, अपनी संस्कृति की रक्षा तथा गरीबी दूर करना।

3\. i) जम्मू एवं कश्मीर।

ii) इन्दिरा गाँधी एवं शेख अबदूल्ला।

iii) केन्द्र सरकार के निरन्तर हस्तक्षेप के जम्मू-कश्मीर में राजनीति अस्थिरता का संकट।

**छः अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

**1. कथन के पक्ष में तर्क -**

i) 60 वर्षो में भाषायी आधार पर बनने वाले राज्यों ने लोकतान्त्रिक राजनीति की प्रकृति को सकारात्मक और रचनात्मक बना दिया है।

ii) भाषायी आधार पर राज्यों के निर्माण से राज्यों की सीमाये निर्धारित करने में भाषा सभी के लिए एक समान आधार बन गई है।

iii) इससे देश विघटन होने के बजाय एकीकरण हुआ।

iv) लोगों की क्षेत्रीय आकांक्षाये पूरी हुई है लोगों को ताकत मिली है और लोकतंत्र सफल हुआ है लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अनेक क्षेत्रीय अपेक्षाओं को स्थान दिया जा रहा है (किन्ही तीन की व्याख्या करें)

2. -- कश्मीर के तीन सामाजिक आर्थिक क्षेत्र
-- पाकिस्तानी सेना द्वारा कबाइलियो के रूप में आक्रमण
-- अनुच्छेद 370 द्वारा विशेष राज्य
-- गुलाम कश्मीर और अक्साई चीन का मामला
-- वहाँ अधिक स्वायत्तता की मांग
-- अलगाव वादियों के दृष्टिकोण
-- पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को बढ़ावा।

3. i) राष्ट्र की एकता में बाधा
ii) देश के सन्तुलित विकास में बाधा
iii) केन्द्र व राज्य सरकारो के सम्बन्ध कटु
iv) राज्यों के आपसी सम्बन्धों में दरार
v) हिंसात्मक आन्दोलन को बढ़ावा।
iv) आर्थिक प्रगति में बाधा
vii) राष्ट्रीय हितो की अनदेखी

4. ए) देश की मुख्य भूमि से भौगोलिक पृथकता तथा सांस्कृतिक पहचान का अहसास।

बी) आर्थिक पिछड़ापन।

सी) बाहरी लोगो (बांग्लादेशी, बंगाली एवं अन्य) की बढ़ती संख्या से स्थानीय लोगों में अनेक आशंकाये (डर) पैदा हो गई है जैसे–

i) संस्कृति को खतरा

ii) राजनीतिक महत्व घटना

iii) बेरोजगारी बढ़ना

iv) व्यापार एवं व्यवसाय के अवसर घटना। आदि

अध्याय - 9

# भारतीय राजनीति में नए बदलाव

## स्मरणीय बिन्दु

★ 1989 के आम चुनावों में किसी भी दल को बहुमत प्राप्त ना होने की स्थिति में भारतीय राजनीति में केन्द्रीय स्तर पर गठबन्धन के युग का आरम्भ हुआ। इस बदलाव ने राष्ट्रीय राजनीति में क्षेत्रीय दलों की भूमिका में अभिवृद्धि की।

★ 1990 के पश्चात् भारतीय राजनीति में सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक स्तर पर कई बड़े बदलाव देखे गए जिन्होंने भारतीय राजनिति की दशा व दिशा को बदलने का काम किया।




## गठबंधन का युग :-

-- कांग्रेस की हार के साथ भारत की दलीय व्यवस्था से उसका प्रभुत्व समाप्त हो गया और बहुदलीय शासन-प्रणाली का युग शुरू हुआ। अब केंद्र में गठबंधन सरकारों के निर्माण में क्षेत्रीय दलों का महत्व बढ़ गया।

-- 1989 के चुनावों के बाद गठबंधन का युग आरंभ हुआ। इन चुनावों के बाद जनता दल और कुछ क्षेत्रीय दलों को मिलाकर बने राष्ट्रीय मोर्चे ने भाजपा और वाम मोर्चे के समर्थन से गठबंधन सरकार बनायी।

-- 1998 से 2004 तक भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठनबंधन की सरकार रही। इस दौरान अटल बिहारी वाजयेपी प्रधानमंत्री रहे। 2004 से 2009 व 2009 से 2014 तक कांग्रेस के नेतृत्व में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार ने लगातार दो कार्यकाल पूरे किए। इस दौरान डा. मनमोहन सिंह प्रधनमंत्री रहे। 2014 में नेरन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने इतिहास रचते हुए 30 साल बाद पूर्ण बहुमत प्राप्त किया परन्तु चुनाव पूर्व गठबंधन की प्रतिबद्धता का सम्मान करते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनाई। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी का कांग्रेस मुक्त अभियान 21 राज्यों के सफल रहा।




**मंडल मुद्दा :-**

-- 1978 में जनता पार्टी सरकार ने दूसरे 'पिछड़ा आयोग' का गठन किया। इसके अध्यक्ष बिन्देश्वरी प्रसाद मंडल थे इसलिए इसे मंडल आयोग के नाम से जाना जाता है।

-- मंडल आयोग की मुख्य सिफारिशें -

1) अन्य पिछड़ा वर्ग OBC को सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण।

2) भूमि सुधारों को पूर्णता से लागू करना।

-- 1990 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह की सरकार ने मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करने की घोषणा की। इसके खिलाफ देश के विभिन्न भागों में मंडल विरोधी हिंसक प्रदर्शन हुए।

## क्रियान्वयन का परिणाम

-- आरक्षण के विरोध में उत्तर भारत के शहरों में व्यापक हिंसक प्रर्दशन हुए। इसमें छात्रों द्वारा हड़ताल, धरना, प्रर्दशन, सरकारी संपत्ति को नुकसान आदि शामिल थे। परन्तु इस विरोध का सबसे अहम पहलू बेरोज़गार युवाओं व छात्रों द्वारा आत्मदाह तथा आत्महत्या जैसी घटनायें थी। दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र राजीव गोस्वामी द्वारा सरकार के फैसले के खिलाफ सर्वप्रथम आत्मदाह का प्रयास किया गया। विरोधियों का तर्क था कि जातिगत आधार पर आरक्षण समानता के अधिकार के खिलाफ है। तमाम विरोधों के बावजूद 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री वी. पी. सिंह द्वारा ये सिफारिशें लागू कर दी गयी।

## नई आर्थिक नीति :-

-- 1991 में श्री पी.बी. नरसिम्हाराव के नेतृत्व वाली सरकार, जिसके वित्तमंत्री डा. मनमोहन सिंह थे, ने देश में नई आर्थिक नीति लागू की जिसे बाद में आने वाली सभी सरकारों ने जारी रखा। इस नीति में अर्थव्यवस्था के उदारीकरण और निजीकरण पर बल दिया गया।

## अयोध्या विवादः-

-- 16 वीं सदी में मीर बाकी द्वारा अयोध्या में बनवाई मस्जिद के बारे में कहा गया कि यह मस्जिद मंदिर को तोड़कर बनवाई गई। यह मामला अदालत में गया और 1940 के दशक में टाला लगा दिया गया। बाद में जब ताला खुला तो इस मुद्दे पर वोट-बैंक की राजनीति हुई। 6 दिसम्बर 1992 को मस्जिद का ढांचा तोड़ दिया गया। इससे कारण देश में साम्प्रदायिक हिंसा फैली और 1993 में मुम्बई में दंगे हुई। विवाद की जांच के लिए लिब्रहान आयोग का गठन किया गया।

## गोधरा कांडः-

-- 26 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस में कारसेवकों की बोगी में आग लग गयी.यह संदेह करके कि बोगी में आग मुस्लिमों में लगाई होगी अगले दिन गुजरात में बड़े पैमाने पर मुस्लिमों के खिलाफ हिंसा हुई। यह एक महीने चला और 1100 व्यक्ति मारे गए।

**शाहबानों प्रकरणः-**

-- शाहबानों एक मुस्लिम महिला थीं जिसे तलाक के बाद पति ने गुजारा भत्ता देने से मना कर दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 44 (समान नागरिक संहिता) के तहत शाहबानों को पति के गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया।

**सहमति के मुद्दे :-**

विभिन्न दलों में बढ़ती सहमति के मुद्दे निम्न हैं :-

1) नई आर्थिक नीति पर सहमति

2) पिछड़ी जातियों के राजनीतिक और सामाजिक दावों की स्वीकृति।

3) क्षेत्रीय दलों की भूमिका एवं साझेदारी को स्वीकृति।

4) विचारधारा की जगह कार्यसिद्धि पर जोर।

**एक अंक वाले प्रश्न :-**

**खाली स्थान भरो**

1. समान नागरिक सहिंता का संबंध अनुच्छेद................ से है।
2. मंडल आयोग ने ओबीसी को...............आरक्षण की सिफारिश की।
3. 2009 के लोकसभा चुनाव के परिणामस्वरूप ....................दल ने केंद्र में सरकार बनाई।
4. केंद्र में पहली गठबंधन सरकार. .............दल ने 1989 में बनाई।

**निम्नलिखित दिए गए बहु-विकल्पीय प्रश्नों में दिए गए विभिन्न विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन करिये**

5. निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें-

   (क) भारत में आर्थिक सुधारों के प्रारंभ (ख) गोधरा कांड

   (ग) अयोध्या विवाद

   (घ) मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होना

6. 1990 के बाद भारतीय राजनीति में हुए बदलावों के संबंध में कौन सा बदलाव असत्य है-

   (क) कांग्रेस प्रणाली की समाप्ति

   (ख) क्षेत्रीय दलों की बढ़ती भूमिका

(ग) राष्ट्रीय राजनीति में महिला मुद्दों की प्रमुखता

(घ) आर्थिक सुधारों का प्रारंभ

7. 1989 में केंद्र में गठबंधन सरकार के प्रादुर्भाव के लिए उत्तरदायी कारक थे-

(i) कांग्रेस की केंद्र में मजबूत स्थिति होना

(ii) किसी भी दल को बहुमत नहीं मिलना

(iii) कांग्रेस दल में चमत्कारिक नेताओं की कमी होना

(iv) क्षेत्रीय दलों की बढ़ता प्रभाव

(क) i, iii, iv (ख) i, iv

(ग) ii, iii, iv (घ) i, iii

**निम्नलिखित वाक्यों के समक्ष सही या गलत का निशान लगाइए-**

8. शाहबानों एक ईसाई महिला थीं।
9. गोधरा कांड गुजरात के गोधरा स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में 2002 में हुआ था।
10. कांग्रेस को 1984 के चुनाव में सर्वाधिक 415 सीटें मिली।
11. मंडल आयोग 1980 में गठित हुआ।

**निम्न प्रश्नों के उत्तर दे:**

12. नई आर्थिक नीति कब लागू की गई ?
13. बहुजन समाज पार्टी की स्थापना में किसकी महत्वपूर्ण भूमिका थी ?
14. भारतीय राजनीति में कब गठबन्धन सरकारों का युग (केन्द्र में) प्रारम्भ हुआ ?
15. कांग्रेस ने कब गठबन्धन राजनीति की हकीकत को समझ कर केन्द्रीय स्तर पर गठबन्धन कर सरकार बनाई ?
16. पिछड़ा वर्ग किसे कहा जाता है ?
17. समान नागरिक संहिता से क्या अभिप्राय है ?

**दो अंक वाले प्रश्न :-**

1. गठबंधन सरकार से क्या अभिप्राय है ?
2. मंडल आयोग की दो मुख्य सिफारिशें कौन सी थी ?
3. राष्ट्रीय मोर्चा में मुख्य घटक दल कौन सा था ? इस गठबंधन का मुख्य चुनावी मुद्दा क्या था ?
4. गठबंधन सरकारों की युग किस कारण आरम्भ हुआ ?

5. शाहबानों प्रकरण क्या था ?

6. भाजपा को 1986 में किन दो मुख्य घटनाओं के कारण उभरने का मौका मिला।

7. बामसेफ का शब्द विस्तार एवं स्थापना वर्ष लिखिए।

8. 'तीन तलाक' पर वर्तमान में मोदी सरकार द्वारा लाया गया विधेयक समान नागरिक संहिता की ओर एक कदम है। स्पष्ट करें।

## चार अंक वाले प्रश्न

1. मंडल मुद्दा क्या था ? (IMP)

2. दिसंबर 1992 की अयोध्या घटना के क्या प्रभाव हुए ?

3. भारतीय जनता पार्टी के अभ्युदय पर टिप्पणी करें।

4. गठबंधन राजनीति के दो सकारात्मक तथा दो नकारात्मक प्रभाव बताइये ? (IMP)

5. जनता के सरोकार एवं भागीदारी से जुड़े कोई चार ऐसे मुद्दे बताइये जो जनता के अधिकारों एवं लोकतंत्र के विकास से जुड़े है ?

## पांच अंक वाले प्रश्न

1. निम्न अवतरण को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो -

1989 के चुनावों से भारत में गठबंधन की राजनीति के एक लंबे दौर की शुरूआत हुई। इसके बाद से केंद्र में 11 सरकारें बनी। ये सभी या तो गठबंधन की सरकारें थी अथवा दूसरे दलों के समर्थन पर टिकी अल्पमत की सरकारें थी जो इन सरकारों में शामिल नहीं हुए। इस नए दौर में कोई सरकार क्षेत्रीय पार्टियों की साझेदारी अथवा उनके समर्थन से ही बनायी जा सकती थी।

i) गठबंधन राजनीति का दौर केन्द्र में कब प्रारम्भ हुआ ? 1

ii) 1989 के बाद बनी किन्हीं दो गठबन्धन सरकरों के नाम लिखिए ? 2

iii) अल्पमत सरकार से क्या अभिप्राय है ? 2

**2. दिए गए चित्र के आधार पर निम्न प्रश्नों**



(i) यह कार्टून कठपुतली सरकार की ओर संकेत क्यों करता है ? (2)

(ii) सरकार को बाहर से समर्थन देना इस कथन का क्या अर्थ है (2)

(iii) यह कार्टून किस प्रकार की सरकार का उदाहरण है ? (1)

3. दिए गए भारत के रेखा–मानचित्र में पांच देश A, B, C, D तथा E द्वारा चिन्हित किये गये हैं। नीचे दी गयी जानकारी के आधार पर उन्हें पहचानिये और उनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर सहित, निम्नलिखित तालिका के रूप में अपनी नोटबुक में लिखिए–

| प्रयोग की गई जानकारी की | संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|




| क्रम संख्या | | |
|---|---|---|
| i | | |
| ii | | |
| iii | | |
| iv | | |
| v | | |

(1) वह राज्य जहाँ से पूर्व प्रधानमंत्री वी. पी. सिंह निर्वाचित हुए थे।

(2) जून 1996 से अप्रैल 1997 तक रहे पूर्व प्रधानमंत्री का राज्य।

(3) वह राज्य जिसका संबंध मंडल आयोग के अध्यक्ष से था।

(4) वह राज्य जहाँ 1957 से 1967 तक नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार बनी रही।

(5) वह राज्य जहाँ पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी दौरे पर थे और उनकी हत्या कर दी।

## छः अंक वाले प्रश्न

1. 1989 के बाद भारतीय राजनीति में आए बदलावों का वर्णन कीजिए।(IMP)
2. किन मुद्दो पर भारतीय राजनीतिक दलों में लगभग सहमति है ?(IMP)
3. 2015 के चुनावों में भाजपा की जीत से गठबंधन सरकारों का अंत हो गया है। इस कथन के पक्ष और विपक्ष में तीन-तीन तर्क दीजिए।
4. गठबंधन सरकारो के कारण केन्द्र राज्य संबंधों में क्या परिवर्तन आया है ? किन्हीं तीन परिवर्तनों को समझायें।
5. संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (UPA) सरकार के कार्यों का तर्कपूर्ण विश्लेषण करो ?

## एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. 44
2. 27 प्रतिशत
3. यूपीए
4. राष्ट्रीय मोर्चा
5. घ, क, ग, ख
6. ग
7. ग
8. गलत
9. सही
10. सही
11. गलत
12. 1991

13. श्री कांशीराम की।

14. 1989 के बाद से लोकसभा के चुनावों में कभी भी किसी एक पार्टी को 2014 तक पूर्ण बहुमत नहीं मिला। केन्द्र में 1989 से गठबंधन सरकारों का युग प्रारम्भ हो गया।

15. 2004 में

16. शैक्षीणक व सामाजिक रूप से पिछड़ा समुदाय।

17. सभी नागरिकों के लिए देश में समान कानून पद्धति को समान नागरिक संहिता कहा जाता है।

## दो अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. एक से अधिक राजनीतिक दलों द्वारा मिलकर सरकार बनाना।

2. i) अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) को सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण।

   ii) भूमि सुधार कानूनों को अमली जामा पहनाना।

3. जनता दल, बोफोर्स मुद्दा।

4. क्षेत्रीय दलों का उभार एवं राष्ट्रीय पार्टियों का कमजोर होना।

5. शाहबानों एक मुस्लिम महिला थी जिसने अपने पति से तलाक होने पर गुजारा भत्ता हासिल करने हेतु अदालत में अर्जी डाली तथा सर्वोच्च न्यायालय ने उसके हक में फैसला दिया। सरकार ने एक अधिनियम द्वारा इस फैसले को निरस्त कर दिया।

6. i) शाहबानों केस

   ii) अदालत द्वारा अयोध्या स्थित विवादित स्थल का ताला खुलवाना।

7. बैकवर्ड एवं माइनॉरिटी क्लासेज एम्पलाइज फेडरेशन, 1978

8. भारतीय संविधान में सभी नागरिकों को समान अधिकार दिया गया है। तीन तलाक की समाप्ति मुस्लिम महिलाओं का समानता दिलाने की दिशा में ऊठाया गया एक कदम है।

## चार अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. -- 1978 में जनता पार्टी सरकार द्वारा नियुक्ति

   -- अध्यक्ष बिन्देश्वरी प्रसाद मंडल

-- 1980 में सिफारिशें पेश की

-- 1990 में अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण संबंधी सिफारिशे वी.पी. सिहं सरकार द्वारा लागू।

-- सरकार के इस फैसले से उत्तर भारत के कई शहरों में हिंसक विरोध आदि।

2. -- उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार बर्खास्त

-- देश में सांप्रदायिक तनाव

-- केंद्र सरकार द्वारा जांच आयोग की नियुक्ति

-- ज्यादातर राजनीतिक दलों द्वारा घटना की निंदा आदि।

3. -- 1980 में गठन

-- 1980 और 1984 के चुनावों में खास सफलता नहीं

-- 1986 के बाद हिन्दू राष्ट्रवाद के तत्वों पर जोर

-- राम जन्म-भूमि मुद्दा

-- 1996 में लोकसभा से सबसे बड़ी पार्टी बनी

-- 1998 से 2004 तक भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की सरकार

-- 2014 से भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की सरकार

-- पूर्वोतर में भी 2016 में पहली बार सरकार का गठन इत्यादि

4. सकारात्मक - i) क्षेत्रीय संतुलन में सहायक

ii) विभिन्न दलों को प्रतिनिधित्व

नकारात्मक - i) राजनीतिक अस्थिरता

ii) नीतियों में दृढ़ता की कमी

5. 1) सूचना का अधिकार

2) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा

3) फसल बीमा योजना

4) शिक्षा का अधिकार आदि

## पांच अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. i) 1989 में

ii) -- राष्ट्रीय मोर्चा सरकार (1989)

-- संयुक्त मोर्चा सरकार (1996) आदि

iii) ऐसी सरकार जिसके पास पूर्ण बहुमत न हो, अल्पमत सरकार कहलाती है।

2. i) क्योंकि सरकार समर्थन देने वाले दलों के इशारे पर कार्य करती है।

ii) इसका तात्पर्य सरकार में शामिल न होकर उसको बनाये रखने के लिए उसकी नीतियों को समर्थन देना।

iii) गठबंधन सरकार।

3. i) B उत्तर प्रदेश

ii) C कर्नाटक

iii) D बिहार

iv) A जम्मू कश्मीर

v) E तमिलनाडु

## छः अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. स्मरणीय तथ्यों में देखे।
2. स्मरणीय तथ्यों में देखें।

**3. पक्ष में तर्क :**

i) 1984 के बाद पहली बार केन्द्र में किसी का दल को बहुमत प्राप्त हुआ।

ii) अधिकतर क्षेत्रीय दलों की शक्ति में कीमत।

iii) राष्ट्रीय दलों मुख्यतः कांग्रेस सहित UPA का सफाया।

**विपक्ष में तर्क :-**

i) पूर्ण बहुमत प्राप्त कर लेने के बाद भी भाजपा का NDA को साथ ले कर चलना।

ii) तीन क्षेत्रीय दलों यथा तृणमूल कांग्रेस, बीजू जनता दल और अन्नाद्रमुक का अपने-अपने राज्यों में पूर्ण वर्चस्व कायम।

iii) राज्य सभा के बिना गठबंधन यह सरकार फेल साबित होगी क्योंकि वहाँ बहुमत नहीं है।

4. -- धारा 356 का दुरुपयोग कम हुआ।

-- राज्यों में केन्द्र का हस्तक्षेप कम

-- अधिकतर राज्यों में राष्ट्रीय दलों का कमजोर पड़ना इत्यादि

(कोई तीन)

5. i) RTI एवं RTE लागू कर लोकतंत्र को परिपक्व करना।

ii) खाद्य सुरक्षा बिल द्वारा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों को खाने का अधिकार देना।

iii) मनरेगा द्वारा 100 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराना तथा रोजगार न होने की स्थिति में भत्ते की गारंटी। इससे गाँव से शहर की ओर पलायन रोकने में मदद मिली।

iv) उच्च शैक्षिक संस्थानों में OBC को 27 प्रतिशत आरक्षण देकर आरक्षण राजनीति को बढ़ावा आदि।

# अभ्यास प्रश्न पत्र-1

निर्धारित समय : 3 घण्टे | अधिकतम अंक : 80

## सामान्य निर्देश -

i. प्रश्न-पत्र क, ख, ग, घ, और ड अनुभागों में विभाजित है।

ii. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

iii. प्रश्न संख्या 1-20 तक सभी प्रश्न एक अंक के हैं। इन प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों के अनुसार दीजिये।

iv. प्रश्न संख्या 21-23 तक सभी प्रश्न दो-दो अंकों के हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

v. प्रश्न संख्या 24-27 तक सभी प्रश्न चार अंकों के हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

vi. प्रश्न संख्या 28-30 तक सभी प्रश्न पाँच अंकों के हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

vii. प्रश्न संख्या 31 मानचित्र पर आधारित है और पाँच अंक का है। इसका उत्तर अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए।

viii. प्रश्न संख्या 32-34 तक सभी प्रश्न छरू अंकों के हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

## अनुभाग (क)

**एक अंकीय पश्न**

**निम्नलिखित दिए गए बहु-विकल्पीय प्रश्नों में दिए गए विभिन्न विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन करिये**

1. भारत में चुनाव आयोग का गठन हुआ - 1

(क) जनवरी 1948 (ख) जनवरी 1949

(ग) जनवरी 1950 (घ) जनवरी 1951

2. हरित क्रांति का प्रमुख उद्देश्य था- 1

(क) खाद्यान उत्पादन को बढ़ाना (ख) रोजगार में वृद्धि करना

(ग) किसानों की दशा को सुधारना (घ) उपर्युक्त सभी

3. निम्नलिखित में से कौन से देश पूंजीवादी गुट से संबन्धित हैं 1

(i) फ्रांस (ii) हंगरी

(iii) पश्चिमी जर्मनी (iv) पूर्वी जर्मनी

(क) i, iv (ख) iii, iv

(ग) i, iii (घ) i, ii

**खाली स्थान भरो-**

4. ..................................को सीमांत गांधी के नाम से भी जाना जाता है। उन्होने भारत के दो राष्ट्रों में विभाजन का ................. किया। 1

5. भारत ने .................. में प्रथम परमाणु परीक्षण किया था। 1

6. नेहरू जी की मृत्यु .................. में हुई। 1

**निम्नलिखित को सही करके पुनः लिखिए-**

7. नर्मदा बचाओ आंदोलन एक जातिगत आंदोलन है। 1

8. समान नागरिक संहिता का संबंध अनुच्छेद-46 से है। 1

9. पंजाब समझोता इन्दिरा गांधी और लोंगोवाल के बीच हुआ। 1

**निम्नलिखित के समक्ष सही अथवा गलत का निशान लगाइए-**

10. सम्पूर्ण क्रांति का आहवाहन जे. पी. ने किया। 1

11. 1967 के विधान सभा चुनावों में काँग्रेस पार्टी की आठ राज्यों में हार हुई। 1

12. यूरोपीय संघ के 11 सितारे संघ की एकता का प्रतीक है। 1

**निम्नलिखित प्रश्न में दो वक्तव्य हैं। एक को कथन A और दूसरे को कारण B कहा गया है। आपको दोनों वक्तव्यों का परीक्षण करने है व निम्नलिखित कूट के आधार पर निर्णय कर अपना उत्तर अंकित करना है।**

कूटः

(क) A और R दोनों सही हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(ख) A और R दोनों सही हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है.

(ग) A सही हैं परंतु R गलत है।

(घ) A गलत हैं और R सही है।

13. कथन A : संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 24 अक्तूबर 1945 को हुई थी। 1

कारण R : इसका प्रमुख उद्देश्य युद्ध को रोकना और शांति को बनाए रखना था।

14. कथन A : सुरक्षा का अर्थ है खतरे से आजादी। 1

कारण R : सुरक्षा की दो अवधारणाएँ है- परंपारिक और गैर पारंपरिक।

15. कथन A : भारत में वामपंथियों ने वैश्वीकरण का समर्थन किया है। 1

कारण R : वैश्वीकरण से रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है।

**निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें-**

16. (क) जर्मनी का एकीकरण 1

(ख) सोवियत संघ का विघटन

(ग) गोर्बाचेव द्वारा सोवियत संघ में सुधार की नीतियों को लागू करना

(घ) CIS के राष्ट्रों का उदय

17. (क) प्रथम खाड़ी युद्ध (ख) द्वितीय खाड़ी युद्ध 1

(ग) ऑपरेशन इनफाइनाइट रीच (घ) ऑपरेशन एनड्यूयरिंग फ्रीडम

18. (क) आसियान क्षेत्रीय मंच की स्थापना (ख) यूरोपीय संघ की स्थापना 1

(ग) आसियान की स्थापना (घ) चीन के द्वारा खुले द्वार की नीति अपनाना

**निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर 20 शब्दों में दीजिये-**

19. एन. पी. टी. पर भारत की क्या राय थी? 1

20. भारत और भूटान के बीच कोई दो सहयोग के मुद्दे लिखिए। 1

## अनुभाग (ख)

### दो अंकीय प्रश्न

21. आप इस कथन से सहमत हैं की सांस्कृतिक वैश्वीकरण न केवल निर्धन देशों के लिए अपितु संपूर्ण विश्व के लिए खतरनाक है? अपने उत्तर के पक्ष या विपक्ष में कोई दो तर्क दीजिये। 2

22. ऐसे किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिये जो वर्तमान में संयुक्त राज्य संघ की प्रासंगकिता का समर्थन करते हों। 2

23. 1967 में काँग्रेस की नौ राज्यों में हार के क्या कारण थे? 2

## अनुभाग (ग)

### चार अंकीय प्रश्न

24. हैदराबाद के भारत में विलय के लिए उतरदायी परिस्थितियों को स्पष्ट कीजिये। 4

25. वैश्वीकरण से राज्यों के कार्य करने को क्षमता में कमी कैसे आती है? स्पष्ट कीजिये। 4

26. भारत व चीन के बीच संघर्ष के कोई दो कारण लिखिए। 4

27. दूसरे विश्व युद्ध के बाद चले शीतयुद्ध के प्रति भारत की सोच को स्पष्ट कीजिये। 4

## अनुभाग (घ)

### पाँच अंकीय प्रश्न

**प्रश्न संख्या 28 से 30 तक अवतरण/ कार्टून पर आधारित हैं। इन का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर इन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये-**

28. शांतिपूर्ण बातचीत के जरिये लगभग सभी रजबाड़े जिनकी सीमाएं हिंदुस्तान की नयी सीमाओं में मिलती थीं, 15 अगस्त 1947 से पहले ही भारतीय संघ में शामिल हो गए। अधिकतर रजवाडों के शासकों ने भारतीय संघ में अपने विलय के एक सहमति – पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए। इस सहमति – पत्र को 'इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन' कहा जाता है। इस पर हस्ताक्षर का अर्थ था कि रजवाड़े भारतीय संघ का अंग बनने के लिए सहमत हैं। जूनागढ़, हैदराबाद, कश्मीर और मणिपुर की रियासतों का विलय बाकियों की तुलना में थोड़ा कठिन साबित हुआ।

    i. 'इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन' की राष्ट्र निर्माण में क्या भूमिका है?

    ii. जूनागढ़, हैदराबाद, कश्मीर और मणिपुर की रियासतों का भारत में विलय कठिन क्यों साबित हुआ ? 2+3=5

अथवा

विकास के दो जाने माने मॉडलों में से भारत ने किसी को नहीं अपनाया.... ...दोनों ही मॉडलों की कुछ बातों को ले लिया गया और अपने देश में इन्हें

मिले-जुले रूप में लागू किया गया। इसी कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को 'मिश्रित अर्थव्यवस्था' कहा जाता है।

i. विकास के दो मॉडलों के नाम लिखिए..

ii. भारत ने दोनों में से किसी एक मॉडल को स्वीकार क्यों नही किया? प्रत्येक के लिए कम से कम एक मुख्य कारण दीजिये।

iii. भारत की मिश्रित अर्थव्यवस्था की ऐसी दो विशेषताओं को उजागर कीजिये जो उपरोक्त मॉडलों पर आधारित हैं। 1+2+2=5

29. आंदोलन का मतलब सिर्फ धरना-प्रदर्शन या सामूहिक कारवाई नहीं होता, इसके अंतर्गत किसी समस्या से पीड़ित लोगों का धीरे-धीरे एकजुट होना और समान अपेक्षाओं के साथ एकसी मांग उठाना जरूरी है। इसके अतिरिक्त, आंदोलन का एक काम लोगों को अपने अधिकारों को लेकर जागरूक बनाना भी है ताकि लोग यह समझें कि लोकतंत्र की संस्थाओं से वे क्या-क्या उम्मीद कर सकते हैं?

i. आंदोलन से आप क्या समझते हैं?

ii. आंदोलनों का 'लोकतांत्रिक राजनीति' में क्या महत्व है?

iii. भारत के संदर्भ में कोई दो उदाहरण दीजिये जो स्पष्ट करते हों कि आंदोलनों ने किस प्रकार जनता को जागरूक किया है। 1+2+2=5

अथवा

भारत ने विविधता के सवाल पर लोकतांत्रिक दृष्टिकोण अपनाया। लोकतंत्र में क्षेत्रीय आकांक्षाओं की राजनीतिक अभिव्यक्ति की अनुमति है और लोकतंत्र क्षेत्रीयता को राष्ट्र - विरोधी नहीं मानता। इसके अतिरिक्त लोकतांत्रिक राजनीति में इस बात के पूरे अवसर होते हैं कि विभिन्न साल और समूह क्षेत्रीय पहचान, आकांक्षा अथवा किसी खास क्षेत्रीय समस्या को आधार बनाकर लोगों की भावनाओं की नुमाइंदगी करें।

i. क्या क्षेत्रीय आकांक्षाओं के संदर्भ में लोकतांत्रिक दृष्टिकोण भारत को उन्नति के मार्ग पर अग्रसर कर सका है? स्पष्ट कीजिये।

ii. क्षेत्रीय आकांक्षाएं लोकतंत्र की पूरक हैं या विरोधी। तर्कसहित उत्तर दीजिये।

2+3=5

30. आसियान तेजी से बढ़ता हुआ एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय संगठन है। इसके विजन दस्तावेज 2020 में अंतराष्ट्रीय समुदाय में आसियान की एक बहिर्मुखी भूमिका को प्रमुखता दी गयी है। आसियान द्वारा अभी टकराव की जगह बातचीत को बढ़ावा देने की नीति से ही यह बात निकली है। इसी तरकीब से आसियान ने कंबोडिया के टकराव को समाप्त किया, पूर्वी तिमोर के संकट को संभाला है और पूर्वी एशियाई सहयोग पर बातचीत के लिए 1999 से नियमित रूप से वार्षिक बैठक आयोजित की है।

i. विजन 2020 में व्यक्त की गई आसियान की बहिर्मुखी भूमिका को लिखिए।

ii. 'पूरब की ओर चलो नीति' का भारत पर क्या प्रभाव पड़ा है ?

iii. आसियान शैली को अपना कर भारत किस प्रकार पड़ोसी देशों के साथ अपने संबंधों को सुधार सकता है। उदाहरण सहित लिखिए।

2+2+1=5



The New York Times

U.S. ATTACKED

HIJACKED JETS DESTROY TWIN TOWERS AND HIT PENTAGON IN DAY OF TERROR

President Vows to Exact Punishment for 'Evil'

उपर्युक्त चित्र के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(i) उपर्युक्त चित्र में किस घटना को दर्शाया गया है।

(ii) इस घटना की प्रतिक्रिया स्वरूप कौन–सा अभियान चलाया गया और उसका क्या परिणाम हुआ ?

(iii) इस घटना के बाद विश्व की महाशक्ति की क्या प्रतिक्रिया रही ?

निम्नलिखित प्रश्न दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए कार्टून वाले प्रश्न के स्थान पर है। नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(i) आपके विचार में चीन का एक आर्थिक शक्ति के रूप में का क्या स्थान है ?

(ii) संयुक्त राज्य अमरीका को महाशक्ति बनाने वाली किन्हीं दो स्थितियों का आकलन कीजिये।

(iii) ''चीन विश्व की अगली महाशक्ति हो सकता है।'' कोई दो तर्क देकर इस कथन को न्यायोचित ठहराइये। 1+2+2=5

31. नीचे दिए गए भारत के रेखा–मानचित्र में पांच राज्य A, B, C, D तथा E द्वारा चिन्हित किये गये हैं। नीचे दी गयी जानकारी के आधार पर उन्हें पहचानिये और उनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर सहित, निम्नलिखित तालिका के रूप में अपनी नोटबुक में लिखिए–



| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| i | | |
| ii | | |
| iii | | |
| iv | | |
| v | | |

i. वह राज्य जहां 2002 के गोधरा नामक स्थान पर हिंसक घटना हुई।

ii. वह राज्य जिसे पहले मद्रास कहा जाता था।

iii. वह राज्य जिसकी विधान सभा में भारत में सर्वाधिक सीटें हैं।

iv. वह राज्य जिससे लालडेंगा का संबंध है।

v. वह राज्य जिसका विलय 1975 में, भारत के 22 वें राज्य के रूप में हआ है।

1x5=5

अथवा

भारत के दिए गए मानचित्र में A, B, C, D और E राज्य दर्शाए गए हैं। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर उन्हें पहचानिए तथा उनके नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा सम्बन्धित अक्षर को दी गई तालिका के रूप में अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए -

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| i | | |
| ii | | |
| iii | | |
| iv | | |
| v | | |

(i) वह राज्य जिसका गठन सर्वप्रथम भाषा के आधार पर किया गया?

(ii) भारत का वह राज्य जहाँ सर्वप्रथम 1948 में सार्वभौम वयस्क मताधिकार के आधार पर चुनाव हुए।

(iii) वह राज्य जहाँ 1952 में पहली बार कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार बनी।

(iv) जोनिंग से प्रभावित राज्य।

(v) वह राज्य जो 1947 में भारत-पाकिस्तान के विभाजन के दौरान प्रभावित हुआ।




निम्नलिखित प्रश्न दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 31 के स्थान पर है। निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(i) राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन क्यों किया गया?

(ii) 1947 में भारत विभाजन के पीछे कौन सा सिद्धान्त था।

(iii) किन चार देसी रियासतों ने आरम्भ में भारतीय संघ में शामिल होने का विरोध किया था?

2+1+2=5

## अनुभाग (ड.)

### छः अंकीय प्रश्न

32. ऐसे किन्ही तीन प्रमुख कारकों का मूल्यांकन कीजिये जो यूरोपीय संघ को आर्थिक सहयोग वाली संस्था से बदलकर, एक राजनीतिक रूप देने के लिए उतरदायी हैं। 2+1+2=5

अथवा

भारत व पाकिस्तान के बीच संघर्ष के किन्हीं तीन प्रमुख क्षेत्रों का परीक्षण कीजिये।

33. 1969 में पार्टी के विभाजन के पश्चात कांग्रेस प्रणाली की पुर्नस्थापना के लिए उतरदायी परिस्थितियों का विश्लेषण कीजिये।

अथवा

भारत में संघ सरकार तथा न्यायपालिका के बीच संघर्ष को जन्म देने वाले घटनाक्रमों का परीक्षण कीजिये।

34. यह कहना कहाँ तक उचित है कि शीतयुद्ध के दौरान, अर्न्तराष्ट्रीय गठबंधनों का निर्धारण महाशक्तियों की जरूरतों और छोटे देशों की लाभ हानि की गणित से होता था? व्याख्या कीजिये।

अथवा

सोवियत संघ में सोवियत व्यवस्था की किन्ही तीन सकारात्मक तथा तीन नकारात्मक विशेषताओं को उजागर कीजिये।

# अभ्यास प्रश्न पत्र-2

निर्धारित समय : 3 घण्टे                                                    अधिकतम अंक : 80

## अनुभाग (क)

1. उस राजनैतिक दल का नाम लिखें, जिसकी स्थापना श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी। 1
2. NPT का शब्द विस्तार लिखें। 1
3. शीतयुद्ध....................और......................तथा उनके मित्र राष्ट्रों के बीच प्रतिद्वंद्विता थी। 1
4. 'ऑपरेशन इराकी फ्रीडम' के बारे में निम्नलिखित में से कौ सा कथन गलत है।
   (क) इराक पर हमला करने के इच्छुक अमरीकी अगुवाई वाले गठबंधन में 40 से ज्यादा देश शामिल हुए। 1
   (ख) इराक पर हमले का कारण बताते हुए कहा गया कि यह हमला इराक को सामूहिक संहार के हथियार बनाने से रोकने के लिए किया जा रहा है।
   (ग) इस कार्यवाही से पहले संयुक्त राष्ट्र संघ की अनुमति ले ली गयी थी।
   (घ) अमरीकी नेतृत्व वाले गठबंधन को इराक से तगड़ी चुनौती नहीं मिली।
5. 'दलित पैंथर्स' का मुख्य उद्‌देश्य बतायें। 1
6. ASEAN का शब्द विस्तार लिखें। 1
7. दक्षिण एशिया मुक्त व्यापार क्षेत्र समझौते पर ......................... के सदस्यों द्वारा वर्ष ................ में हस्ताक्षर किए। 1
8. संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्तमान महासचिव किस देश से संबंधित हैं? 1
9. 'मानवीय सुरक्षा' से क्या अभिप्राय है? 1
10. यह कहना कहाँ तक उपयुक्त है कि वैश्वीकरण के कारण वास्तव में राज्य की गतिविधियों में बढ़ोत्तरी होती है? 1
11. सीमान्त गाँधी के नाम से कौन सा नेता प्रसिद्ध था? 1
12. रज़ाकार कौन थे? 1

13. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 356 का प्रयोग किसी राज्य की सरकार को बर्खास्त करने के लिए प्रथम बार कब व कहां किया गया था? 1

14. नियोजन का एक उद्देश्य स्पष्ट करें। 1

15. Milk man of India के नाम से प्रसिध्द व्यक्ति का नाम लिखें। 1

16. वाक्य को शुध्द करके पुनः लिखें–

गोवा को महाराष्ट्र में इसीलिए नहीं मिलाया गया क्योंकि केंद्रीय सरकार ऐसा नहीं चाहती थी। 1

17. जैविक हथियार संधि (BWC)1972 द्वारा क्या निर्णय लिया गया? 1

18. भारत में 1967 के चुनाव परिणामों को ''राजनीति भूकंप'' की संज्ञा क्यों दी जाती है? 1

19. ''प्रतिबध्द न्यायपालिका'' से क्या अभिप्राय है? 1

20. असम में विदेशियों के विरुध्द आंदोलन का नेतृत्व किस छात्र संगठन द्वारा किया गया। 1

## अनुभाग (ख)

21. क्षेत्रवाद का अर्थ पृथकतावाद नहीं है व्याख्या कीजिए। 2

22. शॉक थेरेपी के किन्हीं दो नकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए। 2

23. 1960 के दशक को खतरनाक दशक क्यों कहा जाता है? 2

## अनुभाग (ग)

24. किन परिस्थितियों में भारत में 1975 में आपातकाल की स्थिति की घोषणा की गई? किन्हीं चार परिस्थितियों का वर्णन कीजिए। 1x4=4

25. राज्य पुनर्गठन आयोग क्या था, यह कब बना? इसकी कोई दो प्रमुख सिफारिश लिखें। 1+1+2=4

26. तीव्र गति से विकास के लिए चीन द्वारा अपनाई गई किन्हीं चार नई आर्थिक नीतियों का वर्णन कीजिए। 4

27. भारतीय जनसंघ व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की विचारधारा में अंतर स्पष्ट करें। 4

## अनुभाग (घ)

28. नीचे दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

''कुछ लोग मानते हैं कि अमेरिकी वर्चस्व का प्रतिकार कोई देश अथवा देशों का समूह नहीं कर पाएगा क्योंकि आज सभी देश अमरीकी ताकत के आगे बेबस हैं। ये लोग मानते हैं कि राज्येत्तर संस्थायें अमरीकी वर्चस्व के प्रतिकार के लिए आगे आएंगी। अमरीकी वर्चस्व को आर्थिक व सांस्कृतिक धरातल पर चुनौती मिलेगी।

(i) अमरीकी वर्चस्व का प्रतिकार कौन कर सकता है? 1

(ii) 'राज्येत्तर संस्था' से क्या तात्पर्य है? 2

(iii) अमरीकी वर्चस्व का प्रतिकार किस प्रकार किया जा सकता है? 2

अथवा

''क्षेत्रीय आकांक्षाओं को दबाने की जगह, उनके साथ लोकतांत्रिक बातचीत का तरीका अपनाना सबसे अच्छा होता है। जरा अस्सी के दशक की ओर नजर दौड़ाएं– पंजाब में उग्रवाद का जोर था, पूर्वोत्तर में समस्याएं बनी हुई थी, असम के छात्र आंदोलन कर रहे थे और कश्मीर घाटी में माहौल अशांत था। इन मसलों को सरकार ने कानून व्यवस्था की गड़बड़ी का साधारण मामला न मानकर पूरी गंभीरता दिखाई। बातचीत के जरिए सरकार ने क्षेत्रीय आंदोलनों के साथ समझौता किया।''

(i) क्षेत्रीय आकांक्षाएं देश की एकता के लिए किस प्रकार खतरा हैं? 1

(ii) लोकतांत्रिक बातचीत का क्या अभिप्राय है। 1

(iii) असम में चल रहे आंदोलन का नेतृत्व किसने किया? 1

(iv) क्षेत्रीय आकांक्षाओं को संतुष्ट करने के लिए भारत सरकार ने क्या कदम उठाए? 2

29. निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

''रूबल के मूल्य में नाटकीय ढंग से गिरावट आई। मुद्रास्फीति इतनी ज्यादा बड़ी कि लोगों की जमा पूंजी जाती रही। सामूहिक खेती की प्रणाली समाप्त हो चुकी थी

और लोगों को अब खाद्यान्न की सुरक्षा मौजूद नहीं रही और सरकार ने खाद्यान्न का आयात करना शुरू किया। पुराना व्यापारिक ढांचा तो टूट चुका था लेकिन सरकारी रियायत (सबसिडी) के वापस लिए जाने से अधिकांश लोग गरीबी की ओर धकेल दिए गए।''

(i) 'सरकारी रियायत' से क्या अभिप्राय है? 1

कृ (ii) सामूहिक कृषि प्रणाली समाप्त होने से लोगों की खाद्य सुरक्षा कैसे समाप्त हो गई? 2

(iii) यह अवतरण किस देश से संबंधित है? सरकार ने खाद्यान्नों का आयात क्यों प्रारंभ किया? 2

अथवा

दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए




(i) कार्टून में दांई ओर खड़े नेता को पहचाने और उसका नाम लिखिए।1

(ii) यह कार्टून राजा व प्रजा में किस प्रकार का संबंध दर्शाता है? 2

(iii) यह नेता किस मामले को सफलतापूर्वक हल कर सके? 2

नोटः निम्नलिखित प्रश्न दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए कार्टून वाले प्रश्नों के स्थान पर हैं। निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(i) 1947 में भारत विभाजन के पीछे कौन सा सिद्धांत था। सविस्तार लिखिए। 2

(ii) किन चार देशी रियासतों ने आरंभ में भारतीय संघ में शामिल होने का विरोध किया था। पटेल जी ने इन्हें किस प्रकार शामिल किया? 3

30. निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

''सबसे सरल–सीधा विचार है कि वैश्वीकरण के कारण राज्य की क्षमता में कमी आती है। पूरी दुनिया में कल्याणकारी राज्य की धारणा अब पुरानी पड़ गयी है और इसकी जगह न्यूनतम हस्तक्षेकारी राज्य ने ले ली है। राज्य अब कुछ ही मुख्य कार्यो तक ही अपने को सीमित रखता है, जैसे कानून और व्यवस्था को बनाए रखना तथा अपने नागरिकों की सुरक्षा करना। लोक कल्याणकारी राज्य की जगह अब बाजार आर्थिक व सामाजिक प्राथमिकताओं का निर्धारक है।''

(i) 'राज्य की क्षमता में कमी आना' एक उदाहरण द्वारा इन शब्दों का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए। 1

(ii) 'कल्याणकारी राज्य' का स्थान 'न्यूनतम हस्तक्षेपकारी राज्य' क्यों ले रहा है? स्पष्ट कीजिए। 2

(iii) बाजार किस प्रकार सामाजिक प्राथमिकताओं का मुख्य निर्धारक बन गया है? 2

अथवा

''भारत ने अपना पहला परमाणु परीक्षण किया तो इसे उसने शांतिपूर्ण परीक्षण करार दिया। भारत का कहना था कि वह अणुशक्ति को सिर्फ शांतिपूर्ण उद्देश्यों में इस्तेमाल करने की अपनी नीति के प्रति दृढ़ संकल्प है। जिस वक्त परमाणु परीक्षण किया गया था वह दौर घरेलू राजनीति के लिए लिहाज से बड़ा कठिन था। 1973 में अरब–इजरायल यद्ध हुआ था। इसके बाद पूरे विश्व में तेल के लिए हा–हाकार मचा हुआ था। अरब राष्ट्रों ने तेल के दामों में भारी वृद्धि

कर दी थी। भारत इस वजह से आर्थिक समस्याओं से घिर गया।

(i) भारत ने अपना पहला परमाणु परीक्षण कब और क्यों किया? 2

(ii) भारत ने जब परमाणु परीक्षण किया, उस काल को घरेलू राजनीति का सबसे कठिन काल क्यों समझा जाता है? 2

(iii) 1970 के दशक के प्रारंभ में घटित किस अंतरराष्ट्रीय घटना के कारण भारत में महंगाई बहुत बढ़ गई थी? 1

31. दिए गए विश्व के राजनैतिक मानचित्र में A, B, C, D तथा E द्वारा पांच देश दर्शाए गए हैं। दी गई नीचे दी गई जानकारी के आधार पर उन्हें पहचाने तथा उनके नाम, प्रयोग की गई जानकारी के क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर को दी गई तालिका के रूप में लिखिए– 1x5=5




| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| i | | |
| ii | | |
| iii | | |
| iv | | |
| v | | |

(i) वह देश जहां जून 1992 में पृथ्वी सम्मेलन हुआ था।

(ii) ग्रीन हाउस गैसों का प्रमुख उत्सर्जनकर्ता देश।

(iii) बांध विरोधी नदी बचाओ आंदोलन के लिए जाने जाने वाला देश।

(iv) क्योटो प्रोटोकॉल की बाध्यताओं से मुक्त रख गया देश।

(v) विश्व में खनिज तेल का दूसरे नंबर का सबसे बड़ा उत्पादक देश।

अथवा




(क) इस देश में 1992 में संयुक्त राष्ट्र संघ का पर्यावरण और विकास के मुद्दे पर केंद्रित एक सम्मेलन हुआ।

(ख) 1957 में इस देश में क्योटो प्रोटोकॉल पर सहमती बनी।

(ग) वह देश जिसे क्योटो प्रोटोकोल की बाध्यताओं से छूट दी गई।

(घ) वह देश जहां 'हरित संगठनों' ने अपने देश में शिकारी पक्षियों को विलुप्त होने से बचाने के लिए मुहिम चलाई।

(ङ) नर्मदा आंदोलन से संबंधित देश।

**नोट:** निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 31 के स्थान पर हैं। नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(i) नाटो में शामिल देश का नाम।

(ii) वारसा पैक्ट में शामिल देश का नाम।

(iii) किसी भी विकासशील देश का नाम।

(iv) पूंजीवाद का नेतृत्व करने वाली महाशक्ति का नाम।

(v) साम्यवाद का नेतृत्व करने वाले महाशक्ति का नाम।

अनुभाग (ड)

32. वर्तमान परिवेश में भी गुट निरपेक्ष आंदोलन प्रासंगिक है। कथन के पक्ष या विपक्ष में तर्क दीजिए। 6

अथवा

विश्व का दूसरे नंबर का शक्तिशाली देश, सोवियत संघ क्यों विघटित हुआ? कोई छः कारण स्पष्ट कीजिए। 1x6=6

33. 'असम आंदोलन सांस्कृतिक और आर्थिक पिछड़ेपन की मिली-जुली अभिव्यक्ति था।'' व्याख्या कीजिए। 6

अथवा

गठबंधन की राजनीति के इस नए दौर में राजनीतिक दल विचारधारा को आधार मानकर गठजोड़ नहीं करते हैं। इस कथन के पक्ष या विपक्ष में आप कौन सा तर्क देंगे।

34. 1969 में हुए कांग्रेस के विभाजन के कारण स्पष्ट करें। 6

अथवा

साझी जिम्मेदारी लेकिन अलग-अलग भूमिकाएं से क्या अभिप्राय है? इस विचारधारा को कैसे लागू किया जा सकता है?

# अभ्यास प्रश्न पत्र-3

निर्धारित समय : 3 घण्टे | अधिकतम अंक : ८०

## अनुभाग (क)

1. निम्न में से कौन सा कथन गुटनिरपेक्ष आंदोलन के उदेश्यों पर प्रकाश नहीं डालता ? 1

   (क) उपनिवेशवाद से मुक्त हुए देशों को स्वतंत्र नीति अपनाने में समर्थ बनाना।

   (ख) किसी भी सैन्य गठबंधन में शामिल होने से इंकार करना।

   (ग) वैश्विक मामलों तटस्थता की नीति अपनाना।

   (घ) वैश्विक आर्थिक असमानता की समाप्ति पर ध्यान केंद्रित करना।

2. इनमें से किसने खुले द्वार की नीति अपनाई। 1

   (क) चीन, (ख) यूरोपीय संघ, (ग) जापान, (घ) अमरीका।

3. निम्नलिखित को कालक्रमानुसार सजाएं। 1

   (क) अफगान संकट (ख) वर्लिन-दीवार का गिरना

   (ग) सोवियत संघ का विघटन (घ) रूसी क्रांति

4. ................................संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्तमान महासचिव है। 1

5. वैश्वीकरण के बारे में कौन सा कथन सही है ? 1

   (क) वैश्वीकरण सिर्फ आर्थिक परिघटना है।

   (ख) वैश्वीकरण की शुरुआत 1991 में हुई।

   (ग) वैश्वीकरण और पश्चिमीकरण समान है।

   (घ) वैश्वीकरण एक बहुआयामी घटना है।

6. अप्रैल 1949 में किस संगठन की स्थापना हुई ? 1

7. वर्चस्व का क्या अर्थ है ? 1

8. भारत के किस क्षेत्र के राज्यों को 'सात बहनें' कहा जाता है। 1

9. भारतीय किसान यूनियन की किसी एक गतिविधि को बताइए। 1

10. SAARC का विस्तृत रूप लिखें। 1

11. ''बॉम्बे प्लान'' के बारे में निम्नलिखित में कौन सा सही नहीं है। 1

(क) यह भारत के आर्थिक भविष्य का एक ब्लूप्रिंट था।

(ख) इसमें उद्योगों के ऊपर राज्य के स्वामित्व का समर्थन किया गया था।

(ग) इसकी रचना कुछ अग्रणी उद्योगपतियों ने की थी।

(घ) इसमें नियोजन के विचार का पुरजोर समर्थन किया गया था।

12. राज्य पुनर्गठन आयोग कब बनाया गया? 1

13. स्वतंत्र पार्टी का निर्देशक सिद्धांत क्या था? 1

14. EVM का विस्तृत रुप लिखिए। 1

15. केरल मॉडल किसे कहते हैं? 1

16. 1969 में राष्ट्रपति पद के लिए कांग्रेस का अधिकृत उम्मीदवार कौन था? 1

17. 1977 में केंद्र में सत्ता में आई राजनीतिक पार्टी का नाम लिखिए। 1

18. 'प्रेस सेंसरशिप' क्या है? 1

19. नीति आयोग की स्थापना कब की गई? 1

20. मिजो नेशनल फ्रंट के संस्थापक कौन थे? 1

## अनुभाग (ख)

21. ऑपरेशन ''डेजर्ट-स्टार्म क्या था? 2

22. दक्षेस की किन्हीं दो विशेषताएं को लिखिए। 2

23. जन आंदोलनों के महत्व को उजागर कीजिए। 2

24. भारत की सुरक्षा रणनीति के किन्हीं चार घटकों का उल्लेख कीजिए। 4

25. पर्यावरण संबंधी मसलों पर भारत के पक्ष की व्याख्या कीजिए। 4

26. भारतीय राजनीति में 'दल-बदल' से क्या अभिप्राय है? इसके कोई दो अवगुण उजागर कीजिए। 4

27. मिजो पर्वतीय क्षेत्र में अलगाववादी आंदोलन को जनसमर्थन क्यों मिलने लगा? इस समस्या का समाधान कैसे निकाला? 4

## अनुभाग (ग)

28. निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और इसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

लगभग सभी नए सामाजिक आंदोलन नई समस्याओं जैसे पर्यावरण का विनाश, महिलाओं की बदहाली, आदिवासी संस्कृति का नाश और मानवाधिकारों का

उल्लंघन...... के समाधान को रेखांकित करते हुए उभरे। इनमें से कोई भी अपने आप में समाज व्यवस्था के मूलगामी बदलाव के सवाल से नहीं जुड़ा था। इस अर्थ में से आंदोलन अतीत की क्रांतिकारी विचारधाराओं से एकदम अलग है। लेकिन ये आंदोलन बड़ी बुरी तरह से विखरे हुए हैं और यही इनकी कमजोरी है... सामाजिक आंदोलनों का एक बड़ा दायरा ऐसी चीजों की चपेट में है कि वह एक ठोस तथा एकजुट जन आंदोलन का रूप नहीं ले पाता और ना ही वंचितों और गरीबों के लिए प्रासंगिक हो पाता है। ये आंदोलन बिखरे-बिखरे हैं, प्रतिक्रिया के तत्वों से भरे हैं, अनियमित और बुनियादी सामाजिक बदलाव के लिए इनके पास कोई फ्रेमवर्क नहीं है। 'इस' या 'उस' के विरोध में चलने के कारण इनमें कोई संगति आती हो अथवा दबे-कुचले लोगों और हाशिए के समुदायों के लिए यह प्रासंगिक हो पाते हैं ऐसी बात नहीं।

– (रजनी कोठारी)

(क) नए सामाजिक आंदोलन और क्रांतिकारी विचार धाराओं में क्या अंतर है? 1

(ख) लेखक के अनुसार सामाजिक आंदोलन की सीमाएं क्या-क्या है? 2

(ग) यह सामाजिक आंदोलन विशिष्ट मुद्दों को उठाते हैं तो आप उन्हें बिखरा हुआ कहेंगे या मानेंगे कि वे अपने मुद्दे पर कहीं ज्यादा केंद्रित है। अपने उत्तर की पुष्टि में तर्क कीजिए। 2

अथवा

भारत की दलगत राजनीति ने कई चुनौतियों का सामना किया है। कांग्रेस प्रणाली ने अपना खात्मा ही नहीं किया बल्कि कांग्रेस के जमावड़े के बिखर जाने से आत्म-प्रतिनिधित्व की नयी प्रवृत्ति का भी जोर बड़ा। इससे दलगत व्यवस्था और विभिन्न हितों की समाई करने की इसकी क्षमता पर भी सवाल उठे। राज्यवस्था के सामने एक महत्वपूर्ण काम एक ऐसी दलगत व्यवस्था खड़ी करने अथवा राजनीतिक दलों को गढ़ने का है, जो कारगर तरीके से विभिन्न हितों के मुखर और एकजुट करें....

–(जोय़ा हसन)

(क) इस अध्याय के पढ़ने के बाद क्या आप दलगत व्यवस्था की चुनौतियों की सूची बना सकते हैं? 2

(ख) विभिन्न हितों का समाहार और उनके एकजुटता का होना क्यों जरूरी है? 1

(ग) इस अध्याय में आप ने अयोध्या विवाद के बारे में पड़ा। इस विवाद ने भारत की राजनीतिक दलों की समाहार की क्षमता के आगे क्या चुनौती पेश की। 1

29. दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

शीतयुद्ध सिर्फ जोर आजमाइश, सैनिक गठबंधन अथवा शक्ति संतुलन का मामला भर नहीं था बल्कि इसके साथ-साथ विचारधारा के स्तर पर भी एक वास्तविक संघर्ष जारी था। विचारधारा की लड़ाई इस बात को लेकर थी कि पूरे विश्व में राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक जीवन को सूत्रबद्ध करने का सबसे बेहतर सिद्धांत कौन सा था।

(i) युद्ध जैसी परिस्थिति को शीत युद्ध क्यों कहते हैं? 1

(ii) प्रतिद्धंद्वियों में शक्ति संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक महाशक्ति द्वारा किए गए एक एक सैनिक समझौते की पहचान कीजिए। 2

(iii) विरोधी गुटों द्वारा अपनाई गई विचारधाराओं में अंतर स्पष्ट कीजिए। 2

अथवा

1992 में बिल क्लिंटन अमेरिका के राष्ट्रपति बने। क्लिंटन ने विदेश नीत की जगह घरेलू नीत को अपने चुनाव प्रचार का निशाना बनाया था। क्लिंटन 1996 में दोबारा चुनाव जीते और इस तरह 8 सालों तक राष्ट्रपति पद पर रहे। क्लिंटन के दौर में ऐसा जान पड़ता था कि अमेरिका ने अपने को घरेलू मामलों तक सीमित कर लिया है। विदेश नीति के मामले में क्लिंटन सरकार ने सैन्य शक्ति और सुरक्षा जैसी कठोर राजनीति की जगह लोकतंत्र के बढ़ावे जलवायु परिवर्तन तथा विश्व व्यापार जैसे नरम मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया।

(i) 1992 में राष्ट्रपति बने बिल क्लिंटन किस पार्टी के उम्मीदवार थे तथा उन्होंने किस उम्मीदवार को हराया? 2

(ii) क्लिंटन के चुनाव प्रचार के मुख्य मुद्दे क्या थे? 2

(iii) क्लिंटन ने किन मुद्दों को अपने कार्यकाल के दौरान उठाया? 1

30. निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

''बतकही की चौपाल, ठीक कहा आपने! संयुक्त राष्ट्र संघ मैं खूब बैठकें होती हैं दनादन भाषण होते हैं- खासकर आम सभा के वार्षिक सत्र में। लेकिन, जैसा कि चर्चिल कहते थे, हथियार लड़ाने से बढ़िया है कि जबान लड़ाई जाए। क्या यह बात बेहतर नहीं की एक ऐसी जगह भी हो जहाँ दुनिया के सारे देश इकट्ठे हो और कभी कभार अपनी बातों से एक-दूसरे का सर खाएं, बनस्पति लड़ाई के मैदान में एक-दूसरे का सर कलम करने के?''

– (शशि थरूर)

(क) संयुक्त राष्ट्र आम सभा का वार्षिक सत्र कब होता है? 2

(ख) चर्चिल कौन थे? 1

(ग) 'हथियार लड़ाने से बढ़िया कि जबान लड़ाई जाए'। इस कथन को स्पष्ट कीजिए। 2

अथवा

धरती के परिस्थितिकी तंत्र की अखंडता और गुणवत्ता की बहाली सुरक्षा तथा संरक्षण के लिए विभिन्न देश विश्व-बंधुत्व की भावना से आपस में सहयोग करेंगे। पर्यावरण के विश्वव्यापी अपक्षय में विभिन्न राज्यों का योगदान अलग-अलग है। इसे देखते हुए विभिन्न राज्यों की साझी परंतु अलग-अलग जिम्मेदारी होगी। विकसित देशों के समाजों का वैश्विक पर्यावरण पर दबाव ज्यादा है और इन देशों के पास विपुल प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय संसाधन है। इसे देखते हुए टिकाऊ विकास के अंतरराष्ट्रीय प्रयास में विकसित देश अपनी खास जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं।

(क) ये बातें कब और कहां कहीं गई थी? 1

(ख) ''साझी परंतु अलग-अलग जिम्मेदारी'' का क्या अर्थ है? 2

(ग) टिकाऊ विकास का क्या अर्थ है? 2

दिए गए एशिया के रेखा मानचित्र में 5 देशों को A, B, C, D तथा E द्वारा दर्शाया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इनकी पहचान कीजिए

और अपनी उत्तर पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर तालिका के रूप में लिखिए।




(i) इस देश में सैनिक तथा असैनिक दोनों प्रकार का शासन रहा है। 1

(ii) इस देश में लोकतंत्र की पुर्नस्थापना 2006 में हुई। 1

(iii) यह देश अभी भी एक राजतंत्र है। 1

(iv) इस देश की संसद ने जून 2005 में सर्वसम्मति से बहुदलीय प्रणाली लागू करने की स्वीकृति प्रदान की। 1

(v) यह देश भारत की 'पूरब चलो की नीति म्यांमार होते हुए' का एक भाग है। 1

अथवा

दिए गए चित्र के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।



(क) चित्र क्या दर्शा रहा है? 1

(ख) क्या संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका को मनमानी करने से रोक सकता है? 2

(ग) 'अगर दाएं हाथ में से बात नहीं समझोगे तो बाएं हाथ से समझाई जाएगी' इस कथन से क्या अभिप्राय है? 2

**नोटः** निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर है–

(i) उस राज्य का नाम लिखिए जहां 2002 में गोधरा नामक स्थान पर हिंसक घटना घटित हुई थी। 1

(ii) किस राज्य को पहले मद्रास कहा जाता था? 1

(iii) कौन सा राज 1975 में 22वें राज्य के रूप में भारत से जुड़ा था? 1

(iv) लालडेंगा किस राज्य से संबंधित था? 1

(v) उस राज्य का नाम लिखिए जहां की विधानसभा में भारत में सर्वाधिक सीटें हैं। 1

## अनुवाद (ड़)

32. ''गुटनिरपेक्ष आंदोलन अब अप्रासंगिक हो गया है।'' आप इस कथन के बारे में क्या सोचते हैं। अपने उत्तर के समर्थन में तर्क प्रस्तुत करें। 6

अथवा

''साझी परंतु अलग-अलग जिम्मेदारियों से क्या अभिप्राय है?'' हम इस विचार को कैसे लागू कर सकते हैं? 6

33. स्वतंत्रता के समय भारत के समझ आई किन्हीं तीन चुनौतियों की व्याख्या कीजिए। 6

अथवा

हरित क्रांति के सकारात्मक और नकारात्मक परिणामों का वर्णन कीजिए। 6

34. अगर आपको भारत की विदेश नीति के बारे में फैसला लेने को कहा जाए तो आप इसकी किन दो बातों को बदलना चाहेंगे। ठीक उसी तरह यह भी बताएं कि भारत की विदेशी नीति के किन दो पहलुओं को आप बरकरार रखना चाहेंगे। अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए। 6

अथवा

1975 में भारत में आपातकाल लगाए जाने के किन्हीं छः कारणों का परीक्षण कीजिए। 6

# अभ्यास प्रश्न पत्र-4

निर्धारित समय : 3 घण्टे    अधिकतम अंक : 80

## अनुभाग (क)

**निम्नलिखित दिए गए बहु-विकल्पीय प्रश्नों में दिए गए विभिन्न विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन करिये**

1. कम्प्यूटर युद्ध की संज्ञा किसे दी जाती है – 1

   (क) द्वितीय खाड़ी युद्ध    (ख) प्रथम खाड़ी युद्ध

   (ग) क और ख दोनों    (घ) ऊपर्युक्त में से कोई

2. सोवियत गुट ने किस सैनिक गठबंधन का निर्माण किया – 1

   (क) वारसा पैक्ट    (ख) नाटो

   (ग) सीटो    (घ) सैन्टो

3. दक्षिण एशिया के कौन से देश चारों ओर से स्थल से घिरे है – 1

   (i) भूटान    (ii) पाकिस्तान

   (iii) नेपाल    (iv) बांग्लादेश

   (क) ii, iv    (ख) iii, iv

   (ग) i, iii    (घ) i, ii

**खाली स्थान भरो-**

4. ......................... ने द्वि-राष्ट्र सिद्धांत दिया। 1
5. रूस के प्रथम राष्ट्रपति..................... बने। 1
6. भारत व बांग्लादेश के बीच ................... में युद्ध हुआ। 1

**निम्नलिखित को सही करके पुनः लिखिए-**

7. आजादी के बाद भी गोवा पर डच का अधिकार था। 1
8. चीन ने 1949 के बाद अमरीका के साथ संबंध सुधारने के लिए आर्थिक एकांतवास की नीति को समाप्त किया। 1

9. स्वतंत्रता की बाद भारत के एकीकरण में जवाहर लाल नेहरू की प्रमुख भूमिका थी। 1

निम्नलिखित प्रश्न में दो वक्तव्य हैं। एक को कथन A और दूसरे को कारण B कहा गया है। आपको दोनों वक्तव्यों का परीक्षण करने है व निम्नलिखित कूट के आधार पर निर्णयकर अपना उत्तर अंकित करना है।

कूटः-

(क) A और R दोनों सही हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(ख) A और R दोनों सही हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(ग) A सही हैं परंतु R गलत है।

(घ) A गलत हैं और R सही है।

13 कथन A : क्यूबा के नेता फिदेल कास्त्रो थे। 1

कारण R : क्यूबा एक पूंजीवादी देश था।

14 कथन A : सोवियत संघ का विघटन 1991 में हुआ। 1

कारण R : सोवियत संघ के विघटन के बाद विश्व में अमरीका का वर्चस्व प्रारम्भ हुआ।

15 कथन A : वैश्विक तापन खतरे के गैर - पारंपरिक स्रोत के अंतर्गत आता है। 1

कारण R : ओजोन परत में छिद्र के कारण पर्यावरण प्रदूषण की समस्या बढ़ती जा रही है।

## निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें-

16 (क) शिमला समझौता (ख) राजीव-लोंगोबाल समझौता 1

(ग) ताशकंद समझौता (घ) भारत-रूस मैत्री संधि

17 (क) यूरोपीय परिषद की स्थापना (ख) यूरोपीय आर्थिक समुदाय का गठन

(ग) यूरोपीय संघ की स्थापना (घ) यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना 1

18 (क) गरीबी हटाओ का नारा (ख) कॉँग्रेस का विभाजन 1

(ग) बांग्लादेश का निर्माण (घ) हरित क्रांति का प्रारम्भ

**निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर 20 शब्दों में दीजिये-**

19. 1975 में लगाए गए राष्ट्रीय आपातकाल के समर्थन में सरकार द्वारा क्या तर्क दिया गया था? 1

20. भारत - रूस मैत्री की किसी एक विशिष्ट विशेषता का उल्लेख कीजिये।1

## अनुभाग (ख)

21. आपके विचार में क्या आनंदपुर साहिब प्रस्ताव संघात्मकता को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक तर्क था अथवा अलग से एक राष्ट्र के पक्ष में था? 2

22. 1960 के दशक में दोनों महाशक्तियों ने हथियारों की होड़ पर नियंत्रण रखने के लिए कौन से दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए? 2

23. सूची 'अ' में दिए गए नेताओं के नाम के साथ सही मेल कीजिए। 2

| अ | |
|---|---|
| (क) लाल बहादुर शास्त्री | (i) भारतीय साम्यवादी दल (साम्यवादी लेनिन वादी) का संस्थापक |
| (ख) सी नटराजन अन्नादुरई | (ii) डी.एम.के. का संस्थापक |
| (ग) चारू मजूमदार | (iii) 1992 से 1986 में मृत्यु तक जो सांसद रहा। |
| (घ) जगजीवन राम | (iv) जय जवान जय किसान का नारा देने वाले |

## अनुभाग (ग)

24. हरित क्रांति का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसके कोई दूर परिणाम लिखिए।2×2=4

25. दलित पैंथर्स के द्वारा उठाए गए किन्हीं दो मुद्दों का उल्लेख कीजिए। 2×2=4

26. 1979 में जनता सरकार के पतन के लिए उत्तरदायी किन्हीं चार कारणों का विश्लेषण कीजिए। 1×4=4

27. गठबंधन की सरकारें लोकतंत्र के लिए वरदान सिद्ध हुई हैं। इस कथन के पक्ष में कोई दो उपयुक्त तर्क दीजिए। 2×2=4

## अनुभाग (घ)

28. रियो सम्मेलन के अंश को पढ़िए बा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

''धरती के परिस्थितिकी तंत्र की अखंडता और गुणवत्ता की बहाली सुरक्षा तथा संरक्षण के लिए विभिन्न देश विश्व बंधुत्व की भावना से आपस में सहयोग करेंगे। पर्यावरण के विश्वव्यापी अपक्षय में विभिन्न राज्यों का योगदान अलग-अलग है। इसे देखते हुए विभिन्न राज्यों की साक्षी किंतु अलग-अलग जिम्मेवारी होगी।

1. रियो सम्मेलन कहां हुआ था? 1

2. उपर्युक्त वृतान्त मैं परिस्थितिकी तंत्र के दो उदाहरण दीजिए। 2

3. विश्व के किस क्षेत्र का पर्यावरणीय सुरक्षा का उत्तरदायित्व ज्यादा है और क्यों? 2

अथवा

प्रस्तुत कार्टून के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।




1. दिए गए कार्टून में कल और आज से कार्टूनिस्ट का क्या अर्थ है? 1

2. ''चीन और भारत के लोग तुम्हारी नौकरी खा जाएंगे'' इस वाक्य का क्या अर्थ है? 2

3. इस कार्टून के संबंध में आउटसोर्सिंग का अर्थ स्पष्ट करो। 2

निम्नलिखित प्रश्न दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए कार्टून वाले प्रश्न के स्थान पर हैं। निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. अमरीका के ढांचागत वर्चस्व को उदाहरण सहित लिखिए। 3
2. बैंड बैगन नीति से आपका क्या मंतव्य है। 2

29. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़ें तथा इसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें।

इंदिरा गांधी ने कांग्रेस को अत्यंत केंद्रीकृत और अलोकतांत्रिक पार्टी संगठन में तब्दील कर दिया जबकि नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस शुरुआती दशकों में एक संघीय लोकतांत्रिक और विचारधाराओं के समाहार का मंच थी। नयी व लोकलुभावन राजनीति ने राजनीतिक विचारधारा को महज चुनावी विमर्श में बदल दिया। कई नारे उछाले गए लेकिन इसका मतलब यह नहीं था कि उसी के अनुकूल सरकार की नीतियां भी बनानी थी। 1970 के दशक के शुरुआती सालों में अपनी चुनावी जीत के जश्न के बीच कांग्रेस एक राजनैतिक संगठन के तौर पर मर गई।

– (सुदीप्त कविराज)

1. लेखक के अनुसार नेहरू व इंदिरा गांधी द्वारा अपनाई गई नीतियों में क्या अंतर था? 2
2. लेखक ने क्यों कहा कि 70 के दशक में कांग्रेस राजनैतिक संगठन के तौर पर मर गई? 2
3. कांग्रेस पार्टी में आए बदलाव का असर दूसरी पार्टियों पर किस तरह पड़ा? 1

अथवा

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

''पूर्व सोवियत संघ के अधिकांश गणराज्य संघर्ष की आशंका वाले क्षेत्र हैं अनेक गणराज्यों ने गृहयुद्ध और बगावत को झेला है। इसके साथ ही इन देशों में बाहरी तत्वों की दखलअंदाजी भी बड़ी है इससे स्थिति और जटिल हुई है।''

1. दो गणराज्यों के नाम बताएं जान हिंसक अलगाववादी आंदोलन चले। 2
2. मध्यएशियाई गणराज्य में बाहरी ताकतों की प्रतिस्पर्धा का क्या कारण है? व्याख्या कीजिए। 3

30. उत्तर की विशाल हिमालय पर्वत श्रृंखला दक्षिण का हिंद महासागर पश्चिम का अरब सागर और पूर्व में मौजूद बंगाल की खाड़ी से यह इलाका एक विशिष्ट प्राकृतिक क्षेत्र के रूप में नजर आता है। यह भौगोलिक विशिष्टता ही इस उप महाद्वीपीय क्षेत्र के भाषाई, सामाजिक तथा सांस्कृतिक अनूठेपन के लिए जिम्मेदार है। चीन इस क्षेत्र का एक प्रमुख देश है। लेकिन चीन को इसका अंग नहीं माना जाता।

1. यह अब तक इस क्षेत्र का परिचय दे रहा है? 1
2. इसमें कौन-कौन से देश शामिल है? 2
3. क्या इस देश में एक सी राजनीतिक प्रणाली है? स्पष्ट करें। 2

अथवा

गुजरात के इस शहर में सहकारी दूध उत्पादन का आंदोलन 'अमूल' कायम है इसमें गुजरात के 25 लाख दूध उत्पादक जुड़े हैं। ग्रामीण विकास और गरीबी उन्मूलन के हिसाब से अमूल नाम का सहकारी आंदोलन अपने आप में अनूठा व कारगर मॉडल है। इस मॉडल के विस्तार को श्वेत क्रांति के नाम से जाना जाता है।

1. गुजरात सहकारी दुग्ध एवं विपणन संघ में किस व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका थी और उन्हें किस नाम से जाना जाता है? 2
2. अमूल किस शहर में विद्यमान है? 1
3. अमूल किस प्रकार का आंदोलन है और एक किस नाम की क्रांति के रूप में प्रसिद्ध है? 2

नीचे दिए गए मानचित्र में पांच राज्य A, B, C, D, तथा E द्वारा चिन्हित किए गए हैं। दी गई जानकारी के आधार पर उन्हें पहचानिए तथा अपनी उत्तर पुस्तिका में उनके नाम प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर से ताल का बनाकर उत्तर दें।

(क) वह राज्य जहाँ से 1998 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने चुनाव जीता था।

(ख) वह राज्य जहाँ से तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी संबंधित हैं।

(ग) वह राज्य जहाँ से पूर्व वित्त मंत्री पी० चिदबरंम संबंधित हैं।

(घ) वह राज्य जहाँ से पूर्व प्रधानमंत्री एच०डी० देवगोड़ा संबंधित हैं।

(ङ) वह राज्य जहाँ से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह राज्यसभा से निर्वाचित हुए थे।




अथवा

नीचे दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र में, पाँच राज्यों को A, B, C, D, तथा E द्वारा चिह्नित किया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर उन्हें पहचानिए तथा उनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर को अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

(i) वह राज्य जिसे मध्य प्रदेश में से काट कर बनाया गया है।

(ii) वह राज्य जिसने स्वतंत्रता के पश्चात् भारत में अपने विलय का विरोध किया था।

(iii) स्वतंत्र भारत में साम्यवादी सरकार द्वारा शासित पहला राज्य।

(iv) 1971 से पूर्व पाकिस्तानी सीमा से सटा हुआ राज्य।

(v) हरित क्रांति के कारण कृषि के क्षेत्र में समृद्ध बनने वाला राज्य।




**नोटः** निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर हैं। नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(i) वह स्थान जहाँ 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

(ii) वह नेता जिनकी 56 दिनों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के बाद मृत्यु हो गई।

(iii) छत्तीसगढ़ जिस मूल राज्य का अंग था।

(iv) वह राज्य जो गुजराती भाषा के आधार पर बंबई से अलग होकर बना।

(iv) वह रियासत जिससे रजाकार सम्बन्धित थे।

## अनुभाग-ड

32. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संगठनात्मक ढांचे व कार्य प्रणाली का वर्णन करें। 6

अथवा

सुरक्षा को खतरे के किन्ही तीन नए स्रोतों का वर्णन कीजिए। 6

33. सहमति के ऐसे किन्हीं तीन मुद्दों को उजागर कीजिए जो यह दर्शाएं की तीव्र प्रतिद्वन्द्विता व विवादों के बीच अधिकांश राजनीतिक दलों में आम सहमति उभरी है। 6

अथवा

34. भारत की राष्ट्रीय अखंडता और एकता को सुदृढ़ बनाने हेतु ऐसे कोई तीन उपाय सुझाइए जो आपकी राय में अत्यंत प्रभावशाली हो। 6

34. सैन्य शक्ति के रूप में अमेरिकी वर्चस्व का परीक्षण कीजिए। 6

अथवा

पाकिस्तान में लोकतंत्र की कार्यप्रणाली का विश्लेषण कीजिए। 6

# नोट